# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-13-09-2023

## जेठ पर मारपीट व धमकी का केस

**भटहट।** पिपराइच थाना क्षेत्र के भिसवां निवासी राम सजीवन सिंह की पत्नी मनीष देबी नेअपने ही जेठ पर मारपीट व जानमाल की धमकी देने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया है। मुकामी थाने में तहरीर देकर पीड़िता ने बताया कि सोमवार की सुबह जेठ संजय सिंह पुत्र चंद्रिका उसे गाली देते हुए बेरहमी से लात जूता से पीटने लगे। शोर सुनकर आस पास लोग इकट्ठा हो कर बीच-बीच किए। पुलिस आरोपित के खिलाफ धारा 323, 504, 506 के तहत केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## लड़की से छेड़छाड़ का आरोप

**फुटहवा ईनार।** चौरी चौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव की महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसके लड़की को एक लड़का काफी दिनों से छेड़छाड़ करता है। वह बेटी से जबरन शारीरिक संबंध बनाने की धमकी भी देता है। आरोपी लड़के के घर कई बार शिकायत किया लेकिन मनबढ़ लड़का अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहा है। मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी शेखर पुत्र लालबचन के विरुद्ध धारा 504, 354 के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# मारपीट के मामले में चार पर केस

**भटहट (एसएनबी)।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के एक गांव में गाड़ी धोने के दौरान दीवाल पर पानी का छींटा जाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस मामले में पुलिस ने चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। तरकुलहां निवासी विशाल विश्वकर्मा पुत्र गोविन्द ने तहरीर देकर बताया है कि 11 सितंबर को सुबह लगभग आठ बजे अपने दरवाजे के सामने सड़क पर गाड़ी धो रहा था। इसी दौरान पड़ोसी चन्द्रकेश यादव , रामदत्त यादव , बब्लू यादव , शत्रुधन आकर कहे कि दिवाल पर पानी का छींटा आ रहा है। उक्त लोग गाली गलौज करते हुए लाठी डन्डा व राड़ से मारने लगे। जिससे सिर पर काफी चोट लग गई। भाई वीरू जब बीच बचाव करने आया तो उसे भी उक्त लोगों ने पीटा।

# भूमि दिलाने के नाम पर एसएसबी जवान का ढाई लाख हड़पा

**चरगावां (एसएनबी)।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल सेमरा नंबर में एसएसबी जवान को जमीन दिलाने के नाम पर क्षेत्र के एक व्यक्ति ने दो लाख पचास हजार हड़प लिया। रुपए देने से मना करने पर पीड़ित जवान ने गुलरिहा थाने में आरोपित के खिलाफ धोखाड़ी का केस दर्ज कराया है। क्षेत्र के जंगल सेमरा नंबर दो निवासी आशित प्रकाश वर्तमान में सशस्त्र सीमा बल के उपमहानिरीक्षक क्षेत्रक कार्यालय में निरीक्षक पद पर कार्यरत है। जनवरी, 2020 में जमीन के लिए सेमरा नंबर दो निवासी जितेंद्र पासवान को पत्नी व अपने खाते से 20 हजार नगद सहित कुल तीन लाख दिया। आरोपी द्वारा जो जमीन दिया जा रहा था वह जमीन विवादित थी तो लेने से मना कर दिया। रुपए मांगने पर जितेंद्र एक महीने के बाद एक लाख का चेक दिया जो लेकिन खाते में रुपए नही होने से बैंक द्वारा वापस कर दिया गया। बाद में 23 अगस्त, 2022 को आरोपी द्वारा 50 हजार वापस किया गया शेष दो लाख पचास हजार वापस मांगने पर टाल मटोल कर रहा है। एसएसबी जवान की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस आरोपी के खिलाफ रुपए हड़पने का केस दर्ज कर ली है।

# फर्जीवाड़ा : पैरामेडिकल कालेज की कुंडली खंगालेगी स्पेशल टीम

**गोरखपुर (एसएनबी)।** [illegible]

**एसएसपी की अगुवाई में स्पेशल टीम गठित**

**एसटीएफ ने भेजा 12 जनपदों में संचालित कालेजों को नोटिस**

**सरगना पंकज पीरवान के परिजनों से पुलिस करेगी पूछताछ**

[illegible]

## इन पैरामेडिकल कालेज के संचालकों को नोटिस

[illegible]

# अम्बेडकर चौक पर अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

**गोरखपुर (एसएनबी)।** हापुड़ बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा बर्बरतापूर्वक लाठी चार्ज करने एवं शासन प्रशासन द्वारा अभी तक इस प्रकरण में कोई प्रभावी कार्यवाही न करने के विरोध में बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार मंगलवार को भी जिले के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। इस संबंध में बार एसोसिएशन सिविल कोर्ट के सभागार में एक आवश्यक बैठक एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय की अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन मंत्री धीरेंद्र कुमार द्विवेदी ने किया। बैठक के बाद एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं मंत्री के नेतृत्व में अधिवक्ताओं का विशाल जुलूस कचहरी परिसर से निकलकर अम्बेडकर चौक पर घेरा डालकर हापुड़ काण्ड के विरोध में प्रदर्शन किया तथा मुख्य मंत्री को संबोधित एक ज्ञापन एडीएम सिटी को सौंपा। अधिवक्ताओं का यह जुलूस अम्बेडकर चौक से फिराक चौराहा होते हुए कचहरी गेट नम्बर चार से वापस कचहरी परिसर में दाखिल हुआ। टैक्स बार के अध्यक्ष प्रभाशंकर पाठक एवं मंत्री मानवेंद्र सिंह के नेतृत्व में टैक्स बार के अधिवक्ता भी बार एसोसिएशन सिविल कोर्ट के सभागार में आकर संयुक्त सभा किए तथा बार को एक ज्ञापन सौंपा और निर्णय लिया कि अधिवक्ताओं की मांग पूरी होने तक यह हड़ताल जारी रहेगा। जिला अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण कुमार त्रिपाठी एवं मंत्री योगेंद्र कुमार मिश्र ने भी बताया कि हापुड़ जिले के अधिवक्ताओं के ऊपर पुलिस द्वारा बर्बरतापूर्वक लाठी चार्ज करने एवं शासन प्रशासन द्वारा इस प्रकरण में अभी तक कोई प्रभावी कार्यवाही न किए जाने से काफी आक्रोश है। घटना के विरोध में हड़ताल शांतिपूर्ण ढंग से जारी रहेगा।



**हापुड़ की घटना को लेकर अंबेडकर चौराहे पर प्रदर्शन करते अधिवक्ता।**

## हापुड़ में अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज का विरोध जारी

**राजेश कुमार गुप्ता अध्यक्ष व ऋषि कुमार सिंह महामंत्री निर्वाचित**

# हत्याकर नाले में फेंकी गयी थी विक्की की लाश

**गोरखपुर (एसएनबी)।** शाहपुर थाना क्षेत्र के स्पोर्ट्स कालेज के पास स्थित अस्पताल के सामने नाले से सोमवार को बरामद कैम्पियरगंज के ग्रापं लोहरपुरवा टोला जगरनाथपुर निवासी पृथ्वीराज उर्फ विक्की (26) का शव स्थानीय पुलिस ने बरामद कर पीएम को भेजा था। पीएम रिपोर्ट में सिर पर गंभीर चोट लगने से युवक की मौत का कारण बताया गया है। परिजनों का आरोप है कि गांव के युवक ने ही विक्की की हत्या की है। पहले विक्की का मारपीटकर दोनो पैर तोड़ा गया था। छाती व सिर पर गंभीर चोट के निशान थे। नाक व मुंह से भी खून निकला था। **कैम्पियरगंज कार्यालय** के मुताबिक इस संबंध में मृतक के पिता सुरेंद्र कुमार के छोटे भाई राजन कुमार ने शाहपुर पुलिस और कैम्पियरगंज पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि विक्की को रविवार की रात आठ बजे गांव का ही राकेश पुत्र बिंदु अपने साथ बाइक से लेकर कहीं चला गया। दूसरे दिन सोमवार की सुबह नौ बजे शाहपुर थाने से फोन पर पुलिस ने विक्की के शव के मिलने की सूचना दी। परिजनों का आरोप है कि शव को देखने के बाद ही लग रहा था कि विक्की की हत्या की गयी है।

# रिश्वत लेने के आरोप में चौकी प्रभारी सस्पेंड

**गोरखपुर (एसएनबी)।** एम्स थाने के झरना टोला चौकी प्रभारी प्रभात सिंह पर रिश्वत लेने के मामले की शिकायत पर एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने मंगलवार को सस्पेंड कर दिया।

जानकारी के मुताबिक गत दिनों दो पक्षों के बीच मारपीट के मामले में एक पक्ष की मदद करने के नाम पर बीस हजार रूपये दिये जाने की बात सामने आयी है। पीड़ित ने चौकी प्रभारी से कार्रवाई नहीं करने पर पैसे का डिमांड किया तो मामला तूल पकड़ लिया और उसने पुलिसअधिकारियों से शिकायत दर्ज करायी गई। शिकायत की जांच गोपनीय स्तर पर की गयी जहां मामला सहीं पाया गया। एसएसपी ने बताया कि कर्तव्यों के प्रति उदासीनता ,लापरवाही तथा गैर जिम्मेदाराना रवैया बरतने के आरोप में तत्काल सस्पेंड कर दिया गया। साथ ही विभागीय जांच के आदेश दिये गए हैं।

# रूबी के शव को कार में रखा, प्रेमिका के साथ मिल कर पीपीगंज में फेंका

**गोरखपुर (एसएनबी)।** पुलिस ने रूबी उर्फ मुस्कान की हत्या के मामले में उसके कथित प्रेमी और प्रेमी की तथा कथित पत्नी समेत चार को हिरासत में लिया है। शीघ्र ही मामले का खुलासा होने की उम्मीद है।

सोमवार को पीपीगंज इलाके के सिसईघाट पुल के पास 26 वर्षीया रूबी उर्फ मुस्कान पुत्री राजेन्द्र कुमार की लाश पायी गई थी। शव

## पीपीगंज के सिसई घाट पर मिली थी युवती की लाश

### युवक और उसकी कथित पत्नी पुलिस हिरासत में, शव को ठिकाने लगाने वाली कार को पुलिस ने बरामद किया

का पीएम कराया गया तो मृतका के शरीर पर गंभीर चोट के निशान नहीं मिले थे। हत्या और आत्महत्या के बीच की गुत्थी सुलझाने में पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। युवती की पहचान होने के बाद यह साफ हो गया कि गोलघर में जिस दुकान पर युवती काम करती थी। उसी दुकान पर देवरिया का रहने वाला युवक काम करता था। दोनों के बीच संबंध था। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को युवती घर से निकली और गोलघर पहुंचने के बजाए वह गोरखनाथ इलाके में जहां उसका साथी किराये पर कमरा लेकर रहता था उसके बुलाने पर वहां चली गई। रविवार की शाम करीब चार बजे दोनों की मुलाकात हुई। वहीं पर उसकी मौत हो गयी। युवती की मौत के बाद युवती के प्रेमी ने साथ रहने वाली कथित पत्नी के साथ मिलकर किराये के कार में रूबी की लाश रख कर पीपीगंज में सिसईघाट के पास झाड़ी में लाश फेंककर फरार हो गए। पुलिस युवक और उसके कथित पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। शव को लेकर जाने वाले कार व चालक को पुलिस ने पकड़ लिया है।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि युवती का कॉल डिटेल खंगालने पर पता चला कि दुकान पर काम करने वाले एक अन्य युवक से उसकी बातचीत होती थी। देवरिया के युवक की जांच पड़ताल की गई तो पता चला कि उसकी शादी हुई थी लेकिन उसने पहली पत्नी को छोड़ दिया। फिर गोरखपुर विश्वविद्यालय में एमए की छात्रा से उसका संबंध हो गया। छात्रा महराजगंज जिले के फरेंदा की रहने वाली है। युवक उसे अपने जाल में फंसा कर गोरखनाथ इलाके में किराये के मकान में कथित पत्नी के तौर पर उसके साथ रहता था।

दुकान पर काम करने वाले आरोपी युवक से पुलिस को बताया कि रविवार को रूबी से उसकी बातचीत कई बार हुई थी। युवती को गोरखनाथ स्थित अपने किराये वाले मकान पर बुलाया था। शाम को करीब चार बजे युवती पहुंची, कथित पत्नी कमरे में थी और चाय का कप जब रूबी को दिया तो उसे उल्टी हुई और कुछ समय बाद कमरे पर ही उसकी मौत हो गयी। मौत के बाद किराये पर कार मंगवाया और फिर कथित पत्नी की मदद से युवती की लाश कार में रखकर अंधेरे में पीपीगंज इलाके में उसे फेंक दिया गया। पुलिस का तर्क था कि यदि कमरे पर युवती की मौत हो गयी तो फिर उसके परिजनों और पुलिस को सूचना क्यों नहीं दी गयी? । इस सवाल का जवाब अभी नहीं मिला है। पुलिस को वह कार भी मिल गई जिससे शव को ठिकाने लगाया गया था। कार चालक भी पुलिस की हिरासत में है।

इस मामले में एसपी उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी का कहना है कि युवती की मौत की गुत्थी सुलझाने में पुलिस को बहुत से क्लू हाथ लगे है। उसके साथ काम करने वाले युवक से पूछताछ की जा रही है। जिस कार में शव रखने की बात की जा रही है उसके चालक से भी गहरायी से पूछताछ की जा रही हैं।

## पीएम रिपोर्ट में नहीं साफ हुआ मौत का कारण, बिसरा सुरक्षित

**गोरखपुर (एसएनबी)।** रूबी उर्फ मुस्कान की पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने उसके मौत की गुत्थी उलझा दी है। पीएम रिपोर्ट में उसके मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। मौत के कारण की जांच के लिए बॉडी से बिसरा और प्राइवेट पार्ट्स से स्वॉब संरक्षित किया गया है।

हमारे **चरगांवा एवं जसवल बाजार प्रतिनिधियों** से मिली जानकारी के मुताबिक पीपीगंज पुलिस ने सोमवार की सुबह थाना क्षेत्र के जसवल बाजार-सहजनवा मार्ग पर राप्ती नदी के सिसईघाट पुल के समीप झाड़ियों से 26 वर्षीया युवती रूबी उर्फ मुस्कान पुत्री राजेंद्र कुमार निवासिनी एल्युमिनियम फैक्टरी बशारतपुर थाना शाहपुर की लाश को बरामद किया था। परिजनों के मुताबिक रविवार की सुबह 10 बजे रूबी घर से गोलघर स्थित एक कपड़े की दुकान पर काम करने के लिए निकली थी। रात 9 बजे के बाद तक उसके घर न पहुंचने पर परिजनों ने उसके मोबाइल पर कॉल किया तो मोबाइल स्विचऑफ मिला। सोमवार के पूर्वाह्न सोशल मीडिया के जरिए बेटी का शव बरामद होने की खबर पिता व परिवार वालों को मिली। परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए पीपीगंज पुलिस को तहरीर दी। जिसके उपरांत मंगलवार को रूबी के शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

**अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध धारा 302 के तहत केस :** पीपीगंज पुलिस ने मृतका रूबी उर्फ मुस्कान के भाई विजय कुमार की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध आइपीसी की धारा 302 के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस एक महिला समेत चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही घटना का वर्कआउट करने की स्थिति में वह होगी।

# कुसम्ही जंगल में बाइक सवार युवक को बदमाशों ने मारी गोली

**गोरखपुर (एसएनबी)।** मंगलवार की रात आठ बजे कुसम्ही बाजार से सामान खरीद कर घर लौट रहे बाइक सवार दंपति को कुसम्ही जंगल में बाइक सवार बदमाशों ने पिंटू पासवान को गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही एम्स एसओ मदन मोहन मिश्रा मौके पर पहुंचे और घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घायल की पत्नी ने पुलिस को बताया कि गांव के रहने वाली एक महिला सहित तीन लोगों ने वारदात को अंजाम दिया है। वैसे पुलिस घटना की बारीकी से जांच पड़ताल में जुटी है।



जिला अस्पताल में भर्ती एम्स थाना क्षेत्र में चली गोली से घायल पिंटू पासवान ।

कुसम्ही बाजार प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार एम्स थाने के रजही पासी टोला निवासी पिंटू पासवान पुत्र रामजी पासवान मंगलवार की शाम को बाइक से पत्नी विद्या पासवान के साथ कुसम्ही बाजार में सामान की खरीदारी करने पहुंचे थे। सामान खरीदकर करीब रात आठ बजे बाइक से घर लौट रहा थे कि कुसम्ही जंगल में कसया रोड से बुढ़िया माता मंदिर रोड से कुछ दूरी पर सामने से बाइक सवार तीन लोग आए और चलती बाइक से ही दंपति पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग करने के बाद हमलवार रात का फायदा उठाकर फरार हो गए। महिला की सूचना पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कुछ समय बाद एम्स पुलिस भी पहुंच गई। एम्स पुलिस ने घायल को तत्काल गाड़ी में लादकर इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। पिंटू के बाये पैर में गोली लगी है, चिकित्सकों के अनुसार वह खतरे से बाहर है। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने घायल की पत्नी से पूछताछ किया तो उसने बताया कि गोली मारने वाले गांव के रहने वाले हैं। बाइक सवार हमलावरों की पहचान विनोद मौर्या, ममता चौधरी और विकास मौर्या के रूप में की है। लेकिन पुलिस फिलहाल जांच में जुटी है।

## घायल की पत्नी ने जिन्हें हमलावर बताया, वह मिले घर

**गोरखपुर (एसएनबी)।** कुसम्ही जंगल में बाइक सवार पिंटू पासवान को गोली मारने वाले हमलावरों की पहचान करने की बात सामने आयी है। उनके घर एम्स पुलिस पहुंची तो विनोद मौर्या व ममता चौधरी घर पर मौजूद मिले जबकि विकास मौर्या नहीं मिला। इस संदेह के आधार पर पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

### नौकरी दिलाने के नाम पर विनोद मौर्या से पिंटू लिया था छह लाख

मंगलवार की रात आठ बजे बाइक सवार पिंटू पासवान व पत्नी विद्या पासवान घर लौट रहे थे। वारदात के समय चश्मदीद गवाह घायल की पत्नी विद्या देवी ने पुलिस को बतया कि पासी टोला के सोखा टोला निवासी जमीनी कारोबारी विनोद मौर्या से पैसा का लेन -देने के मामले में पन्द्रह दिन पूर्व मारपीट हुआ था। विनोद मौर्या ने ही जान से मारने की नीयत से फायरिंग की है। महिला ने यह भी बताया कि ममता चौधरी से पहले से विवाद चल रहा है और उसकी मदद विकास मौर्या ने किया है। पुलिस का कहना है कि घटना के बाद विनोद मौर्या के घर जब पुलिस पहुंची तो वह घर पर मौजूद मिला। जबकि ममता चौधरी भी घर पर थी और विकास नहीं मिला। उधर गांव वालों का कहना है कि पिंटू पासवान से ममता चौधरी से क्या विवाद है यह किसी से छुपा नहीं हैं। इसलिए पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस को संदेह है कि अपने विरोधियों को फंसाने के लिए खुद साजिश रची गयी है या फिर किसी ने वारदात को अंजाम दिया है।

इस संबंध में एम्स एसओ मदन मोहन मिश्रा का कहना है कि घायल खतरे से बाहर है। घायल की पत्नी जिन तीन लोगों का नाम बता रही है उनमे से कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ चल रही है।

# फेसबुक दोस्त को तथाकथित यूके की रोज मेरी ने ठगा

**भटहट (एसएनबी)।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के भटहट कस्बे के रहने वाले एक युवक से फेसबुक पर दोस्ती कर तथाकथित यूके की रोज मेरी ने दो लाख आठ हजार रुपए ठग लिए हैं। ठगी का ऐहसास होने पर पीड़ित युवक ने इसकी जानकारी एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर को दी। एसएसपी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए गुलरिहा पुलिस को केस दर्ज किए जाने का आदेश दिया। जिसके उपरांत पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गयी है। गुलरिहा थाना क्षेत्र के भटहट कस्बा निवासी एक युवक की जान पहचान फेसबुक मैसेंजर के माध्यम से रोज मेरी नामक जालसाज से हुई। उसने अपना पता यूके बताया। कुछ दिनों बाद जालसाज महिला ने व्हाट्सएप नम्बर 447586165591 से भी बातचीत शुरू कर दिया। 20 जुलाई, 2023 को जालसाज द्वारा बताया गया कि वह इण्डिया आ रही है। अगले दिन उसने मैसेंजर से बताया कि वह इण्डिया आ चुकी है। उसके पास एक लाख साठ हजार पाउंड का डिमाण्ड ड्राफ्ट है। जिसको भुनाने में कुछ समस्या आ गयी है। उस समस्या को दूर करने के लिए 45 हजार भारतीय रुपये की आवश्यकता है।

# अवैध खनन में लिप्त मिट्टी लदी डंपर पकड़ी गयी

**कैम्पियरगंज।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के गायघाट के पास अवैध मिट्टी खनन की सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार शिव कुमार लाल श्रीवास्तव ने अवैध मिट्टी लदी डंपर को पकड़कर कैम्पियरगंज पुलिस को सुपुर्द कर दिया है। क्षेत्र के गायघाट कोनी गांव के पास अवैध मिट्टी खनन की सूचना पर नायब तहसीलदार शिव कुमार लाल श्रीवास्तव जब मौके पर पहुंचे तो पोकलैंड मशीन व मिट्टी लदी डंपर मौजूद मिली। उन्होंने खनन संबंधित पेपर मांगा तो चालक कोई पेपर दिखा नही दिख सका।

# चार पर मारपीट का केस

**फुटहवा ईनार ।** चौरी चौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत टेल्हनापार निवासिनी ममता यादव पत्नी रमेश यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही सरस्वती,नीरज पटेल, नीतू, सोनी ने एक जुट होकर गाली गलौज देते हुए, लाठी डंडे से मारने पीटने लगे। चीखने चिल्लाने पर बीच बचाव करने आई, मेरी ननद को उक्त लोगों ने पकड़ कर पीटा। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने चारों के खिलाफ धारा 323,504,506 के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

# कैम्पियरगंज से लापता छात्र गोरखपुर जंक्शन से बरामद

**करमैनीघाट (एसएनबी)।** कैम्पियरगंज से रहस्यमय हालात में लापता किशोर छात्र को करमैनीघाट चौकी प्रभारी ने हमराहियों के साथ मंगलवार को गोरखपुर रेलवे जंक्शन से बरामद कर परिजनों के हवाले कर दिया। छात्र ने चोरी से घर में रखा ₹200 ले लिया था। जिसका पता मां को चला तो उसने डांटा। जिससे क्षुब्ध होकर वह यह कहकर निकला कि सब्जी लेने जा रहा है। उसके रात तक न लौटने पर मां ने चौकी प्रभारी को इसकी सूचना दी। पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश में जुट गयी। चौकी प्रभारी करमैनीघाट कृष्ण कुमार सिंह, सहयोगी दारोगा दुर्गेश सिंह, सिपाहियों एवं प्रधान प्रतिनिधि कृष्णा पाण्डेय के साथ छात्र की तलाश में जुट गये। चौकी प्रभारी की तत्परता काम आयी और मंगलवार को 4 बजे उन्होंने किशोर छात्र को गोरखपुर जंक्शन से बरामद करने में सफलता हासिल की।

# चिकित्सक का भतीजा सहित दो जिला अस्पताल में करते है दलाली

**जिला अस्पताल : जांच में आया नया मोड़**

**आपरेशन थिएटर में चिकित्सक से पूर्व में हुआ था विवाद**

**प्रमोद सिंह को पुलिस गिरफ्तार कर भेज चुकी है जेल, एक हिरासत में दूसरे की तलाश तेज**

**बहुत जल्द दलालों पर पुलिस कसेगी नकेल : एसपी सिटी**

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गत दिनों जिला अस्पताल के चिकित्सक डा. राजेश कुमार सिंह से आपरेशन थिएटर में कुर्सी पर बैठने को लेकर दलाल प्रमोद से विवाद हो गया था। कोतवाली पुलिस ने प्रमोद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पूछताछ के दौरान कई अहम जानकारी पुलिस के हाथ लगी है। जिला अस्पताल के एक चिकित्सक के भतीजे और इलाके के रहने वाले एक युवक की मिली भगत से मरीजों का शोषण का खेल चल रहा था। जांच का दायरा बढ़ा तो पुलिस ने दूसरे युवक की तलाश तेज कर दी है। यह माना जा रहा है कि इस पूरे खेल में शामिल इकबाल नामक युवक को पुलिस दबोच सकती है। वहीं चिकित्सक के भतीजे की भी तलाश तेज कर दी गयी हैं। इस बावत एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई का कहना है कि दो और आरोपितों की तलाश की जा रही है। बहुत जल्द ही गिरफ्तार कर लिये जाएंगे।

मालूम हो कि जिला अस्पताल में अर्थो विभाग में तैनात चिकित्सक राजेश कुमार सिंह आपरेशन थिएटर आपरेशन के लिए पहुंचे तो वहां पर चिकित्सक की एक कुर्सी पर प्रमोद सिंह नामक दलाल बैठा हुआ मिला। पहले तो लगा की वह चिकित्सक है लेकिन बाद में पता चला कि वहां पर साठगांठ कर बाहर की दवा लिखवाकर दवा की दुकान से सप्लाई करता है। चिकित्सक की कुर्सी पर दलाल को बैठा देख चिकित्सक आग बबूला हो गए और पूछताछ के दौरान दलाल को चिकित्सक ने बाहर जाने की बात कहीं। इस बात से नाराज होकर दलाल ने चिकित्सक से गाली गलौच और जान से मारने की धमकी दिया था। आपरेशन थिएयर के अंदर विवाद और बढ़ गया तो चिकित्सक ने मुख्य चिकित्साधिकारी को मामले की जानकारी दी। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर सरकारी कार्य में बांध डालने व अन्य धाराओं में प्रमोद सिंह सहित पांच के खिलाप मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

डा. राजेश कुमार सिंह ने तहरीर में इस बात का उल्लेख किया था कि अस्पताल परिसर में दलाल घुमते रहते है। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच का दायरा बढ़ाया तो बस्ती जिले के रहने वाले प्रमोद को गिरफ्तार कर लिया। प्रमोद से ही पूछताछ के दौरान यह बात खुलकर सामने आयी कि चिकित्सकों की सांठगाठ से दलालों का वर्चश्व बढ़ा है।

जांच के दौरान यह बात सामने आयी है कि अस्पताल के एक चिकित्सक के भतीजा और कोतवाली इलाके के रहने वाला एक और युवक अस्पताल में मरीजों को दवा दिलाना और सरकारी कर्मचारियों को कागजात तैयार कराने के बदले पैसा कमाते है। पुलिस वहां के दलालों की लिस्ट फिलहाल तैयार कर लिया है। एसपी सिटी ने बताया कि पुलिस के पास मिले सबूत के आधार पर बहुत जल्द ही एक और दलाल को पुलिस गिरफ्तार कर लेंगी जबकि चिकित्सक के भतीजे की तलाश की जा रही हैं।

# फेसबुक पर पिस्टल के साथ मैगजीन लोड कर किया वायरल

**बड़हलगंज (एसएनबी)।** कोतवाली क्षेत्र के समयथान भीटी के पास अकबराबाद गांव के लड़के राजू राजभर के फेसबुक पर पिस्टल व मैगजीन की फोटो वायरल होने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। राजू राजभर की फेसबुक आईडी पर पोस्ट पिस्टल और मैगजीन के साथ कैप्शन लिखा है कि अगर किसी भाई को पिस्टल, सिक्सर रिवाल्वर, माउजर, देशी कट्टा चाहिए तो मेरा नंबर 9394910730 है। ऑल इंडिया डिलेवरी करते हैं। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर मोबाइल नंबर वाले लड़के को हिरासत में ले लिया है। कोतवाल कल्यान सिंह सागर का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए लड़के से पूछताछ चल रही है। आईडी की तस्दीक की जा रही है। तीन माह पूर्व तक इसकी आईडी यही थी। उधर लड़के का कहना है कि मेरा फेसबुक आईडी हैक कर हैकर्स मुझे फंसा रहा है। मेरे पास कोई हथियार नही है।

**पिस्टल,सिक्सर, रिवाल्वर, माउजर, राइफल सब मिलेगा, आल इंडिया डिलेवरी**

**आरोपित ने फेसबुक आईडी हैक करने की कही बात**



# चार के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के प्रयास का केस

चरगावां (एसएनबी)। गुलरिहा थाना क्षेत्र के बनगाई टोला बंजरहा में रविवार को भूमि विवाद में पड़ोसी ने फावड़े से मारकर महिला का सिर फोड़ दिया। पीड़िता की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस चार के खिलाफ मारपीट, हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर आरोपित की तलाश में जुटी हुई है। क्षेत्र के बनगाई टोला बंजरहा निवासी शीला देवी ने बताया कि रविवार की दोपहर पड़ोसी बबलू, डब्लू, बाबूराम व हरिलाल ने भूमि विवाद को लेकर दरवाजे पर चढ़कर गाली देने लगे। जेठानी मैना देवी, देवरानी सुधा ने जब विरोध किया तो बबलू ने फावड़े से मारकर देवरानी सुधा का सिर फोड़ दिया। बीच बचाव करने जेठानी मैना पहुंची तो आरोपित उसे भी लाठी-डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता शीला की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस ने चार आरोपितों के खिलाफ धारा 323, 504, 506, 308 आईपीसी के तहत केस दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा जे एन शुक्ल ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपितों की तलाश की जा रही है।

# ...तो पिपराइच पुलिस कर रही बड़ी घटना का इंतजार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** प्राथमिक विद्यालय रक्षवापार में पहुंचकर गांव के कुछ मनबढ़ युवकों द्वारा अराजकता फैलाने और विरोध पर जानमाल की धमकी दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इतना ही नहीं स्कूल के सामने स्थित एक टेंट हाउस में गलत हरकत होने का विरोध किए जाने पर एक दिन अराजक तत्वों ने मारने के लिए शिक्षिकाओं को दौड़ा लिया। उन्होंने खुद को कमरे में कैद कर अपने को सुरक्षित किया। इतना ही नहीं विद्यालय की खिड़की का ग्रिल काटकर पंखा भी चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में सूचना एवं तहरीर दिए जाने के बावजूद भी अभी तक विधिक कार्रवाई नहीं की गयी है। पिपराइच पुलिस को शायद यहां किसी बड़ी घटना के होने का इंतजार है। तब वह पहुंचकर अराजकतत्वों के विरूद्ध कार्रवाई करेगी।

**प्राथमिक विद्यालय रक्षवापार में पहुंचकर मनबढ़ युवक करते हैं अराजकता**

**एक दिन तो कमरे में कैद कर शिक्षिकाओं ने बचाई खुद की जान**

पिपराइच पुलिस को प्राथमिक विद्यालय रक्षवापार की प्रधानाध्यापिका सोनल शर्मा ने 11 सितम्बर को तहरीर देकर जानकारी दी है कि विद्यालय बंद होने के बाद गांव के ही रहने वाले कुछ अराजकतत्व विद्यालय में आकर जुआ खेलते हैं। कमरे की खिड़की का ग्रिल काटकर पंखा भी चोरी हो चुका है। अराजक तत्वों को यदि कोई मना करता है तो वह मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। गत 9 सितम्बर को विद्यालय के सामने टेंट हाउस में कुछ युवक गलत कार्य कर रहे थे। इसकी जानकारी होने पर डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस दो घंटे बाद विद्यालय पहुंची और बगैर किसी कार्रवाई के लौट गयी। जिसके उपरांत वह 11 को थाने पर पहुंचकर तहरीर दे रही हैं।

तहरीर दिये जाने के दो दिन बाद भी पुलिस ने इस मामले में कोई भी विधिक कार्रवाई नहीं कर सकी है। अब अराजक तत्व यह कहते फिर रहे हैं कि तहरीर देकर क्या हुआ। उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। पुलिस आयी और चली गयी।

## बाइक बरामद, एक गिरफ्तार

**हरपुर-बुदहट।** थाना पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की एक बाइक बरामद किए जाने का दावा किया है। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम जितेन्द्र पुत्र परशुराम निवासी केशवापार थाना गोला जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस आरोपित को आईपीसी की धारा 379 व 411 के तहत कोर्ट में पेश कर जेल भेजवा दी। गुडवर्क टीम मे एसआई मनीष त्रिपाठी मय हमराह शामिल रहे।

## युवक पर नाबालिग के अपहरण का केस

**पिपराइच।** नबालिग लड़की को बहला-फुसला कर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने क्षेत्र के छितौनी गांव निवासी शनि साहनी के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता कि मां ने पुलिस को दिये तहरीर में बताया है कि 11 सितम्बर की सुबह 11 बजे शनि कुमार साहनी कहीं भगा दिया है। शनि कुमार वर्तमान समय में हैदराबाद में है। लड़की के मोबाइल पर अन्तिम काल शनि की ही है।

# गली-गली घूम रहे 'नटवरलाल'!

**अधिक पैसा कमाने के पीछे क्रेजी युवा हो रहे ठगी का शिकार**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (12 Sept):** 'बचा के मेरे लाल, गली-गली घूम रहे नटवरलाल... यह बातें अब पैरेंट्स अपने बच्चों से कहने लगे हैं. ऐसा इसलिए है कि इधर हाल-फिलहाल में कई ऐसी ठगी की घटनाएं सामने आई हैं. जिसमें खास तौर वे युवा जो अधिक पैसा कमाने, नौकरी पाने, विदेश जाने के की लालच में पड़े हैं, वही जालसाजी का शिकार हुए हैं. पुलिस ऑफिस में अधिकारियों के पास लगातार ऐसे मामले आ रहे हैं. इन घटनाओं से यह बात साफ है कि ठगों के टारगेट पर युवा हैं, जिन्हें विश्वास में लेकर जालसाज ठगी कर रहे हैं.

## ऑनलाइन दोस्ती कर ठगा

शाहपुर में 7 सितंबर को विनीता सिंह ने दिल्ली के एक युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है. उन्होंने बताया कि उनके बेटे पारितोश सिंह ने ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी कर बिजनेस का प्लान बनाया था. वह शेयर मार्केट में थोड़े पैसे भी लगाता था. इसी दौरान टेलीग्राम एप के माध्यम से दिल्ली निवासी मनीष अग्गी से उसकी बातचीत शुरू हो गई. इसके बाद मनीष उनके बेटे से मिलने शाहपुर स्थित घर भी आया. इस दौरान उसने बेटे को अधिक पैसा कमाने का लालच देकर 15 लाख रुपए लिए, जिसके बदले कुछ पैसे लाभ बताकर अकाउंट में भी भेज दिए. जिससे मनीष के ऊपर पूरे परिवार को भरोसा हो गया. जिसके बाद मनीष ने 47 लाख रुपए का चूना लगा दिया.

## फ्रेंचाइजी के नाम पर ठगी

सोमवार 11 सितंबर को एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई के पास दो युवक फरियाद लेकर आए. उन्होंने बताया कि गौरव त्रिपाठी नाम का युवक एसी और फ्रीज की बड़ी-बड़ी कंपनियों के नाम पर फ्रेंचाइजी देने के नाम पर 20 लाख रुपए ठग लिए. उन्होंने बताया कि गौरव ने इससे पहले भी कई शहरों के युवाओं को जाल में फंसाकर ठगी का शिकार बना चुका है. वर्तमान समय में उसके ऊपर कैंट थाने में मुकदमा दर्ज है. जिसके बाद से ही वह फरार चल रहा है. पुलिस ने उसपर इनाम भी घोषित किया है.

**ALERT**



## नौकरी दिलाने, विदेश भेजने के नाम पर ठगी

### 6.48 लाख की ठगी

**CASE 01**

रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 6.48 लाख रुपये की ठगी करने वाले आरोपित अशोक कुमार को बीते दिनों एम्स थाना पुलिस ने अरेस्ट किया. मेडिकल कालेज में नर्स अशोक की पत्नी भी आरोपित है, जिसकी तलाश चल रही है.

### कबूतरबाजों ने हड़पे 2.85 लाख

**CASE 02**

विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर कबूतरबाजों ने 2.85 लाख रुपए हड़प लिए थे. काफी समय बीत जाने के बाद जब वीजा व पासपोर्ट नहीं मिला तो पीड़ितों ने रुपये वापस मांगे. इस पर कबूतरबाज धमकी देकर भगा दिए. पीड़ितों की तहरीर पर गुरुवार को पीपीगंज व गीडा थाने की पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## जल्दी अमीर बनने मे अपना होश ना खोएं: एसपी सिटी



- **रिपोर्टर:** इधर ठगी की घटनाएं बढ़ी हैं, कैसे मामले सामने आ रहे हैं?
- **एसपी सिटी:** ये ऐसी ठगी है जो परिवार के साथ घुलमिलकर जालसाज कर रहे हैं. इस तरह की घटनाएं अधिक सामने आ रही हैं.
- **रिपोर्टर:** कैसे लोग ठगों के टारगेट पर है?
- **एसपी सिटी:** ग्रेजुएशन या पढ़ाई पूरी कर चुके वे युवा जो अब स्टार्टअप या बिजनेस से पैसा कमाने की चाहत रखते हैं, ऐसे युवा खास तौर से जालसाज के टारगेट पर होते हैं.
- **रिपोर्टर:** युवा क्यों ठगी के शिकार हो रहे हैं?
- **एसपी सिटी:** कम समय में अधिक पैसा कमाने की लालच में ठगी के शिकार हो रहे हैं.
- **रिपोर्टर:** ठगी से बचने के लिए युवाओं को क्या संदेश देंगे?
- **एसपी सिटी:** जल्दी अमीर बनने की चाहत में होश ना खोएं युवा.

# नकदी व बिजली तार के साथ एक गिरफ्तार

जासं, गोरखपुर : शाहपुर थाना पुलिस ने मंगलवार को 3800 रुपये नकद और चार किलो बिजली के तार के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसकी पहचान कोतवाली के छोटे काजीपुर निकट एलआइयू कार्यालय के पास के रहने वाले सैयद यासिर अली के रूप में की है। थाना प्रभारी शशिभूषण राय ने बताया था कि तहरीर देकर एक युवक ने बताया था कि उसके निर्माणाधीन मकान से बिजली का तार और बैट्री चोरी हो गई है।

# जिला अस्पताल की दलाली में जुड़ा डाक्टर के भतीजे का नाम

जासं, गोरखपुर : जिला अस्पताल में चल रही दवा की दलाली में एक डाक्टर के भतीजे का नाम सामने आया है। जेल भेजे गए प्रमोद सिंह से पूछताछ में कोतवाली थाना पुलिस को यह जानकारी मिली। इसके अलावा एक अन्य युवक का भी नाम सामने आया है। पुलिस इन लोगों के भूमिका की जांच कर रही है।

बस्ती के मुंडेरवा, सोनखर के रहने वाले प्रमोद सिंह उर्फ महेंद्र प्रताप सिंह ने चार सितंबर को जिला अस्पताल की आर्थो ओटी में घुसकर डाक्टर को धमकी दी थी। जिला अस्पताल के डाक्टर आरके सिंह की तहरीर पर पुलिस ने प्रमोद व अज्ञात साथियों के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा डालने व धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया। जांच के बाद मुकदमे में रंगदारी मांगने की धारा बढ़ाने के साथ ही सोमवार की सुबह पुलिस ने प्रमोद सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने दो लोगों के नाम बताए जिसमें एक डाक्टर का भतीजा है। ओटी में विवाद होने की वजह भी यही है। पहले वह दवा की सप्लाई करता था लेकिन अब भतीजा कमीशन पर दवा देता है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि सभी पहलुओं की जांच चल रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई होगी।

# मारपीट के मामले में चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा

भटहट : तरकुलहा के विशाल विश्वकर्मा ने मंगलवार को तहरीर देकर पड़ोस के चार लोगों पर मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। विशाल ने बताया कि 11 सितंबर को सुबह आठ बजे वह सड़क पर गाड़ी धो रहे थे। इसी दौरान चंद्रकेश यादव, रामदत्त यादव, बबलू यादव, शत्रुघन विवाद करने लगे। गाली देते हुए लाठी से पीटने लगे। बचाव के लिए आया भाई विरू को भी आरोपितों ने पीट दिया। पुलिस जांच कर रही है। (जासं)

## महिला ने जेठ पर दर्ज कराया मारपीट करने का मुकदमा

भटहट : पिपराइच के भिसवां की रहने वाली मनीषा सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर जेठ संजय सिंह पर मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। मंगलवार को दी तहरीर में महिला ने बताया कि जेठ गाली देते हुए मारते-पीटते हैं। सोमवार की सुबह भी वह पिटाई कर रहे थे। शोर सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा होकर बीच-बचाव किए। (जासं)

## ठीकेदार के साथ महिला फरार, मुकदमा दर्ज

भटहट : गुलरिहा क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने ठीकेदार पर पत्नी को भगाने का आरोप लगाया है। उसने बताया कि घर के बगल में रहकर ठीकेदार पानी की टंकी का निर्माण करा रहा है। बातचीत कर वह दो बच्चों के साथ पत्नी को भगा ले गया। पत्नी घर में रखे जेवर भी उठा ले गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# दोस्त के घर में हुई थी मुस्कान की मृत्यु, हिरासत में

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : मुस्कान की मृत्यु फर्टिलाइजर क्षेत्र में रहने वाले दोस्त के घर हुई थी। जांच में पुष्टि होने के बाद पीपीगंज थाना पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया है। पूछताछ में उसने बताया कि जहरीला पदार्थ खाकर युवती उसके घर पहुंची थी। मृत्यु होने पर दोस्त की कार में शव रख सिसई घाट में नदी किनारे फेंक दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु की वजह स्पष्ट न होने पर डाक्टर ने विसरा व वेजाइनल स्वैब सुरक्षित किया है। युवती के भाई ने इस मामले में अज्ञात पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है।

सर्विलांस की मदद से पीपीगंज पुलिस ने छानबीन की तो पता चला कि फर्टिलाइजर के पास रहने वाले युवक से मुस्कान की फोन पर बात हुई थी। पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की तो मालूम हुआ कि वह शादीशुदा है। पत्नी के बाहर जाने पर उसने मुस्कान को बुलाया था। घर पहुंची तो उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। पता चला कि उसने जहरीला पदार्थ खा लिया है। कुछ देर में ही मृत्यु हो गई। बचने के लिए शव ठिकाने लगाने की योजना बनाई। दोस्त की कार मांगकर रात में 12 बजे शव को कार की डिक्की में रखकर सिसई घाट ले गया। वहां झाड़ी में फेंक दिया। घटना में वह अकेला था या अन्य लोग भी पुलिस इसकी जानकारी जुटा रही है। चार भाई-बहनों में मुस्कान सबसे छोटी थी। साड़ी की दुकान पर पिछले तीन माह से काम कर रही थी। इसी दुकान पर फर्टिलाइजर क्षेत्र में किराये पर कमरा लेकर रहने वाला युवक भी काम करता था, जिससे उसकी दोस्ती हो गई। दोनों अक्सर एक साथ घूमने भी जाते थे।

# लेनदेन में ठीकेदार को मारी गोली

## पत्नी के साथ बाजार से लौट रहे थे, कुसम्ही जंगल में हुई घटना

जासं, गोरखपुर: कुसम्ही जंगल में मंगलवार की रात बुढ़िया माता मंदिर मोड़ पर लेनदेन के विवाद में बदमाशों ने ठीकेदार पिंटू पासवान को गोली मार दी। बाएं पैर में घुटने के नीचे गोली लगने से वह सड़क पर गिर गए। वारदात के बाद आरोपित फरार हो गए। वह पत्नी के साथ बाजार से घर लौट रहे थे। स्थानीय लोगों की मदद से एम्स थाना पुलिस ठीकेदार को जिला अस्पताल ले गई। ठीकेदार ने गांव की रहने वाली महिला समेत सात लोगों के विरुद्ध तहरीर दी है।

रजही पासी टोला के पिंटू पासवान ठीकेदारी करते हैं। मंगलवार की शाम को पत्नी दिव्या के साथ वह जगदीशपुर में रहने वाले रिश्तेदार के घर जाने के लिए घर से निकले। रास्ते में पता चला कि रिश्तेदार घर



गोली लगने से घायल पिंटू पासवान। जागरण

पर नहीं हैं। इसके बाद कुसम्ही बाजार में घरेलू सामान की खरीदारी कर पत्नी के साथ घर लौट रहे थे। आरोप है कि कुसम्ही जंगल में बुढ़िया माता मंदिर रोड पर गांव की रहने वाली ममता, विनोद, विकास मौर्य व चार अन्य युवकों ने घेर लिया।

कहासुनी के बाद उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। ठीकेदार के घुटने के नीचे बाएं पैर में दो गोली लग गई। पत्नी दिव्या रानी ने 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एम्स थान पुलिस ने ठीकेदार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस की जांच में पता कि आरोपितों से पिंटू पासवान का 6.70 लाख रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने कहा कि आरोपितों की तलाश चल रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**ठीकेदार की पत्नी व आरोपित के बीच फोन पर हुई थी नोकझोंक** : ठीकेदार की पत्नी व आरोपित के बीच फोन पर मंगलवार को फोन पर बातचीत के दौरान नोकझोंक हुई थी। 10 मिनट की बातचीत के दौरान दोनों एक-दूसरे को गाली देने के साथ ही देख लेने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस इस आडियो की भी जांच कर रही है।

# ब्रिटेन का नागरिक बन 2.05 लाख रुपये हड़पे, मुकदमा

जासं, भटहट : कस्बे के रविकेश जायसवाल ने जालसाज ने फेसबुक मैसेंजर पर ब्रिटेन की रोज मेरी नाम से दोस्ती की। इसके बाद अलग-अलग बहाने से 2.05 लाख रुपये लेकर हड़प लिये। तहरीर पर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

रविकेश ने बताया कि दोस्ती होने के बाद जालसाज महिला ने बताया कि वह भारत आने वाली है। कुछ दिन बाद उसने मैसेंजर से बताया कि वह आ चुकी है, उसके पास 1.60 लाख पाउंड का डिमांड ड्राफ्ट है। इससे पैसा लेने में समस्या आ रही है। 45 हजार रुपये की आवश्यकता है। उसे गूगल-पे के माध्यम से सविता दास के अकाउंट में पैसा दे दिया। इसके बाद वह लगातार अलग-अलग समस्याओं को बताकर अकाउंट में पैसे लेती रही। मिलने की बात पर उसका मोबाइल बंद बताने लगा।

**सेवानिवृत्त आरआइ के खाते से 97 हजार रुपये गायब** : एम्स की आवास विकास कालोनी में रहने वाले भागवत ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। बताया है कि वह देवरिया पुलिस लाइन में प्रतिसार निरीक्षक के पद से सेवानिवृत्त है। मोहद्दीपुर स्थित एसबीआइ बैंक में उनका खाता है। कुछ माह पहले बैंक ने बिना पूछे क्रेडिट कार्ड जारी कर दिया। बैंक जाकर पूछने पर महिला कर्मचारी ने क्रेडिट कार्ड आफिस का पता बताया और वहां जाकर उसे बंद कराने की बात कही। क्रेडिट कार्ड आफिस गए तो वहां मौजूद दो गार्ड ने उनका प्रार्थना पत्र ले लिया और वापस कर दिया। इसके बाद खाते से 97 हजार रुपये निकल गए।

# जमीन के नाम पर एसएसबी इंस्पेक्टर से हड़पे ढाई लाख

गोरखपुर : जंगल सेमरा-दो में भूमि दिलाने के नाम पर जालसाज ने एसएसबी के इंस्पेक्टर आशित प्रकाश के ढाई लाख रुपये हड़प लिए। उनकी तहरीर पर गुलरिहा पुलिस ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। आशित प्रकाश वर्तमान में डीआइजी कार्यालय में कार्यरत है। जनवरी 2020 में जमीन के लिए सेमरा-दो के जितेंद्र पासवान को नकद व चेक के माध्यम से रुपये दिए थे। उसने विवादित जमीन दिखा दी थी। (जासं)

# अश्लील हरकत करते हुए पकड़े गए छात्र-छात्रा

गोरखपुर : गोरखपुर विश्वविद्यालय परिसर में मंगलवार को एक छात्र-छात्रा के अश्लील हरकत करते हुए पकड़े जाने की खबर की चर्चा रही। बताया गया कि कला संकाय में सुरक्षा गार्ड ने एक छात्र व छात्रा को पकड़ लिया। शोर मचाने पर विद्यार्थी भी इकट्ठा हो गए। दोनों के माफी मांगने पर गार्ड ने उन्हें भगा दिया। हालांकि विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस प्रकरण की पुष्टि नहीं की है। (जासं)

## आइडी पर पिस्टल लगा फोटो की प्रसारित, हिरासत में

बड़हलगंज : कोतवाली क्षेत्र के अकबराबाद के युवक की इंटरनेट मीडिया आइडी पर पिस्टल व मैगजीन का फोटो प्रसारित होने लगा। किसी ने पुलिस से शिकायत की। इसके बाद पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उसने आइडी हैक होने की बात बताई है। कोतवाल कल्यान सिंह सागर ने बताया कि पूछताछ करने के साथ आइडी की तस्दीक की जा रही है। (जासं)

## झरना टोला चौकी के प्रभारी प्रभात सिंह हुए निलंबित

गोरखपुर : एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने मंगलवार की शाम एम्स थाना के झरना टोला चौकी प्रभारी प्रभात सिंह को लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया। चौकी प्रभारी पर आरोप था कि मारपीट के मामले में एकतरफा कार्रवाई कर रहे थे। पीड़ित पक्ष ने एसएसपी से शिकायत की थी। जांच में आरोप की पुष्टि हुई। (जासं)

# फर्जी वीजा दे रुपये हड़पने वाला जालसाज गिरफ्तार

जासं, गोरखपुर : विदेश भेजने का झांसा देकर 63 हजार रुपये हड़पने वाले जालसाज को कैंट थाना पुलिस ने मंगलवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट रणधीर मिश्रा ने बताया कि झंगहा, करही के रहने वाले राजेश पासवान ने 18 मई 2023 को सिंघड़िया के रहने वाले राजेश सिंह, रामजानकी नगर के संतोष श्रीवास्तव और देवरिया, गौरी बाजार के सिराज के विरुद्ध कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने का मुदकमा दर्ज कराया था। राजेश को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। फरार चल रहे संतोष श्रीवास्तव को मंगलवार की सुबह इंजीनियरिंग कालेज चौकी प्रभारी अवधेश मिश्रा ने गिरफ्तार किया। तीसरे आरोपित की तलाश चल रही है।

## स्वजन ने युवक पर दर्ज कराया छेड़खानी का मुकदमा

**मुंडेरा बाजार** : चौरी चौरा के एक गांव में युवती का पीछा करने पर मंगलवार को पुलिस ने शेखर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। युवती के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि आरोपित आए दिन उसकी बेटी को परेशान करता है। आते-जाते आपत्तिजनक शब्द बोलता है। **(जासं)**

## किशोरी के अपहरण के मामले में मुकदमा दर्ज

**पिपराइच** : एक गांव की किशोरी का अपहरण करने के मामले में मंगलवार को पिपराइच थाना पुलिस ने शनि कुमार साहनी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर में किशोरी की मां ने लिखा है कि आरोपित ने 11 सितंबर को सुबह 11 बजे उसकी बेटी का अपहरण कर लिया। आरोपित इस समय हैदराबाद में है। **(जासं)**

# छात्रा से छेड़खानी कर रहे शोहदे की पिटाई

सहजनवां : स्कूल जा रही छात्रा से छेड़खानी करना शोहदे को महंगा पड़ा। छात्रा की शिकायत पर मंगलवार को सुबह आठ बजे रास्ते में खड़े स्वजन ने शोहदे को पीटने के साथ उसका मोबाइल फोन तोड़ दिया। घटना के बाद दोनों पक्ष ने थाने में तहरीर दी है। छात्रा कक्षा आठ में पढ़ती है और ननिहाल में रहती है। आरोप है कि साइकिल से पढ़ने जाते समय उसी के विद्यालय के 11वीं का छात्र उसे परेशान करता है। थाना प्रभारी सहजनवां इत्यानंद ने बताया कि दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया है।

# उधार में लिए 1.10 लाख रुपये, अब देने से इंकार

सहजनवां : जाल्हेपार के दयाशंकर यादव ने एक व्यक्ति के विरुद्ध मंगलवार को थाने में तहरीर दी है। आरोप है कि वर्ष 2017 में मांटपुरवा के एक व्यक्ति ने पत्नी के उपचार के लिए 1.10 लाख रुपये उधार लिया था। एग्रीमेंट में पैसा नहीं देने पर जमीन बैनामा करने का वादा किया था। पिता की मृत्यु के बाद उसके स्वजन रुपये देने से मना कर रहे हैं। थाना प्रभारी इत्यानंद पांडेय ने बताया कि दोनों पक्षों को कागजात के साथ थाने पर बुलाया गया है। (जासं)

# पीपीगंज में युवती की हत्या के मामले में प्रेमी पर शक, हिरासत में

गोरखपुर। पीपीगंज में रूपांजली की हत्या में उसके प्रेमी पर शक गहरा गया है। पुलिस की जांच में इसकी पुष्टि हो चुकी है। आरोपी भी पुलिस हिरासत में है। अब पुलिस घटना में किसी और के शामिल होने की आशंका पर काम कर रही है। हालांकि, पोस्टमार्टम में मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस को आशंका है कि जहर देकर युवती की हत्या की गई है।

पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने फरेंदा के पास युवती को मिलने के लिए बुलाया था। चाय पीने के बाद अचानक उसकी मौत हो गई। उधर, पुलिस जांच में पता चला है कि रूपांजली आरोपी युवक के साथ एक कपड़े की दुकान पर काम करती थी, मगर युवक की जिंदगी में वह तीसरी युवती थी। आरोपी की शादी जिस युवती से हुई है, वह देवरिया में मायके में रह रही है। जबकि दूसरी युवती शोध छात्रा है, जिसके साथ वह गोरखनाथ इलाके में रहता है। अब उसकी नजदीकी रूपांजली से हो गई थी। ब्यूरो

# बंगाल की फर्म भी चला रही फर्जी पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट

## आगरा के जालसाज से मिली जानकारी, जांच करेगी एसआइटी

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : फर्जी पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट खोलकर छात्रों के भविष्य से कई और संस्थाएं भी खिलवाड़ कर रही हैं। आगरा के रहने वाले जालसाज से पूछताछ में पता चला कि मूर्शिदाबाद (बंगाल) की एक संस्था भी उत्तर प्रदेश के साथ ही कई राज्यों में फर्जी पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट चलवा रही है। एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर ने पर्दाफाश के लिए एएसपी/सीओ कैंट मानुष पारीक की अगुवाई में एसआइटी (स्पेशन इंवेस्टिगेशन टीम) गठित की है।

गुलरिहा थाना पुलिस ने सोमवार को आगरा, शाहगंज थाना क्षेत्र के गणेश नगर सुचेता निवासी व अब्दुल कलाम आफ इंस्टीट्यूट के संचालक पंकज पोरवाल को गिरफ्तार किया था। दिल्ली के चिट एंड फंड कार्यालय में संस्था का पंजीकरण कराने वाला जालसाज अब्दुल कलाम आफ इंस्टीट्यूट से प्रदेश के 14 जिलों में फ्रेंचाइजी देकर जालसाजी कर रहा था। चौरी चौरा के रहने वाले विजय प्रताप सिंह की शिकायत पर न्यायालय ने पंकज पोरवाल के विरुद्ध कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने का मुकदमा दर्ज कराया था। जांच में आरोप पुष्ट होने पर पुलिस ने उसे दबोचा। पूछताछ में पता चला कि मूर्शिदाबाद का एक व्यक्ति भी नेशनल काउंसिल आफ मेडिकल नाम से संस्था का पंजीकरण करा उप्र, बिहार के अलावा कई राज्यों में फर्जी पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट चलवा रहा है। पुलिस मुकदमे में इस संस्था का नाम शामिल कर जांच करने बंगाल जाएगी। एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर ने बताया कि जांच के लिए एएसपी मानुष पारीक की अगुवाई में एसआइटी गठित की गई है। टीम में शामिल निरीक्षक व उप निरीक्षक को जांच के लिए आगरा व मूर्शिदाबाद भेजा जाएगा।

### कुशीनगर पुलिस ने दे दिया था क्लीनचीट



चौरी चौरा के विजय प्रताप सिंह कुशीनगर के हाटा में जननी पैरा मेडिकल नर्सिंग साइंस इंस्टीट्यूट चलाते थे। कालेज में पढ़ाई करने वाले छात्रों को जब पता चला कि संस्था बिना मान्यता के है, तो विजय के विरुद्ध 21 जनवरी 2022 को जालसाजी करने का मुकदमा दर्ज करा दिया। हाटा पुलिस ने विजय को हिरासत में लिया तो उन्होंने बताया कि उनके साथ भी ठगी हुई है। आगरा के पंकज पोरवाल ने जालसाजी की है, लेकिन हाटा पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। विवेचना में पंकज को क्लिनचीट दे दिया।

# कमीशनखोरी के खेल में एक डॉक्टर का भतीजा भी

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। जिला अस्पताल के आपरेशन थिएटर में डॉक्टर की कुर्सी पर बैठने वाले दलाल प्रमोद से पूछताछ के बाद एक डॉक्टर के भतीजे की भूमिका भी संदिग्ध मिली है। इसके अलावा एक अन्य युवक का नाम भी सामने आया है। पुलिस ने अब इनकी निगरानी शुरू कर दी है। खबर है कि एक आरोपी के खिलाफ पुलिस को साक्ष्य भी मिल गए हैं, जिसकी जल्द ही गिरफ्तारी हो सकती है।

बस्ती के मुंडेरवा इलाके के सोनखर गांव निवासी प्रमोद सिंह उर्फ महेंद्र प्रताप सिंह को पुलिस ने पिछले दिनों पकड़ा था। पूछताछ में उसने एक डॉक्टर के भतीजे समेत दो लोगों का नाम बताया है। बताया कि विवाद की वजह भी यही है। पहले वह सप्लाई करता था, लेकिन अब भतीजा दवाओं के कमीशन का काम करने लगा है, जिस वजह से उसे नुकसान हो रहा था। उधर, पुलिस की

- पकड़े दलाल से पूछताछ में सामने आया नाम
- मामले में जल्द ही और भी हो सकती है गिरफ्तारी

जांच में यह भी सामने आ चुका है कि कमीशन डॉक्टर से लेकर दवा की दुकानों तक दिया जाता था। खुलासा एक सप्ताह पहले जिला अस्पताल के डॉ. राजेश कुमार के बिचौलिए पर केस दर्ज कराने के बाद हुआ। पुलिस ने केस तो धमकी देने और सरकारी काम में बाधा का दर्ज किया, लेकिन जांच के आधार पर रंगदारी की धारा बढ़ाकर कर आरोपी को जेल भिजवा दिया। अब उससे पूछताछ के आधार पर मिले तथ्यों पर जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच और साक्ष्य के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा दुष्कर्म का आरोपी

गोरखपुर। गगहा पुलिस ने शादी का झांसा देकर किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म करने के आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान गोला के नेवर निवासी नितेश यादव के रूप में हुई। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

## दो बच्चों की मां को भगा ले गया ठेकेदार

भटहट। गुलरिहा थाना क्षेत्र के एक गांव में पानी की टंकी बनवाने आया ठेकेदार दो बच्चों की मां को लेकर फरार हो गया। पति ने दी तहरीर में लिखा है कि उसके घर के बगल में कुछ दिन पहले एक ठेकेदार पानी की टंकी बनाने आया था। सोमवार को पत्नी को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। ब्यूरो

## दीवार पर पानी का छींटा आने पर मारपीट

भटहट। गुलरिहा थाना क्षेत्र के ग्राम तरकुलहा में सोमवार को सड़क पर गाड़ी धुलते समय दीवार पर पानी का छींटा आने पर दो पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट में एक का सिर फट गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों केस दर्ज कर लिया है। पीड़ित विशाल विश्वकर्मा ने आरोप लगाया कि सोमवार की सुबह घर के सामने बाइक धुल रहा था। इसी बीच चन्द्रकेश, डब्लू, बबलू एवं शत्रुधन आ गए। आरोपियों ने दीवार पर पानी का छींटा पड़ने की बात को लेकर गालीगलौज शुरू कर दी। देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें विशाल का सिर फट गया। ब्यूरो

## किशोरी के अपहरण का केस दर्ज

पिपराइच। थाना क्षेत्र के एक गांव से किशोरी के अपहरण के मामले में पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने छितौनी गांव निवासी सन्नी कुमार साहनी पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। किशोरी की मां ने तहरीर में कहा है कि छितौनी गांव निवासी सन्नी सोमवार की दोपहर में पुत्री को घर से भगा ले गया। ब्यूरो

# चोरी के सामान के साथ युवक गिरफ्तार

गोरखपुर। शाहपुर पुलिस ने चोरी के तार और अन्य सामान के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान कोतवाली के छोटे काजीपुर निवासी सैयद यासिर के रूप में हुई। आरोपी के पास से पुलिस ने चार किलो बिजली का तार, 3800 रुपये नकद बरामद किया। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

# बंगाल की फर्जी संस्था को ढाल बनाता था पंकज

गोरखपुर। फर्जी संस्था के जरिये विद्यार्थियों से जालसाजी के मामले में पूछताछ और पत्रावली की जांच में पुलिस को पश्चिम बंगाल से भी इसी तरह से एनजीओ का पंजीकरण कराकर ठगी का पता चला है। जब अब्दुल कलाम संस्था पर प्रवेश लेने वालों को किसी तरह का संदेह होता था तो पंकज अपने लोगों से पश्चिम बंगाल वाली संस्था का परिचय दिलवा देता था। इसके बाद लोग रुपयों के लालच में उस संस्था से संपर्क साधते थे।

हालांकि, दोनों संस्थाओं का तालमेल है या नहीं, इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। पुलिस पंकज की जानकारी के आधार पर जल्द आगरा जाने की तैयारी में है।

पुलिस दफ्तर जाकर दस्तावेज और लैपटॉप से जांच करेगी, ताकि और आगे की जानकारी हासिल कर कार्रवाई की जा सके। उधर, एसएसपी ने एसएसपी (ट्रेनी आईपीएस) मानुष पारिक की देखरेख में प्रकरण की जांच के लिए एसआईटी गठित कर दी है।

बताया जा रहा है कि इसमें विवेचना करने वाले एसआई, क्राइम ब्रांच के निरीक्षक को शामिल किया गया है। ब्यूरो


# जिला अस्पताल में दवा-जांच के खेल में डॉक्टर का भतीजा भी शामिल

## डॉक्टर की कुर्सी पर बैठने वाले बिचौलिए प्रमोद सिंह से पूछताछ में दो और लोगों के नाम सामने आए

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। जिला अस्पताल के ओटी में डॉक्टर की सीट पर बैठने वाले बिचौलिए प्रमोद सिंह की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी है।

आरोपी प्रमोद से पूछताछ में पता चला है कि एक डॉक्टर का भतीजा भी इस धंधे में शामिल है। इसके अलावा एक अन्य का नाम भी सामने आया है। पुलिस ने अब इनकी निगरानी शुरू कर दी है। खबर है कि एक आरोपी के खिलाफ पुलिस को साक्ष्य भी मिल गए हैं, उसकी जल्द गिरफ्तारी हो सकती है।


एमआर बनकर कर रहा था दलाली... डॉक्टर से दुकानदार तक बांटता था कमीशन

12 सितंबर को प्रकाशित खबर।

पुलिस ने बिचौलिए बस्ती के मुंडेरवा इलाके के सोनखर गांव निवासी प्रमोद सिंह उर्फ महेंद्र प्रताप सिंह को पकड़ा था। उसे पूछताछ के बाद सोमवार को जेल भेजा गया। पूछताछ के आधार पर ही पुलिस अपनी जांच को आगे बढ़ा रही है। उसने दो लोगों के नाम लिए हैं, जिसमें एक डॉक्टर का भतीजा भी शामिल है। बताया कि विवाद की वजह भी यही है। पहले वह सप्लाई करता था, लेकिन अब भतीजा दवाओं के कमीशन का काम करने लगा है, जिस वजह से उसे नुकसान हो रहा था। उधर पुलिस की जांच में यह भी सामने आ चुका है कि कमीशन, डॉक्टर से लेकर दवा की दुकानों तक दी जाती थी।

पूरे मामला का खुलासा एक सप्ताह पहले जिला अस्पताल के डॉ. राजेश कुमार के बिचौलिए पर केस दर्ज कराने के बाद हुआ।

# प. बंगाल से भी दी जा रही थी फर्जी पैरामेडिकल की फ्रेंचाइजी

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। आगरा के बाद अब पश्चिम बंगाल से भी प्रदेश में फर्जी पैरामेडिकल कॉलेज संचालित करने की बात सामने आ रही है। दोनों का आपस में गहरा संबंध में भी बताया जा रहा है। मामला संज्ञान में आने के बाद एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने एएसपी मानुष पारिक की अगुवाई में पांच सदस्यीय एसआईटी गठित की है।

पुलिस की जांच में पता चला है कि जिस तरह आगरा से अब्दुल कलाम ऑफ इंस्टीट्यूट नाम से फर्जी संस्थान खोलकर प्रदेश के 14 जिलों में फर्जी पैरामेडिकल कॉलेज संचालित किया जा रहा है, उसी तरह से पश्चिम बंगाल से मेडिकल एंड पैरामेडिकल साइंस कॉलेज संचालित किया जा रहा है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि इस फर्जी संस्था ने प्रदेश के कई जिलों में फ्रेंचाइजी दी है। विद्यार्थियों से वसूली करने के साथ उनके भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है।

पुलिस ने आगरा के शाहगंज थाना क्षेत्र के 15 गणेश नगर सुचेता निवासी व अब्दुल कलाम ऑफ इंस्टीट्यूट के संचालक पंकज पोरवाल को गिरफ्तार कर फर्जीवाड़े का पर्दाफाश किया था। पुलिस की शुरुआती जांच में अब्दुल कलाम कॉलेज से प्रदेश के 14 जिलों में फ्रेंचाइजी देकर जालसाजी का मामला सामने आया। इसके बाद पुलिस ने संचालक को कोर्ट में पेश कर 14 दिन का रिमांड मांगा था। न्यायालय से रिमांड मिलने के बाद पुलिस आरोपी पंकज पोरवाल को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। >> संबंधित पेज 4 पर

## प्रदेश के कई जिलों में फैला है जाल, जांच के लिए एसआईटी गठित

फर्जी फ्रेंचाइजी देकर जालसाजी करने का मामला बड़ा है। आर्थिक नुकसान के साथ बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ होने की वजह से पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एएसपी मानुष पारिक की देखरेख में जांच के लिए एसआईटी गठित की गई है। जांच व साक्ष्य के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। - डॉ. गौरव ग्रोवर, एसएसपी

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-13-09-2023

# श्रीरामपुर थाने की पुलिस टीम द्वारा की गयी वाहनों की जांच

श्रीरामपुर/प्रतापपुर (एसएनबी)। क्षेत्र के श्रीरामपुर थाने द्वारा आज विभिन्न चौराहों पर दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों की सघन चेकिंग की गई।इसमें दो गाड़ियों का चालान भी किया गया। अपराधों को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी भाटपार रानी के निर्देश के क्रम में श्रीरामपुर थाने की टीम द्वारा भवानीछापर बाजार,पड़री बाजार,प्रतापपुर व हरेराम चौराहे पर वाहन चेकिंग का अभियान चलाकर सभी दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों का सघनत्रा से जांच किया गया जिसमें दो वाहनों का चालान भी किया गया। इस बाबत पूछे जाने पर थानाध्यक्ष श्रीरामपुर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र के विभिन्न चौराहों पर दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की सघनता से चेकिंग की गई। जिसमें दो गाड़ियों का चालान काटा गया है।

# चोरी की औजार के साथ दो गिरफ्तार

बघौचघाट (एसएनबी)पुलिस अधीक्षक देवरिया के निर्देशन,अपर पुलिस अधीक्षक एवम क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत मुकामी पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी ।इसमें चोरी करने के उपकरण के साथ दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर सम्बंधित न्यायालय में पेश किया इनके पास से पुलिस ने एक अदद चाकू भी बरामद किया। मंगलवार की रात 1:15 बजे थाना प्रभारी मृत्युंजय राय कांस्टेबल राहुल यादव,राजीव कुमार,मोहम्द साजिद ,रूपेश यादव और गोबिंद यादव के साथ गस्त पर थे तभी जरिये मुखवीर सूचना मिली की पांडेय पुर पुल के पास तीन युवक कही चोरी करने की योजना बना रहे है ।सूचना पाकर मौके पर पहुची पुलिस ने दो युवकों को दबोच लिया जबकि एक युवक भागने में कामयाब रहा ।पकड़े गए युवकों ने अपना नाम तौहीद उर्फ किरण शाह पुत्र नूर अली तथा दूसरे ने अपना नाम नियामुद्दीन उर्फ वीर मुहम्मद पुत्र चीन मुहम्मद बताया ये दोनों ग्राम पंचायत रामपुर टोला बेलमहा थाना बघौचघाट के निवासी हैं इनके खिलाफ पुलिस ने सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर न्यायालय में भेज दिया ।इस बावत थाना प्रभारी मृत्युंजय राय ने बताया कि दोनों को न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

# किशोर के गायब होने के मामले में केस दर्ज

लार। लार थाना क्षेत्र के एक गांव से गत 7 सितम्बर की शाम से गायब एक किशोर के मामले में लार पुलिस ने केस दर्ज कर किशोर की पता लगाने में जुटी हुई है। लार थाना क्षेत्र के तिल्हौली गांव निवासी राजकुमारी देवी पत्नी ईश्वर चंद ने लार पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया है कि 7 सितंबर की शाम को घर से मेरा लड़का ना जाने कहां अचानक गायब हो गया है। जिसकी तलाश हम परिजन अपने गांव नगर व नात रिस्तेदार के यहां किया। लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका है। उक्त संबंध में प्रभारी निरीक्षक लार कपिल देव चौधरी ने बताया कि किशोर के गायब होने के मामले में राजकुमारी देवी के तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर किशोर का पता लगाने में पुलिस जुटी हुई है।

# दोस्तों के साथ मिलकर मौसा को पीटा, केस

तरकुलवा(एसएनबी) । स्थानीय थानाक्षेत्र के बरवा सेमरा गांव में 2 दिन पहले पत्नी से कहा सुनी के बाद पत्नी ने अपने बहन के लड़कों को उसके दोस्तों के साथ घर बुलाकर पति की जमकर पिटाई करा दी ।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोग उसको तरकुलवा सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से इलाज कराने के बाद पीड़ित ने अपनी साली के लड़कों समेत तीन नामजद व कुछ अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया। पुलिस केस दर्ज कर विधिक कार्यवाही में जुट गयी है। तरकुलवा थाना क्षेत्र के बरवा सेमरा गांव के रहने वाले मनोज गुप्ता पुत्र राम नयन गुप्ता ने बताया कि मेरी पत्नी को मेरा लड़का मेरी ससुराल शहबाजपुर से घर लेकर आया था। जब मैं शाम को टेंपो चला कर घर पहुंचा तो पत्नी से कुछ कहा सुनी हो गई।

# पांच पर हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में केस

लार । लार थाना क्षेत्र के रामनगर गांव में पिछले दिनों 8 सितम्बर की शाम हुई मारपीट के मामले में चंदा देवी पत्नी संजय की तहरीर पर लार पुलिस ने गांव के ही पांच लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास की धारा 307, 147, 148, 323, 504 व 452 आईपीसी के तहत केस दर्ज किया है। लार थाना क्षेत्र के रामनगर गांव निवासी चंदा देवी पत्नी संजय ने लार ने पुलिस को दिए गए तहरीर में बताया है कि 8 सितम्बर की शाम पतंग उड़ाने को लेकर बच्चों में झगड़ा हुआ था। उसी विवाद को लेकर मेरे बच्चे ष्णा को आरिफ ने मारा पीटा था। मेरे पति ने जाकर पूछा कि मेरे बच्चे को क्यो मारे है इसी बात को लेकर एक राय व एक गोल बनाकर अजीज पुत्र हाफिज, सलाउद्दीन औहिद पुत्र हाफिज सलाउद्दीन, अशरफ पुत्र हाफिज, सलाउद्दीन युगुनू पुत्र हाफिज सलउद्दीन व आरिफ पुत्र करीम निवासी रामनगर लोहे की राड, हकी व लाठी डन्डा लेकर जान मारने के नियत से मेरे दरवाजे पर आकर माँ बहन की गाली गुप्ता देने लगे।

# शंकर पाण्डेय के शव की तीसरे दिन भी तलाश जारी

मईल (एसएनबी)। थाना क्षेत्र के ग्राम ईशारू निवासी शंकर पाण्डेय के शव की तलाश में घटना के तीसरे दिन भी स्थानीय पुलिस के साथ एसडीआरएफ की टीम सरयू नदी में रेस्क्यू आपरेशन में लगी रही लेकिन शव का कहीं पता नहीं चल सका। सूत्रों की मानें तो शंकर पाण्डेय का मुख्य हत्यारा पुलिस के रडार पर है। कभी भी उसकी गिरफ्तारी हो सकती है। गौर तलब है कि मईल थाना क्षेत्र के ईशारू गांव निवासी शंकर पाण्डेय पुत्र चन्द्रभान पाण्डेय की उनके ही एक साथी ने बुलाकर अपने एक अन्य साथी के साथ हत्या कर शव को बोरे में भरकर भागलपुर पक्के पुल से सरयू नदी में फेंक दिया। मृतक की पत्नी से मिले सुराग पर पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो उसने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए घटना में शामिल मुख्य अभियुक्त के कारस्तानी का कहानी बयां किया। पुलिस ने घटना में शामिल शिवम यादव को जेल भेज दिया। जबकि मुख्य आरोपी संजय यादव उर्फ टाटा फरार है। सूत्रों की मानें तो शंकर पाण्डेय हत्या काण्ड का मुख्य आरोपी पुलिस के रडार पर है। कभी भी पुलिस उसे गिरफ्तार कर सकती है। प्रभारी निरीक्षक गोरखनाथ सरोज ने कहा कि पुलिस मिशन में लगी हुई है हत्या की घटना का शीघ्र पर्दाफाश किया जायेगा।

# आधा दर्जन लोगों पर मारपीट का केस

रुद्रपुर (एसएनबी)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मीपुर मछरिहवाँ टोला निवासिनी सिन्धु देवी पत्नी रमाशंकर ने रुद्रपुर पुलिस को दिये गये तहरीर में कहा कि हम प्रार्थनी चार पट्टीदार हैं। चारों लोग मिलकर मोटरसाईकिल खरीदे थे। लेकिन एक व्यक्ति द्वारा अपने कमरे में बंद कर लिया गया है। प्रार्थनी के पूछने पर उपरोक्त लोगों द्वारा मुझे मारापीटा गया तथा जान माल की धमकी दी गयी। वादनी के तहरीर पर शिवम यादव, रामनिवास यादव के खिलाफ धारा 323, 504, 506 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। वहीं दूसरी ओर पुलिस ने दूसरे पक्ष के हरिलाल यादव पुत्र स्व. इन्द्रासन के तहरीर पर कि हिस्से की जमीन को लेकर लड़ाई, झगड़ा, गाली गुत्ता देने पर हुए विवाद में पुलिस ने वादी के तहरीर पर विनित यादव, कुलदीप, गोविन्द, सिन्धु देवी के खिलाफ धारा 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# जिले में 26 केन्द्रों पर होगी पेट

## तैयारी शुरू

- डीआईओएस को बनाया गया है नोडल अधिकारी, विभाग तैयारी में जुटा
- 28 और 29 अक्तूबर को दोनों पालियों में 12-12 हजार छात्र देंगे परीक्षा

देवरिया, निज संवाददाता। प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा(पेट) की परीक्षा 28 और 29 अक्तूबर को जिले के 26 केन्द्रों पर दो पालियों में होगी। जिसमें प्रत्येक पारी में 12-12 हजार छात्र परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए डीआईओएस को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसके लिए विभाग के कर्मचारी तैयारी में जुट गए है। इसके लिए परीक्षा कराने वाली संस्था और अधिकारी मिल कर रणनीति बनाने में लगे हुए है।

उत्तर प्रदेश के प्रारम्भिक आर्हता परीक्षा ( पेट) की परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों ने काफी पहले आवेदन किया था। पेट की परीक्षा के लिए 28,29 अक्तूबर की तिथि निर्धारित किया है। इस बार भी जिले के विद्यालयों में टेट की परीक्षा के लिए 26 केन्द्र बनाए गए है।

जिसमें एक पाली में 12- 12 हजार छात्र परीक्षा देंगे। परीक्षा 26 केन्द्रों पर दो पालियों में होगी। परीक्षा को सकुशल सम्पन कराने के लिए इसके लिए जिले के डीआईओएस को नोडल अधिकारी बनाया गया है। वहीं सुरक्षा के लिए अपर पुलिस अधीक्षक को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जिले में परीक्षा को शांति पूर्वक सम्पन कराने के लिए पुलिस के साथ जिले के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

### पेट कराने के लिए हुई वीडियो कान्फ्रेंसिंग


पेट की परीक्षा कराने के लिए मंगलवार को वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से बैठक हुई। जिसमें उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ ने पेट 2023 की लिखित परीक्षा 28 और 29 अक्टूबर को कराने पर चर्चा हुई। परीक्षा से सम्बन्धित तैयारियों व परीक्षा केन्द्रों के चयन सम्बन्धी कार्य की प्रगति की समीक्षा किया गया। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), अपर पुलिस अधीक्षक, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं कार्यदायी संस्था शामिल हुई।

# बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती हैं बिहार से आने वाली ओवरलोड ट्रकें

श्रीरामपुर (एसएनबी)। बिहार से बालू,गिट्टी,सीमेंट, सरिया आदि सामान लेकर के विभिन्न छोटे बड़े बाजारों में पहुंचाने वाली ओवरलोड ट्रकें बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है।इन ट्रकों के आने के चलते देहात की सड़कें जगह जगह धंस जा रही है जिसके चलते अक्सर इन सड़कों पर वाहनों के पलटने की घटनाएं हो रही है।इन सड़कों पर इन ओवरलोड गाड़ियों का संचालन रोका नही गया तो कभी भी ये बड़ी दुर्घटनाओं को दावत दे सकती है।

मिली जानकारी के अनुसार बंगरामिश्रौली मार्ग पर रहीमपुर गांव के सामने बार-बार अनियंत्रित होकर ट्रकें पलटी खा रही है।हालांकि इसके पीछे नशा भी एक कारण हो सकता है। विगत 13 अगस्त को भी ट्रक बालू गिराकर वापस लौट रही थी कि इसी स्थान पर पलट गई थी जिससे कई लोग चोटिल होने से बच गए।

आज भी बिहार की ट्रक जिसका नंबर बीआर 06जी 4988 है जो रहीमपुर शिव मंदिर के आगे मोड पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें ड्राईवर व उसके सहायक को मामूली चोटें आई हैं।वहां मौजूद लोगों में बलभद्र, जयकिशुन प्रसाद,शर्मानंद व जयप्रकाश गुप्ता आदि ने बताया कि हम लोग दूसरे साइड वेल्डिंग की दुकान पर बैठे थे कि अचानक दोपहर में बहुत तेजी से एक ट्रक आई और अनियंत्रित होकर दाहिने साइड पलट गई जिसमें ड्राइवर और उसके सहायक चोटिल हो गए जिसका इलाज स्थानीय स्तर पर कराया गया। इस सड़क पर शाम को बिहार जाते वक्त मोटरसाइकिल चालकों की अधिकांश मौतें हो गई हैं जिसका कारण भी नशा भी है।



हापुड़ मामले को लकर 12वें दिन भी वकीलों की हड़ताल जारी

# कोर्ट में 10 हजार केसों में लग चुकी है तारीख

## असर

- हड़ताल के चलते जेल में बंद कैदियों की नहीं हो रही है जमानत
- वादी और प्रतिवादियों को तारीख मिलने के वापस लौट रहे हैं

देवरिया, निज संवाददाता। मंगलवार को अधिवक्ताओं की हड़ताल 12 वें दिन भी जारी रही। अधिवक्ताओं के न्यायिक कार्य से विरत रहने के चलते न्यायालयों में कार्य नहीं हुआ और वादी और प्रतिवादियों को तारीख मिलने के बाद बैरंग वापस लौटना पड़ रहा है। हड़ताल के चलते बंद कैदियों की जमानत नहीं होने से उनकी जेल से रिहाई नहीं हो रही है। इससे जेल में कैदियों का बोझ बढ़ने लगा है।

लगातार अधिवक्ताओं की हड़ताल से फरियादी सांसत में पड़ गए हैं। हड़ताल के चलते 12 वें दिन भी न्यायालय में कामकाज ठप्प रहा तथा जमानत पर सुनवाई नहीं हो पा रही है। जिससे बंदियों की रिहाई नहीं होने से जेल में उनकी संख्या बढ़ती ही जा रही है। अधिवक्ताओं की आंदोलन के चलते जिले में करीब 10 हजार मुकदमो में तारीख लग चुकी है। अधिवक्ताओं के हड़ताल से न्यायालय में सुनवाई नहीं होने से जमानत और मुकदमों की फाइल पर बहस नहीं हो पा रही है। जिससे जमानत के पार्थना पत्रों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। मुकदमों की पैरवी करने आने वाले फरियादियों को वापस लौटना पड़ रहा है। देवरिया और कुशीनगर के न्यायालयों में हड़ताल होने से बंदियों के जमानत नहीं हो पा रहे है। जिससे जेल में बंदियों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। जमानत नहीं होने से बंदी बाहर नहीं निकल रहे है। जिससे जेल में बंदियों की भीड़ बढ़ती जा रही है। जेल में बंदी अपने जमानत की राह देख रहे हैं और परिजन परेशान हैं। जिला अधिवक्ता संघ व कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन ने प्रस्ताव पारित कर न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। अधिवक्ता हापुड़ में वकीलों पर लाठी चार्ज करने वाले पुलिस अफसरों, कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही तथा वकीलों पर दर्ज मुकदमा दर्ज वापस लेने की मांग को लेकर हड़ताल पर हैं।

**भाटपाररानी में किया प्रदर्शनः** भाटपाररानी। हापुड़ घटना को लेकर तहसील के अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार कर विरोध दर्ज किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने हापुड़ में वकीलों के साथ हुई मारपीट की घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की। अधिवक्ताओं ने कहा कि हापुड़ में पुलिसिया लाठी चार्ज के विरोध में अधिवक्ताओं का आंदोलन जारी रहेगा। तहसील परिसर में मंगलवार को भी अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर विरोध जताया। मुख्य रूप से प्रदीप गुप्ता, विजय प्रताप तिवारी, ओमप्रकाश प्रजापति, प्रमोद तिवारी, महेश चंद श्रीवास्तव, चंद्रशेखर सिंह, राम नगीना सिंह, मृत्युंजय शाही आदि रहे।

## रजिस्ट्री कार्यालय में तालाबन्दी

रुद्रपुर। हापुड़ की घटना को लेकर अधिवक्ताओं ने रुद्रपुर में मंगलवार को न्यायिक कार्यो का बहिष्कार किया। साथ ही रजिस्ट्री कार्यालय में तालाबन्द कर दिया। जिससे दिन भर बैनामा के कार्य प्रभावित रहे। एसोसिएशन के अध्यक्ष ब्रज विहारी पाण्डेय के नेतृत्व में बैठक की गई। जिसके बाद अधिवक्ता आन्दोलनरत हो गए। पहले उन्होंने एसडीएम के साथ ही सभी न्यायालयों का बहिष्कार किया। फिर उप निबन्धक कार्यालय पहुंचे। जहां गेट में तालाबन्द करके किसी भी जरूरतमन्द को अन्दर नहीं जाने दिए। इस दौरान महामंत्री शशिभूषण मिश्र, विनोद कुमार पाठक, बलवन्त कुमार, राजशरण सिंह, रमेश चन्द्र मणि, आनन्द प्रकाश मिश्र, प्रमोद कुमार सिंह, परशुराम मिश्र, परमहंस यादव, राजेश्वरी मिश्र, राजेश कुमार त्रिपाठी, वृजकिशोर सिंह, आनन्द कुमार सिंह, भूपेन्द्र चन्द्र शर्मा, राजेश मणि त्रिपाठी, सत्यप्रकाश सिंह, सुधांशु मौलि ओझा, सत्यपाल यादव, विकास मणि त्रिपाठी, रामेश्वर मणि त्रिपाठी, अनिल यादव, बालेन्दु पाण्डेय, अनिल पाण्डेय, पंकज शुक्ल, विनय शुक्ल आदि उपस्थित रहे।

# 40 शीशी शराब बरामद

बरहज। एसडीएम के निर्देश पर आबकारी विभाग की टीम व बरहज पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया। पचौहा बाई पास के निकट अवैध रूप से शराब बेचते हुए शिवानंद गोड व गणेश पाल निवासी मोहाव को पकड़ा। 40 शीशी देशी शराब बरामद हुई।

# किशोर के गायब होने का केस दर्ज

मेहरौनाघाट। क्षेत्र के एक गांव से 7 सितम्बर की शाम से गायब किशोर के मामले में लार पुलिस ने केस दर्ज कर किशोर की पता लगाने में जुटी हुई है।

लार थाना क्षेत्र के तिलौली गांव निवासी राजकुमारी देवी पत्नी ईश्वर चंद ने तहरीर देकर बताया है कि 7 सितंबर की शाम को घर से उनका लड़का न जाने कहां अचानक गायब हो गया है। जिसकी तलाश हम परिजन अपने गांव नगर व नात रिस्तेदार के यहां किया। लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका है। प्रभारी निरीक्षक लार कपिल देव चौधरी ने बताया कि किशोर के गायब होने के मामले में राजकुमारी देवी के तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर किशोर का पता लगाने में पुलिस जुटी हुई है।

# पांच के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

लार, हिन्दुस्तान संवाद। पुलिस ने पांच के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। रामनगर गांव निवासी चंदा देवी पत्नी संजय ने दी गई तहरीर में लिखा है कि 8 सितम्बर की शाम पतंग उड़ाने को लेकर बच्चों में झगड़ा हुआ था। उसी विवाद को लेकर उनके बेटे कृष्णा को आरिफ ने मारा पीटा था।

पति ने जाकर पूछा कि बच्चे को क्यों मारे हैं इसी बात को लेकर एक राय व एक गोल बनाकर अजीज पुत्र हाफिज, सलाउद्दीन औहिद पुत्र हाफिज सलाउद्दीन, अशरफ पुत्र हाफिज, सलाउद्दीन युगुनू पुत्र हाफिज सलउद्दीन व आरिफ पुत्र करीम निवासी रामनगर लोहे की राड, हकी व लाठी डन्डा लेकर जान मारने के नियत से मेरे दरवाजे पर आकर माँ बहन की गाली गुप्ता देने लगे। मेरे पति ने गाली देने से मना किया तो लोग घर में घुसकर लोहे की राड, हकी से सिर पर मारकर मेरे पति को घायल कर दिया। बचाने गयी तो इनको भी अजीज ने लोहे की राड से सिर पर मारकर घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक कपिल देव चौधरी ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध हत्या के प्रयास की धारा 307, 147, 148, 323, 504 व 452 आईपीसी के तहत केस दर्ज किया गया है।

# युवक ने मौसा को पीटा, 6 पर बलवा, मारपीट का केस

तरकुलवा, हिन्दुस्तान संवाद। थाना क्षेत्र के बरवा सेमरा गांव में दो दिन पहले पति से कहा सुनी के बाद पत्नी ने अपने बहन के लड़कों को उसके दोस्तों के साथ घर बुलाकर अपने पति की जमकर पिटाई करा दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोग उसको तरकुलवा सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से इलाज कराने के बाद पीड़ित ने अपनी साली के लड़कों समेत तीन नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने इस मामले 6 लोगो के खिलाफ बलवा, मारपीट का मुकदमा दर्ज कर बिधिक कार्यवाही में जुट गयी हैं।

तरकुलवा थाना क्षेत्र के बरवा सेमरा गांव के रहने वाले मनोज गुप्ता पुत्र राम नयन गुप्ता के अनुसार पत्नी को उनका लड़का उनकी ससुराल सहबाजपुर से घर लेकर आया था। जब मैं शाम को टेंपो चला कर घर पहुंचा तो पत्नी से कुछ कहा सुनी हो गई। इसके बाद हमारी पत्नी ने अपनी बहन को फोन करके उसके लड़के सहित अन्य लोगों को बुला लिया। जो हमारे घर पहुंच लाठी डंडा से मारे पीटे। गांव के लोगों के जमा होने पर आरोपित जान माल की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने हेतिमपुर कुंवर टोला के सूरज गुप्ता, अमन गुप्ता, निवासी शिवम गुप्ता तथा दो-तीन अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# चोरी की योजना बना रहे दो युवकों को जेल

## कार्रवाई

- मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने आरोपियों को धर दबोचा
- एसपी के निर्देश पर पुलिस चला रही है अपराध नियंत्रण अभियान

बघौचघाट/ पथरदेवा हिन्दुस्तान टीम। चोरी की योजना बना रहे दो युवकों को पुलिस ने धर दबोचा। अंधेरे का फायदा उठाकर तीसरा युवक फरार हो गया। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से चोरी करने का औजार बरामद हुआ। पुलिस ने पकड़े गए युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जिले की पुलिस अपराध नियंत्रण अभियान चला रही है। इसके क्रम में पुलिस काफी चौकसी बरत रही है। बघौचघाट के थानेदार मृत्युजंय राय सोमवार की आधी रात में अपने हमराही सिपाहियों के साथ गश्त कर रहे थे। तभी मुखबीर ने सूचना दिया कि तीन युवक पांडेयपुर की नहर की पुलिया के पास बैठकर चोरी की योजना बना रहे हैं। थानेदार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तो तीनों युवक भागना शुरू कर दिए। दो युवकों को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया जबकि तीसरा अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गया। मामले में पुलिस ने तौफिक व नियामुद्दीन निवासी रामपुर महुआबारी के खिलाफ आईपीसी की धारा 401 व 402 के तहत मुकदमा दर्ज किया। पुलिस टीम में थानेदार के अलावा हे.का.राहुल यादव, राजीव कुमार, साजिद, गोविंद यादव व रूपेश यादव शामिल थे।



चोरी की योजना बना रहे आरोपियों के साथ बघौचघाट पुलिस

---

लाइब्रेरी | जेल को कैदियों को पढ़ने दी जाएगी धार्मिक व शिक्षाप्रद कहानियों की पुस्तकें, गीता प्रेस से मिली भागवतगीता, रामचरित मानस, विदुर नीति समेत डेढ़ सौ किताबें

# भागवत गीता और रामचरित मानस से सुधरेंगे बंदियों के स्वभाव

देवरिया, निज संवाददाता। जिला कारागार में बंद कैदियों का जीवन सुधारने को उन्हें भागवतगीता, रामचरित मानस, विदुर नीति तथा शिक्षाप्रद कहानियों की पुस्तकें पढ़ने को दी जायेंगी। इसके लिए गीता प्रेस गोरखपुर से डेढ़ सौ विभिन्न धार्मिक एवं शिक्षाप्रद कहानियों की पुस्तकें जेल को दान में मिली हैं।

जेल में विभिन्न मामलों में सजा होने तथा अन्य मामलों में कुल 1875 कैदी बंद हैं। इनमें 154 महिलाएं भी शामिल हैं। कैदी अपने समय का सदुपयोग करें इसके लिए पिछले माह जेल में लाइब्रेरी शुरू की गयी है। लाइब्रेरी में भागवतगीता, रामचरित मानस, विदुर नीति सहित विभिन्न धार्मिक किताबों के अलावा शिक्षाप्रद पुस्तकें भी रखी गयी हैं। जेल अधीक्षक पीएन शुक्ला की पहल पर गीता प्रेस गोरखपुर के लालमणि तिवारी ने जेल को पहली खेप में 150 पुस्तकें दान में दी है। लाइब्रेरी में किताबों के अलावा नियमित चार-पांच समाचार पत्र भी मंगाया जा रहा है। जिससे कैदी किताबों, अखबारों को पढ़कर देश दुनिया की खबरों से रूबरू होने के साथ ही अपने आचरण में सुधार कर सकें। लाइब्रेरी में शिक्षाप्रद व जीवन में सुधार लाने वाली किताबों पर विशेष जोर दिया गया है। पिछले महीने शुरू हुए लाइब्रेरी में कैदियों की रुचि बढ़ने लगी है। वह खाली समय में लाइब्रेरी में आकर किताबें व अखबार पढ़ने लगे हैं। कैदियों के लिए दिन में 11 से 4 बजे तक लाइब्रेरी में समय निर्धारित किया गया है, लेकिन जब भी मन करे वह आकर किताबें पढ़ सकते हैं। कैदी सामूहिक रूप से लाइब्रेरी में किताबें पढ़ने लगे हैं। वह किताब व अखबार में जो पढ़ते हैं उसकी अन्य साथी कैदियों से चर्चा भी करते हैं। इससे उनमें भी पढ़ने की रुचि बढ़ने लगी है। कैदियों को बताया जाता है कि पुस्तकें अकेलेपन का सबसे अच्छा साथी है, यह जीवन को बेहतर बनाने में मददगार साबित साबित होते हैं।



लाइब्रेरी की गीता प्रेस से दान में मिली पुस्तकों के साथ जेल अधीक्षक व अन्य अफसर।

> "पिछले महीने से जेल में लाइब्रेरी शुरू किया गया है, गीता प्रेस से डेढ़ सौ पुस्तकें दान में मिली हैं। पुस्तकें पढ़ने में कैदी रूचि दिखाने लगे हैं। लाइब्रेरी का विस्तार कर डिजिटल बनाने का उद्देश्य है। पुस्तकों को पढ़कर कैदी अपने में आचरण में सुधार करें।
>
> -पीएन, शुक्ला, जेल अधीक्षक, जिला कारागार, देवरिया।

# पति समेत पांच के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

जासं, देवरिया: बरियारपुर क्षेत्र के पोखरभिंडा गांव की रहने वाली महिला ने पति समेत पांच के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। गांव की रहने वाली किरन देवी पत्नी श्याम बिहारी यादव का कहना है कि उनकी शादी मई 2009 में हुई थी। जब से वह ससुराल गई, तभी से ससुराल के लोग बाइक, एक लाख रुपये समेत अन्य सामान दहेज में मांग करने लगे। 2015 में एक बेटी ने जन्म लिया। इसके बाद ससुराल के लोग ताना मारने लगे। इन दिनों मारपीट कर घर से निकाल दिए हैं और आभूषण भी छीन लिए हैं। महिला थाने की पुलिस ने पति श्याम बिहारी यादव, ससुर केशरी नंदन यादव, सास कौशिल्या देवी, देवर सतीश यादव व ननद शशि उर्फ नीतू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# ट्रक से डीजल चुराने की शुरू हुई जांच

**जागरण प्रभाव**

जासं, देवरिया: सदर कोतवाली में पकड़े गए ट्रक से डीजल चुराने के मामले को अब पुलिस महकमे ने गंभीरता से लिया है।

सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी प्रकरण की जांच कर रहे हैं। चौकीदार को पूछताछ के लिए बुधवार को उन्होंने तलब किया है। कोतवाली के पुलिस क्लब परिसर में पकड़े गए वाहन खड़े हैं। उन वाहनों से पुलिस कर्मियों के इशारे पर चौकीदार डीजल निकाल रहे हैं।

12 सितंबर के अंक में दैनिक जागरण ने पेज संख्या दो पर सावधान! यहां तो कोतवाली में होती है चोरी शीर्षक से फोटो सहित खबर को प्रकाशित किया। खबर प्रकाशित होने के बाद पुलिस विभाग में खलबली मच गई। अब प्रकरण की जांच सीओ सिटी कर रहे हैं। एएसपी डा. राजेश सोनकर ने बताया कि प्रकरण की जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई संबंधित कर्मियों के विरुद्ध की जाएगी।

# चोरी करने के औजार के साथ दो गिरफ्तार

देवरिया। बघौचघाट थाना क्षेत्र के पांडेयपुर पुल के पास सोमवार की रात चोरी की साजिश रचते दो बदमाशों को पुलिस ने पकड़ा। तलाशी लेने पर उनके पास से चोरी करने के औजार व चाकू बरामद हुआ। जबकि एक बदमाश चकमा देकर भाग निकला। गिरफ्तार बदमाशों को पुलिस ने जेल भेज दिया। पकड़े गए बदमाशों की पहचान तौहीद उर्फ किरण शाह तथा नियामुद्दीन उर्फ वीर मुहम्मद निवासी ग्राम पंचायत रामपुर टोला बेलमहा थाना बघौचघाट के रूप में हुई। प्रभारी मृत्युंजय राय ने बताया कि दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से चोरी का उपकरण बरामद हुआ है। दोनों को न्यायालय में पेश कर दिया गया है। संवाद

# जिला जेल की लाइब्रेरी में पहुंचीं गीता प्रेस की डेढ़ सौ पुस्तकें

जासं, देवरिया: जिला जेल में बंद बंदियों को अब गीता प्रेस की पुस्तकें दी जाएंगी। जेल की लाइब्रेरी में मंगलवार की शाम गीता प्रेस से पुस्तकें पहुंची, जिसके बाद कुछ बंदियों को पुस्तकें वितरित कर दी गईं। जिला कारागार में देवरिया के अलावा कुशीनगर के भी बंदी हैं। इस समय यहां बंदियों की संख्या लगभग 1800 है।



जेल में पुस्तक वितरित करते जेल अधीक्षक प्रेम सागर शुक्ला ● सौ.जेल प्रशासन

बंदियों के लिए हाल ही में जेल प्रशासन की तरफ से लाइब्रेरी पुरानी पाकशाला में खोली गई है। जिसमें पहले से छह सौ पुस्तकें रखी गईं है। समय-समय पर पढ़ने के लिए बंदी उसमें से पुस्तकें ले जाते हैं। इस बीच जेल प्रशासन की मांग पर गीता प्रेस से भी डेढ़ सौ पुस्तकें पहुंची। पुस्तक पहुंचने के बाद उन्हें लाइब्रेरी में रख दिया गया, जबकि कुछ बंदियों में शाम को ही वितरित कर दिया गया। जेल अधीक्षक प्रेम सागर शुक्ला ने बताया कि गीता प्रेस से पुस्तकें आई हैं। उन्हें बंदियों में वितरित कर दिया गया है। लाइब्रेरी को अत्याधुनिक बनाने पर कार्य किया जा रहा है।

# सलेमपुर कोतवाली के दारोगा का राष्ट्रीय टीम में चयन



मेडल के साथ दारोगा शहनवाज अहमद। ● सौ.स्वयं

जासं, सलेमपुर: लखनऊ के पुलिस लाइन के संगोष्ठी सदन में आयोजित 66वीं पुलिस वार्षिक प्रतियोगिता में सलेमपुर कोतवाली में तैनात दारोगा शहनवाज अहमद ने चार गोल्ड मेडल हासिल कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किए। अब उनका चयन राष्ट्रीय टीम के लिए किया गया है। इस उपलब्धि पर कोतवाली में पुलिस कर्मियों ने स्वागत किया। गोरखपुर जोन से चयनित होकर प्रदेश की टीम में प्रतिभाग करने गए शहनवाज अहमद ने विधि विज्ञान लिखित परीक्षा, मेडिकोलीगल, क्राइम इन्वेस्टीगेशन व फोटो ग्राफी विवेचना स्पर्धा में प्रथम स्थान हासिल किए हैं। जिन्हें डीजीपी विजय कुमार ने उन्हें गोल्ड मेडल प्रदान किया। साथ ही इनकी प्रतिभा को देख राष्ट्रीय टीम में चयन की घोषणा की। इसके अलावा इन्होंने क्राइम इन्वेस्टिगेशन रूल्स एण्ड ला, कोर्ट जजमेंट में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक गोपाल पांडेय, एसआइ जयशंकर मिश्र आदि ने स्वागत किया।

# अब बिसरा रिपोर्ट ही खोलेगा व्यवसायी की मृत्यु का रहस्य

जागरण संवाददाता, देवरिया: शहर के आर्य समाज गली के रहने वाले पान मसाला व्यवसायी सतीश चंद्र की मृत्यु का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस ने बिसरा सुरक्षित कर दिया है। लेकिन हर कोई उनकी रहस्यमय मृत्यु का कारण जानना चाह रहा है। लोग कई तरह के कयास लगा रहे हैं। आखिर घर में कोई नहीं था तो मृत्यु कैसे हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्थिति स्पष्ट नहीं होना भी संदेह को और बढ़ा रहा है। विवेचना की दिशा किस तरफ जा रही है। इसकी गुत्थी अभी सुलझ नहीं सकी है।

मोहल्ले के लोगों का मानना है कि सतीश चंद्र का किसी भी व्यक्ति से विवाद नहीं था। इसके बावजूद रहस्यमय स्थिति में उनका शव मिलना एक पहेली जैसी है। हर कोई सतीश चंद्र की मृत्यु के राज का पर्दाफाश होना चाह रहा है। सूत्रों के अनुसार कोतवाली पुलिस पान मसाला व्यवसायी की कारोबार से जोड़कर भी अपनी विवेचना शुरू कर दी है।

पुलिस का मानना है कि मृत्यु के करीब चार दिन बाद लोगों को जानकारी हुई। इस वजह से शव काफी खराब स्थिति में था। इस वजह से मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। अब इसकी सही जानकारी बिसरा रिपोर्ट से ही मिल सकेगी।

केस एक: सलेमपुर क्षेत्र के महलिया गांव में 21 अगस्त को मईल के महलिया गांव के रहने वाले श्रीराम कुशवाहा व उनकी पत्नी कलावती देवी (वृद्ध दंपती) की संबंधित परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। हालांकि शव का पोस्टमार्टम समय रहते हो गया। लेकिन इस मामले में भी चिकित्सक किसी नतीजे पर नहीं पहुंचे। लिहाजा विसरा सुरक्षित कर लिया। बाद में पुलिस ने बिसरा की जांच के लिए लखनऊ भेज दिया। अभी तक उसकी रिपोर्ट नहीं आई।

**फालोअप**

- हर संदिग्ध मामले में पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सक किसी नतीजे तक नहीं पहुंचते
- हर कोई सतीश चंद्र की मृत्यु का राज जानने के लिए है उत्सुक

### चार माह में 32 मामलों के बिसरा रिपोर्ट सुरक्षित

जनपद देवरिया में चार माह के अंदर 32 ऐसे संदिग्ध मामले आए, जिनका पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सक किसी नतीजे पर नहीं पहुंचे। मजबूरी में बिसरा सुरक्षित कर लिया गया इन मामलों में भी अभी तक किसी की रिपोर्ट नहीं आई।

> पान मसाला व्यवसायी की मृत्यु का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट नहीं हो पाया है। इसलिए बिसरा सुरक्षित कर लिया गया है। उसे लैब में जांच के लिए भेजा जाएगा। उसके बाद ही मृत्यु का कारण स्पष्ट हो सकेगा।
>
> श्रीयश त्रिपाठी
> सीओ सिटी देवरिया

# शव की शिनाख्त करने को सलेमपुर पुलिस कराएगी डीएनए टेस्ट

जासं, सलेमपुर: कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से दो सप्ताह पहले गायब किशोरी के मामले में नया मोड़ आ गया है। भाटपाररानी में तीन दिन पहले मिले अज्ञात किशोरी के शव का हुलिया मिलने के बाद अब पुलिस अब डीएनए टेस्ट कराएगी। मंगलवार को टेस्ट के लिए सैंपल भी ले लिया।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी 25 अगस्त को लखनऊ से सलेमपुर ट्रेन से आई। सलेमपुर में उतरने के बाद रेलवे ढाला तक पहुंची, उसके बाद से ही वह गायब है। इस मामले में पुलिस ने 31 अगस्त को मुकदमा दर्ज किया है। इसके बाद से ही स्वजन व पुलिस उसकी तलाश कर रही है। कई लोगों से पुलिस ने पूछताछ की, लेकिन सफलता नहीं मिली। तीन दिन पहले भाटपाररानी थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी का शव मिला, कुछ हुलिया गायब किशोरी से मिल रहा है। जिसके बाद कोतवाली पुलिस हरकत में आ गई है। कोतवाली पुलिस स्वजन को लेकर भाटपाररानी पहुंची और मिले शव के फोटो से शिनाख्त कराने का प्रयास की। वहीं पुलिस ने डीएनए टेस्ट कराने के लिए सैंपल भी ले लिया है।

- सलेमपुर से गायब किशोरी का भाटपाररानी में मिले शव से मिल रहा हुलिया
- भाटपाररानी पुलिस से डीएनए टेस्ट के लिए पुलिस ने लिया सैंपल
- एक गांव से दो सप्ताह पहले गायब किशोरी के मामले में नया मोड़

"गायब किशोरी की मां के कहने पर भाटपाररानी में मिले शव का डीएनए टेस्ट कराने के लिए न्यायालय से इजाजत मांगी जाएगी। काल डिटेल के आधार पर जांच की जा रही है।

गोपाल पांडेय, प्रभारी निरीक्षक।

# छापा मारकर अवैध शराब बरामद की

**बरहज।** नगर स्थित बाईपास मार्ग पर एक धर्मकांटा के पास मंगलवार को आबकारी और स्थानीय पुलिस की टीम ने एक झोपड़ी में छापा मारा, जहां से 40 शीशी बंटी-बबली शराब बरामद की। जबकि भाग रहे दो धंधेबाजों को दबोच कर थाने लाया गया। उनका चालान कर दिया गया।एसडीएम के निर्देश पर आबकारी निरीक्षक पंकज विवेक और स्थानीय पुलिस की टीम ने बाईपास रोड पर दबिश दी। पुलिस को देख धंधेबाज झोपड़ी से निकल कर भागने लगे। जिन्हें सुरक्षा कर्मियों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। मोहांव वार्ड निवासी सभासद मुरारी जायसवाल ने मंगलवार को एसडीएम से अवैध रूप से शराब बेचे जाने की शिकायत की थी। संवाद

# पुरानी पेंशन बहाली को शिक्षकों ने दिया धरना

देवरिया, निज संवाददाता। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक (एकजुट) ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर मंगलवार को डीआईओएस कार्यालय पर धरना दिया। शिक्षकों ने अपनी मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम डीआईओएस को सौंपा। समस्याओं के समाधान नहीं होने पर विहद आंदोलन की चेतावनी दिया।

धरने को मुख्य अतिथि संघ के प्रदेश महामंत्री राजीव यादव ने कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है। 2023 के शिक्षा अधिनियम के अन्तर्गत धारा-12, 18 व 21 को शामिल नहीं करने के कारण शिक्षकों की सेवा सुरक्षा की कोई गारण्टी नहीं रह गई है। कार्यवाहक प्रधानाचार्य के रूप में कार्य करने वाले प्रधानाचार्यों का वेतन प्रधानाचार्य 2 में जो मिलता था, उस पर संकट मंडराने लगे हैं। विभागों में सिरीजन चार्टर लागू न होने के कारण कोई भी कार्य समय से नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि जबतक प्रदेश के अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों का राजकीयकरण नहीं होगा तब तक शिक्षकों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पायेगा। प्रबन्धतन्त्र के कारण शिक्षकों एवं कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है। हाल ही में अशासकीय विद्यालयों के प्रबन्धक संघ की बैठक हुई जिसमें प्रबन्धकों द्वारा सरकार से ग्रांट वापस लेने की मांग की गई तथा कहा गया कि हमारे विद्यालय को पूर्णतः हमोर हाथों में दे दिया जाए। हम सीबीएससी की मान्यता लेकर विद्यालयों का संचालन करेंगे। संघ के प्रान्तीय उपाध्यक्ष मैनुदीन अंसारी ने कहा कि विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों, शिक्षिकाओं ,कर्मचारियों को कैंसलेश चिकितता उपलब्ध कएपी जाय। वित्तविहीन माधामिक विद्यालयों को मान्यता के क्रम में अनुदान सूची पर लिया जाय, जब तक अनुदान नहीं मिलता तबतक ऐसे विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को सम्मान- जनक मानदेय प्रदान किया जाय। जिलाध्यक्ष सुरेश सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन के सरकार तत्काल बहाल करे। उन्होंने जिले में कार्यरत व्यावसायिक शिक्षकों का मानदेय प्रत्येक माह की पहली तारीख को उनके खाते में अन्तरित किया जाय। अटेवा पेंशन मंच के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश कुशवाहा ने कहा कि सरकार अपनी हठधर्मित को छोड़कर अविलम्ब पुरानी पेंशन बहाल करें। उन्होंने शिक्षको से 1 अक्टूबर को पेंशन शंखनाद रैली में दिल्ली चलने के लिए आवाह्न किया।

धरने में सरफराज अहमद, डॉ० योगेन्द्र यादव, अखिलेश विश्वकर्मा, राजेश मिश्रा, विपिन शुक्ला, अजीत कुमार पटेल, अर्जुन दीक्षित, जीआर प्रजापति, अमिताभ आदि रहे।



मंगलवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक (एकजुट) ने मंगलवार को डीआईओएस कार्यालय पर धरना दिया।

# तीन के विरुद्ध बलवा का मुकदमा

तरकुलवा : क्षेत्र के बरवा सेमरा गांव के रहने वाले मनोज गुप्ता का आरोप है कि उनकी पत्नी व बेटा ससुराल सहबाजपुर से घर आ रहे थे। शाम को घर पहुंचे तो कहासुनी के साथ मारपीट हो गई। इस मामले में पुलिस ने हेतिमपुर कुंवर टोला के रहने वाले सूरज गुप्ता, अमन गुप्ता, सहबाजपुर के रहने वाले शिवम गुप्ता व दो अज्ञात के विरुद्ध बलवा व मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

# शिक्षकों ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर दिया धरना

## मुख्यमंत्री को संबोधित मांगपत्र डीआइओएस को सौंपा

**जागरण संवाददाता, देवरिया:** उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) के पदाधिकारियों व शिक्षकों ने मंगलवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना दिया गया। पुरानी पेंशन बहाली समेत अन्य मांगों को लेकर नारेबाजी की। मुख्यमंत्री को संबोधित मांगपत्र डीआइओएस वीरेंद्र प्रताप सिंह को सौंपा।

- सिटीजन चार्टर लागू न होने के कारण समय से नहीं हो रहे कार्य
- राजस्थान व छत्तीसगढ़ की तरह पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग

प्रदेश महामंत्री राजीव यादव ने कहा कि राजस्थान, छत्तीसगढ़, पंजाब, झारखंड, हिमाचल प्रदेश की तरह उप्र में भी पुरानी पेंशन बहाल की जानी चाहिए। जबतक प्रदेश के अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों को राजकीय विद्यालय के रूप में अधिग्रहित नहीं किया जाएगा, तबतक शिक्षकों की समस्याओं का समाधान नहीं होगा। प्रांतीय उपाध्यक्ष मैनुद्दीन अंसारी ने कहा कि विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों व कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराया जाना चाहिए। वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों को




जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय परिसर में धरना को संबोधित करते उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा संघ के प्रदेश महामंत्री राजीव यादव • जागरण

मान्यता के क्रम में अनुदान सूची पर लिया जाना चाहिए। जिलाध्यक्ष सुरेश सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन को सरकार तत्काल बहाल करे। अटेवा पेंशन मंच के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश कुशवाहा ने कहा कि सरकार अपनी हठधर्मिता को छोड़कर अविलंब पुरानी पेंशन बहाल करे। इस मौके पर विद्या सागर सिंह, सरफराज अहमद, डा.योगेंद्र यादव, अखिलेश विश्वकर्मा, राजेश मिश्र, रवींद्र कुमार, विपिन शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# युवक ने दोस्तों के साथ मौसा को पीटा

संवाद न्यूज एजेंसी

## पीड़ित की हालत गंभीर आरोपियों पर केस दर्ज

देवरिया। तरकुलवा थानाक्षेत्र के बरवा सेमरा गांव में दो दिन पहले पति-पत्नी से कहासुनी के बाद पत्नी ने अपने बहन के लड़कों को उसके दोस्तों के साथ घर बुला लिया और पति की जमकर पिटाई करा दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

आसपास के लोगों ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से इलाज कराने के बाद पीड़ित ने अपनी साली के लड़कों समेत तीन नामजद और कुछ अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी।

पुलिस ने इस मामले में बलवा, मारपीट सहित गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के बरवा सेमरा गांव के रहने वाले मनोज गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि शाम को टेंपो चला कर घर वह घर पहुंचे तो पत्नी से कुछ कहासुनी हो गई।

इसके बाद पत्नी ने अपनी बहन को फोन करके उसके लड़के सहित अन्य लोगों को बुला लिया। वह घर पहुंच करके लाठी डंडा से मारपीट कर घायल कर दिए। शोर सुनकर गांव के लोग इकट्ठा हो गए। इसके बाद हमलावर जान-माल की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने मामले में हेतिमपुर गांव के कुंवर टोला के रहने वाले सूरज गुप्ता, अमन गुप्ता, हाटा कोतवाली के शहबाजपुर के रहने वाले शिवम गुप्ता तथा कुछ अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# चार वर्ष पहले किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में दो पर मुकदमा

जासं, देवरिया: भाटपाररानी थाना के एक गांव की किशोरी के साथ चार वर्ष पहले हुए दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने दो युवकों के विरुद्ध मंगलवार की शाम दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

गांव की रहने वाली एक किशोरी ने पुलिस को तहरीर दी है। किशोरी का आरोप है कि चार वर्ष पहले वह बाजार कर अपने घर जा रही थी। इस बीच बरईपार गांव का रहने वाला विनय उर्फ गोलू व संदीप गुप्ता आ गए और दोनों पकड़ कर खेत में लेकर चले गए। विनय ने दुष्कर्म किया और संदीप वहा खड़ा रहा। यह बात लोकलाज के चलते किशोरी ने किसी को बताया नहीं। सात दिन पहले किशोरी का अश्लील फोटो इंटरनेट मीडियो पर प्रसारित हो गया। इसके बाद किशोरी के परिवार के सदस्यों के पैर तले जमीन ही खिसक गई।

**किशोरी से छेड़खानी, मुकदमा**

लार: क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के साथ छेड़खानी के मामले में पुलिस ने मंगलवार की शाम आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। गांव की रहने वाली किशोरी सोमवार की शाम टहलने के लिए गई थी। इस बीच गांव का ही एक युवक उसे पकड़ लिया और उसके साथ छेड़खानी करने के साथ ही दुष्कर्म करने का प्रयास किया। किसी तरह किशोरी वहां से भाग निकली। इस मामले में पुलिस ने महफूज आलम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# आंदोलन में हिस्सा लेंगे कार्यकर्ता

देवरिया : शहर के सिचाई विभाग डाक बंगला परिसर में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं की बैठक मंगलवार को हुई। जिसमें किसानों पर चर्चा करने के साथ ही संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। 25 सितंबर को लखनऊ में आयोजित आंदोलन में जिले से बड़ी संख्या में किसानों के पहुंचने का आह्वान किया गया। जिलाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप शाही ने कहा कि लखनऊ के डालीबाग में राष्ट्रीय आंदोलन होने जा रहा है। किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली, गन्ना मूल्य बढ़ाने आदि समस्याओं के लिए पंचायत का आयोजन किया जा रहा है।

# पुलिस के डर से भागा बदमाश, गिरकर घायल

संवाद न्यूज एजेंसी

एकौना। थाना क्षेत्र के पचरूखा मोड़ पर सोमवार की रात पुलिस को देखकर भाग रहे बाइक सवार दो बदमाशों में से एक गिरकर घायल हो गया। उसका हाथ टूट गया।

पुलिस ने घायल बदमाश के पास से तमंचा बरामद किया है। बाइक पर सवार उसका दूसरा साथी भाग निकला। पुलिस घायल का इलाज कराने के लिए सीएचसी रुद्रपुर ले गई, जहां चिकित्सकों ने उसे देवरिया मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

पचरुखा मोड़ पर एकौना पुलिस को देखकर बाइक सवार दो बदमाश गाड़ी की रफ्तार तेज कर भागने लगे। पुलिस ने उनका पीछा किया। बदमाशों की गाड़ी अनियंत्रित होकर गिर गई।

गाड़ी चला रहा बदमाश घायल हो गया। उसका दाहिना हाथ टूट गया। जबकि उसका साथी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।

पकड़े गए बदमाश की पहचान बेलवा दुबौली निवासी जमुना चौहान के रूप में हुई। जबकि बाइक पर बैठा दूसरा बदमाश उसके गांव का आकाश निषाद था। थानाध्यक्ष संदीप सिंह ने कहा कि पकड़े गए बदमाश के खिलाफ कार्रवाई होगी।

# किसान नेता राजेश और कृपाशंकर से दूसरे दिन भी एनआईए ने की पूछताछ

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। लखनऊ में एनआईए ने किसान नेता राजेश आजाद से दूसरे दिन मंगलवार को भी पूछताछ की। पहले उनसे एनआईए के अफसर ने पूछताछ जानकारी ली। पूछा कि कहां-कहां पढ़े हैं, किससे-किससे रिश्ते हैं। घर परिवार के लोग क्या करते हैं, कितनी खेती-बारी है। किन- किन संगठनों से जुड़कर काम करते हैं। एनआईए ने राजेश और कृपाशंकर को बृहस्पतिवार को फिर तलब किया है।

मंगलवार सुबह करीब 11:30 बजे राजेश आजाद से एनआईए ने पूछताछ शुरू की, जो देर रात चलती रही। इसके अलावा कुशीनगर निवासी अधिवक्ता कृपाशंकर,

### चंदौली निवासी रितेश और वाराणसी की आकांक्षा से भी सवाल-जवाब

चंदौली निवासी रितेश और वाराणसी की आकांक्षा से एनआईए ने पूछताछ की। इन लोगों से कई बार जानकारी ली गई। एनआईए ने पांच सितंबर को शहर के उमानगर निवासी जनवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव डॉ. रामनाथ चौहान के घर छापा मारा था।

जहां पर उनके पुत्र राजेश चौहान और उनकी पत्नी से करीब नौ घंटे तक पूछताछ कर टीम वापस चली गई थी। इसके बाद राजेश को सोमवार को तलब किया गया था। इसके बाद फिर से मंगलवार को पूछताछ का दौर देर रात तक चलता रहा है। सूत्रों के मुताबिक नक्सल मूवमेंट से जुड़े प्रतिबंधित संगठन को फिर से खड़ा करने की कोशिश करने के बारे में एनआईए को इनपुट मिला था।

जिसके तहत कई फ्रंटल संगठनों व छात्र शाखाओं को यह काम दिया गया है। एनआईए को भनक लगी है कि इसमें रितेश विद्यार्थी, कृपाशंकर और राजेश आजाद की भी भूमिका हो सकती है।

जबकि दूसरी तरफ राजेश आजाद ने एनआईए को प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि उनका किसी भी समाज विरोधी संगठन से कोई लेना देना नहीं है। उनकी अपनी अलग विचारधारा है। उन्हें बेवजह परेशान किया जा रहा है।

# सास ने बहू पर दर्ज कराया केस

सलेमपुर। कोतवाली क्षेत्र के डुमवलिया गांव में बहू से प्रताड़ित होकर सास ने कोतवाली में केस दर्ज कराया है। सास मेवाती देवी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसकी बहू तथा बेटे के बीच विवाद है। इसके चलते बेटा बाहर रहता है। इसी का नाजायज लाभ उठाकर उन्हें आए दिन मारती-पीटती है। जान से मारने की धमकी देती है। संवाद

# युवती की शिनाख्त के लिए पुलिस कराएगी डीएनए टेस्ट

भाटपाररानी। स्थानीय थाना क्षेत्र के बाईपार श्मशान के पास दो सितंबर को छोटी गंडक नदी से 25 वर्षीय युवती का शव बरामद होने के बाद पुलिस की जांच का दायरा बढ़ गया है। एक व्यक्ति ने शव के उसकी पुत्री का होने का दावा किया है। इस पर पुलिस डीएनए टेस्ट के लिए सैंपल भेजने की तैयारी में जुट गई है। सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र के बंजरिया के रहने वाले अरुण सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर युवती के बदन पर मिले कपड़ों को देखकर आशंका जताई है कि शव उनकी बेटी का का है। वह लखनऊ जाने के लिए घर से निकली थी और लापता हो गई। इंस्पेक्टर टीजे सिंह ने बताया कि सलेमपुर पुलिस डीएनए जांच के लिए सैंपल ले गई है। जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। संवाद

# लैब न अस्पताल, दो कमरों में चला रहे पैरामेडिकल कॉलेज

## फर्जी संस्थान से मान्यता लेकर कॉलेज खोल वसूल रहे मोटी फीस, विद्यार्थी रुपये गंवा रहे-भविष्य भी दांव पर

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। शहर के गली-मोहल्लों में दो कमरों में पैरामेडिकल कॉलेज खोलकर विद्यार्थियों से फीस के नाम पर मोटी रकम वसूली जा रही है। उज्ज्वल भविष्य के सपने लेकर आने वाले युवा इन जालसाजों के झांसे में आकर रुपये तो गंवा ही रहे हैं। उनका भविष्य भी दांव पर लग रहा है। इन कॉलेजों के पास न तो अपनी प्रयोगशाला है और न ही अस्पताल ताकि विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक ज्ञान दिया जा सके।

जिले में तीन ऐसे पैरा मेडिकल कॉलेजों का पर्दाफाश हो चुका है। इनके अलावा जिले में करीब 40 फर्जी पैरामेडिकल कॉलेज अब भी चल रहे हैं। सबसे गंभीर बात तो यह है कि स्थानीय अफसर भी इसको लेकर गंभीर नहीं हैं।

शहर के हनुमान मंदिर चौराहे के पास मेडिकल स्टोर की दुकान चलाने वाले प्रशांत कुशवाहा छत्रपति शिवाजी कॉलेज आफ साइंस एंड पैरामेडिकल के संचालक हैं। गली में स्थित इस कॉलेज की हालत यह है इसका संचालन छत के ऊपर टीन शेड डालकर किया जा रहा है।

बड़े-बड़े होर्डिंग, बैनर पर एएनएम, नर्सिंग असिस्टेंट, डीएमआरटी, डायलिसिस टेक्नीशियन, आयुर्वेदिक फार्मेसी,


तीन फर्जी पैरामेडिकल कॉलेजों का पर्दाफाश

अमर उजाला में प्रकाशित खबर

जीएनएम एंड ईसी की डिग्री दी जाती है। इतना ही नहीं, तीन से चार कमरों के मकान में योग शिक्षक का पोस्टग्रेजुएट डिप्लोमा, कंप्यूटर के विभिन्न तरह के डिग्री-डिप्लोमा भी कराए जाते हैं। फायर सेफ्टी का भी कोर्स कराया जाता है।

स्टाफ नर्स और जीएनएम का प्रमाणपत्र भी हर साल एक लाख रुपये फीस लेकर दिया जाता है। श्रीमद्भ शाक्य पैरामेडिकल कॉलेज बढ़पुर का हाल तो यह है कि एक कमरे में यह कॉलेज चल रहा था। कुछ दिन पहले भी अब यहां पर कोई आता भी नहीं है। आस-पास के लोगों ने बताया कि एएनएम और जीएनएम कराने के नाम पर एक-एक लाख रुपये हर साल लिया जाता था और अलग, मथुरा से प्रमाण पत्र दिलवाने की बात बताई जाती थी।

प्रतिभा पैरामेडिकल एंड नर्सिंग कॉलेज ट्रस्ट देवरिया मीर का हाल यह है कि कुछ माह पहले इसका


हनुमान मंदिर के पास चल रहा पैरा मेडिकल कॉलेज। संवाद

बोर्ड लगाया गया था और छोटे से कमरे में चल रहा था। पर इस समय यह विद्यालय धरातल पर ही नहीं है। जिले की निवासी गिरिजा त्रिपाठी महिला संचालिनी गृह के मामले में फंसने के बाद जेल गईं।

बाहर आई तो मां विंध्यवासिनी पैरामेडिकल कॉलेज रामडीहा, गोरखपुर में खोल दिया। इस कॉलेज में भी न अस्पताल और न ही अन्य सुविधाएं हैं। केवल रुपये लेकर एएनएम, जीएनएम बनाने का खेल चलता रहा है।

देवरिया-सलेमपुर मार्ग पर अब भी पैरामेडिकल साइंस कॉलेज तीन कमरे में चलता हुआ देखा गया, जहां पर दो कुर्सियां लगी थीं, लेकिन पढ़ने वाला कोई नहीं था।

क्षेत्र में स्थित इस कॉलेज के लिए कच्चा मार्ग जाता है। यहां से ओटी असिस्टेंट, डायलिसिस, एमएलटी, आप्टोमेट्री, सीएमएसईडी आदि की डिग्री दी जाती है।

नर्सिंग कॉलेज के नाम पर बड़ा फर्जीवाड़ा चल रहा है। प्रवेश लेने से पहले अभिभावक को कॉलेज के बारे में जानकारी जरूर ले लेनी चाहिए। मान्यता के बारे में ऑनलाइन भी जानकारी मिल जाती है। नर्सिंग कॉलेज खोलने के लिए नियम है कि सौ बेड का अस्पताल होना चाहिए। इसके अलावा एमएससी नर्सिंग शिक्षक, लैब आदि, इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली के मानक के अनुसार भवन, शहर में तीन और ग्रामीण क्षेत्र में पांच एकड़ भूमि होनी चाहिए।
-राजेंद्र शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजकीय नर्सेज संघ उत्तर प्रदेश

अगर शिकायत मिलती है तो जांच कराई जाती है। चिकित्सा सेवा विभाग का निर्देश आता है तो समिति का गठन कर मौके का निरीक्षण कर कार्रवाई की जाती है। अगर कोई धोखाधड़ी करता है तो उसके खिलाफ केस दर्ज होता है।
-गौरव श्रीवास्तव, एडीएम प्रशासन

### बेसमेंट में पैरामेडिकल कॉलेज खोलकर 40 लाख रुपये की हो चुकी है ठगी

देवरिया। [illegible] पैरामेडिकल नर्सिंग एंड फार्मेसी इंस्टीट्यूट नाम से फर्जी संस्थान खोलकर जीएनएम और एएनएम कोर्स कराने के नाम पर जिले के करीब तीस छात्र-छात्राओं से 40 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आ चुका है। निदेशक पर कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज किया था। इस आरोपी ने शहर के ओवरब्रिज के पास एक मकान के बेसमेंट में पैरामेडिकल कॉलेज खोला और देवरिया, कुशीनगर और बिहार की छात्राओं को ठग कर मोटी फीस वसूल की थी। रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के कोठवा मोड़ निवासी रीना यादव, ज्योति कुशवाहा, सुमन चौहान, अंजलि चौहान, संजीता सिंह, सरिता कुमारी ने बताया कि जीएनएम और एएनएम के लिए नामांकन कराया था। इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर अमित कुमार ने किश्तों में रुपये लेकर एडमिशन कराया था, जिसकी रसीद भी उसने दी थी। हमेशा झांसा देता रहा कि लखनऊ से डिग्री दिला देंगे। संवाद

मनोरंजन, सिनेमाजगत की हर खबर amarujala.com पर

15 दिनों में लकवा रोगी

Mu

# उपनिरीक्षक राष्ट्रीय टीम के लिए चयनित



चुने गए उपनिरीक्षक का सम्मान किया गया। संवाद

सलेमपुर। 66वीं पुलिस वार्षिक प्रतियोगिता में कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक शहनवाज का राष्ट्रीय टीम के लिए उत्तर प्रदेश की टीम से चयन किया गया है। एक सप्ताह तक चले विभिन्न प्रतियोगिताओं में शहनवाज ने चार प्रतियोगिताओं में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किए हैं। लखनऊ से आने के बाद कोतवाली में इनका भव्य स्वागत किया गया।

गोरखपुर जोन से चयनित होकर प्रदेश की टीम में प्रतिभाग करने गए शहनवाज अहमद ने विधि विज्ञान लिखित परीक्षा, मेडिकोलिगल, क्राइम इन्वेस्टीगेशन व फोटो ग्राफी विवेचना स्पर्धा में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किए हैं। जिन्हें डीजीपी विजय कुमार ने अपने हाथों से गोल्ड मेडल प्रदान किया। संवाद

# पुलिस ने मां और छोटी बहन के दर्ज किए बयान

**पुलिस ने मृत युवती की कॉपी व किताब लिया कब्जे में**

भाटपाररानी। बनकटा थाना क्षेत्र के एक गांव की छेड़खानी की शिकार युवती का शव मैरवा थाना क्षेत्र के पास रेलवे लाइन पर मिलने के मामले की छानबीन करने पुलिस मंगलवार को युवती के घर पहुंची। यहां पुलिस ने मृत युवती की छोटी बहन और मां से पूछताछ की और उसके कॉपी-किताब को छानबीन के लिए अपने कब्जे में ले लिया। वहीं, घटना के 12 दिन बाद मंगलवार को भी युवती के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं मिल सकी।

बनकटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती 31 अगस्त को छत पर सोते समय गायब हो गई थी। दूसरे दिन युवती का शव मैरवा थाना क्षेत्र के दासनरहिया गांव के पास रेल ट्रैक पर मिला था। मां की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। मां का आरोप है कि आरोपियों ने मई माह में छेड़खानी कर युवती की पिटाई भी किया थी।

हत्या के बाद दो प्रांतों की पुलिस के बीच मामला झूलता रहा। बिहार पुलिस अपने क्षेत्र का मामला न मानकर केस दर्ज करने से इन्कार कर दिया। बनकटा थाने में केस दर्ज हुआ।

दूसरी तरफ पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए जब युवती का भाई मैरवा पहुंचा तो उसे चिकित्सकों ने बताया कि अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट लिखी नहीं गई है। दो दिन के अंदर थाने पर पहुंच जाएगी। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में देरी होने पर घटना में लीपापोती मैरवा पुलिस करना चाहती है। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-13-09-2023

# एन्टी रोमियो दस्ते ने भाग रहे शोहदे को पकड़ा

**पटहेरवा।** थाना क्षेत्र के फोरलेन स्थित महुअवा में संचालित एक निजी विद्यालय के पास आये दिन मंडराने वाले अराजक तत्वों को मंगलवार के दिन पुलिस के एन्टी रोमियो दस्ते ने दौड़ा कर पकड़ा। पुलिस पूछताछ के लिये थाने ले गयी, जबकि बाकी भागने में सफल रहे। बाहरी अराजक तत्वों की सूचना स्कूल प्रबंधन ने भी पुलिस को कई बार दी थी। उसके बाद भी छुट्टी के समय कुछ अराजक तत्व सड़क पर मंडराते रहते हैं तथा स्कूली छात्रों से मारपीट करते हैं।

# फाजिलनगर में हटाया अवैध कब्जा

**फाजिलनगर, हिन्दुस्तान संवाद।** नगर पंचायत के सब्जी मंडी में बने गांधी चबूतरे पर एक व्यक्ति ने कब्जा कर लिया था। कब्जा हटाने को कहने पर विवाद पर अमादा हो जाता था। शिकायत पर मौके पर पंहुचे नगर पंचायत अध्यक्ष ने पुलिस प्रशासन की उपस्तिथि में मंगलवार को अवैध कब्जे हटवा दिया।

कस्बे की सब्जी मंडी परिसर में पूर्व में ग्राम पंचायत की ओर से काफी पहले गांधी चबूतरे का निर्माण कराया गया था। इसके साथ एक कमरे का भी निर्माण कराया गया था। कुछ वर्षो से कसबे में व्यवसाय करने वाला तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के बैरागीपट्टी निवासी एक व्यक्ति ने निजी उपयोग के लिये अवैध रूप इस कमरे पर कब्जा कर लिया। बीच में कुछ व्यापारियों ने इसका विरोध किया तो वह विवाद पर उतारू हो जाता था। सभी व्यापारियों ने इसकी शिकायत नगर पंचायत अध्यक्ष शत्रुमर्दन शाही से की और तत्काल इसे खाली कराने की मांग की। इसी के क्रम में मंगलवार को अध्यक्ष ने इसकी सूचना पुलिस को दी और मौके पर पंहुच गए।



अवैध कब्जा हटवाने के दौरान मौजूद लोग।

# सोशल मीडिया पर लगायी युवती की तस्वीर, केस

**पटहेरवा।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती की फोटो अपनी इंस्टाग्राम प्रोफाइल पिक्चर पर लगाकर एक मनबढ़ उसी से दूसरों को मैसेज भेज रहा है। ऐसा कर वह युवती की छवि खराब कर रहा है। शिकायत पर पुलिस ने बिहार के एक गांव निवासी आरोपी युवक के खिलाफ धमकी व सूचना प्रौद्योगिकी की धाराओं के तहत केस दर्ज कर किया है।

## पीड़ित बेरोजगार युवकों ने अहिरौली बाजार थाने में दी तहरीर

# विदेश भेजने के नाम पर युवकों से 23 लाख ठगे

**अहिरौली बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के बेरोजगार युवकों से विदेश भेजने के नाम पर करीब 22.80 लाख रुपये ठग लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इतना ही नहीं विदेश भेजने के नाम पर इनका पासपोर्ट भी जमा करा लिया गया है। तिनहवा चौराहे के जिस सेंटर संचालक ने इनसे रुपये वसूले थे, वह भी सेंटर बंद कर फरार हो गया है। ठगी के शिकार युवकों ने अहिरौली बाजार पुलिस को तहरीर देकर परिजनों की मेहनत की कमाई व पासपोर्ट लौटाने की मांग की है। ठगों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की है।

- **पीड़ितों की तहरीर पर जांच-पड़ताल में जुटी पुलिस टीम**
- **बेरोजगारों को भेजा गया दिल्ली, तीन दिन रहने के बाद ठगे जाने का पता चला**

ठगी के शिकार अहिरौली बाजार क्षेत्र के विभिन्न गांवों के निवासी राकेश कुशवाहा, दिनेश कुशवाहा, दिनेश चंद्र कुशवाहा, ओमप्रकाश मद्धेशिया, विजय कुमार बरनवाल, राजेंद्र गोंड, इफ्तेखार, संजीव कुमार यादव, अतेंद्र कुमार मद्धेशिया, जैनेंद्र प्रजापति, अभिषेक कुमार प्रजापति, राजकुमार गौड़, विजय कुमार शर्मा, राम भवन, मोहन सिंह, भोला कुमार साहनी व रामनयन साहनी ने पुलिस को बताया है कि कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के सखवनिया खान टोला निवासी सगीर खान ने तिनहवा चौराहे पर बेदूपार निवासी रहीम अंसारी के मकान में ट्रेड एंड ट्रेनिंग टेस्ट सेंटर खोल रखा था। वह बेरोजगार युवकों को विदेश में नौकरी दिलाने के दावे करता था।

इसके पहले अपने सेंटर ट्रेनिंग के लिए बुलाता था। यह सभी युवक भी विदेश में मोटी कमाई संबंधी उसके दावे के चलते फंस गए। उसके कहने पर प्रत्येक युवक ने 1.20 लाख रुपये उसके पास जमा करा दिये। यह पैसे उसने मेडिकल टेस्ट, वीजा व विदेश जाने के हवाई टिकट के नाम पर वसूले। बेरोजगारों ने परिवार की गाढ़ी कमाई विदेश जाने की लालच में दे दिए। इसके बाद सगीर खान ने सभी के पासपोर्ट अपने पास जमा करा लिए। कहा कि सभी लोग दिल्ली के आफिस पर पहुंचें। वहीं उन्हें उनके पासपोर्ट के साथ, वीजा व हवाई टिकट दिया जाएगा। सभी युवक अपने घरों से तैयारी कर दिल्ली निकल गए। सगीर ने भी वहीं आने को कहा था। उसके बताए गए पते पर पहुंचे तो वहां कोई नहीं मिला। सगीर भी नहीं आया। तीन दिन तक उसका इंतजार करने के बाद सभी को ठगे जाने का अहसास हुआ। इसके बाद सभी लोग लौटकर उसके तिनहवा चौराहा स्थित सेंटर पर पहुंचे तो वहां सेंटर बंद था। बोर्ड आदि तक गायब था। मकान मालिक ने बताया कि वह सेंटर बंद कर कहीं चला गया है।

तभी से सभी लोग उसकी तलाश कर रहे हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष श्री प्रकाश राय ने बताया कि बेरोजगार युवकों से विदेश भेजने के नाम पर ठगी की तहरीर मिली है। जांच की जा रही है। कार्रवाई की जाएगी।

इस संबंध में कसया के सीओ कुंदन सिंह ने कहा कि कोट-विदेश भेजने के नाम पर बेरोजगार युवकों को ठगने वालों पर पुलिस केस दर्ज कार्रवाई करेगी। पहले भी इस तरह के ठगों पर जिले की पुलिस कार्रवाई कर चुकी है। युवाओं को भी ऐसे ठगों से सावधान रहना चाहिए, जो किसी वैध संस्था से रजिस्टर्ड न हों।

# विवेचनाओं पर त्वरित कार्रवाई हो

- पडरौना, कसया व हाटा कोतवाली के विवेचनाओं की समीक्षा की
- विवेचनाओं के त्वरित निस्तारण के लिए दिए आवश्यक निर्देश

पडरौना, निज संवाददाता। एसपी धवल जायसवाल ने मंगलवार को जिला पुलिस कार्यालय में तीन कोतवाली के विवेचकों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने विवेचकों को विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण कर पोर्टल पर रिपोर्ट अपलोड करने का निर्देश दिये।

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल ने पुलिस कार्यालय में कोतवाली पडरौना, कसया व हाटा के विवेचकों के विवेचनाओं की समीक्षा की। उन्होंने विवेचकों को लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करने के साथ विवेचनाओं के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कोतवाली व थानों पर आईजीआरएस, जन शिकायत, महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त प्रार्थना पत्र के निस्तारण की समीक्षा करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान पीआरओ भूपेंद्र दुबे, रूपेश, महेंद्र प्रजापति, सीओ उमेशचंद्र भट्ट, राघवेंद्र सिंह, अर्जुन आदि उपस्थित रहे।



कार्यालय में विवेचकों को निर्देश देते एसपी धवल जायसवाल।

# पकडी गईं देह व्यापार में लिप्त 14 युवतियां

## तीन घरों में भी चल रहा था देह व्यापार, सात युवक भी पकड़े गए, देर शाम तक चली कार्रवाई

जागरण संवाददाता, कुशीनगर: देह व्यापार की मिल रहीं लगातार शिकायतों पर मंगलवार को पुलिस एवं प्रशासनिक टीम कसया के छह स्थानों पर छापेमारी की। इसमें तीन होटल व तीन घर शामिल हैं। यहां से देह व्यापार में लिप्त 14 युवतियां पकड़ी गईं। वहीं सात युवक भी पकड़े गए।

दोपहर एक बजे से देर शाम सात बजे तक चली कार्रवाई में इन तीनों होटलों को सील कर दिया गया। कार्रवाई की जानकारी होते ही कुछ अन्य होटलों में भी अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन कमरे खाली करा दिए गए। कई के तो शटर ही गिर गए। एसडीएम योगेश्वर सिंह, सीओ कुंदन सिंह व प्रभारी निरीक्षक डा. आशुतोष तिवारी की अगुआई में टीम सबसे पहले जैन गली के सामने एक मकान पर छापेमारी की। यहां संचालिका नूरजहां सहित छह युवतियां पकड़ी गईं। इनसे पूछताछ के आधार पर कार्रवाई आगे बढ़ी तो दो अन्य घरों में भी धंधा होने की बात सामने आई। इस पर सपहां रोड स्टेट बैंक के सामने, बस स्टैंड के पीछे महुआबारी के उन घरों पर भी छापेमारी हुई। यहां से दो युवतियां पकड़ी गईं। टीम ब्लू हेवन, राजश्री व ऋद्धि-सिद्ध होटल पहुंची तो यहां भी देह व्यापार में लिप्त छह युवतियां मिलीं। पूछताछ में पता चला कि पकड़ी गईं युवतियां देवरिया, कुशीनगर और बिहार राज्य के गोपालगंज व पश्चिम चंपारन के बगहा की हैं। ग्राहक के लिए उनको बुलाया गया था और उनका यही धंधा है। टीम में अपराध निरीक्षक दिग्विजय नारायण राय, चौकी प्रभारी शशांक राय, महिला दारोगा व कांस्टेबल आदि शामिल रहे।



कसया के जैन गली स्थित एक मकान में पकड़ी गई युवतियों को थाना ले जातीं महिला पुलिस • जागरण



मंगलवार को रजिस्ट्रेशन नहीं होने के कारण गेस्टहाउस सील कराते एसडीएम, सीओ व अन्य अधिकारी। ● हिन्दुस्तान

# युवक-युवतियां गिरफ्तार तीन होटल सील किए गए

## कार्रवाई

**कसया, हिसं।** अनैतिक कारोबार को लेकर प्रशासन लगातार छापेमारी कर कार्रवाई में जुटा हुआ है। इस प्रकार के धंधे में शामिल गेस्ट हाउसों पर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को प्रशासन ने कसया से लेकर कुशीनगर तक आधा दर्जन ठिकानों पर छापेमारी की। मौके से एक दर्जन से अधिक युवक व युवतियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस इन सभी से पूछताछ और कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

एसडीएम योगेश्वर सिंह, क्षेत्राधिकारी कुंदन सिंह व एसएचओ डॉ आशुतोष कुमार तिवारी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ बुद्ध स्थली कुशीनगर व नेशनल हाईवे पर स्थित होटलों व नगर के दो रिहायशी घरों में छापेमारी की। मौके से एक दर्जन से अधिक युवक व युवतियां पकड़े गए। प्रशासन ने होटलों के कागजात की जांच की और कागजात न मिलने और आपत्तिजनक सामग्री बरामद होने पर रिद्धि सिद्धि, ब्लू हैवेन, राज श्री गेस्ट हाउस को सील कर दिया। मौके पर अधिकारियों ने पूछताछ की और पकड़े गए जोड़ों को थाने भेज दिया। नगर में अनैतिक कारोबार को लेकर होटलों और गेस्ट हाउसों व ढाबों पर अवैध धंधे को चलने के आरोप लगते रहे हैं। जिसको लेकर प्रशासन अवैध धंधे पर अंकुश लगाने को लेकर लगातार छापेमारी की कार्यवाही कर रहा है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी कुंदन सिंह ने बताया कि आधा दर्जन जगहों पर हुई छापेमारी में एक दर्जन से अधिक युवक व युवतियों को गिरफ्तार किया गया है। इनसे पूछताछ की जा रही है। कार्रवाई में चौकी इंचार्ज विवेक पाण्डेय, महिला एसआई अंजलि त्रिपाठी, सिपाही शशिबाला, प्रियंका सहित अनेक पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# चोरी की दो बाइक संग एक गिरफ्तार

दुदही। विशुनपुरा थाने की पुलिस ने मंगलवार को दुदही-तमकुहीरोड मार्ग पर स्थित गगलवा पुल के पास से एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके निशानदेही पर चोरी की दो बाइकें बरामद किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पकड़े गये वाहन चोर को जेल भेज दिया।

एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को विशुनपुरा थाने की पुलिस ने गगलवा पुल के पास से एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया, जिसकी पहचान राजन मद्धेशिया पुत्र नरायन मद्धेशिया निवासी शाहपुर खलवापट्टी थाना विशुनपुरा के रूप में हुई। उसके निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की दो बाइकें बरामद किया।

# डकैती का आरोपी गिरफ्तार

कुशीनगर। हनुमानगंज पुलिस ने मंगलवार को पनियहवा ढाले के पास से मुखबिर की सूचना पर डकैती के मुकदमे में वांछित अभियुक्त राजन यादव निवासी उचका टोला कटाई भरपुरवा थाना जटहा बाजार को गिरफ्तार कर लिया है। केस दर्ज किए जाने के बाद से ही वह फरार चल रहा था। अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अजय पटेल, दरोगा प्रेमशंकर गुप्ता व संजय कुमार यादव शामिल रहे।

# छह प्रतिबंधित पशुओं के साथ तीन तस्कर पकड़े गए

लक्ष्मीगंज। रामकोला थानाध्यक्ष व उनकी टीम चेकिंग के दौरान तीन पशु तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से छह प्रतिबंधित पशुओं को मुक्त कराया। तस्करों पर केस दर्ज कर तीनों को जेल भेज दिया गया है। तस्करों की पहचान दिलीप पटेल निवासी जुड़ावन छपरा थाना कसया हाल मुकाम बभनौली थाना रामकोला तथा रामविलास निवासी बभनौली थाना रामकोला और कयामुद्दीन अंसारी निवासी दहवा तुलाहा, मधुबनी जिला पश्चिमी चम्पारण बिहार के रूप में हुई।

# कंटेनर पर लदे 25 पशु बरामद, पांच गिरफ्तार

**सिसवा नाहर, हिन्दुस्तान संवाद।** तरयासुजान थाना क्षेत्र के बहादुरपुर चौकी की पुलिस टीम ने फोरलेन पर भैंसा लदी कंटेनर के साथ पांच तस्करों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पकड़े गये तस्करों के पास से असलहा भी बरामद हुआ। यह तस्कर मुरादाबाद, कौशांबी एवं मुजफ्फरनगर के रहने वाले हैं। पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुट गयी।

सोमवार के रात पुलिस टीम को पशुओं से भरे कंटेनर बिहार के तरफ जाने की सूचना मिली। इस पर तरयासुजान एसओ अमित शर्मा ने पुलिस टीम को राष्ट्रीय राजमार्ग पर निगरानी के लिए निर्देश दिया। संदेह होने पर पुलिस टीम ने एक कंटेनर को रोक जांच पड़ताल की तो तस्कर भागने का फिराक में लग गये। इस पर



मंगलवार को तरयासुजान पुलिस द्वारा पकड़े गए तस्कर।

पुलिस टीम ने कंटेनर पर सवार मो. शाकिर पुत्र मोती निवासी कर्मपुर बड़की मण्डी पोस्ट सरगड़ा थाना मुण्डा पाड़ा जनपद मुरादाबाद उम्र करीब 29 वर्ष, जुल्फिकार पुत्र अंसार अनवर निवासी मंझनपुर थाना मंझनपुर जनपद कौशांबी उम्र करीब 26 वर्ष, मुहम्मद नसीम पुत्र शरीफ निवासी नियाजुपुरा थाना मुजफ्फरनगर कोतवाली जनपद मुजफ्फरनगर उम्र करीब 53 वर्ष, मोहम्मद इसरार पुत्र रहम इलाही निवासी दरोगा कोठी खुर्जेवाला इमामबाड़ा थाना कोतवाली मुजफ्फरनगर जनपद मुजफ्फरनगर उम्र करीब 46 वर्ष एवं मोहम्मद हसीन पुत्र मोहम्मद मोसीन निवासी गुड़ीनाखुर्द थाना तितावी जनपद मुजफ्फरनगर उम्र करीब 25 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया। कंटेनर पर 25 पशु (भैंसा) लदे हुए मिले।

तस्करों के पास से कट्टा-कारतूस, 6 मोबाइल, दो गाड़ियों के नंबर प्लेट बरामद हुए। पुलिस तस्करों के खिलाफ कार्रवाई में जुटी हुई है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में चौकी प्रभारी विनय कुमार मिश्र, कां. धीरेन्द्र यादव, आनंद कुमार राय, विशाल यादव, वीरेन्द्र गुप्ता, श्रीकृष्ण मौर्य, श्रवण यादव एवं राघवेन्द्र सिंह शामिल रहे।

# गिरोह के सरगना समेत तीन पर गैंगस्टर

**गांजा तस्करी**

**पटहेरवा, हिन्दुस्तान संवाद।** अंतरप्रांतीय गांजा तस्कर गिरोह के सरगना समेत तीन सदस्यों पर पुलिस ने जिला मजिस्ट्रेट के अनुमोदन पर उत्तर प्रदेश गिरोहबंद समाज विरोधी क्रिया कलाप गैंगस्टर के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। गैंगस्टरों की संपत्ति जब्त करने की तैयारी है।

पटहेरवा प्रभारी निरीक्षक अनिल उपाध्याय ने बताया कि दूसरे प्रांत से गांजा की तस्करी कर क्षेत्र तथा जनपद और दूसरे जनपदों में गांजा की सप्लाई करने वाले गिरोह का सरगना सुबास सिंह निवासी समसाबाद उर्फ शमशाद, फतेहगढ़ है। संजीत सिंह उर्फ विक्की निवासी बसरिकपुर, मेहनगर, आजमगढ़ व कमलेश यादव निवासी अमूरतानी, बरहज, देवरिया गिरोह के सदस्य हैं।

गैर प्रांत से गांजा की तस्करी कर यह तीनों कुशीनगर सहित अन्य जनपदों में इसकी बिक्री करते हैं। बीते 28 जून को इन तीनों के कब्जे से 2 कुंतल 9 किलो अवैध गांजा बरामद हुआ था। इनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर जेल भेजा गया था। जिला मजिस्ट्रेट कुशीनगर से अनुमोदन के बाद पुलिस ने गैंग लीडर सहित दोनों सक्रिय सदस्यों के खिलाफ गिरोह बंद समाज विरोधी क्रियाकलाप गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की है।

# शौचालय बंद होने पर ग्रामीणों का प्रदर्शन

**जटहा बाजार।** विकास खंड विशुनपुरा के त्रिलोकपुर बुजुर्ग के नोनिया टोली में बना सार्वजनिक शौचालय छह माह से बंद है। इससे नाराज गांव के महिला व पुरुषों ने शौचालय के बाहर प्रदर्शन कर विरोध जताया।

त्रिलोकपुर बुजुर्ग के नोनिया टोली में बना सार्वजनिक शौचालय छह महीने से बंद है। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि कई बार प्रधान व सम्बंधित कर्मचारी को सूचना देने के बाद भी शौचालय का ताला नहीं खुला। मालती देवी, सुभावती, सोना देवी, पार्वती देवी, गोगली देवी, दौलती देवी, तेतरा देवी आदि ने बताया कि घर के पास सार्वजनिक शौचालय होने के बाद भी इसका इस्तेमाल छह महीने से बंद है।

सुरेंद्र चौहान, रमाकांत, राजकुमार, मल्लू, संपत, भभूती चौहान, नन्द किशोर चौहान आदि ने बताया कि शौचालय बनने के तीन माह बाद ही हैंडपंप, मोटर व अन्य उपकरण गायब हो गये।

# असलहा दिखा मंदिर के पुजारी को धमकाने का आरोप

सिसवा नाहर। तरयासुजान थाना क्षेत्र के सिसवा नाहर स्थित बंगला माई मंदिर के पुजारी ने पुलिस को तहरीर देकर एक व्यक्ति द्वारा असलहा लहराते हुए जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस को दिये तहरीर में भगवानपुर निवासी मंदिर के पुजारी हरिलाल गिरि पुत्र शिव बच्चन गिरि ने कहा है कि तरयासुजान थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति मंदिर से जुड़े विवाद को लेकर देर रात आया और असलहा दिखा जान से मारने धमकी देने लगा।

# चोरी की बाइक बरामद एक आरोपित गिरफ्तार

जासं,अहिरौली बाजार :क्षेत्र के महुअवां खुर्द के समीप अहिरौली बाजार पुलिस ने मंगलवार को चोरी की बाइक के साथ लिफ्टर को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान अजीत सिंह निवासी परसिया इंदरपुर थाना श्याम देउरवा जिला महराजगंज के रूप में हुई। एसओ श्रीप्रकाश राय मातहतों संग महुअवां खुर्द के समीप वाहनों की जांच पड़ताल कर रहे थे। इस बीच महुअवां की ओर से आए बाइक सवार युवक को रोक पुलिस ने कागजात मांगा तो वह नहीं दे सका। सख्ती बरतने पर उसने बताया कि बाइक चोरी की है। एसओ ने बताया कि मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## चोरी की दो बाइक के साथ लिफ्टर गिरफ्तार

दुद्धी : विशुनपुरा पुलिस ने गगलवा पुल के पास से चोरी की दो बाइक के साथ लिफ्टर राजन मद्धेशिया निवासी शाहपुर खलवापट्टी विशुनपुरा को गिरफ्तार किया। टीम में प्रभारी निरीक्षक रामसहाय चौहान, एसआइ आकाश गिरी, कांस्टेबल मानवेन्द्र यादव, अंगद यादव, अभिषेक कुमार शामिल रहे।

---

गौड़, विजय कुमार शर्मा, राम भवन, मोहन सिंह, भोला कुमार साहनी, रामनयन साहनी आदि ने तहरीर में कहा है कि सेंटर संचालक ने विदेश भेजने के नाम पर एक-एक लाख

# असलहे के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, सलेमगढ़: कंटेनर में 25 पशुओं (भैंसे) को भरकर मुजफ्फनगर से बिहार के गोपालगंज के सल्लेपुर कोइंदी वध के लिए लेकर जा रहे पांच तस्करों को तरयासुजान के बिहार की सीमा से सटे सलेमगढ़ कस्बे के समीप पुलिस टीम पकड़ी। तलाशी में उनके पास से एक तमंचा व दो कारतूस भी बरामद हुआ। कंटेनर पर फर्जी नंबर प्लेट लगा हुआ था। तस्करों ने पुलिस को बताया कि बिहार से पशुओं को पश्चिम बंगाल के किस स्थान पर ले जाना था, इसकी जानकारी नहीं है।

सूचना के आधार पर मंगलवार की शाम चार बजे तरयासुजान के हाईवे की बहादुरपुर पुलिस चौकी के समीप एसएचओ अमित कुमार शर्मा ने पुलिस टीम के साथ वाहनों की जांच शुरू कर दी। इस बीच आए कंटेनर को रोकने के प्रयास करने पर पर चालक तेज गति से आगे निकल भागा। पुलिस की दूसरी टीम ने कंटेनर को घेर कर पकड़ लिया। उसमें सवार मुरादाबाद के मुंडा पाणा के करमपुर बड़की मंडी का मो. शाकिर, कौशांबी के मंझनपुर के नियाजपुर का जुल्फिकार, मुजफ्फरपुर नगर के नियाजपुर का मुहम्मद नसीम, मुजफ्फरपुर नगर के दरोगा कोठी खुर्जेवाला इमामबाड़ा का मो. इसरार, मुजफ्फरनगर के तितवी के गुड़ीनाखुर्द का मो. हसीन पकड़े गए।

- मुजफ्फरनगर से लेकर जा रहे थे गोपालगंज
- वध के लिए भेजा जाना था पश्चिम बंगाल



तरयासुजान थाना में पकड़े गए पशु तस्करों के साथ पुलिस टीम • जागरण

तलाशी में इनके पास से एक 315 बोर का कट्टा और दो जिंदा कारतूस मिला। कंटेनर का पंजीकरण नंबर का लगा प्लेट भी फर्जी पाया गया। तस्करों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि गोपालगंज में पशुओं को उतारने के बाद दूसरे के माध्यम से इनको पश्चिम बंगाल ले जाया जाना था।

अब पुलिस टीम इसका पता लगाने में जुटी है कि गोपालगंज में किसको पशु सिपुर्द करने थे और पश्चिम बंगाल के किस शहर भेजना था। टीम में चौकी प्रभारी विनय कुमार मिश्र आदि शामिल रहे। एसएचओ ने बताया कि तस्करों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर रैकेट के बारे में पता किया जा रहा है।

## छह गोवंश बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

रामकोला: क्षेत्र के बभनौल के समीप रामकोला पुलिस ने मंगलवार शाम को छह गोवंश बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया। दोनों की पहचान दिलीप पटेल निवासी जुड़ावन छपरा थाना कसया हाल मुकाम बभनौली व राम बिलास बभनौली थाना रामकोला के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक मातहतों संग गश्त पर थे। सूचना मिली कि तस्कर गोवंश की खेप लेकर कसया की ओर जा रहे हैं। पुलिस टीम ने बभनौली के समीप सघन जांच पड़ताल शुरू कर दी। इस बीच पैदल गोवंश लेकर जा रहे दो व्यक्तियों को रोक पूछताछ की तो उनकी असलियत सामने आ गई। पूछताछ में दोनों ने बताया कि पशुओं की खेप रामकोला से कसया होते हुए बिहार ले जा रहे थे। एसएचओ ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# साक्ष्य व तथ्य संकलन में चूक होने से बच जाते हैं अपराधी : एसपी

## निर्धारित समय के भीतर हर हाल में पूरी की जाए विवेचना

- दायित्वों के प्रति उदासीन विवेचकों को किया जाएगा दंडित
- आइजीआरएस तथा महिला हेल्प डेस्क की शिकायतों का संज्ञान लें

जागरण संवाददाता, पडरौना: एसपी धवल जायसवाल ने कहा कि विवेचना पुलिस का एक बड़ा दायित्व है। इसका निर्वहन करते समय विवेचक पूरी सजगता बरतें, ताकि विवेचना में कोई कमी न रह जाए। गुण-दोष के आधार पर आरोप तय करते हुए घटना से जुड़े उचित साक्ष्य व तथ्य इकट्ठे किए जाएं, ताकि मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट में किसी तरह की कोई दिक्कत न आने पाए। तथ्यों की कमी अपराधियों के लिए लाभकर साबित होती है।

वे अपने कार्यालय में मंगलवार को कोतवाली पडरौना, हाटा व कसया के विवेचानाओं की समीक्षा कर रहे थे। कहा कि तीन महीने से अधिक समय से लंबित विवेचनाएं हर हाल में जल्द से जल्द निस्तारित की जाएं। विवेचना में देरी होने का लाभ अपराधियों को मिलता है। साथ ही नागरिकों में पुलिस की छवि प्रभावित होती है। विवेचना में आरोपितों के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य एकत्रित किए जाएं, जिससे कि अपराधी बचने न पाएं और उन्हें सख्त से सख्त सजा मिले। ध्यान रहे कि विवेचना पूरी तरह गुण-दोष पर आधारित हो। विवेचना में तथ्यों की कमी से अपराधी को बच निकलने का मौका मिलता है, जिसका असर कानून व्यवस्था पर भी पड़ता है। कहा कि लापरवाह विवेचकों को चिन्हित कर उनकी जवाबदेही तय की जाएगी। एसपी ने आइजीआरएस, जन शिकायत तथा महिला हेल्प डेस्क पर आए प्रार्थना-पत्रों को भी प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। चेताया कि दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने वाले किसी भी दशा में बच नहीं पाएंगे और उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। एएसपी रितेश कुमार सिंह ने कहा कि दायित्व के प्रति विवेचक सतर्क रहें। संबंधित थानों के विवेचक मौजूद रहे।



पडरौना कोतवाली व हाटा कोतवाली के विवेचनाओं की समीक्षा करते एसपी धवल जायसवाल बाएं पहले • जागरण

# पुलिया के दोनों तरफ एप्रोच नहीं, ग्रामीणों में आक्रोश

**जटहा बाजार।** विशुनपुरा ब्लॉक के त्रिलोकपुर बुजुर्ग गांव के पास जुडवनिया नाले दो साल पूर्व निर्माण कराये गये ह्यूमपाइप पुलिया अभी भी अधूरा पड़ा है। इसके अधूरा होने के कारण दो गांवों के लोग प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी जिम्मेदार अफसर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। त्रिलोकपुर बुजुर्ग गांव के पास जुड़वनिया नाले पर करीब दो वर्ष पूर्व पिछले क्षेत्र पंचायत के कार्यकाल में लगभग छह लाख की लागत से ह्यूमपाइप पुलिया का निर्माण कराया गया था।

# पुलिस ने पकड़ा दो ट्राली बालू

पनियहवा : खड्डा के भेड़ी जंगल के निकट पुलिस ने मंगलवार को बालू लदी दो ट्रालियों को पकड़ थाने ले गई। पुलिस की इस कार्रवाई से बालू के कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। खड्डा पुलिस की टीम देर शाम सात बजे गश्त पर थी। सूचना मिली कि क्षेत्र के भेड़ी जंगल के समीप बालू का अवैध खनन हो रहा। वहां पहुंच कर पुलिस ने बालू लदी दो ट्रालियों को पकड़ा। मांगने पर चालक बालू से जुड़ा आवश्यक कागजात नहीं दे सका। पुलिसकर्मी दोनों ट्रालियों को थाने लाए। एसडीएम आशुतोष ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। (जासं)

# नगर पंचायत ने सब्जी मंडी के गांधी चबूतरे को कराया अतिक्रमण मुक्त

**जासं, फाजिलनगर**: नगर पंचायत की सब्जी मंडी के गांधी चबूतरे पर एक व्यवसायी द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण को चेयरमैन की मौजूदगी में खाली करा दिया गया। नगर पंचायत कर्मी व पटहेरवा पुलिस मौके पर मौजूद रही।

कुछ समय पहले नगर के बाबू बाजार की सब्जी मंडी में उस समय की ग्राम पंचायत द्वारा गांधी चबूतरा व चबूतरे पर एक कमरे का निर्माण कराया गया। एक वर्ष पूर्व तुर्कपट्टी थाने के बैरागी पट्टी निवासी हरिशंकर जायसवाल ने निजी उपयोग के लिए चबूतरे व कमरे पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिय था। व्यापारियों ने चेयरमैन शत्रुमर्दन प्रताप शाही से अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की। मंगलवार को चेयरमैन ने पटहेरवा पुलिस की मौजूदगी में अतिक्रमण को तत्काल हटाने के लिए कहा। अतिक्रमणकारी व्यवसायी ने स्वयं खाली कर दिया। भोला पासी, रामविलास सिंह, प्रेम जायसवाल, असलम अंसारी आदि मौजूद रहे।

# अधेड़ पर चाकू से हमला कर 50 हजार की लूट

जागरण संवाददाता, कसया : कुबेरस्थान के सखवनिया बुजुर्ग लगड़ी टोला से बढ़या टोला जाने वाले मार्ग पर मंगलवार की रात 8:30 बजे एक व्यक्ति को चाकू मारकर घायल करने के बाद बाइक सवार दो बदमाशों ने 50 हजार रुपये नकदी लूट फरार हो गए। घायल का इलाज कसया के निजी चिकित्सालय में चल रहा है।

सखवनिया बुजुर्ग टोला बढ़या छापर निवासी 50 वर्षीय शमशुल होदा कसया के सपहा में मकान बनवा रहे हैं। देर शाम सात बजे पीएनबी बैंक के नेशनल हाइवे के एटीएम से 30 हजार रुपये निकाला और अपने गांव के ही सोनू की बाइक पर पीछे बैठकर घर के लिए चले। कुछ और रुपये की जरूरत के लिए सखवनिया चौराहा पर मोबाइल दुकानदार राकेश से 20 हजार रुपये लेने गए, जिस पर उसने घर लगड़ी टोला ले जाकर पैसा दिया। वहां से जब वह अपने घर दूसरे टोला पर जा रहे थे कि पीछे से बाइक सवार दो बदमाशों ने उन्हें घेर लिया और चाकू से कई प्रहार किए। इसके बाद जेब से रुपये निकाल भाग निकले।

पीड़ित ने बताया कि घटना की जानकारी पुलिस को देकर मैं इलाज करा रहा हूं। थानाध्यक्ष पंकज गुप्ता ने बताया कि ऐसी कोई सूचना थाने को नहीं मिली है।

# अस्पताल गेट बना अवैध पड़ाव अड्डा

## जिला अस्पताल की यह अव्यवस्था रोगियों की जान पर पड़ सकती है भारी

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** जिला संयुक्त चिकित्सालय का मुख्य गेट अधिकारियों की लापरवाही व कर्मचारियों की मनमानी से पड़ाव अड्डा बन गया है। बेतरतीब खड़े वाहनों से रोगियों को पैदल आने-जाने परेशानी हो रही है। गंभीर रोगियों को लेकर आ रही एंबुलेंस तक को आसानी से प्रवेश नहीं मिल पाता है।

हाल यह है कि गंभीर रोगियों को स्ट्रेचर से नहीं, पैदल ही लेकर जाना पड़ेगा। ऐसा ही कुछ नजारा मंगलवार को अस्पताल के मुख्य गेट पर देखने को मिला, जहां रोगी को लेकर पहुंची एंबुलेंस बेतरतीब खड़े वाहनों की वजह से फंस गई। इसके कारण रोगी को दो लोग पकड़ पैदल ले जाते दिखे। अस्पताल परिसर में कहीं पड़ाव अड्डा नहीं है। सुरक्षा व्यवस्था में चार पुलिस कर्मियों व दो होमगार्डों की ड्यूटी भी रहती है, जो तमाशबीन बने रहते हैं। इसको लेकर कोई वैकल्पिक व्यवस्था की पहल नहीं की गई। रोगी व स्वजन की भी मजबूरी है कि वाहन खड़ी करें तो कहां। इसकी वजह से लोग गेट पर वाहन खड़ी करते हैं। इस गंभीर समस्या को लेकर अस्पताल प्रशासन गंभीर ही नहीं है।



जिला अस्पताल के मुख्य गेट के पास जाम में फंसी एंबुलेंस ● जागरण

**बढ़ने लगी वायरल फीवर के रोगियों की संख्या** :-मौसम बदलते ही अस्पतालों में वायरल फीवर के रोगियों की संख्या बढ़ने लगी है। यह स्थिति चाहे सरकारी हो अथवा निजी अस्पतालों में देखने को मिल रही है। इस समय संयुक्त जिला चिकित्सालय के ओपीडी. में रोगियों की भीड़ अन्य दिनों की अपेक्षा बढ़ती जा रही है। इसके अलावा पेट दर्द, उल्टी-दस्त, ब्लड प्रेशर व सांस फूलने वाले रोगियों की संख्या में इजाफा हुआ है।

> बेतरतीब वाहनों को व्यवस्थित ढंग से लगवाने के लिए कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं। साफ-सफाई को लेकर विशेष ध्यान दिया जाता है।
>
> डा.एचएस राय, सीएमएस

**कहते हैं रोगी** : उपचार कराने आए जंगल नाहर छपरा की सावित्री देवी, जटहां की मानसी देवी, तमकुहीराज के नरेंद्र कुमार व उपेंद्र, नेबुआ नौरंगिया के सत्येंद्र कुमार का कहना है कि उपचार के नाम पर रोगियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# तीन गांजा तस्करों पर लगा गैंगस्टर कई जनपदों में फैला है रैकेट

## तीन माह पूर्व दो क्विंटल गांजा के साथ पटहेरवा पुलिस ने किया था गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** मादक पदार्थों की तस्करी गिरोह के सरगना समेत तीन लोगों पर पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। पूर्वांचल के कई जिलों में इनका नेटवर्क है। इनका ठिकाना देवरिया के बरहज थाना क्षेत्र का परसिया देवार है। वहां बड़े पैमाने पर कच्ची शराब का धंधा होता है और पुलिस भी नहीं पहुंच पाती है। तीनों को पुलिस ने हाईवे पर तीन माह पूर्व दो क्विंटल गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। तीनों जेल में हैं।

पटहेरवा थाने की पुलिस ने 28 जून को करीब दो क्विंटल गांजा के साथ हाईवे पर घेराबंदी कर फतेहगढ़ जिले के समसाबाद निवासी सुभाष सिंह, आजमगढ़ जिले के बसरीकपुर मेहनगर निवासी संजीत सिंह उर्फ विक्की और देवरिया के बरहज थाना क्षेत्र के परसिया देवार के अमूरतानी टोला निवासी कमलेश यादव को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में पुलिस को पता चला कि यूपी और बिहार के कई जिलों में तस्कर गिरोह का रैकेट फैला है। इनके मोबाइल फोन कॉल डिटेल से पुलिस ने कुशीनगर, देवरिया और आजमगढ़ के कई लोगों को चिह्नित किया था, लेकिन अब तक पुलिस इनके नेटवर्क से जुड़े किसी भी तस्कर को नहीं पकड़ सकी है।

> **देवरिया के बरहज थाना क्षेत्र का परसिया देवार है इनका ठिकाना**

सुभाष सिंह ही गिरोह का मुख्य सरगना है। इन तीनों ने पुलिस की पूछताछ में बताया था कि देवरिया के नदी उस पार परसिया देवार में इनका ठिकाना है। वहां से गांजा और कच्ची शराब की तस्करी होती है। पुलिस की मानें तो परसिया देवार के पांच टोले नदी उस पार हैं। वहां कच्ची शराब समेत मादक पदार्थों की खेप तैयार होती है। यहां जाने के लिए पुलिस को मऊ जिले से होकर जाना पड़ता है। इसलिए पुलिस दबिश के बावजूद तस्करों को नहीं पकड़ पाती है। इनका नेटवर्क इतना मजबूत है कि पुलिस के पहुंचने से पूर्व सूचना तस्करों तक पहुंच जाती है और पुलिस टीम को शराब की भट्ठियों को तोड़कर लौटना पड़ता है। कमलेश यादव के खिलाफ बरहज थाने में भी कच्ची शराब बनाकर बेचने समेत कई केस दर्ज हैं। इन तस्करों से जुड़े जितने भी लोगों को पुलिस ने चिह्नित किया था। उनका मोबाइल लोकेशन तक नहीं ट्रेस हो पा रहा है।

पटहेरवा थाने के इंस्पेक्टर अनिल उपाध्याय ने बताया कि तीनों तस्कर अभी जेल में हैं। जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर गैंगस्टर की कार्रवाई हुई है। देवरिया, कुशीनगर, सिवान, गोपालगंज समेत कई जिलों में तस्करों का नेटवर्क काम कर रहा है। इसे तोड़ने का प्रयास चल रहा है।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मृत्यु

जासं, हाटाः नगर स्थित बस स्टेशन के समीप मंगलवार शाम को फोरलेन पार करते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मृत्यु हो गई। यह खबर मिलते ही स्वजन रोने-चिल्लाने लगे। चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर आवश्यक कार्रवाई पूरी की। नगर के वार्ड संख्या 19 निवासी 38 वर्षीय वृजेश गोस्वामी शाम को जरूरी काम से तहसील की ओर जा रहे थे। बस स्टेशन के समीप फोरलेन पार करते समय अचानक वे अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। आसपास के लोग स्वजन को सूचना दे, उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां परीक्षण के पश्चात डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। कोतवाली प्रभारी निर्भय सिंह ने बताया कि अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# महिला ने दी बच्चा बदलने की तहरीर, होगी कार्रवाई

जागरण संवाददाता, रामकोलाः क्षेत्र के पकड़ी बांगर निवासी महिला ने मंगलवार को बच्चा बदलने की तहरीर दी। छानबीन में प्रथम दृष्टया महिला का आरोप गलत पाए जाने पर पुलिस अब डीएनए कराने की तैयारी में है। पुलिस का कहना है कि डीएनए रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। दोपहर में थाने पहुंच इंद्रावती ने आशा व एएनएम कार्यकर्ता के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर गंभीर आरोप लगाया।

बताया कि प्रसव के पश्चात वह होश में थी। आशा व एएनएम कार्यकर्ता ने साजिश के तहत इंजेक्शन लगाया। इसके बाद मुझे कुछ याद नहीं है। होश आने पर बताया गया कि आपको बेटी हुई है। जबकि मुझे पुत्र हुआ था। महिला का कहना है कि उसी दिन तीन अन्य महिलाओं का भी प्रसव हुआ था। आशा व एएनएम कार्यकर्ता ने मिलकर मेरा बच्चा बदल दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। सीएचसी अधीक्षक, डाक्टर का बयान दर्ज किया। सबने महिला पर गलत आरोप लगाने की बात बताई। प्रसव के समय ड्यूटी पर तैनात स्वास्थ्यकर्मियों ने भी महिला द्वारा बच्ची को जन्म देने की बात कही।

- बीते सात सितंबर को सीएचसी रामकोला में महिला ने दिया था बच्ची को जन्म
- महिला का आरोप पूरी तरह निराधार उसकी संतुष्टि के लिए बच्ची व उसका डीएनए होगा: एसएचओ

बता दें कि बीते सात सितंबर को इंद्रावती को प्रसव दर्द होने पर स्वजन सीएचसी रामकोला ले गए। वहां उसने बच्ची को जन्म दिया। उस दिन अस्पताल में तीन अन्य महिलाओं का भी प्रसव हुआ। इंद्रावती व उसके स्वजन बच्चा बदलने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिए। समझा-बुझाकर पुलिस ने तब मामले को शांत करा दिया था। एसएचओ एके सिंह ने बताया कि महिला के आरोप पूरी तरह निराधार है। उसकी संतुष्टि के लिए बच्ची व उसका डीएनए कराया जाएगा। रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्रवाई होगी।

## यह और अन्य खबरें देखें-

https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# रेलवे की भूमि से बुलडोजर से हटाया गया अतिक्रमण

जागरण संवाददाता, पडरौना: रेलवे के कार्य निरीक्षक प्रेम शुक्ला के निर्देश पर मंगलवार को अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर के कालेज रोड के किनारे रेलवे की भूमि पर बनाई गई झुंगी-झोपड़ियां और दुकानों के छज्जे को बुलडोजर से हटवाया गया। कालेज रोड के किनारे रेलवे की भूमि पर किए जा रहे अतिक्रमण को रोकने के लिए विभाग के अधिकारियों ने अभियान चलाने का निर्णय लिया था। इसकी सूचना देने के अलावा रेलवे स्टेशन पर नोटिस भी चस्पा कराई गई थी। इसके बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो कार्य निरीक्षक की अगुवाई में टीम मौके पर पहुंची। बुलडोजर लगाकर झुंगी-झोपड़ियों, टीनशेड, गुमटी आदि को हटवाया गया। कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकानों के आगे छज्जा बनाया हुआ था।

टीम ने उसे भी खोलवा दिया। आरपीएफ के



रेलवे स्टेशन रोड के किनारे स्थित भूमि से बुलडोजर से अतिक्रमण हटवाती आरपीएफ टीम • जागरण

प्रभारी निरीक्षक समर सिंह फोर्स के साथ सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे। उन्होंने चेतावनी दी कि दोबारा अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# तीन घरों-होटलों में छापा, 24 युवक-युवतियां पकड़े गए

**बदनाम हो रही महात्मा बुद्ध की नगरी : एसडीएम और सीओ के नेतृत्व में मारा गया छापा, पकड़े गए लोगों में 15 युवतियां और नौ युवक हैं शामिल**

संवाद न्यूज एजेंसी

**कसया।** नगर के तीन होटलों और तीन मकानों में मंगलवार को एसडीएम और सीओ ने पुलिस के साथ संयुक्त रूप से छापा मारा। यहां 15 युवतियां और नौ युवक पकड़े गए। उन्हें थाने लाकर पूछताछ की जा रही है। लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाओं से महात्मा बुद्ध की नगरी बदनाम हो रही है।

मंगलवार को एसडीएम योगेश्वर सिंह और क्षेत्राधिकारी कुंदन सिंह के नेतृत्व में छापा मारा गया। इनमें कसया के एसएचओ डॉ. आशुतोष कुमार तिवारी सहित भारी पुलिस बल, जिसमें महिला आरक्षी भी शामिल थीं, बुद्ध स्थली कुशीनगर, नेशनल हाईवे पर स्थित होटलों व नगर के तीन घरों में छापा मारे। मौके से 24 युवक-युवतियां पकड़े गए।

होटलों में आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद हुई। प्रशासन ने होटलों के कागजात की जांच की। कागजात वैध न मिलने पर रिद्धि सिद्धि, ब्लू हैवेन और राज श्री होटलों को सील कर दिया। मौके पर अधिकारियों ने पूछताछ की और पकड़े गए जोड़ों को



कसया में छापेमारी के दौरान अवैध होटल को सील करती पुलिस। संवाद

थाने लेकर चली गई। विदित हो कि नगर में देह व्यापार को लेकर होटलों, गेस्ट हाउस व ढाबों पर देह व्यापार के अवैध धंधे को चलने का आरोप लगता आ रहा है। इसे लेकर प्रशासन ने कई बार कार्रवाई भी की है। सीओ कुंदन सिंह ने बताया कि पकड़े गए युवक-युवतियों को थाने लाया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। एक संचालक से भी पूछताछ की जा रही है। उसके बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम योगेश्वर सिंह ने बताया कि नगर में सूचना मिल रही थी कि देह व्यापार चल रहा है। छापे में तीन घरों और और तीन होटलों से 24 युवक-युवतियां पकड़े गए हैं। इनमें 15 युवतियां और नौ युवक हैं। बुधवार को इनका नाम-पता उजागर किया जाएगा।

## अवैध धंधे के लिए चर्चित हैं कई होटल

**कसया नगर व तहसील क्षेत्र में संचालित हैं ऐसे होटल, पूर्व में कई बार हो चुकी है सील करने की कार्रवाई**

संवाद न्यूज एजेंसी

**कसया।** नगर में अवैध रूप से संचालित हो रहे होटलों के खिलाफ मंगलवार को हुई कार्रवाई से संचालकों में हड़कंप की स्थिति रही। पुलिस हमेशा रूटीन जांच करती रही, फिर होटल में अवैध रूप से देह व्यापार का धंधा पांव फैलाता गया। अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल पर पर्यटन व्यवसाय की दृष्टि से बने होटलों में ठहरने के लिए कम, लेकिन इस तरह के अवैध धंधे के लिए कुछ होटल काफी चर्चित हैं।

छापे के बाद ऐसे होटलों को सील करने की कार्रवाई होती है, लेकिन कुछ ही दिनों बाद फिर खुल जाते हैं। इस अवैध धंधे के विरुद्ध बुद्धनगरी की कुछ महिलाओं ने इसी महीने में एक होटल पर अवैध रूप से देह व्यापार कराने का आरोप लगाते हुए तोड़फोड़ की थी।

### जांच होती है पर कार्रवाई कुछ नहीं

होटलों में अवैध धंधे को लेकर स्थानीय पुलिस की ओर से कार्रवाई की जाती है, लेकिन बालिग जोड़े होने पर कोई विशेष कार्रवाई नहीं होती है। इससे अवैध धंधे में लिप्त लोगों का दुस्साहस बढ़ता गया है। आज यह धंधा बड़े पैमाने पर नगर में चल रहा है।

### अवैध होटलों के खिलाफ अब तक हुई कार्रवाई

कसया नगर के कुछ होटलों में अवैध रूप से चल रहे अनैतिक कृत्यों की सूचना पर पुलिस और प्रशासन ने पूर्व में भी संयुक्त रूप से छापा मारा है। शुरुआत में उन होटलों को सील भी किया गया, युगल पकड़े गए, लेकिन बाद में छोड़ दिए गए।

**केस 1** 23 जून को कुशीनगर स्थित राज गेस्ट हाउस को छापा के दौरान अवैध रूप से संचालित करने के आरोप में नायब तहसीलदार आशीष गुप्ता ने सील किया था।

**केस 2** 10 सितंबर को कसया तहसीलदार के नेतृत्व में कसया कुशीनगर सहित कई जगह छापे मारे गए। चार होटलों को अवैध रूप से संचालित मिलने पर सील किया गया। इनमें मनोकामना, सुर्या, जीरो रेस्टोरेंट सहित एक अन्य को सील किया गया था।

**केस 3** कुशीनगर एनएच 28 पर पकवा इनार के समीप एम के गेस्ट हाउस को तत्कालीन एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव एवं सीओ कुंदन सिंह के नेतृत्व में छापा मारकर सील किया गया था। बालिग जोड़ों पर शांतिभंग के अंदेशा में कार्रवाई हुई थी।

अवैध धंधे को बंद कराने के लिए महिलाओं ने भी की है पहल : देवरिया मार्ग पर रामाभार तिराहे के पास अवैध रुप से चल रहे इस धंधे को बंद कराने के लिए अनिरुद्धवा गांव की महिलाओं ने होटल पर पहुंचकर तोड़फोड़ और बंद कराने के लिए कुछ दिन पहले उग्र प्रदर्शन किया था। पुलिस ने होटल संचालक की तहरीर पर विरोध प्रदर्शन के मामले में दो पुरुषों सहित महिलाओं पर मुकदमा पंजीकृत किया था।

# छह पशुओं के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार, भेजा जेल

**रामकोला।** पुलिस ने मंगलवार को छह गोवंशीय पशुओं के साथ तीन पशु तस्करों को गिरफ्तार किया। उन्हें पशुक्रूरता अधिनियम में केस दर्ज कर जेल भेज दिया।

रामकोला के थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि तस्करों का नाम दिलीप पटेल निवासी जुड़ावन छपरा थाना कसया, रामबिलास निवासी ग्राम बभनौली थाना रामकोला, चालक क्यामुद्दीन अंसारी



गिरफ्तार दो पशु तस्कर। संवाद

निवासी ग्राम दहवा तुलाहा, मधुबनी जिला पश्चिमी चंपारण है। संवाद

# लुटेरों से चोरी का माल खरीदने वालों पर अब कसेगा शिकंजा

संवाद न्यूज एजेंसी

कुशीनगर। जिले के तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र में छह सितंबर की रात में चालक को बंधक बनाकर ट्रैक्टर ट्रॉली लूटने वाले बदमाशों ने पूछताछ में ऐसे व्यक्ति के बारे में बताया, जो इनसे लूट और चोरी के वाहन खरीदता था। पुलिस अब उस व्यक्ति पर शिकंजा कसने वाली है। उसकी गिरफ्तारी के लिए जाल डाल बिछा दिया है।

छह सितंबर की देर रात नागेंद्र गोंड नाम का चालक ट्रैक्टर ट्राली लेकर दुदही की तरफ से तुर्कपट्टी की तरफ आ रहा था, तभी पांच की संख्या में पिकअप सवार बदमाशों ने उसे पीटने के बाद बंधक बनाकर ट्रैक्टर ट्राली लूट लिया था। उसे पटहेरिया जाने वाले मार्ग पर एक गन्ने के खेत में फेंककर भाग गए थे। चालक ने होश आने पर वाहन स्वामी विशुनपुरा थाना क्षेत्र के अहिरौली निवासी परमहंस कुशवाहा को इसकी जानकारी दी। वाहन स्वामी से घटना की जानकारी होने के बाद तुर्कपट्टी थाने की पुलिस खोजबीन शुरू की थी। इसमें स्वॉट टीम भी लगाई गई थी।

**चोरी के ट्रैक्टर-ट्राली की बरामदगी के लिए की गई खोजबीन में चला सरकारी मुलाजिम का पता**

*ट्रैक्टर-ट्राली लूट में शामिल पांचों बदमाशों को जेल भेजने के बाद अब उस व्यक्ति पर कार्रवाई की जाएगी, जो उन पांचों से चोरी की गाड़ियां खरीदता था। वह एक सरकारी कर्मचारी है। उसके खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। -**धवल जायसवाल**, एसपी*

पुलिस की जांच पड़ताल में पता चला कि कुशीनगर जिले के विशुनपुरा थाना क्षेत्र के रहने वाले पांच बदमाश, जो बिहार में रहते थे, इस लूट की घटना में शामिल थे। वे बिहार के गोपालगंज जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र में रहते थे। बिहार और उत्तर प्रदेश में ट्रैक्टर-ट्राली ही नहीं कोई भी वाहन चुरा लेते थे और कुचायकोट थाना क्षेत्र में एक ऐसे कबाड़ी के हाथ बेच देते थे, जो उन्हें काटकर बेच देता था। वह एक सरकारी मुलाजिम है।

# बालू लदी दो ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

**खड्डा।** स्थानीय पुलिस ने मंगलवार को भेड़ी जंगल गांव के पास से बालू खनन कर ले जाई जा रही दो ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़ा है। पुलिस ने विधिक कार्रवाई कर खनन विभाग को सूचना भेज दी है। एसओ अखिलेश सिंह ने बताया कि सूचना मिली कि दो ट्रैक्टर-ट्राली बालू खनन कर नहर पटरी से ले जाया जा रहा है। संवाद

# इंस्टाग्राम पर फोटो लगाने व मैसेज करने के आरोप में केस दर्ज

**पटहेरवा।** एक गांव की लड़की का फोटो इंस्टाग्राम पर लगाने व दूसरों के पास मैसेज करने के मामले में पुलिस ने बिहार के एक युवक पर केस दर्ज किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई लड़की के मौसेरे भाई की तहरीर पर की है। थानाक्षेत्र के पुरैना कटेया गांव निवासी राकेश कुशवाहा ने पटहेरवा पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि गांव में ही इसकी मौसेरी बहन का घर है। इनका आरोप है कि बिहार के गोपालगंज जनपद के बनकटा निवासी एक इंस्टाग्राम एकाउंट पर उनकी मौसेरी बहन का प्रोफाइल पिक्चर लगा है। संवाद

# कंटेनर का नंबर बदलकर पशु तस्करी, पांच गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

## बिहार जा रहे कंटेनर से 25 भैंसों को कराया गया मुक्त, बहादुरपुर चौकी के पास पकड़े गए

**सलेमगढ़ (कुशीनगर)।** तरयासुजान थाने की पुलिस ने बहादुरपुर चौकी के पास घेराबंदी कर फर्जी नंबर प्लेट लगे एक कंटेनर को रोका। जांच के दौरान उसमें से 25 भैंसों को मुक्त कराया। पांच तस्कर गिरफ्तार किए गए। इनके पास से एक तमंचा और कारतूस भी बरामद हुआ है। बताया जाता है कि ये लोग तमंचे के बल पर पशु तस्करी करते हैं। पुलिस ने तस्करों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

तरयासुजान थाना क्षेत्र के बहादुरपुर चौकी से कुछ दूर पहले हाइवे पर मंगलवार को दोपहर में पुलिस ने घेराबंदी की। पुलिस को जानकारी मिली थी कि इधर से कुछ ही देर में पशुओं से भरा ट्रक जाने वाला है। पुलिस को सामने से एक कंटेनर आता दिखा। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक कंटेनर लेकर भागने लगा। कुछ दूरी पर मौजूद पुलिस की दूसरी टीम ने रोक लिया। जांच के दौरान कंटेनर में सामान होने की जानकारी चालक ने दी। संदेह होने पर जांच की गई तो उसमें 25 भैंसे थे। कंटेनर का नंबर भी फर्जी मिला। पुलिस ने तस्करों की पहचान मुरादाबाद जिले के थाना मुंडा पाणा के करमपुर बड़की मंडी गांव निवासी मोहम्मद शाकिर, कौशांबी जिले के मंझनपुर थाना क्षेत्र के नियाजपुर गांव निवासी जुल्फिकार, मुजफ्फरनगर के नियाजपुर गांव निवासी मोहम्मद नसीम, मुजफ्फरनगर के खुर्जेवाला इमामबाड़ा के दरोगा कोठी निवासी मोहम्मद इसरार, मुजफ्फरनगर के तीतवी थाना क्षेत्र के गुड़ीनाखुर्द निवासी मोहम्मद हसीन के रूप में किया। इनके पास से दो कारतूस और तमंचा मिला।

तरयासुजान थाने के इंस्पेक्टर अमित शर्मा ने बताया कि तस्करों पर धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम का केस दर्ज किया गया है।

# लूट के फरार आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

खड्डा। हनुमानगंज थाना क्षेत्र के छितौनी कस्बा निवासी पत्रकार की 26 जुलाई को लूटी गई बाइक के मामले में पुलिस ने फरार बदमाश को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। अन्य बदमाशों को पुलिस जेल भेज चुकी है। पुलिस ने बताया कि लूटकांड में शामिल जटहां बाजार थाना क्षेत्र के कटाई भरपुरवा गांव निवासी राजन यादव फरार था। पुलिस ने पनियहवा ढाले के पास से इसे गिरफ्तार कर लिया। संवाद

# थाने में घंटों चली माथापच्ची, नहीं सुलझा बच्चा बदलने का मामला

## रामकोला सीएचसी में प्रसव के बाद बच्चा बदलने का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

रामकोला। सीएचसी में प्रसव के बाद बच्चा बदलने को लेकर मंगलवार को रामकोला थाने में घंटों वार्ता चली, लेकिन पुष्टि नहीं हुई। पीड़ित महिला के अलावा स्टाफ नर्स और उस दिन जिन महिलाओं का सीएचसी में प्रसव हुआ था, सभी को पुलिस ने बुलाया गया था। पीड़ित महिला को अब भी विश्वास नहीं है। वह पुलिस पर जांच में लीपापोती का आरोप लगा रही है और एसपी से मिलकर शिकायत दर्ज कराने की बात कही।

देवरिया जिले के अमरी गांव निवासी राजेश कुमार की 28 वर्षीय पत्नी इंद्रावती को तीसरा बच्चा होना था। वह अपने मायके रामकोला के पकड़ी बांगर गांव में आई थीं। 7 सितंबर को प्रसव पीड़ा होने पर मायकेवाले उसे रामकोला सीएचसी ले गए। सुबह 9.22 बजे इंद्रावती को बेटी पैदा हुई। उसी दिन शाम को डॉक्टर ने डिस्चार्ज कर दिया और मायके चली गईं। बच्ची का चेहरा परिवार के किसी सदस्य से नहीं मिलने के कारण उन्हें संदेह हुआ और सोमवार को रामकोला पुलिस को तहरीर देकर स्टाफ नर्सों पर बच्चा बदलने का आरोप लगाया। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच शुरू की।

### पीड़ित महिला का पुलिस से उठा विश्वास, बोली-जांच में की जा रही लीपापोती

सीएचसी पहुंची पुलिस ने लेबर रूम का अभिलेख खंगाला और उस दिन ड्यूटी पर मौजूद स्टॉफ नर्सों से पूछताछ की। उस दिन छह महिलाओं का प्रसव सीएचसी में हुआ था। सभी को पुलिस ने थाने पर बुलाया था। साथ में स्टाफ नर्स भी गई थी। चार घंटे तक पुलिस ने सभी से पूछताछ की, लेकिन कहीं से भी बच्चा बदलने की पुष्टि नहीं हुई।

इंद्रावती के साथ गई उसकी मां ने पुलिस की जांच पर सवाल खड़ा करते हुए लीपापोती का आरोप लगाया। बाद में पुलिस ने आरोप को निराधार बताते हुए सभी को घर जाने को कहा। इस संबंध में दरोगा मिथिलेश कुमार ने बताया कि सभी अभिलेखों की जांच कर ली गई है। कहीं से भी बच्चा बदलने की पुष्टि नहीं हो रही है। पता नहीं महिला के दिमाग में क्या चल रहा है। किसी की बात सुनने को तैयार नहीं है। सभी को पूछताछ के बाद घर भेज दिया गया।

# चोरी की दो बाइकों के साथ एक गिरफ्तार

**दुद्धी।** विशुनपुरा पुलिस ने चोरी की दो बाइक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस बरामद बाइक को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई में जुटी है।

प्रभारी निरीक्षक विशुनपुरा रामसहाय चौहान ने बताया कि सूचना पर एसआई आकाश गिरी, कांस्टेबल मानवेंद्र यादव, अंगद यादव, अभिषेक कुमार के साथ गगलवां पुल पर वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान एक बाइक सवार आते दिखा। पुलिस ने उसे रोककर बाइक का कागजात मांगे, लेकिन आरोपी कागजात दिखा नहीं सका। पूछताछ की तो आरोपी ने बाइक चोरी होने की स्वीकार की। उसकी निशानदेही पर उसके घर से एक और बाइक बरामद हुई। पुलिस ने बरामद दोनों बाइक को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ के कार्रवाई में जुटी है। आरोपी की पहचान राजन मद्धेशिया निवासी ग्राम शाहपुर खलवापट्टी थाना विशुनपुरा के रुप में हुई है। संवाद

# चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

**अहिरौली बाजार।** थाना क्षेत्र के टीकर चौराहे से महुअवा खुर्द जाने वाली नहर की पटरी पर पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। वाहन चेकिंग के दौरान संदेह होने पर पुलिस ने पकड़ा। युवक महराजगंज जिले के श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के परसिया इंदरपुर गांव निवासी है। उसका नाम अजीत सिंह है। एसओ श्रीप्रकाश राय ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है। संवाद

# अब मजिस्ट्रेट के समक्ष युवती के बयान पर टिकीं निगाहें

**कुशीनगर।** चखनी पुल के पास अचेतावस्था में गन्ने के खेत में अर्द्धनग्न हाल में फेंकी गई युवती का इलाज जिला अस्पताल में अभी भी जारी है। उसकी हालत पहले से ठीक है, लेकिन अभी भी वह मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान देने की स्थिति में नहीं है। पुलिस का कहना है कि उसके पूरी तरह ठीक होने के बाद मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान कराया जाएगा।

चार दिन पहले तमकुहीराज थाना क्षेत्र में चखनी पुल के पास गन्ने के खेत में मिली युवती का प्रेमी तो जेल भेज दिया गया, लेकिन युवती अभी भी उसके नाम की रट लगाई हुई है। मंगलवार को जिला अस्पताल में युवती उसका नाम ले-लेकर रो रही थी। पास में बैठी उसकी मां उसे समझा रही थी, लेकिन युवती उसकी एक नहीं सुन रही थी। उसके मामा और अन्य रिश्तेदार घर चले गए थे। युवती का मेडिकल परीक्षण तो हो चुका है, लेकिन मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान होना बाकी है। एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि युवती जब तक बयान देने के लिए पूरी तरह ठीक नहीं हो जाती, तब तक उसका इलाज चलेगा। संवाद

# सिर कटी लाश की पहचान के लिए भटक रही पुलिस

**रामकोला।** परवरपार नहर में महिला की सिर कटी लाश की पहचान पुलिस एक माह बाद भी नहीं कर सकी है। पुलिस सोशल मीडिया पर तस्वीर वायरल कर शिनाख्त कराने का प्रयास रही है। जिले के अलावा पड़ोसी प्रांत बिहार के थानों में भी तस्वीर भेजी गई है, लेकिन अब तक पहचान नहीं हो पाई है।

रामकोला थाना क्षेत्र के नहर में एक अगस्त को 35 वर्षीय महिला की लाश मिली थी। उसका सिर कटा था। पुलिस उसकी पहचान के लिए गोपालगंज और पश्चिमी चंपारण के थानों की पुलिस ने संपर्क किया है। वहां से भी कोई जानकारी हासिल नहीं हुई है। लाश नहर में बहती हुई पहुंची थी।

महिला के हाथ पर चांद का टैटू अर्थात गोदना का निशान था। पुलिस गैर जिलों के थानों में दर्ज गुमशुदगी का भी रिकॉर्ड जुटा रही है ताकि घरवालों से संपर्क कर तस्वीर और कपड़े दिखाए जा सकें। इस संबंध में दरोगा ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि महिला की लाश की पहचान कराने की कोशिश चल रही है। अभी तक कुछ पता नहीं चला है। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-13-09-2023

## श्यामदेउरवां पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप

**महराजगंज।** श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुमेरगढ़ के एक व्यक्ति पर गांव की ही एक महिला ने अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। मामले में एसपी ने सीओ सदर को जांच करने का निर्देश दिया है। संवाद

## अपराधियों पर कड़ी रहेगी नजर

**महराजगंज।** अपराधियों को किसी भी दशा में बख्शा नहीं जाएगा। अपराधियों पर नजर कड़ी नजर रहेगी। उक्त बातें नवागत थानाध्यक्ष मनीषा सिंह ने स्थानीय थाना पर छठवें थानाध्यक्ष के रूप में अपना पदभार ग्रहण दौरान कही। उन्होंने कहा कि फरियादियों की समस्याओं का समाधान करना प्राथमिकता होगी। संवाद

## युवक पर युवती को भगाने का आरोप, केस दर्ज

**महराजगंज।** श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने एक युवक पर उसकी लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पिता ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बीते शुक्रवार की सुबह दस बजे उसकी लड़की को गांव का ही एक युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। काफी खोजने के बाद भी कहीं पता नहीं चला। मामले में श्यामदेउरवां पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी थानाध्यक्ष सुनील वर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। संवाद

## पति सहित चार लोगों पर केस दर्ज

**महराजगंज।** भिटौली थाना क्षेत्र के जगदीशपुर निवासी फरहानाज की तहरीर पर पति मुनीब आलम, सास कमिरुन निसा, जेठ मुनीर आलम एवं जेठानी हसीना खातून केस दर्ज हुआ है। दहेज में बाइक, सोने की चेन व अंगूठी नहीं लाने पर मारने पीटने एवं प्रताड़ित करने का आरोप है। थानाध्यक्ष रामाज्ञा सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है। संवाद

# महिला की मौत मामले में पति सहित पांच पर केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** सिंदुरिया थानाक्षेत्र के ग्राम सभा बसंतपुर खुर्द निवासी अंकिता की सोमवार की दोपहर में संदिग्ध परिस्थियों मे मौत हो गई थी। सिंदुरिया थाने की पुलिस ने चिता से अधजले शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

विवाहिता की मां सुधा देवी ने तहरीर देकर बताया कि पुत्री अंकिता की गला दबाकर हत्या आरोप ससुराल पक्ष पर लगाया था। ससुर और पति सहित ससुराल वाले दहेज में दो लाख रुपये की मांग करते थे नहीं देने पर मारते पीटते थे। डरा धमका हम लोगो को दहेज के लिए फोन करवाते थे।

एक महीना पहले उसी को लेकर सिंदुरिया थाने पर सुलह समझौता हुआ था। थाना प्रभारी सिंदुरिया मनीषा सिंह ने बताया आरोपी पति मंजीत, पिता लल्लू विश्वकर्मा, सास मीरा, देवर गोलू और देवरानी रेनू के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

# सोशल मीडिया पर फोटो वायरल मामले में केस

**चौक बाजार।** चौक क्षेत्र के एक गांव निवासी शख्स की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ पुलिस ने मारपीट, निजता का हनन और आईटी एक्ट मे मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस को तहरीर देकर इस शख्स ने बताया कि गांव का ही शाह आलम उसकी बेटी को 6 माह से परेशान करता है। इसकी शिकायत पर दुबारा ऐसा न होने की बात कही गई, लेकिन जब वह कमाकर घर लौटा तो फिर हरकत शुरू कर दी। उसकी बेटी का पीछा करता था और 10 सितंबर को उसका फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिससे उसकी बेटी की शादी का रिश्ता टूट गया। एसओ प्रशांत पाठक ने बताया कि तहरीर के आधार पर शाह आलम उर्फ ढुन्नू, इसराइल और यासीन के खिलाफ केस दर्ज कर शाह आलम व इसराइल को पकड़ लिया गया है।

# युवती का फोटो सोशल मीडिया में वायरल

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** चौक थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवती का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपी युवक, उसके पिता एवं एक अन्य के खिलाफ छेड़खानी एवं आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर पिता-पुत्र को जेल भेज दिया। वहीं तीसरे आरोपी की तलाश में पुलिस जुट गई है।

जानकारी के अनुसार, चौक थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके गांव का एक युवक उनकी पुत्री के साथ छेड़खानी करता है। रास्ते में आते-जाते समय उसे परेशान करता है। उसने धमकी भी दी है कि वह उसकी बात नहीं मानेगी तो उसका फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। पीड़िता के पिता ने बताया कि युवक के इस हरकत से उसकी पुत्री की शादी का रिश्ता भी कई बार टूट गया है। वह मेरी पुत्री से जबरन धर्म परिवर्तन कराना चाहता है। आरोप है कि जब वह इसकी शिकायत लेकर आरोपी के घर पहुंचा तो उसके पिता ने धमकी देते हुए भगा दिया और जान से मारने की धमकी भी दिया। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लिया और तीन लोगों के खिलाफ छेड़खानी एवं आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# हत्या, छेड़छाड़, मारपीट के आरोपी का नहीं लगा सुराग

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** हत्या, छेड़छाड़, मारपीट के आरोपी पूर्व भाजपा नेता का सुराग नहीं मिल रहा है। गिरफ्तारी के प्रयास में लगी 15 टीमों को कुछ खास सफलता नहीं मिली है। उसके करीबियों से पूछताछ की जा रही है। आरोपी का सटीक लोकेशन नहीं मिल रहा है। दुष्कर्म पीड़िता व उसकी छोटी बहन का बयान फिर से दर्ज हुआ है।

### दुष्कर्म पीड़िता समेत उसकी छोटी बहन के दर्ज हुए बयान

सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस टीम लखनऊ, कुशीनगर, प्रयागराज समेत अन्य जिलों में पहुंची है। शुरूआत में बरती गई सुस्ती पुलिस के लिए अब सिर दर्द बन चुकी है। पीड़िता के बयान के बाद आरोपी पुलिस को चकमा देकर निकल गया। उसके बाद से ही पुलिस परेशान है। 50 से अधिक लोगों ने पूछताछ हो चुकी है, लेकिन अब तक सटीक लोकेशन नहीं मिल रहा है। पुलिस सूत्र बता रहे हैं कि आरोपी जल्दी गिरफ्तार हो जाएगा। क्योंकी कुछ ऐसा क्लू मिला है, इससे वह जल्दी गिरफ्त में आ सकता है। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि टीमें लगी हैं। जल्दी ही रिजल्ट सामने आ जाएगा।

# जिला अस्पताल में लंबे समय से चल रहा था खेल, मालामाल हो रहे थे दलाल

## डॉक्टर से दिखाने व जांच से लेकर दवा दिलाने तक मरीज के साथ ही रहते थे दलाल, पुलिस पहुंची तब खुला मामला

संवाद न्यूज एजेंसी



जिला अस्पताल में कार्रवाई के दौरान पकड़े गए युवक। संवाद



ओपीडी में डॉक्टर के कक्ष के बाहर लगी मरीजों की भीड़। संवाद

**महराजगंज।** जिला अस्पताल में मंगलवार को अचानक खलबली मच गई। मरीज बनकर पुलिस टीम सादे ड्रेस में दवा कराने पहुंची तो दलाल पहचान में आ गए। 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया। लंबे समय से जिला अस्पताल में मरीजों को झांसा देकर दलाल मालामाल हो रहे थे। अमर उजाला ने 10 सितंबर के अंक में अस्पताल में हर तरफ दलाल, खून चूसकर हो रहे मालामाल शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। मामले को संज्ञान में लेते हुए प्रशासन ने गोपनीय तरीके से कार्रवाई की।

मंगलवार को जिला अस्पताल परिसर में पर्ची काउंटर से लेकर ओपीडी तक मरीजों की कतार लगी रही। किसी को यह मालूम नहीं था की पुलिस टीम सादे ड्रेस में अस्पताल में पहुंची है। पुलिस कर्मी पर्ची लेकर इलाज कराने के लिए कतार में खड़े हुए तो दलाल उनको समझाने लगे। पुलिस कर्मियों को जब पूरा भरोसा हो गया तो दलाल को पकड़ कर धीरे से किनारे कर लिया। इसके बाद ओपीडी से लेकर अस्पताल के अन्य हिस्सों से 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया। दबंगई व धोखाधड़ी कर जनता का उत्पीड़न व दोहन करने वाले दलालों के विरुद्ध कार्रवाई हुई। जांच के दौरान पता चला की दलाल मरीजों का रक्त जांच कराने के लिए निजी लैब में ले जाते हैं। वहां उनका मोटा कमीशन तय रहता है।

अगर 500 रुपये की जांच हुई तो 150 रुपये दलाल को मिल जाते हैं। इसी तरह से अन्य में कमीशन तय है। मरीजों से पर्चा लेकर अपने जानने वालों की दुकान से दवा दिलाते हैं। मरीज को लगता है कि यह सही दवा खरीदवा रहे हैं, लेकिन वह ज्यादा कमीशन वाली दवाएं दिलवाकर जेब गर्म करते हैं। सूत्र बताते हैं कि दुकानों पर दलाल शाम को कमीशन की रकम लेते हैं। दिनभर जितनी दवा की बिक्री कराते हैं, उस हिसाब से उनका कमीशन बनता है।

मोटी रकम कमाने की चाहत में ये दलाल अपने ढंग से जिला अस्पताल में मंडराते रहते थे। उनका रुतबा इतना हो गया था की डॉक्टर भी कुछ कहने की हिम्मत नहीं जुटाते थे। मंगलवार को हुई कार्रवाई से आसपास के लोग दंग रह गए। लोगों को यकीन नहीं था की इतनी बड़ी संख्या में दलाल एक साथ दबोच लिए जाएंगे। योजनाबद्ध ढंग से हुई कार्रवाई परिणाम है कि सह सभी पकड़ में आ गए।

### एक्स-रे कराने में कमीशन लेते थे दलाल

जिला अस्पताल में एक्स रे मशीन खराब होने के कारण दलालों की चांदी हो गई थी। एक एक्स कराने में उनको 75 रुपये कमीशन मिलते थे। इस वजह से वे मरीजों को झांसा देकर अपने सेंटर पर ले जाकर एक्स-रे कराते थे।

### कार्रवाई से सेटिंग वाले दुकानदार परेशान

कार्रवाई के बाद सभी परेशान हो गए। खासकर वे दुकानदार जिनके वहां से दलालों की सेटिंग थी। उनको डर था की कहीं, गिरफ्तार हुए युवाओं ने मुंह खोला तो समस्या बढ़ जाएगी। कुछ दुकानदार ऐसे हैं, जो मानदेय पर दलाल रखे थे। इस प्रकरण पर दिनभर चर्चा होती रही।

> जिला अस्पताल में गोपनीय ढंग से जांच कराई गई तो हकीकत सामने आ गई। पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है।
>
> -डॉ. कौस्तुभ, पुलिस अधीक्षक

# महराजगंज जिला अस्पताल से 13 दलाल गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। जिला अस्पताल में मरीजों को झांसा देकर बाहर से दवा खरीदवाने और जांच कराने वाले 13 दलालों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अमर उजाला में छपी खबर को संज्ञान में लेते हुए हुई इस कार्रवाई में केस दर्ज कर सभी का चालान कर दिया गया।

बता दें 10 सितंबर के अंक में अमर उजाला ने जिला अस्पताल में दलालों के नेटवर्क का खुलासा किया था। इस पर पुलिस इस नेटवर्क की तलाश में जुट गई। इसबीच एक पीड़ित ने बताया कि जिला अस्पताल में सक्रिय प्राइवेट अस्पताल के एजेंट उसपर बाहर दवा लेने और जांच कराने का दबाव बनाया गया। उनकी ओर कम खर्च में बेहतर इलाज कराने का लालच दिया गया।

एजेंटों ने प्राइवेट पैथोलॉजी में जांच कराकर ब्रांडेड दवा सस्ते में उपलब्ध कराने के लिए भी बहकाया। इस सूचना पर सादे ड्रेस में सक्रिय पुलिस टीम ने पीड़ित की निशानदेही पर 13 दलालों को दबोच लिया।

सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक

## मरीजों को झांसा देकर खरीदवाते थे दवा, निजी लैब में कराते थे जांच


अस्पताल में हर तरफ दलाल, खून चूस कर हो रहे मालामाल

10 सितंबर को प्रकाशित खबर।

आनंद कुमार गुप्ता ने बताया कि कार्रवाई में रंजीत निवासी इमिलिया, सोनू भारती निवासी बारातगाढ़ा, शिवनाथ निवासी चौपरिया, मनीष विश्वकर्मा निवासी चौपरिया, राजेश यादव निवासी बड़हरारानी, सतीश निवासी रूधौली भावचक, प्रिंस पांडेय निवासी चौपरिया, विनेश कुमार गुप्ता निवासी सिसवनिया, गणेश निवासी पकड़ियार खुर्द, रोहित कुमार कन्नौजिया निवासी बड़हरा रानी, अजय निवासी मुंडेरी, चंदन शर्मा निवासी बरवा खुर्द, सोनू विश्वकर्मा निवासी पकड़ी विशुनपुर को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया है। >> जिला अस्पताल में लंबे समय से चल रहा था खेल : पेज 4

जिला अस्पताल में दलालों पर अंकुश लगाने के लिए हुई कार्रवाई

# जिला अस्पताल में छापा पकड़े 13 दलाल, केस

**महराजगंज, निज संवाददाता।** जिला संयुक्त अस्पताल में मंगलवार को पुलिस-प्रशासन की छापेमारी में 13 दलाल गिरफ्त में आ गए। इससे हड़कंप मच गया। एसओजी व पुलिस दलालों को हिरासत में लेकर कोतवाली पहुंची। एडीएम डॉ. पंकज कुमार वर्मा, एडिशनल एसपी आतिश कुमार सिंह, एसडीएम दिनेश मिश्र, जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. एपी भार्गव भी कोतवाली पहुंचे। शाम को इस मामले में पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित कई धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई।

जिला अस्पताल के सामने संचालित कई मेडिकल स्टोर, पैथालॉजी सेंटर व शहर में संचालित प्राइवेट हॉस्पिटलों से जुड़े लोग जिला अस्पताल में मरीजों की पर्ची पर बाहरी जांच कराने व दवा लिखवाने के अलावा इलाज कराए आए मरीजों को बरगलाते हैं। जिला अस्पताल में दलालों के गिरोह के सक्रिय होने की सूचना मिलने पर डीएम सत्येन्द्र कुमार व एसपी डॉ. कौस्तुभ ने कार्रवाई का एक्शन प्लान बनाकर छापेमारी कराई। इससे अधिकांश दलालों को भागने का मौका नहीं मिल पाया और पुलिस टीम ने उन्हें दबोच लिया।

**सादे वर्दी में पहले दलालों को एसओजी टीम ने चिह्नित किया:** जिला अस्पताल में सक्रिय दलालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस-प्रशासन ने फुलप्रूफ योजना बनाई। नायब तहसीलदार देश दीपक समेत अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के अलावा एसओजी के सिपाही सादे वर्दी में मरीजों के बीच घुलमिल कर पहले दलालों की गतिविधियां व उसकी सक्रियता को चिह्नित किया। कुछ दलाल चिकित्सकों के सामने ही कुर्सी पर बैठ दवा लिख रहे थे। कुछ दलाल डॉक्टर से बाहरी दवा पर्ची पर लिखवा रहे थे। एसओजी टीम ने एक साथ इन सभी को दबोच लिया।

**पकड़े गए 13 के खिलाफ केस दर्ज कर शुरू हुई कार्रवाई:** छापेमारी में पकड़े गए रंजीत निवासी इमिलिया थाना कोतवाली, सोनू भारती निवासी बारात गाढ़ा थाना फरेन्दा, शिवनाथ निवासी चौपरिया थाना कोतवाली, मनीष विश्वकर्मा निवासी चौपरिया थाना कोतवाली, राजेश यादव निवासी बड़हरा रानी थाना कोतवाली, सतीश निवासी रूधौली भावचक थाना कोतवाली, प्रिंस पाण्डेय निवासी चौपरिया थाना कोतवाली, विनेश कुमार गुप्ता निवासी सिसवनिया थाना कोतवाली, गणेश निवासी पकड़ियार खुर्द थाना चौक बाजार, रोहिक कुमार कन्नौजिया निवासी बड़हरा रानी थाना कोतवाली, अजय (अनूप) निवासी मुंडेरी थाना कोठीभार, चन्दन शर्मा निवासी बरवा खुर्द थाना घुघली व सोनू विश्वकर्मा निवासी पकड़ी विशुनपुर थाना घुघली के विरुद्ध धोखाधड़ी सहित कई धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।



मंगलवार को जिला अस्पताल में एसओजी की छापेमारी से हड़कंप मच गया।

## दिन में दस बजे के बाद सैम्पल नहीं लेते पैथालाजी कर्मी

जिला अस्पताल में दलालों के सक्रिय होने के कई कारण हैं। डिजिटल एक्सरे खराब है। पैथालाजी में दिन में दस बजे के बाद कर्मी मरीजों के खून का सैम्पल नहीं लेते। मरीजों को जांच के लिए भटकता देख दलाल लपक कर उनके पास पहुंच जाते हैं। भरोसेमंद जांच का हवाला देकर कमीशन के चक्कर में प्राइवेट पैथालाजी केन्द्रों पर मरीजों को पहुंचाते हैं। इस मामले में एडिशनल एसपी आतिश कुमार सिंह व एडीएम डॉ. पंकज कुमार वर्मा ने बताया कि जिला अस्पताल में दलालों की सक्रियता की सूचना मिली थी। प्रकरण में छापेकारी कराई गई है। पूछताछ की जा रही है।

# युवती को भगाने का आरोप, केस

परतावल। श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले शख्स ने गांव के ही एक युवक पर अपनी लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। बताया कि बीते शुक्रवार की सुबह दस बजे उसकी लड़की को गांव का ही एक युवक बहला-फुसलाकर कहीं भगा ले गया। काफी खोजने के बाद भी कहीं पता नहीं चला। प्रभारी एसओ सुनील वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी त्रिपुरेश यादव उर्फ राहुल यादव के खिलाफ धारा 366 के तहत केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# दुष्कर्म के मामले में आरोपित गिरफ्तार

परतावल। श्यामदेउरवा पुलिस ने युवती के साथ दुष्कर्म के मामले में कार्रवाई की गई। भरगांवा उर्फ लक्ष्मीपुर निवासी आरोपित युवक अफजल खान को गिरफ्तार कर न्यायालय चालान कर दिया।

पीड़िता के मुताबिक पांच साल पहले 16 सितंबर 2017 को रिश्ते के चाचा की शादी में भरगांवा उर्फ लक्ष्मीपुर गई थी। गांव का ही एक युवक अपनी दो भाभियों की मदद से अपने घर ले जाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। वीडियो भी बना लिया। दुष्कर्म की घटना को किसी से बताने पर वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए दिल्ली चला गया। वहां से वापस लौटने के बाद भी वह कई बार दुष्कर्म किया। शादी से इंकार पर वह फरियाद लेकर थाने पर पहुंची तो प्रेमी का बड़ा भाई परतावल स्थित अपने कार्यालय पर बुलाया। शादी कराने का आश्वासन दिया। शादी की तारीख भी तय हो गई। बीस अगस्त को मंगनी की रस्म पूरी होनी थी। परिजन शादी की तैयारी करने लगे। बीते दस जुलाई को प्रेमी ने फिर बुलाकर शारीरिक संबंध बनाया।

# महिला एसओ मनीषा ने संभाला पदभार

सिन्दुरिया। जमीनी विवाद के बाद एसओ कंचन राय के स्थानांतरण से रिक्त सिन्दुरिया थाना की बागडोर लगातार दूसरी बार महिला एसआई को एसपी ने सौंपी है। एसपी के निर्देश पर मंगलवार को एसआई मनीषा सिंह सिन्दुरिया थानाध्यक्ष का पदभार ग्रहण कर लीं। पदभार ग्रहण करने के बाद महिला थानाध्यक्ष अपनी प्राथमिकता गिनाईं। उनका कहना है कि जन शिकायतों का प्रभावी निस्तारण शीर्ष प्राथमिकता है। शांति व्यवस्था बिगाड़ने व आपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।

# युवती की बहन का पुलिस ने कराया बयान

**फॉलोअप**

महराजगंज, निज संवाददाता। हत्या, रेप जैसे संगीन आरोप में फंसे फरार भाजपा के पूर्व नेता राही मासूम रजा के खिलाफ कानून का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कराने वाली युवती की छोटी बहन का भी मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज करा दिया है। विधिक प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए पुलिस पूर्व भाजपा नेता के आवास पर धारा 41 का नोटिस चस्पा कर चुकी है। बयान देने के लिए सामने नहीं आने पर पुलिस अग्रिम कार्रवाई करेगी।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष रहे राही मासूम रजा के खिलाफ हत्या, दुष्कर्म, पॉक्सो, एससीएसटी एक्ट समेत कई धाराओं में केस दर्ज होने के बाद पार्टी उन्हें छह साल के लिए निष्कासित कर चुकी है। वर्तमान से पूर्व हो चुके भाजपा नेता पर उनके आवास में किराया पर रहने वाली संतकबीर नगर जिले की दलित युवती अपने पिता की हत्या के अलावा उसके साथ दुष्कर्म व छोटी बहन के साथ छेड़खानी का आरोप लगाते हुए कोतवाली में अभियोग पंजीकृत कराई है। इस वजह से पुलिस छोटी बहन का भी मंगलवार को मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज कराई। सीओ सदर अजय सिंह चौहान ने बताया कि प्रकरण में विवेचना चल रही है। विवेचना के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

**सिपाही समेत दो जा चुके हैं जेल, पांच हैं निलंबित, चौदह लाइन हाजिर**

कोतवाली पुलिस केस दर्ज होने के बाद पूर्व भाजपा नेता राही मासूम रजा को हिरासत में लेने में कामयाब हो चुकी थी, लेकिन मैनेज के खेल का सुखद परिणाम भांप पुलिस कर्मियों ने पूर्व भाजपा नेता को उनके करीबियों की सुपुर्दगी में यह कहते हुए सौंप दी कि पूछताछ के लिए बुलाए जाने पर वह पुलिस के सामने उपस्थित होगा। पर, पुलिस की गिरफ्त से छूटने के बाद भाजपा नेता के फरार होने की घटना पुलिस कर्मियों से आफत बन गई। इस मामले में अभी तक कोतवाल समेत चौदह आरोपित लाइन हाजिर किए जा चुके हैं। नगर चौकी इंचार्ज समेत पांच पुलिस कर्मी सस्पेंड हो चुके हैं। आबिद नाम के सिपाही समेत दो आरोपित जेल भेजे जा चुके हैं। बयान से पलटने के लिए पूर्व भाजपा नेता ने केस दर्ज कराने वाली युवती व उसके परिवार को नौ लाख रुपया दिया था, जिसे सीओ अजय सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम बरामद कर चुकी है।

# पूर्व जिलाध्यक्ष की तलाश में छापेमारी

- किशोरी का हुआ बयान, छह सितंबर को पीड़िता की बड़ी बहन का कराया गया था बयान
- दुष्कर्म पीड़िता पर आरोपित पक्ष के दबाव बनाने पर सुर्खियों में आया था मामला

जासं, महराजगंजः हत्या, दुष्कर्म ,छेड़खानी सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज होने के बाद फरार भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष मासूम रजा राही की तलाश मंगलवार को भी जारी रही। प्रयागराज, बनारस, लखनऊ गई टीमों ने आरोपित के संभावित ठिकानों पर छापेमारी की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। महराजगंज, गोरखपुर, देवरिया व कुशीनगर में भी आरोपित की तलाश में पुलिस टीम जुटी है। इसी क्रम में दुष्कर्म पीड़िता को छोटी बहन का न्यायालय में 164 का बयान कराया गया। सदर सीओ व विवेचक अजय सिंह चौहान, महिला थाना की थानाध्यक्ष कंचन राय सहित अन्य पुलिसकर्मी उसे न्यायालय ले गए। जहां उसका बयान कराया गया। पीड़िता के बयान के बाद आरोपित की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं।

संतकबीरनगर के मेंहदावल थानाक्षेत्र की पीड़िता ने बीते पांच सितंबर को महराजगंज निवासी भाजपा नेता पर दुष्कर्म, पिता की हत्या व छोटी बहन के साथ छेड़खानी का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था।

इस मामले में अचानक मोड़ तब आ गया जब 164 के बयान में दुष्कर्म पीड़िता आरोपित पर लगाए गए सभी आरोपों से पलट गई। जांच में पता चला कि आरोपित ने अपने प्रभाव के बल पर पुलिस मीडिया सेल में तैनात सिपाही आबिद अली व अपने गुर्गों के माध्यम से पीड़िता पर दबाव बनाया था। यहां तक कि पीड़िता के पास से नौ लाख रुपये भी पुलिस ने बरामद किए। बरामद रुपयों की जांच की जा रही है। इस प्रकरण में घटना के दिन 28 अगस्त से ही लापरवाही बरतने के आरोप में 19 पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई हो चुकी है। जबकि मध्यस्थता करने वाला सिपाही आबिद व शहर के निवासी एक मददगार गुड्डू शाह को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इस प्रकरण में सदर कोतवाली व नगर चौकी के पुलिसकर्मियों की लापरवाही उजागर होने के बाद अब हर कदम फूंक-फूंक कर रखा जा रहा है। पीड़िता के घर मंगलवार को भी पुलिस तैनात रही। किसी को भी उससे मिलने नहीं दिया जा रहा है। एसपी डा. कौस्तुभ ने बताया कि आरोपित की तलाश में चार टीमों को बाहर भेजा गया है। शीघ्र ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# उमेश ठूठीबारी व स्वतंत्र कोल्हुई के बने थानेदार

- कोल्हुई एसओ को दिया गया एसओजी का प्रभार
- चार थानों के प्रभारियों का एसपी ने किया स्थानांतरण

महराजगंज, निज संवाददाता। पूर्व भाजपा नेता प्रकरण में कार्रवाई की जद में आई कोतवाली में फिर से नए पुलिस कर्मियों की तैनाती के लिए कई थाने भी फेरबदल के लपेटे में आ गए हैं। एसपी डॉ. कौस्तुभ ने मंगलवार को चार थाना प्रभारियों व आईजीआरएस व एसओजी सेल के प्रभारियों का स्थानांतरण किया है। इसमें क्रिमिनल मॉनीटरिंग सेल (सीएमएस) के प्रभारी एसआई उमेश कुमार को ठूठीबारी कोतवाली व एसओजी प्रभारी स्वतंत्र कुमार को कोल्हुई थाना का नया एसओ नियुक्त किया है।

पुलिस कार्यालय के मीडिया सेल के मुताबिक महिला थानाध्यक्ष मनीषा सिंह को सिन्दुरिया थानाध्यक्ष बनाया गया है। सिन्दुरिया थानाध्यक्ष कंचन राय को महिला थाना की कमान सौंपी गई है। ठूठीबारी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश सिंह यादव को आईजीआरएस सेल व कोल्हुई एसओ महेन्द्र यादव को एसओजी का प्रभारी बनाया गया है।

**निलंबित चौकी इंचार्ज की जगह नई तैनाती:** पूर्व भाजपा नेता राही मासूम रजा के प्रकरण में निलंबित नगर चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार सिंह की जगह एसपी ने आईजीआरएस सेल में तैनात एसआई निरंजन राय को तैनात किया है।

फरेंदा थाना के अतिरिक्त निरीक्षक अरविन्द कुमार यादव को श्यामदेउरवा थाना का अतिरिक्त निरीक्षक, निचलौल थाना में तैनात एसआई गौरव यादव को जन सुनवाई सेल, श्यामदेउरवा थाना के उप निरीक्षक/हेड मुहर्रिर सुरेश यादव को बरगदवा थाना, श्यामदेउरवा के एसआई जयप्रकाश यादव को निचलौल, फरेंदा थाना के एसआई आत्मानंद सिंह को सोनौली, निचलौल थाना के एसआई अरूण कुमार को फरेंदा, सोनौली थाना के एसआई चंद्रशेखर को प्रभारी अनुष्ठदाप बनाया गया है। इनके समेत कुमार 69 पुलिस कर्मियों का तबादला किया जा चुका है।

# मानदेय वृद्धि के लिए चौकीदारों का धरना



जिला मुख्यालय पर धरना देते चौकीदार ● जागरण

जासं, महराजगंज: ग्रामीण चौकीदार संघ ने मानदेय वृद्धि सहित विभिन्न मांगों को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना दिया। शासन प्रशासन के विरोध में नारेबाजी। इसके बाद जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की।

जिलाध्यक्ष बांकेलाल ने कहा कि इस महंगाई के दौरान में ढाई हजार में जीवन गुजारना मुश्किल है। कम मानदेय के कारण चौकीदार आर्थिक तंगी का शिकार हो रहे है। चौकीदारों को राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। उन्होंने कहा कि चौकीदार भी पुलिस के अभिन्न अंग हैं। मुझे लाल साफा दिया जाता है। जबकि बहुत सी राजनीतिक पार्टियां लाल साफा पहनती हैं। इसलिए चौकीदारों को भी पुलिस की तरह वर्दी दी जाए। धरने में इंद्रजीत, शिवकुमार कन्नौजिया, शिवराज, रामनयन, सोधई यादव, सुग्रीव, नंदलाल, नूरजहां सहित बड़ी संख्या में चौकीदार उपस्थित रहे।

**लंपी रोग से बचाव के लिए टीकारण की मांग:** महराजगंज: सदर ब्लाक प्रमुख के प्रतिनिधि राजेंद्र चौधरी सहित अन्य ग्रामीणों ने लंपी रोग से बचाव के लिए गोवंशीय पशुओं में टीकाकरण की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

कहा कि लंपी स्किन डिजीज गोवंशीय पशुओं में तेजी से फैल रहा है। उनके साथ संत कृपाल, ऋषिदेव निषाद, जितेंद्र, जगदीश आदि मौजूद रहे।

## गांव के युवक पर अपहरण का मुकदमा

परतावल : श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले पिता ने गांव के ही एक युवक त्रिपुरेश यादव उर्फ राहुल पर बेटी को बहला-फुसलाकर अपहरण करने का आरोप लगाया है। थाने में दी गई तहरीर में लिखा है कि आठ सितंबर की सुबह 10 बजे बेटी का आरोपित युवक ने अपहरण कर लिया है। प्रभारी थानाध्यक्ष सुनील वर्मा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। (जासं)

## दो दिन से युवक लापता

नौतनवा : दो दिन पहले घर से निकला युवक नहीं लौटा है। नौतनवा के हमीद नगर वार्ड के रहने वाले मुकेश चौरसिया ने तहरीर में लिखा है कि रविवार सुबह 11 बजे उनका छोटा भाई रितेश घर से निकल गया। इंस्पेक्टर मनोज कुमार राय ने कहा कि युवक की तलाश की जा रही है। (जासं)

# विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी

**जासं, चौक बाजार:** कोठीभार थाना क्षेत्र के बरवा शालिग्राम निवासी एक युवक की शिकायत पर चौक पुलिस ने थानाक्षेत्र के एक युवक व उसकी पत्नी पर विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी समेत मारपीट का मुकदमा पंजीकृत किया है।

शिकायतकर्ता गंगासागर ने मंगलवार को पुलिस को दी गई तहरीर में लिखा है कि पड़री कला निवासी मुजमिल व उसकी पत्नी सद्दीकुननिशा ने मिलकर उससे एवं उसके तीन अन्य साथियों सतीश चौधरी, रामअवतार, संतोष चौधरी से 25 हजार प्रति व्यक्त लेकर कतर भेजने का वादा किया था। आरोपित जून में चारों लोगों से कुल तीन लाख चालीस हजार रुपये लिए थे। अब न तो वह विदेश भेज रहे हैं और न ही रुपये वापस कर रहे हैं।

थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार पाठक ने बताया कि तहरीर के आधार पर दोनों आरोपितों पर छल कपट के साथ धोखाधड़ी संग मारपीट व जान से मारने की धमकी का मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है।

# जिला अस्पताल में छापेमारी, 13 दलाल गिरफ्तार

## डीएम के निर्देश पर हुई कार्रवाई, चिकित्सकों के कक्ष से पकड़े गए कई, ओपीडी छोड़कर चले गए कई डाक्टर

- अस्पताल में दिनभर गर्म रहा चर्चाओं का बाजार
- जिलाधिकारी को किसी पीड़ित ने लिखा था गोपनीय पत्र

**जागरण संवाददाता:** जिला अस्पताल में मंगलवार को प्रशासन और पुलिस की टीम ने छापेमारी कर चिकित्सकों की सांठगांठ से चल रहे कमीशन के खेल का भंडाफोड़ किया। इस दौरान टीम ने 13 दलालों को गिरफ्तार किया। सभी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। प्रशासन की इस कारंवाई से जिला अस्पताल में खलबली मच गई। कई चिकित्सक के नाम उजागर होने से जहां उनकी सांस अटकी है, वहीं कई चिकित्सक ओपीडी (आउट पेशेंट वार्ड) छोड़कर नदारद रहे। बाहर मेडिकल स्टोर संचालकों में भी दहशत रही।

दरअसल प्रशासन को लगातार शिकायत मिल रही थी कि जिला अस्पताल दलालों का अड्डा बन गया है। सीसी कैमरे से निगरानी होने के बाद भी अस्पताल प्रशासन कारंवाई नहीं कर पा रहा था। दलाल अस्पताल में रोगियों के ब्लड का नमूना तक निकलवा लेते थे और जांच के लिए बाहर पैथालोजी में भेज देते थे। जिलाधिकारी को इस मामले में एक प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ, जिसमें पीड़ित ने बताया कि उसे प्राइवेट पैथालोजी में जांच कराकर विदेशी ब्रान्ड की दवाएं कम पैसे में उपलब्ध कराने के लिए बहकाया गया। परन्तु जब उसने दलालों की बात नहीं सुनी तो उससे कमीशन मांगा गया।

विरोध पर दलालों ने मारने पीटने की धमकी दी। प्रकरण को संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार और पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने टीम गठित कर कारंवाई का निर्देश दिया। मंगलवार को अपर जिलाधिकारी डा. पंकज कुमार वर्मा और अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह के नेतृत्व में नायब तहसीलदार देश दीपक त्रिपाठी और क्राइम ब्रांच पुलिस सुबह 11.30 बजे जिला अस्पताल में पहुंची। इसके बाद टीम चारों तरफ फैल गई और इमरजेंसी से लेकर ओपीडी में ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू कर दी। इस दौरान कई डाक्टरों के कक्ष में दलाल पकड़े गए। पूछताछ में दलालों ने स्वीकार किया कि वह चिकित्सक के सहयोग में काम करते हैं। इसके बाद पुलिस सभी कोतवाली ले गई।

सदर कोतवाल आनंद कुमार गुप्ता ने बताया कि चीफ फार्मासिस्ट साकेत बिहारी सिंह की तहरीर पर 13 आरोपितों के विरुद्ध धोखाधड़ी, जालसाजी, जबरदस्ती वसूली करने, उकसाने व मारपीट की धारा में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है। अस्पताल में दलालों को पकड़े जाने के बाद उनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. एपी भार्गव भी कोतवाली पहुंचे। वहां चीफ फार्मासिस्ट की तहरीर के आधार पर पुलिस ने कारंवाई की। अपर जिलाधिकारी डा. पंकज कुमार वर्मा, आतिश कुमार सिंह ने वहां पहले से मौजूद रहे।

इस दौरान डा. एपी त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। अपर जिलाधिकारी डा. पंकज कुमार वर्मा ने बताया कि सभी आरोपितों को जेल भेज दिया गया है।



सदर कोतवाली में गिरफ्तार आरोपित• जागरण

### इनके विरुद्ध हुई कार्रवाई


रंजीत निवासी इमिलिया, थाना कोतवाली, सोनू भारती निवासी बरातगाढ़ा, थाना फरेन्दा, शिवनाथ,प्रिंस पांडेय व मनीष विश्वकर्मा निवासी चौपरिया, थाना कोतवाली, राजेश यादव, निवासी बड़हरा रानी, थाना कोतवाली, सतीस निवासी रुधौली भायवक, कोतवाली, विनेश कुमार गुप्ता, निवासी सिसवनिया, थाना कोतवाली, गणेश निवासी पकड़ियार खुर्द, थाना चौक बाजार, रोहित कुमार निवासी बड़हरा रानी, थाना कोतवाली, अजय (अनूप) निवासी मुंडेरी, थाना कोठीभार, चन्दन शर्मा निवासी बरवा खुर्द, थाना घुघली, सोनू विश्वकर्मा निवासी पकड़ी विशुनपुर, थाना घुघली, महराजगंज।

> जिला अस्पताल में लगातार दलाली की शिकायत मिल रही थी। एक पीड़ित की शिकायत पर छापेमारी कराई गई। छापेमारी में 13 लोग पड़े गए है, जिनके विरुद्ध पुलिस ने कारंवाई की है। पुलिस की विवेचना में जो लोग संलिप्त पाए जाएंगे। उनके विरुद्ध कारंवाई की जाएगी।
>
> सत्येन्द्र कुमार, जिलाधिकारी

# आपत्तिजनक फोटो प्रसारित करने पर पिता-पुत्र को जेल

जासं, चौकबाजार: थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती से छह माह से छेड़छाड़ करने के साथ ही आपत्तिजनक फोटो प्रसारित करने के मामले में एक युवक व उसके पिता पर मंगलवार को मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया। देर शाम उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

युवती के पिता ने थाना क्षेत्र के बड़हराराजा निवासी शाह आलम पर आरोप लगाया था कि वह बेटी को छह माह से छेड़ रहा था। उसकी फोटो इंटरनेट मीडिया पर रविवार को प्रसारित कर दिया था। तहरीर के आधार पर चौक पुलिस ने आरोपित व उसके पिता के विरुद्ध छेड़छाड़, आइटी एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष प्रशांत पाठक ने बताया कि आरोपित व उसके पिता को गिरफ्तार किया गया है।



# दहेज हत्या के मामले में पति समेत पांच पर मुकदमा दर्ज

जासं, सिंदुरिया : बसंतपुर खुर्द गांव निवासी विवाहिता अंकिता देवी की मृत्यु मामले में सिंदुरिया थाने की पुलिस ने मंगलवार को पति समेत पांच लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। ससुर को हिरासत में ले लिया गया है। यह कार्रवाई मृतका की मां सुधा देवी की तहरीर पर की गई है।

भिटौली थाना क्षेत्र विशुनपुरा गांव की मृतका की मां सुधा देवी ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि पुत्री अंकिता को दहेज के लिए उसके पति मंजीत व ससुर लल्लू, सास मीरा, देवर भोलू और देवरानी रेनू बराबर प्रताड़ित करते थे। परिवार में अक्सर कलह होता था। इसको लेकर

**चिता से शव उठाकर ले गई थी सिंदुरिया थाने की पुलिस, मृतका की मां ने दी तहरीर, हिरासत में लिया गया ससुर**

कई बार रिश्तेदारों के साथ पंचायत भी हुई थी। बावजूद इसके अंकिता के पति, सास, ससुर देवर, देवरानी नहीं माने और उसकी हत्या कर दिए। एएसपी आतिश कुमार सिंह ने बताया कि मृतका की मां की तहरीर के आधार पर पांच लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। ससुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# छह के विरुद्ध मारपीट और बलवा का मुकदमा दर्ज

सिंदुरिया: विश्वनाथपुर पडवनिया गांव में तीन सितंबर को भूमि विवाद को लेकर हुई दो पक्षों में मारपीट के मामले में मंगलवार को पुलिस ने छह लोगों के विरुद्ध मारपीट और बलवा की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है । तीन सितंबर को पड़वानिया विश्वनाथपुर गांव में भूमि विवाद में मारपीट हुई थी । इस मामले में पानमती ने तहरीर दी थी। (जासं)

# नहर में मिला युवक का शव

निचलौल: थाना क्षेत्र के ग्राम बैदौली निवासी युवक का शव मंगलवार को सिंदुरिया थाना क्षेत्र के ग्राम मोहनापुर के समीप मिला। स्वजन की मानें तो ग्रामवासी इंद्रासन सोमवार को घर पहुंचा तो काफी विवाद होने लगा था। स्वजन से नाराज होकर रात 10 बजे के बाद नहर में कूद गया। मंगलवार को शव बरामदगी की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच कर रही है। (जासं)

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

जासं, परतावल : श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के एक गांव में शादी का झांसा देकर छह वर्षों तक दुष्कर्म करने वाले युवक अफजल को पुलिस ने मंगलवार को दोपहर महदेवा गांव से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित व उसकी भाभी पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है।

# दो की गई थानेदारी, 75 पुलिस कर्मियों का कार्यक्षेत्र बदला

जासं, महराजगंजः जिले की कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त करने के लिए पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने सोमवार की रात बड़ा फेरबदल किया। काफी समय से जमे कोल्हुई व ठूठीबारी के थाना प्रभारियों को हटा दिया गया। महिला थाना व सिंदुरिया थाना प्रभारियों सहित दो निरीक्षक, 10 उपनिरीक्षक, दो महिला उपनिरीक्षक, आठ मुख्य आरक्षी, 24 आरक्षी, 28 महिला आरक्षी, एक उर्दू अनुवादक सहित कुल 75 पुलिसकार्मियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया गया है।

ठूठीबारी कोतवाली में लंबे समय से जमे प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश यादव को प्रभारी आइजीआरएस, कोल्हुई थानाध्यक्ष महेंद्र यादव को प्रभारी एसओजी बनाया गया है। सीएमएस प्रभारी उमेश कुमार को थाना ठूठीबारी व एसओजी प्रभारी स्वतंत्र सिंह को कोल्हुई थाने का थानाध्यक्ष बनाया गया है। महिला थाना प्रभारी मनीषा सिंह को सिंदुरिया का थानाध्यक्ष बनाया गया। सिंदुरिया की थाना प्रभारी कंचन राय को महिला थाना का प्रभार सौंपा गया है। निरीक्षक अरविंद कुमार यादव को थाना फरेंदा से अतिरिक्त निरीक्षक थाना श्यामदेउरवा, उपनिरीक्षक निरंजन राय आइजीआरएस सेल से चौकी प्रभारी नगर, उपनिरीक्षक गौरव यादव थाना निचलौल से जन सुनवाई सेल, उपनिरीक्षक सुरेश यादव थाना श्यामदेउरवा से थाना बरगदवा, उपनिरीक्षक जयप्रकाश यादव थाना श्यामदेउरवा से थाना निचलौल, उपनिरीक्षक आत्मानंद सिंह थाना फरेंदा से सोनौली, उपनिरीक्षक अरुण कुमार थाना निचलौल से थाना फरेंदा भेजे गए हैं।

मुख्य आरक्षी, आरक्षी एवं महिला आरक्षियों को थाना कोतवाली सदर में नौ, श्यामदेउरवा में 11, कोठीभार में 12, फरेंदा में आठ, कोल्हुई में दो, पुरंदरपुर में तीन, पनियरा में दो, नौतनवा, बरगदवा, सोनौली व भिटौली में एक, सोहगीबरवा में छह की तैनाती हुई है।

# BASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 13-09-2023

# जमीन देने का वादा कर डॉक्टर से 93 लाख की धोखाधड़ी

**बस्ती (एसएनबी)।** जमीन देने का वादा कर जालसाजों ने एक चिकित्सक को अपने झांसे में ले गया और विश्वासघात कर उससे लाखो रूपये लेकर हड़प गये। चिकित्सक द्वारा जब अपना पैसा वापस मांगा गया तो उसको अभियुक्तों ने गालियां व जान से मारने की धमकी दिया। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर सोनहा थाने की पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है।

सोनहा थाने पर लिखित तहरीर देकर पीड़ित डॉक्टर वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि जनपद बाराबन्की स्थित उसके आस्था हास्पिटल पर कुछ दिन पूर्व उपचार कराने के लिए सोनहा थाना क्षेत्र के गदापुरचक निवासी परवेज अहमद, मोहम्मद अजीज व अजीज की पत्नी अक्सर आया करती थी। जिससे उनकी कुछ ही दिनों में अच्छी जान पहचान हो गया। अभियुक्तो द्वारा उन्हे अपनी जमीन को रजिस्ट्री करने के लिए कहा जिसके लिए कुछ रूपये बैंक तथा कुछ रूपये नकदी के रूप में करीब 93 लाख 35 हजार रूपये रूपये दिया था। अभियुक्तो द्वारा पैसे पाने के बाद अस्पताल पर आना छोड़ दिये तथा कई माह बीत जाने के बाद भी जमीन का बैनामा नही किया। जिसके लिए उन्होंने कई बार कहा परन्तु जमीन बैनामा करने तथा पैसे हड़पने की नियत से अभियुक्तगण आनाकानी करते रहे। जब उसने अपना पैसा वापस मांगा तो उसे गालियां व जान से मारने की धमकी दी गयी व पैसे वापस करने से साफ इन्कार कर दिया।

इस पूरे मामले में सोनहा थाने की पुलिस ने पीड़ित डा. वीरेन्द्र सिंह की तहरीर पर आरोपी परवेज अहमद पुत्र मोहम्मद अजीज, मोहम्मद अजीज पुत्र मोहम्मद हद्दीस व मोहम्मद अजीज की पत्नी निवासीगण गदापुरचक हेतिम थाना सोनहा के विरुद्ध धारा 420, 406, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## मामूली विवाद को लेकर युवक की पिटाई, मुकदमा

**बस्ती ।** मामूली विवाद को लेकर एक युवक को विपक्षी ने गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। छावनी थानान्तर्गत बतासी जोत गांव निवासी पूर्नवासी को मामूली विवाद की बात को लेकर अभियुक्त शम्भू ने गालिया दिया। जिसका पूर्णवासी द्वारा विरोध करने पर उसे मारा पीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी गयी। मामले में पीड़ित युवक पूर्णमासी की मां सुकना देवी पत्नी सुखऊ ग्राम बतासी जोत थाना छावनी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी शम्भू पुत्र शिवपूजन के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत केस दर्ज किया है।

# डकैती के खुलासे को लेकर पुलिस के हाथ खाली

**बस्ती (एसएनबी)।** शहर के व्यस्त चौराहों में से रौता चौराहे पर मुख्य मार्ग पर बने दो मंजिला मकान मेंरहने वाले अधिवक्ता की पत्नी को बंधक बनाने के साथ छुरा मारकरघायल कर लूटपाट किये जाने के मामले में अभी भी कोतवाली पुलिस हवा में हाथ पांव मार रही है। घटना के चौबीस घंटे बाद भी डकैतोंकी सुरागरसी न हो पानेऔर न ही गिरफ्तारी की कोई सूचना मिलने पर आमजन जहां खौफजदा है तो वहीं अधिवक्ता संघ के अलावा अन्य संगठन भी इस घटना मेंशिथिल पुलिसिया कार्यवाही कोलेकर आक्रोशित हैं। दूसरी तरफ गंभीर हाल महिला का उपचार शहर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

उल्लेखनीय है कि कोतवाली थाना क्षेत्र के रौता चौराहे पर पुलिस चौकी से महज पचास मीटर की दूरी पर कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेन्द्र मोहन वर्मा का आवास है। जहां वह अपनी पत्नी नूतन वर्मा के साथ रहते हैं। सोमवार कोउनकी पत्नी घरमें अकेली थी। दोपहर बाद दो युवक दरवाजा खोल घर में घुसे

**शहर के व्यस्त चौराहे पर अधिवक्ता की पत्नी कोघर में बंधक बना की गयी थी लूट**

**घटना के बाद पुलिस के इकबाल पर लगे हैंसवालिया निशान,खौफ में आमजन**

**गंभीरहालत में घायल महिला का प्राइवेट नर्सिंग होम में चल रहा उपचार**

और नूतन वर्मा को चाकू की नोंक पर लेते हुए उनके हाथ पैरबांध दिये। महिला ने शोर मचाना चाहा तोउनके पेट में चाकू घोंप मुंह में कपड़ा डालकरउसेबाथरूम में ढकेल दिया गया। इसके बाद बेखौफ बदमाशों ने एक-एक कमरे में इत्मिनान सेलूटपाट किया

### रौता चौकी प्रभारी पर कार्यवाही की मांग

**बस्ती ।** रौता चौराहे पर बनी पु लिस चौकी से महज पांच घर बाद हुई दिनदहाड़े डकैती ने पुलिसिया इकबाल के पोल खोले हैं। घटना के वक्त पुलिस चौकी पर कोई पुलिस कर्मी न मौजूद रहना इस बात की गवाही है कि चोरों नेपहले से घटना कोअंजाम देनेकेलिए इसी जगह को चुना और रेकी करने के बाद इत्मिनान से वारदात को अंजाम देकर फरार हो गये। कायस्थ महासभा से लगायत अन्य संगठनों ने लचर पुलिसिया व्यवस्था को देखते हु ए रौता चौकी इंचार्जपर कार्यवाही की मांग की है।

औरनकदी के साथ जेवरात लेकर फरार हो गये। कुछ देर बाद अधिवक्ता सुरेन्द्र मोहन वर्माजब घर पहुंचे तो अपनी पत्नी को बंधक बना पाया तोइसकी सूचना पुलिस को दिया। घटना के बाद एसपी के साथ भारी संख्या में पुलिस फोर्समौके पर पहुंची और बारीकी से घटनास्थल का निरीक्षण किया। 24 घंटे बीत जाने के बाद अभी भी पुलिस किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच पायी है। लुटेरों की गिरफ्तारी केलिए एसपी नेक्राइम ब्रांच,स्वाट के अलावा कोतवाली के अलग-अलग टीमो को लगाया है। मंगलवार को भी फोरेन्सिक टीम के अलावा पुलिस की टीमों के प्रभारी मौके पर पहु चेऔर साक्ष्य एकत्र किये गये। फिलहाल भरे चौराहे पर इस तरह की घटना के बाद आमजन खौफजदा हैतोवहीं सोमवार की देर रात अधिवक्ता सुरेन्द्र मोहन वर्मा पुत्र हरीशचन्द्र वर्मा निवासी रौता चौराहा की तहरीरपर अज्ञात लुटेरों के विरु द्ध घर में घुसकर उनकी पत्नी के पेट में चाकू मारने व मुंह पर राड से हमला कर घायल करने,कान की बाली, पैर

### सीसीटीवी कैमरो के जरिये तलाशी जा रही लुटेरों की लोकेशन

**बस्ती ।** आपरेशन त्रिनेत्र के तहत शहर भर में लगाये गये सीसीटीवी कैमरे इस घटना के खुलासे में मददगार हो सकते हैं। जगह-जगह लगेसीसीटीवी कैमरों के सहारेजांच में जुटी टीमें व कोतवाली पुलिस लुटेरों के लोकेशन को तलाशने में जुटी है। घटना कोअंजाम देने के बाद महज दो लुटेरे किस तरफ फरार हुए। इसेलेकर भी पुलिस माथापच्ची कर रही है।

का बिछुआ व बैग में रखेजेवरात तथा साठ हजार रुपये नकदी लूटने में धारा 455,342,394 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

# पुरानी पेंशन बहाली के लिये संघर्ष की धार तेज करने में जुटा संघ

**बस्ती (एसएनबी)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष उदय शंकर शुक्ल की अध्यक्षता में मगंलवार को बस्ती सदर बीआरसी पर पेंशन बहाली संयुक्त मंच एनजेसीए राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर बैठक कर संघर्ष की रणनीति तय की गई। बैठक में संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने कहा कि आगामी 21 सितम्बर को पुरानी पेंशन बहाल किये जाने के एक सूत्रीय मांग को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना देकर एनपीएस का पुतला फूंकने के साथ ही ज्ञापन भेजा जायेगा। कहा कि शिक्षकों, कर्मचारियों के समक्ष करो या मरो जैसे हालात है। पुरानी पेन्शन बहाल हो इसके लिये हर स्तर पर संघर्ष की धार को तेज करना होगा।

संघ के जिला मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला कोषाध्यक्ष अभय सिंह यादव, सदर ब्लाक अध्यक्ष शैल शुक्ल, मंत्री विजय प्रताप वर्मा, जिला प्रवक्ता सूर्य प्रकाश शुक्ल आदि ने कहा कि शिक्षक और कर्मचारियों के लिये पुरानी पेंशन बुढापे की लाठी है। कई राज्य सरकारों ने इसे लागू भी कर दिया है किन्तु केन्द्र की सरकार इस दिशा में गंभीर नही है। वक्ताओं ने कहा कि जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं होजाती चरणबद्ध ढंग से आन्दोलन जारी रहेगा। पेंशन शिक्षकों, कर्मचारियों का अधिकार है, इसे लेकर रहेंगे। कहा कि पुरानी पेंशन लागू करना ही होगा। इसके लिये शिक्षक और कर्मचारी हर स्तर के संघर्ष के लिये तैयार रहे। यदि अभी न चेते तो बुढापे में चौतरफा संकट झेलना होगा। पेंशन बहाली सहित अन्य मांगों को लेकर आयोजित बैठक में मुख्य रूप से कृष्ण बहादुर पाल, बृजेश कुमार पाण्डेय, कृष्ण कुमार, विनोद गौतम, सचिन शुक्ल, राघवेन्द्र पाण्डेय, आशुतोष शुक्ल, कन्हैया लाल भरती, अरविन्द कुमार, आदित्य प्रकाश, आनन्द शुक्ल, पूजा, जया, नेहा, राजपति, रंजना, सुनीता, दुर्गा, प्रवीण पाण्डेय, याकूब सिद्दीकी, विनय चौबे, मनीष, योगेन्द्र शुक्ल, मंजू पाण्डेय सहित अनेक शिक्षक और संघ पदाधिकारी शामिल रहे।



बस्ती : संगठन की बैठक करते संघ के पदाधिकारीगण। फोटो : एसएनबी

# पीएम पर अमर्यादित टिप्पणी में शिक्षक निलंबित

**सख्ती**

- बीआरसी कप्तानगंज के वाट्सएप ग्रुप में शिक्षक ने पोस्ट किया था मैसेज
- मैसेज वायरल होने की बीएसए ने बीईओ कप्तानगंज को सौंपी थी जांच
- इसी ब्लॉक के उच्च प्राइमरी सहिजनपुर में तैनात हैं आरोपी शिक्षक हरिश्चंद्र

**कप्तानगंज (बस्ती), हिन्दुस्तान संवाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अमर्यादित टिप्पणी व्हाट्सअप ग्रुप में पोस्ट करने वाले सहायक अध्यापक पर शिकंजा कस दिया गया है। प्रकरण की शिकायत पीएमओ से लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय तक हुई है। उच्चस्तर से इसे संज्ञान लिए जाने के बाद आनन-फानन में मंगलवार को बीईओ कप्तानगंज प्रभात श्रीवास्तव ने थाने पर तहरीर देकर सहायक अध्यापक हरिश्चंद्र चौधरी के खिलाफ केस दर्ज करा दिया। दूसरी तरफ बीएसए अनूप कुमार ने भी आरोपी शिक्षक को निलंबित कर दिया है।

बीआरसी कप्तानगंज के नाम से शिक्षकों को एक ग्रुप संचालित होता है। जिसमें विभागीय सूचनाओं आदि को अपडेट किया जाता है। बीते छह सितंबर को इस ग्रुप में कप्तानगंज ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय सहिजनपुर में कार्यरत सहायक अध्यापक हरिश्वंद्र चौधरी ने एक मैसेज फॉरवर्ड किया गया था। जिसमें पीएम को लेकर अमर्यादित व आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया गया था। व्हाट्सअप ग्रुप की इस पोस्ट का स्क्रीन शॉट वायरल होने के बाद मामला तूल पकड़ने लगा था। बीएसए ने मामले में जांच कर आख्या बीईओ कप्तानगंज से तलब किया था।

शिक्षक की तरफ से सफाई पेश की गई कि बच्चों ने गलती से मैसेज डाल दिया था। बाद में मैसेज भी डिलीट कर दिया गया था। लेकिन इधर यह मामला उच्च स्तर से संज्ञान लिए जाने के बाद प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया। बीएसए के निर्देश पर मंगलवार को बीईओ कप्तानगंज ने कप्तानगंज थाने में तहरीर देकर आरोपी शिक्षक हरिश्चंद्र चौधरी निवासी कौड़ी कोल बुजुर्ग के खिलाफ केस दर्ज करा दिया। बीएसए ने शिक्षक को निलंबित कर विभागीय जांच के लिए दो सदस्यीय टीम गठित कर दी है। थानाध्यक्ष कप्तानगंज रोहित उपाध्याय ने बताया कि आरोपी शिक्षक की तलाश की जा रही है।

## सहायक अध्यापक ने मांगी माफी, नरम पड़े शिक्षामित्र

**भानपुर।** व्हाट्सअप ग्रुप पर शिक्षामित्रों को लेकर अमर्यादित टिप्पणी पोस्ट करने को लेकर उपजे विवाद पटाक्षेप हो गया। घटनाक्रम को लेकर उग्र शिक्षामित्रों ने बीईओ से शिकायत की थी। अमर्यादित टिप्पणी पोस्ट करने वाले सहायक अध्यापक स्तर से अब लिखित रूप से माफी मांग ली गई है। इससे नरम पड़े शिक्षामित्रों ने बीईओ से अब कोई कार्रवाई नहीं किए जाने की सिफारिश की है। बीईओ रामनगर नीरज सिंह ने बताया कि पांच दिन पूर्व एक सहायक अध्यापक ने मोबाइल फोन के व्हाट्सअप ग्रुप में शिक्षामित्रों के खिलाफ पोस्ट किया था। इसकी शिकायत हुई थी। अब यह प्रकरण समाप्त हो गया है। दोबारा इसकी पुनरावृति न हो, इसके लिए कड़े निर्देश दिए गए हैं।

# दहेज कम मिलने पर विवाहिता को पीटा, केस

**बस्ती ।** कम दहेज मिलने से नाराज ससुरालियों ने विवाहिता को प्रताड़ित करने के साथ ही उसे मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। महिला थाने पर लिखित तहरीर देकर पीड़िता प्रियंका पुत्री राम बहाल हाल मुकाम निवासी सियाकटाई थाना दुधारा जनपद सन्तकबीर नगर ने बताया कि उसके ससुरालियों द्वारा दहेज में चार लाख रूपये की मांग की गयी। जिसे पूरा न कर पाने के कारण उसकी पिटाई करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले में महिला थाने की पुलिस ने आरोपी पति राकेश कुमार पुत्र रामसेवक, सास राजपति पत्नी रामसेवक, ससुर रामसेवक व देवर अजय कुमार, मनोज कुमार पुत्रगण रामसेवक निवासीगण मोहल्ला रौता चौराहा निकट डा. कल्पना की गली थाना कोतवाली के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

# घर में सो रही लड़की से छेड़छाड़, एफआईआर

**बस्ती ।** घर के अन्दर सो रही लड़की के साथ आरोपी युवक द्वारा छेड़खानी की गयी। विरोध करने व शोर मचाने पर गालियां व धमकी देते हुए भाग गया। वाल्टरगंज थाने की पुलिस को लिखित तहरीर देकर एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसका पूरा परिवार घर में सो रहा था। इसी बीच रात में चोरी से गांव के अंग्रेज नाम का युवक घर में घुस गया और नाबालिक लड़की के साथ छेड़खानी करने लगा। लड़की द्वारा विरोध तथा शोर मचाने पर आरोपी गालियां व धमकी देते हुए भाग गया। मामले में पुलिस ने आरोपी अंग्रेज पुत्र केदारे यादव निवासी बासापार थाना वाल्टरगंज के विरुद्ध धारा 354 (क), 354(ख), 504, 506, 452 आईपीसी व 7/8 पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज

**बस्ती ।** एक व्यक्ति की बाइक अज्ञात चोर चोरी कर फरार हो गये। इस सम्बन्ध में वाहन स्वामी की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के जिला कोषगार स्थित वृजेश कुमार पटेल अपनी बाइक खड़ी कर जरूरी कार्य के लिए चले गये। इस दौरान अज्ञात चोरो की नजर बाइक पर गड़ गयी और मौका मिलते ही वह उसे चोरी कर फरार हो गये। मामले में पीड़ित बृजेश कुमार पटेल पुत्र रामकल्प निवासी बसडीला थाना हरैया की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध धारा 379 आईपीसी के तहत केस दर्ज किया है।

# समस्याओं को लेकर भाकियू ने की पंचायत

**रुधौली (एसएनबी)।** भारतीय किसान यूनियन द्वारा विकास क्षेत्र रुधौली की महुआर चौराहे पर मंगलवार को किसान जन जागरण पंचायत ब्लाक अध्यक्ष हरीश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

जिला अध्यक्ष हृदय राम वर्मा अपने संबोधन में कहा कि किसानों को खेती करना किसी चुनौती से कम नहीं है। इस समय धान की फसल में बलिया लगने वाले हैं। नीलगाय,बेसहारा पशु, समेत जानवरों द्वारा उससे नुकसान पहुंचा रहे हैं। प्रशासन द्वारा इस पर किसी प्रकार का कोई रोकथाम नहीं लग रहा है। जिला महासचिव रामकृष्ण चौधरी ने 18 सितंबर को लखनऊ में लगने वाली किसान पंचायत में सभी किसान यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को शामिल होने के लिए आवाहन किया और कहा कि 17 सितंबर की शाम चार बजे बस्ती रेलवे स्टेशन में पहुंचकर बस्ती के किसान यूनियन एक साथ लखनऊ के लिए रवाना होंगे। इस अवसर पर हरिराम पासवान, दयाराम चौधरी, संतोष कुमार, रामनयन,वंशराज, परशुराम, राजेंद्र प्रसाद,राम प्रताप राधेश्याम रंगलाल, मीना, कमलावती, कपूरा देवी, मीरा देवी, गुजराती देवी,सहित लोग मौजूद रही।



बस्ती : पंचायत करते भाकियू पदाधिकारीगण। फोटो : एसएनबी

# पिटाई से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत,एक नामजद

**छावनी (एसएनबी)।** मारपीट में गंभीर रूप से घायल स्थानीय थाना क्षेत्र के बतासीजोत (अमोढ़ा) निवासी युवक की इलाज के दौरान जिला अस्पताल अयोध्या में मौत हो गई।

बतासीजोत निवासी 32वर्षीय पूर्णवासी पुत्र सुखऊ मजदूरी करते थे।सोमवार को प्रातःवह काम के लिए घर से निकले थे। दिन में करीब 11:30 बजे घर के लोगों को जानकारी मिली कि पुर्णवासी को रामरेखा गांव में किसी ने मारापीटा है। वह गंभीर हालत में है उनकी माता सुखना देवी और भाई रंजीत के अलावा गांव के कुछ लोग रामरेखा गांव पहुंचे जहां पूर्णवासी को गंभीर हालत में पड़े हुए थे। उनकी माता सुकना देवी ने घटना की जानकारी पुलिस को देकर गंभीर रूप से घायल अपने पुत्र को इलाज के लिए जिला अस्पताल अयोध्या ले गईं। इलाज के दौरान रात में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने सुखना देवी पत्नी सुखऊ की तहरीर पर मारने पीटने वाले युवक रामरेखा निवासी शंभू पुत्र शिवपूजन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही में जुटी है। चर्चा है कि शंभू कच्ची शराब बेचने का अवैध करोबार करता है। पूर्णवासी कच्ची शराब पीने का शौकीन था। वह आए दिन शराब पीने के बाद ही घर पहुंचता था। सोमवार को भी शराब पीने के लिए शंभू के घर गया था। किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हुई। बात बढ़ने पर शंभू ने पुर्णवासी पर लाठी, डंडे से प्रहार कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

# मनबढ़ो ने उखाड़ दिया नसब का पत्थर, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** कुछ लोगो ने राजस्व विभाग द्वारा लगाये गये नसब के पत्थर को उखाड़कर फेक दिया।

मुण्डेरवा थानान्तर्गत चोलखरी गांव में राजस्व विभाग द्वारा पैमाइश के बाद नसब का पत्थर गाड़ा गया था। जिसे अभियुक्त शिवधनी चौधरी तथा अन्य लोगो ने मिलकर उखाड़ दिया। ऐसा करने से जब रामदवन चौधरी ने रोका तो उन्हे गालियां व जान से मारने की धमकी दी गयी। मामले में पीड़ित रामदवन चौधरी पुत्र मनमोहन चौधरी ग्राम चोलखरी थाना मुण्डेरवा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी शिवधनी चौधरी पुत्र राम सुन्दर चौधरी, रामनाथ चौधरी, दीनानाथ चौधरी, मारकन्डेय चौधरी पुत्रगण शिवधनी चौधरी निवासीगण चोलखरी थाना मुण्डेरवा के विरुद्ध धारा 504, 506, 434 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मन्दबुद्धि युवक को परिजनों को सौंपा

**बस्ती (एसएनबी)।** एक मन्दबुद्धि युवक अपने घर का रास्ता भटककर बस्ती जनपद के नगर थानाक्षेत्र में पहुंच गया था। जिसकी सूचना स्थानीय लोगो ने पुलिस को दिया। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी करहली व उनकी पुलिस टीम द्वारा लड़के के घर वालो का पता लगाया। जिससे पता चला कि युवक का नाम मोहम्मद हसनराजा उर्फ मोनू है। उसके पिता इसराइल पुत्र मोहम्मद इब्राहिम निवासी नौतनवा थाना नौतनवा जनपद महराजगंज से सम्पर्क कर थाने बुलाया गया तथा पिता द्वारा युवक को अपने बेटे के रूप में पहचान करने के बाद उन्हे सुपुर्द कर दिया।

# सड़क बनवाने को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

कुदरहा, हिसं। विकास खंड कुदरहा में उजियानपुर को जोड़ने वाली सड़क पूरी तरीके से खस्ताहाल है। ग्रामीणों ने सड़क पर एकत्र होकर जमकर नारेबाजी की। सड़क बनवाने की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाकर सड़क को जल्द से जल्द मरम्मत कराने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि अगर सड़क की मरम्मत जल्द से जल्द नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

कुदरहा लालगंज मार्ग से उजियानपुर को जोड़ने वाला संपर्क मार्ग पर जगह-जगह बड़ी-बड़ी गिट्टियां उखड़ी हैं। मंगलवार को इसी को लेकर ग्रामीणों ने हस्ताक्षर अभियान चलाया। सड़क पर खड़े होकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क का




कुदरहा विकास खंड के उजियानपुर को जोड़ने वाली सड़क निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। • हिन्दुस्तान

निर्माण 2008 में हुआ था। उसके बाद कभी मरम्मत नहीं हुआ। सड़क पर आधा दर्जन से अधिक लोग गिरकर घायल हो चुके हैं। सुमित शुक्ला, नितेश गौतम, राहुल, सच्चिदानंद, राधेश्याम, कुशलावती, नीरज, गुड़िया, लक्ष्मी, मनीषा आदि ने प्रदर्शन कर हस्ताक्षर अभियान चलाया।

**उमरा धौरहरा पिचमार्ग बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील : साऊंघाट।** बस्ती-रुधौली मार्ग से उमरा चौराहा होते हुए मुनियांव, मनिकौरा वाया धौरहरा मार्ग की पक्की सड़क जगह-जगह टूट कर तालाब में तब्दील हो गई हैं। उमरा-धौरहरा मार्ग से प्रतिदिन हजारों लोगों का तहसील, ब्लॉक, थाना, रुधौली, भानपुर, सल्टौआ गोपालपुर, वाल्टरगंज बाजार, बस्ती मुख्यालय आते-जाते है। उमरा निवासी विशाल सिंह, उमेश प्रताप सिंह, पप्पू सिंह, पाटेश्वरी राव, धौरहरा के सई मोहम्मद, अकबाल अहमद, मु. मुस्तकीम आदि ने सड़क बनवाने की मांग की। ग्रामीणों ने सड़क बनवाने की मांग को लेकर क्षेत्रीय विधायक राजेन्द्र प्रसाद चौधरी, सांसद हरीश द्विवेदी व अन्य जनप्रतिनिधियों से भी मांग कर समस्या समाधान करने को कहा है।

# कप्तानगंज में फंदे से लटकता मिला किशोरी का शव, सनसनी

- कप्तानगंज थानाक्षेत्र के जसईपुर गांव का मामला
- सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लिया, जांच में जुटी

कप्तानगंज, हिसं। थानाक्षेत्र के जसईपुर गांव में एक 16 वर्षीय किशोरी का शव घर के कमरे में कुंडी से लटकता मिला। किशोरी के मां की मौत हो चुकी है, जबकि पिता प्लंबर का काम करत है। पिता घर पहुंचा तो दरवाजा अन्दर से बंद था। दरवाजा तोड़ अंदर गया तो बेटी का शव फंदे से लटकता मिला। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई। थानाध्यक्ष कप्तानगंज रोहित उपाध्याय ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा जा रहा है।

घटना मंगलवार की देर शाम की बताई जा रही है। बताया जाता है कि जसईपुर गांव के सोमई प्रजापति के तीन बेटी और एक बेटा गोपी है। दो बेटियों की शादी हो चुकी है, बेटा बाहर नौकरी करता है। घर पर सोमई के अलावा बेटी रोशनी रहती थी। पिता रोज की तरह मंगलवार को काम करने सुबह निकला था। देर शाम घर पहुंचा तो दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा तोड़कर अंदर गया तो बेटी का शव फंदे से लटकता मिला। सूचना पाकर कप्तानगंज पुलिस और फोरेंसिक टीम पहुंच गई।

# चुनौती बनी दिनदहाड़े लूट की वारदात

बस्ती, निज संवाददाता। एसओजी, सर्विलांस सेल, स्वाट, इंटेलीजेंस, स्थानीय खुफिया इकाई के अलावा जिले की पुलिस की लाख कोशिशों के बाद भी दिनदहाड़े हुई लूट और हमले के मामले में पुलिस के हाथ खाली हैं। जांच टीमें हर छोटे-बड़े हर क्लू को तलाश रही हैं। वहीं एडवोकेट वेलफेयर क्लब के वरिष्ठ अधिवक्ता रामकृपाल यादव ने इस मामले में लापरवाही बरतने वाले रौता चौकी इंचार्ज के खिलाफ निलंबन व कोतवाल के तबादले की मांग पुलिस प्रशासन की है।

गौरतलब है कि सोमवार को शहर के रौता चौराहे के पास दिनदहाड़े अधिवक्ता सुरेन्द्र मोहन वर्मा की 65 वर्षीया पत्नी नूतन वर्मा को बदमाशों ने धारदार हथियार से हमला करके घायल कर दिया। घटना के संबंध में अधिवक्ता ने देर शाम तहरीर दी है। तहरीर के मुताबिक उन्होंने लिखा है कि पत्नी नूतन घर पर अकेली थीं, करीब दो बजे दिन दो अज्ञात युवक मुंह पर गमछा बांधकर घर मे घुस गए। पत्नी के पेट में चाकू से और मुंह पर रॉड से मारकर घायल कर दिया। उनके कान की बाली और पैर से बिछुआ निकाल कर बाथरूम में बंद कर दिया। बदमाशों ने घर मे रखी आलमारी व बक्सा तोड़कर कर 60 हजार रुपये व बैग में रखा जेवर लेकर भाग गए। बदमाशों ने जाते-जाते ग्लब्स को घर में ही फेंक गए।

## कोतवाली पुलिस को दिया अल्टीमेटम

दिनदहाड़े अधिवक्ता के घर में लूट की हुई वारदात के मामले में आईजी रेंज आरके भारद्वाज ने बताया कि पुलिस लूट की घटना को लेकर बेहद गंभीर है। कोतवाली पुलिस को समय सीमा दे दी गई है। उसके बाद भी यदि घटना का खुलासा नहीं हुआ तो पूरी कोतवाली के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। रेंज आईजी बस्ती शहर में दिनदहाड़े हुई लूट की घटना को लेकर एसपी को पत्र लिखा है।

## ऑपरेशन त्रिनेत्र से होगा खुलासा : एसपी

लूट के वारदात में अबतक खुलासा नहीं होने के संबंध में पूछे जाने पर पुलिस कप्तान गोपालकृष्ण चौधरी ने बताया कि ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत उस एरिया में लगे कैमरे में लुटेरों की आने-जाने की फुटेज मिले हैं। उसी के आधार पर लुटेरों की तलाश में पुलिस की टीमें लगी हैं। उन्होंने दावा किया है कि जल्द लुटेरों को बेनकाब कर दिया जाएगा। कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं, जिसके आधार पर इन्हें ट्रेस कर लिया जाएगा।

# पुलिस कर्मियों को 500 रुपये मोटरसाइकिल भत्ता

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक ने मंगलवार को पुलिस महकमे से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसलों पर मुहर लगाई। पुलिस कर्मियों के साइकिल भत्ते को मोटरसाइकिल भत्ते में तब्दील करते हुए इसे 300 रुपये प्रति माह से बढ़ाकर पांच सौ रुपये कर दिया गया है। इसी तरह गोरखपुर में विशेष सुरक्षा बल की वाहिनी, शामली में पीएसी की नई वाहिनी और संभल व औरैया में भी पुलिस के आवासीय व अनावासीय भवनों के निर्माण को मंजूरी दी गई है।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि यूपी पुलिस को अब साइकिल भत्ता 200 रुपये की जगह 500 रुपये मोटर साइकिल भत्ता दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश पुलिस के आरक्षी, मुख्य आरक्षी को दी जाने वाले साइकिल भत्ता को मोटर साइकिल भत्ते में परिवर्तित कर इसे 200 रुपये प्रतिमाह से बढ़ा कर 500 रुपये प्रतिमाह अनुमन्य करने के प्रस्ताव को कैबिनेट की मंजूरी दे दी है।

वर्ष 2018 में जारी शासनादेश के अनुसार सभी विभागों में साइकिल भत्ते के लिए पात्र कर्मियों को 200 रुपये का प्रावधान किया गया था। पुलिस विभाग के आरक्षी या मुख्य आरक्षियों के लिए कम समय में घटनास्थल पर साइकिल से पहुंचना व्यवहारिक नहीं रह गया है। साथ ही कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिए साइकिल के स्थान पर मोटर साइकिल के प्रयोग तथा साइकिल के स्थान पर मोटर साइकिल भत्ता अनुमन्य करने को प्रासंगिक मानते हुए कैबिनेट ने सहमति प्रदान की है। भत्ते में वृद्धि करने से सरकार पर 6.78 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वार्षिक व्ययभार आएगा।

## लखनऊ में बनेगी ऊदादेवी महिला बटालियन

लखनऊ में वीरांगना ऊदादेवी महिला पुलिस बटालियन की स्थापना के लिए आवासीय, अनावासीय भवनों के निर्माण कार्यों की स्वीकृति से जुड़े प्रस्ताव को कैबिनेट ने मंजूरी प्रदान कर दी है। महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर इस निर्णय को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसके लिए 391.56 करोड़ रुपये की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत किया जाना है। वहीं राजधानी में यूपी विशेष सुरक्षा बल मुख्यालय एवं पहली वाहिनी विशेष सुरक्षा बल की स्थापना के लिए आवासीय, अनावासीय भवनों के निर्माण से जुड़े प्रस्ताव पर भी कैबिनेट ने सहमति प्रदान कर दी है। इसके तहत 655.41 करोड़ रुपये स्वीकृति निर्गत किया जाना है।

## उन्नाव में अग्निशमन प्रशिक्षण महाविद्यालय

कैबिनेट ने उन्नाव में राज्य अग्निशमन प्रशिक्षण महाविद्यालय की स्थापना को मंजूरी के साथ वहां आवासीय, अनावासीय भवनों के निर्माण कार्यों के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दे दी है। राज्य अग्निशमन प्रशिक्षण महाविद्यालय की स्थापना 67 एकड़ जमीन पर होगी।

## गोरखपुर में विशेष सुरक्षा बल की द्वितीय वाहिनी

इसके अलावा गोरखपुर में यूपी विशेष सुरक्षा बल की 2वीं वाहिनी की स्थापना के लिए आवासीय, अनावासीय भवनों के निर्माण कार्यों की स्वीकृति के संबंध में प्रस्ताव को कैबिनेट ने मंजूरी प्रदान कर दी है। इसके तहत होने वाले निर्माण कार्यों पर 431.70 करोड़ रुपये लागत आने का अनुमान है।

## शामली में बनेगी नई पीएसी वाहिनी

कैबिनेट ने शामली में नई पीएसी वाहिनी के लिए आवासीय, अनावासीय भवनों के निर्माण को मंजूरी दी है। इस पर 378.08 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। वहीं संभल पुलिस लाइन में आवासीय, अनावासीय भवनों के निर्माण के प्रस्ताव को कैबिनेट ने हरी झंडी दे दी है।

# झूठी निकली बाइक लूट की घटना, दो गिरफ्तार

- रुपये के विवाद में साले ने छीन ली थी जीजा से बाइक
- लालगंज थाना क्षेत्र के महादेवा के पास हुई थी घटना

महादेवा, हिन्दुस्तान संवाद। रुपये के लेनदेन को लेकर हुए विवाद के बाद जीजा ने अपने साले को पुलिस केस में फंसाने के लिए लूट की कहानी गढ़ दी। पुलिस को सूचना दी कि एक बदमाश उसे ब्लेड मारकर बाइक छीन ले गया। पुलिस ने छानबीन की तो मामला रिश्तेदारों के बीच झगड़े का निकला। दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

सोमवार रात करीब साढ़े आठ बजे लालगंज थाने के ककरौली निवासी घनश्याम यादव ने सूचना दी कि वह महादेवा बाजार से मुंडेरवा रोड होकर घर जा रहा था। कुछ दूर जाने पर एक युवक ने हाथ देकर उसे रोका। रुकते ही पीछे से आए एक दूसरे युवक ने उसे ब्लेड मार दिया। इसके बाद दोनों बाइक छीनकर भाग गए। सूचना पर पुलिस सक्रिय हुई और घनश्याम यादव से तहरीर मांगने लगी। उसके आनाकानी करने पर संदेह हुआ। एसओ जितेंद्र सिंह ने बताया कि आसपास के लोगों से बात की गई तो स्थानीय लोगों ने ऐसी घटना होने से इनकार किया। पुलिस ने घनश्याम से पूछताछ की तो उसने कबूला कि अपने साले प्रमोद यादव निवासी सिंदुरिया थाना मुंडेरवा को फंसाने के लिए कहानी गढ़ी थी।

# गांव के दो व्यक्तियों पर मारपीट का आरोप

छावनी, बस्ती : छावनी थाना क्षेत्र के नगरा बदली गांव निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही दो युवकों के ऊपर मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। उदयभान वर्मा का आरोप है कि मंगलवार को दिन में गांव जाते समय दो युवकों ने रास्ते में खड़ी बाइक को हटाने के विवाद में मारा पीटा। प्रभारी थानाध्यक्ष वीरेंद्र यादव बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

# घर में घुसकर छेड़खानी का आरोप, मुकदमा

बस्ती : वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 10 सितंबर की रात 12 बजे जब उनका परिवार अपने घर में सो रहा था तो गांव के ही एक युवक ने उनके घर में घुसकर उनकी बेटी के साथ छेड़खानी करने लगा। बेटी ने शोर मचाया तो आरोपित अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। पुलिस ने आरोपित अंग्रेज यादव पर मुकदमा दर्ज किया है।

# रेस्टोरेंट में धर्म परिवर्तन कराने का आरोप

- जिलाधिकारी को विश्व हिंदू महासंघ ने सौंपा ज्ञापन
- धर्मान्तरण कराने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग

**जागरण संवाददाता, बस्ती**: मंगलवार को विश्व हिंदू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह की अगुवाई में महासंघ पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का चित्र भेंट करते हुए धर्मान्तरण कराने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। अखिलेश सिंह ने डीएम को बताया कि रोडवेज के पास स्थित एक रेस्टोरेन्ट में धर्म परिवर्तन का कार्य कराया जाता है। आरोप लगाया कि रविवार को बड़ी संख्या में वहां लोग एकत्रित होकर धर्मान्तरण कराने पहुंचे थे। जैसे ही उन्हें यह सूचना मिली, वह रेस्टोरेंट के पास पहुंचे। वहां 7-8 टेंपो में करीब 40 महिलाएं बैठी मिलीं। उनमें से कुछ ने कुदरहा, गायघाट से तो कुछ ने बनकटी से आने की बात कही। रेस्टोरेंट में कुछ ईसाई भी दिखाई दिए। ऐसे में उन्होंने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस के सामने ही उन सभी लोगों से वहां आने का कारण पूछा गया। किसी ने कहा कि जन्मदिन मनाने आए हैं, किसी ने कहा कि प्रार्थना सभा में आए। वहीं कोतवाल विनय पाठक ने बताया कि जो भी लोग मौके पर मिले उन्होंने बताया कि वह प्रार्थना सभा में शामिल होने आए थे। धर्म परिवर्तन कराने का आरोप गलत है। ज्ञापन सौंपने वालों में विश्व हिंदू महासंघ के जिला संयोजक महेश हिंदुस्तानी, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह, जगत मोहन सिंह विक्कू, बिंदु गोपाल त्रिपाठी, राजकुमार चौधरी मंटू चौधरी, विष्णु प्रताप सिंह, शेर सिंह, संदीप गुप्ता, प्रदीप सोनी, दीपू सिंह, सुनील सिंह, मुन्ना सिंह, जमुना प्रसाद आदि शामिल रहे।

# लूट के मामले में फुटेज खंगालने में जुटी पुलिस

- मालवीय रोड व अन्य स्थानों पर चेक किए गए सीसी कैमरे
- लुटेरों के हमले में घायल अधिवक्ता पत्नी की हालत में सुधार



श्रीकृष्णा मिशन हास्पिटल के आइसीयू में भर्ती नूतन वर्मा • जागरण

जागरण संवाददाता, बस्ती : शहर के रौता पुलिस चौकी के पास वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र मोहन वर्मा के घर में घुसकर उनकी पत्नी पर चाकू से हमला कर लूटपाट करने की घटना में अधिवक्ता की ओर दी गई तहरीर के आधार पर दो अज्ञात के विरुद्ध लूट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। दूसरी ओर पुलिस लुटेरों तक पहुंचने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

मंगलवार को पुलिस ने मालवीय रोड के अलावा, फव्वारा तिराहे से लेकर कंपनी बाग की तरफ जाने वाले मार्ग पर स्थित प्रतिष्ठानों के बाहर लगे सीसी कैमरे खंगाले गए। पुलिस का कहना है कि कुछ महत्वपूर्ण सुराग उनके हाथ लगे हैं, जिससे केस में आगे बढ़ा जा सकता है। वहीं लुटेरों के हमले में गंभीर रूप से घायल नूतन वर्मा का उपचार अभी श्रीकृष्णा मिशन हास्पिटल के आइसीयू में चल रहा है। अस्पताल में सुरक्षा की दृष्टि से दो पुलिसकर्मियों को भी तैनात किया गया है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि उनकी हालत में तेजी से सुधार हो रहा है।

सोमवार को जिस तरह दिनदहाड़े रौता पुलिस चौकी के पास स्थित एक अधिवक्ता के सड़क किनारे स्थित मकान में घुसकर दो लुटेरों ने बुजुर्ग महिला पर चाकू से वार कर लूटपाट की उससे शहर के लोगों में दहशत है। खासकर ऐसे लोग जो अपने बुजुर्ग मां-बाप या पत्नी को अकेले घर में छोड़ कर ड्यूटी पर चले जाते हैं।

उन्हें लगता है कि अब अपराधियों में पुलिस का भय नहीं है। इस घटना से पुलिस की किरकिरी हो रही है।

अस्पताल में भर्ती अधिवक्ता पत्नी का हाल जानने मंगलवार की सुबह एएसपी और सीओ पहुंचे। हालत में काफी सुधार देख उनसे लुटेरों के संबंध में पूछताछ की। उनके हुलिया आदि की जानकारी ली। सीओ सिटी ने बताया कि पुलिस के हाथ महत्वपूर्ण सुराग लगे हैं, जल्द ही घटना का पर्दाफाश कर दिया जाएगा। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आगे बढ़ रही है। घटना में दो से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

**यह था घटनाक्रम** : सोमवार को दोपहर दो बजे के करीब मालवीय रोड पर रौता पुलिस चौकी से चंद कदम दूर वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र मोहन वर्मा के घर में दो लुटेरों ने घुसकर लूटपाट की। घर में अकेले मौजूद उनकी पत्नी नूतन वर्मा ने जब विरोध किया तो लुटेरों ने उन्हें मारा पीटा और उनके पेट में चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद उनके हाथ पैर बांध कर उन्हें बाथरूम में ढकेल दिया। इसके बाद वे घर में रखा नकदी और जेवर ले उड़े। जाते जाते बाहर से दरवाजे को बाहर से बंद कर दिया। लुटेरों ने मुंह पर गमछा बांध रखा था।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# पीएम पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाला शिक्षक निलंबित

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बस्ती।** बेसिक शिक्षा परिषद के एक शिक्षक को ब्लॉक स्तरीय विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप में प्रधानमंत्री पर आपत्तिजनक टिप्पणी वाला पोस्ट डालना महंगा पड़ गया। खंड शिक्षाधिकारी की रिपोर्ट पर बीएसए ने तत्काल प्रभाव से संबंधित शिक्षक को निलंबित कर दिया है। साथ दो बीईओ को मामले की जांच भी सौंप दी है।

प्रकरण कप्तानगंज ब्लॉक का है। यहां बीआरसी कप्तानगंज के नाम संचालित विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप में पिछले सप्ताह पीएम पर आपत्तिजनक टिप्पणी की हुई एक पोस्ट शेयर की गई। यह मामला कुछ ही देर बाद तूल पकड़ लिया। शिक्षक और अधिकारियों में इस आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर चर्चा शुरू हो गई। मामला अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया।

बीईओ कप्तानगंज ने प्रथम दृष्टया पाया कि उक्त पोस्ट उच्च प्राथमिक विद्यालय सहिजनपुर में तैनात सहायक अध्यापक हरीश चंद्र चौधरी द्वारा किया गया है। जिसकी आख्या बीईओ ने बीएसए को उपलब्ध कराई।

इसके आधार पर बीएसए अनूप कुमार ने संबंधित शिक्षक को शिक्षक आचरण नियमावली के उल्लंघन के आरोप में निलंबित कर दिया है। उन्होंने मामले की जांच मुख्यालय और बस्ती सदर के बीईओ सौंपी है। बीएसए ने कहा कि दो सदस्यीय दल मामले की निष्पक्षता से जांच करेगा।

# साले को फंसाने के लिए जीजा ने दी लूट की फर्जी सूचना

संवाद न्यूज एजेंसी

## लालगंज थाने के महादेवा के पास सोमवार रात को बताया था घटना, दोनों गिरफ्तार

**बनकटी/महादेवा।** रुपये के लेनदेन को लेकर हुए विवाद के बाद जीजा ने अपने साले को पुलिस केस में फंसाने के लिए लूट की फर्जी सूचना दे दी। मामला लालगंज थाने का है। जीजा ने पुलिस को बता दिया कि एक बदमाश उसे ब्लेड मारकर बाइक छीन ले गया। पुलिस ने छानबीन की तो मामला रिश्तेदारों के बीच झगड़े का निकला। दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

सोमवार रात करीब साढ़े आठ बजे लालगंज थाने के ककरौली निवासी घनश्याम यादव ने सूचना दी कि वह महादेवा बाजार से मुंडेरवा रोड से होकर घर जा रहा था।

कुछ दूर जाने पर एक युवक ने हाथ देकर उसे रोका। रुकते ही पीछे से आए एक दूसरे युवक ने उसे ब्लेड मार दिया, जिससे वह घायल होकर बाइक से गिर गया। इसके बाद दोनों बाइक छीनकर भाग गए। सूचना पर पुलिस सक्रिय हुई और घनश्याम यादव से तहरीर मांगने लगी। उसके आनाकानी करने पर संदेह हुआ। एसओ जितेंद्र सिंह ने बताया कि आसपास के लोगों से बात की गई तो स्थानीय लोगों ने इस प्रकार की कोई घटना होने से इनकार किया।

पुलिस ने घनश्याम यादव से कड़ाई से पूछताछ शुरू की तो उसने कबूल किया कि अपने साले प्रमोद यादव निवासी सिंदुरिया थाना मुंडेरवा को फंसाने के लिए इस तरह की सूचना दिया था।

उसने बताया कि उसका प्रमोद यादव से पैसे की लेनदेन को लेकर कहा सुनी हो गई थी। उसकी मोटरसाइकिल कई माह से उसका साला प्रमोद ही चला रहा था।

इसलिए उसने सोचा कि सूचना देने के बाद पुलिस प्रमोद यादव के पास से वह मोटरसाइकिल बरामद करके उसे जेल भेज देगी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-13-09-2023

# इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

कपिलवस्तु(एसएनबी)। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यविक्षण में थानाध्यक्ष मोहाना के नेतृत्व में मंगलवार को मोहाना पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान मुअसं 80/2023 धारा 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट से सम्बंधित अभियुक्त हीरालाल उर्फ धीरज कन्नौजिया पुत्र नन्दलाल साकिन सिरवत डीह थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर को नेउरा कोठी बाग से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेजा गया।

मोहना थनाध्यक्ष ने बताया कि पकड़ा गया अभियुक्त के विरुद्ध कई मामलों में मोहाना थाना पर मामले पंजीकृत है। अभियुक्त को गिरम्फ्तार करने वाले टीम में मुख्य रूप से मोहाना थानाध्यक्ष जीवन त्रिपाठी, उप निरीक्षक अनिरूद्ध सिंह, धर्मेन्द्र कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल सुशील राय शामिल रहे।

# मजदूर की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**बुजुर्ग मां, पत्नी व छह बच्चे हुए बेसहारा**

**गोल्हौरा (एसएनबी)**। थाना क्षेत्र के महुआ निवासी एक मजदूर की गैर इरादतन हत्या का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर केस दर्ज करके शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया है और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है।

इटवा तहसील व गोल्हौरा थाना क्षेत्र के ग्राम महुआ निवासी हरिलाल बीते रविवार की सायं अपने गांव के ही शिवपूजन, रामपाल, ह्रदयराम व विशम्भर के साथ इटवा-बांसी मार्ग पर स्थित रमवापुर कली मोड़ पर घरेलू काम से आया था। बताते हैं तभी वहां थाना क्षेत्र के ही ग्राम सेमरी निवासी बृहस्पति पाण्डेय पुत्र सभापति पाण्डेय भी पहुंच गया। जहां उसके व हरिलाल की बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। हरिलाल की पत्नी का आरोप है कि बृहस्पति ने उसके पति के सीने पर जोर से मार दिया, जिससे वह गिरकर गम्भीर रूप से चोटिल हो गया। मौके पर उसके पति के साथ मौजूद गांव के उक्त लोग उठाकर उसे घर पहुंचाए। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने से उसका इलाज गांव में ही कराया गया। सोमवार की सायं हरिलाल की तवियत ज्यादा बिगड़ गई, और लगभग 6 बजे उसकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर ग्रामीण आक्रोश में आ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। दर्जनों आक्रोशित ग्रामीणों के साथ थाने पर पहुंचकर उसकी पत्नी सुभावती ने पुलिस को तहरीर दिया कि उक्त बृहस्पति के मारने से उसके पति की मौत हो गई है। पुलिस ने मुअसं136/23 धारा 304 आईपीसी दर्जकर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया और मंगलवार की सुबह लगभग 6 बजे आरोपी बृहस्पति पाण्डेय को गिरफ्तार कर न्यायालय के लिए रवाना कर दिया है।

मृतक अपने पीछे बुजुर्ग व बीमार मां, पत्नी तथा छह बेटों को छोड़ गया है। परिवार का वह अकेला कमाऊ सदस्य था। मृतक के सबसे छोटे बेटे की उम्र लगभग 6 वर्ष व सबसे बड़े की लगभग 16 वर्ष है। उक्त बावत थाना प्रभारी निरीक्षक बलजीत कुमार राव ने कहा कि मामले की छानबीन की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व जांच में पाए गए साक्ष्यों के आार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### आरोपी व अन्य तीन में हुई थी मारपीट

गोल्हौरा (एसएनबी)। बीते रविवार को रमवापुर कली मोड़ पर ही गैर इरादतन हत्यारोपी बृहस्पति पाण्डेय व थाना क्षेत्र के रमवापुर कली निवासी मिलन, राजेश व राजकुमार के बीच शराब के नशे में मारपीट हुई थी। जिसको लेकर सोमवार पुलिस ने दोनों पक्षों का चालान धारा 151 में किया था। बताते हैं कि महुआ निवासी हरिलाल से विवाद के थोड़ी देर बाद ही यह घटना हुई थी।

# हत्या के प्रयास का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

सिद्धार्थनगर। बांसी कोतवाली पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। वह केस दर्ज होने के बाद से फरार चल रहा था। एसआई बलराम धर दुबे ने बताया कि क्षेत्र के अशोगवा गांव निवासी आरोपी आजम पुत्र नबी दोस्त उर्फ नबी अहमद के खिलाफ धारा 323,504,506,307 व 3(1)द,ध, 3(2)5, 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज था। आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# काटे जा रहे हरे पेड़, नहीं हो रही कार्रवाई

सिद्धार्थनगर। पथरा थाना क्षेत्र में हरे पेड़ काटे जा रहे हैं। इसके बाद भी विभाग वन माफियाओं पर शिकंजा नहीं कस पा रहा है। जबकि हर वर्ष सरकार व प्रशासन हरियाली को बढ़ावा देने के लिए पौधरोपण अभियान चलाता है। जबकि उसकी सुरक्षा को लेकर संबंधित विभाग ही लापरवाही बरत रहा है। पथरा थाना क्षेत्र के सुमहा गांव के पूरब हरे आम के पेड़ काटे जा रहे हैं और जिम्मेदार मौन हैं। इस संबंध में फॉरेस्ट गार्ड अवनीश कुमार मिश्रा ने बताया की जानकारी नहीं है। पता करवाते हैं। संवाद

# थानों पर भेजे गए 5 एसआई

सिद्धार्थनगर। एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल ने पुलिस लाइंस में मौजूद पांच एसआई को थानों पर भेज दिया है। एसआई जगत नारायन यादव व मनोज श्रीवास्तव को बांसी, राम केवल निषाद व राम दयाल सिंह को शोहरतगढ़ व श्रवण कुमार को सिद्धार्थनगर थाने पर तैनात किया गया है।

# गैंगेस्टर एक्ट का आरोपित गिरफ्तार

बर्डपुर। मोहाना पुलिस ने मंगलवार को एक गैंगेस्टर एक्ट के आरोपित को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष जीवन त्रिपाठी ने बताया कि चिल्हिया थाना क्षेत्र के सिरवतडीह गांव निवासी हीरालाल उर्फ धीरज कन्नौजिया पुत्र नन्दलाल पर धारा 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई हुई थी। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। मंगलवार को उसे नेउरा कोठी बाग से गिरफ्तार कर लिया गया है।

# मारपीट में घायल मजदूर की मौत, आरोपित गिरफ्तार

- गोल्हौरा थाना क्षेत्र के महुआ गांव का मामला
- मृतक की पत्नी की तहरीर पर गैर इरादतन हत्या का केस

गोल्हौरा, हिन्दुस्तान संवाद। गोल्हौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत महुआ निवासी एक मजदूर की मौत के मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है।

क्षेत्र के महुआ गांव निवासी हरिलाल रविवार की शाम गांव के ही शिवपूजन, रामकृपाल, हृदयराम व विशम्भर के साथ इटवा-बांसी मार्ग पर स्थित रमवापुर कली मोड़ पर घरेलू काम से आया था। सेमरी निवासी बृहस्पति पाण्डेय पुत्र सभापति पाण्डेय भी वहां पहुंच गया। किसी बात को लेकर हरिलाल व बृहस्पति के बीच विवाद हो गया। हरिलाल की पत्नी का आरोप है कि बृहस्पति ने उसके पति के सीने पर जोर से मार दिया इससे वह गिरकर अचेत हो गया। पति के साथ मौजूद गांव के लोग अचेता अवस्था में उसे घर पहुंचाए। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने से उसका इलाज गांव में ही कराया गया। सोमवार की शाम हरिलाल की तबीयत ज्यादा बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर ग्रामीण आक्रोश में आ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतक की पत्नी सुभावती ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

# हापुड़ की घटना के विरोध में किया शांति मार्च

**जासं, सिद्धार्थनगर**: हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में मंगलवार को अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार करते हुए शांति मार्च निकाला। यह पुलिस लाइन कलेक्ट्रेट गेट होते हुए वापस कचहरी पहुंची। इस दौरान अधिवक्ताओं ने कहा कि हापुड़ में हुई घटना में अभी तक आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई न करना यह दर्शाता है कि सरकार साथियों को न्याय नहीं देना चाहती है। कहा कि हापुड़ के डीएम व एसपी को हटाए बिना निष्पक्षता से जांच संभव नहीं है। घायल अधिवक्ताओं को पांच-पांच लाख रुपये देने व अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की।

जनपद मुख्यालय पर बैठक को संबोधित करते हुए सिविल सिद्धार्थ बार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राधेश्याम मिश्रा ने कहा कि अधिवक्ता सुरक्षा एक्ट लागू तत्काल लागू किया जाना समय की मांग है। वहां के डीएम व एसपी को बर्खास्त करने और घायल अधिवक्ताओं को पांच-पांच लाख रुपये दिए जाएं। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होने तक आंदोलन चलता रहेगा। महामंत्री सिद्धनाथ पांडेय ने कहा कि आंदोलन के दबाव में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले का पटाक्षेप करना चाहती है। इसे हम कदापि बर्खास्त नहीं करेंगे। अधिकारी घटना में शामिल लोगों को बचा सकते हैं। इस दौरान पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र भार्गव, इंदुकुमार सिंह, पवन मिश्र, राहुल दुबे, बृजेश मिश्र, गिरिजा शंकर त्रिपाठी सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

- कार्य बहिष्कार कर हापुड़ के डीएम व एसपी समेत के खिलाफ की कार्रवाई की मांग
- अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करने सहित अन्य मांगों को पूरा होने तक आंदोलन की दी चेतावनी




हापुड़ में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज को लेकर जनपद न्यायालय से शांति मार्च निकालकर विरोध जताते अधिवक्ता ● जागरण

## आपात बैठक में कार्य बहिष्कार जारी रखने का निर्णय

जासं, बांसी, सिद्धार्थनगर : बार एसोसिएशन बांसी के अध्यक्ष आदित्य प्रकाश त्रिपाठी की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं की बैठक मंगलवार शाम को हुई। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि जब तक हापुड़ मामले में दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं होगी, कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। बार एसोसिएशन अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में अधिवक्ता हित को देखते हुए अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम तत्काल पास किया जाए। अधिवक्ता समाज के हर पीड़ित की मदद के हमेशा तत्पर रहता है, चाहे वादकारी किसी भी वर्ग का हो। इस दौरान शेषदत्त पांडे, नितेंद्र उपाध्याय, चंद्र प्रकाश पांडे, घनश्याम भट्ट, सत्य प्रकाश दुबे, बदरे आलम सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद थे।

# 120 में सिर्फ 52 पुलिसकर्मियों के पास है आवास



सदर थाने में बना आवास हुआ जर्जर ( बाएं ) • जागरण

जासं, सिद्धार्थनगर: सिद्धार्थनगर थाने में तैनात बदमाशों पर शिकंजा कसने वाली पुलिस चैन की नींद सोने के लिए तरस रही है। सदर थाने में निरीक्षक, उपनिरीक्षक समेत 120 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। इनमें 17 महिला आरक्षी-मुख्य आरक्षी भी शामिल हैं, लेकिन थाने में अधिकतम 52 कर्मियों के ही बैरक में रहने की जगह उपलब्ध है।

सदर थाने में तैनात पुलिसकर्मियों के लिए आवास उपलब्ध न होने से अधिकतर कर्मियों को किराये के कमरे का सहारा लेना पड़ रहा है। करीब 50 आरक्षियों को थाने के आसपास भी गिने-चुने आवास होने के चलते जिला मुख्यालय या अन्य स्थान पर मकान का प्रबंध करना पड़ा है। महिला आरक्षियों के लिए भी आवास नहीं है। 10 से अधिक आरक्षी किराये के कमरे में रहती हैं।

कुल तैनाती: प्रभारी निरीक्षक-एक, अपराध निरीक्षक-दो, उपनिरीक्षक-17, मुख्य आरक्षी-37, पुरूष आरक्षी-44,महिला आरक्षी-मुख्य आरक्षी- 17।



कर्मचारियों की संख्या के हिसाब से थाने में आवास उपलब्ध नहीं है, फिर भी अधिक से अधिक पुलिसकर्मी थाने में ही रहते हैं। थाने पर पिछले वर्ष 30 पुलिसकर्मियों के रहने के लिए नया बैरक बना है। बजट मिलने पर अन्य कर्मियों के लिए आवास का निर्माण कराकर उन्हें मुहैया कराया जाएगा।

**अखिलेश कुमार वर्मा,** सीओ सदर

# गैंगस्टर का आरोपित गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर: मोहाना थाना पुलिस ने मंगलवार को गैंगस्टर के आरोपित हीरालाल उर्फ धीरज कन्नौजिया पुत्र नन्दलाल निवासी सिरवत डीह थाना चिल्हिया को निहुरा कोठी बाग के पास से गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी जीवन त्रिपाठी ने बताया कि पकड़े गया बदमाश बैजनाथ पटवा पुत्र नीबर बर्डपुर छह टोला नोनहवा के साथ दो लाख 94 हजार रुपये की लूट के मामले में आरोपित है। इसने चार साथियों के साथ मिलकर हरैया जंगल के पास से इस वर्ष 14 जुलाई को लूट की घटना को अंजाम दिया था।

बताया कि वह लंबे समय से गैंगस्टर से जुड़े मामले में वह कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहा था। उसके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई चल रही थी।

# गैर इरादतन हत्या के मामले में पुलिस का रिमांड खारिज

- थाना प्रभारी के कार्यों पर भी की टिप्पणी, कार्रवाई के लिए कहा
- विवेचकों के विवेचना का स्तर शून्य खारिज हो रही रिमांड

जासं, सिद्धार्थनगर: मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रद्धा भारती की कोर्ट ने मंगलवार को गोल्हौरा पुलिस की ओर से गैर इरादतन हत्या के मामले में मांगी गई रिमांड को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाया है। कोर्ट ने कहा कि विवेचकों के विवेचना का स्तर शून्य होता जा रहा है।

मंगलवार को गोल्हौरा थाना के विवेचक राजाराम यादव न्यायालय में रिमांड के लिए उपस्थित हुए। उन्होंने आरोपित बृहस्पति पाण्डेय के प्रकरण में 14 दिन की न्यायिक रिमांड के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। मजिस्ट्रेट ने जिस प्रकार आदेश में तथ्यों की कमी बताई, वे पुलिस की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा कर रही है। आदेश में कहा गया कि बृहस्पति के रिमांड प्रस्तुत करते समय मृतक हरिलाल के संबंध में किसी भी प्रकार के चिकित्सीय प्रपत्र प्रस्तुत नहीं किया गया, जिससे ये स्पष्ट हो सके कि मृतक की मृत्यु किस कारण हुई। कोर्ट ने थानाध्यक्ष बलजीत राव के ऊपर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि उन्होंने बिना किसी स्पष्ट आधार के, बिना किसी चिकित्सीय प्रपत्र का परिशीलन किए आरोपित के विरुद्ध संज्ञेय धारा में प्रथम सूचना रिपोर्ट अंकित किया। यह आदेश किया जाना भी उपेक्षापूर्ण कृत्य को परिलक्षित कराता है।

कस्टडी रिमांड के लिए प्रस्तुत प्रार्थना पत्र को निरस्त करते हुए न्यायालय के आदेश की प्रति पुलिस अधीक्षक को तत्काल प्रभाव से अग्रिम कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को प्रेषित करने के आदेश दिए हैं। साथ ही कृत कार्रवाई से सात दिवस के अंदर न्यायालय को अवगत कराने को भी निर्देशित दिया है।

एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल ने कहा कि कोर्ट के आदेश की जानकारी अभी नहीं है। आदेश की कापी मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मिशन शक्ति को लेकर जागरूक की गईं ग्रामीण महिलाएं



मिश्रौलिया थानांतर्गत गोनरा में मिशन शक्ति कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं को पर्चा बांटकर जागरूक करती महिला आरक्षी ● जागरण

- मिश्रौलिया थानाक्षेत्र के गोनरा व धनगढ़वा में आयोजित हुआ कार्यक्रम
- हेल्पलाइन के बारे में दी गई जानकारी, वितरित किए गए पर्चे

जासं, वढ़या, सिद्धार्थनगर: मिशन शक्ति अभियान अंतर्गत मंगलवार को मिश्रौलिया थाना के ग्राम गोनरा व धनगढ़वा में जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को सड़क सुरक्षा, साइबर अपराध एवं अन्य विषयों पर जागरूक किया गया। हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी गई। सुरक्षा सहित इंटरनेट मीडिया, आपरेशन सुदर्शन अभियान के जरिये नशा मुक्ति के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा विषय पर जागरूकता पर्चे भी वितरित किए गए।

थानाध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि सुरक्षा बिंदुओं पर सभी महिलाओं को जागरूक रहने की आवश्यकता है। जागरूक रहेंगी और अपने अधिकार व कानून के बारे में जानकारी रखेंगी तो अपराध में भी कमी आएगी। उपनिरीक्षक दरोगा यादव ने कहा कि उत्पीड़न संबंधित घटनाएं होती हैं या कोई और समस्या रहती है तो तुरंत इसकी जानकारी दें। इन दिनों इंटरनेट का जमाना है, इसका गलत प्रयोग भी होता है। सभी महिलाओं को इंटरनेट मीडिया के बारे में जानकारी रखनी चाहिए, जिससे वे किसी प्रकार के अपराध का शिकार न हो सकें। महिला आरक्षी मनीषा कुमारी ने हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 181, 108, 1076 व 1098 के संबंध में जानकारी दी। मुख्य आरक्षी राम नयन यादव, आरक्षी चंदन कुमार ने भी अभियान से जुड़े बिंदुओं पर जानकारी दी।

# किशोरी ने की फांसी लगाकर आत्महत्या

बढ़या, सिद्धार्थनगर : मिश्रौलिया थाना के ग्राम सोनौली नानकार निवासी 17 वर्षीय किशोरी पुष्पा पुत्री भीखी ने फांसी पर लटक कर जान दे दी। किशोरी मंगलवार की सुबह में घर के ऊपर वाले कमरे में गई और दुपट्टे के सहारे कुंडी से लटक गई। स्वजन कमरे में गए तो देखा कि वह फंदे लटकी हुई है। प्रधान ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। थानाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने बताया कि प्रथमदृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। (जासं)

# पुरानी पुलिसिंग से भटके तो अपराध के खुलासों में अटके

## मुखबिर हुए कम, सर्विलांस पर बढ़ा पुलिस का भरोसा, अपराधी वारदात के वक्त नहीं कर रहे मोबाइल फोन का प्रयोग

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** अपराधियों पर अंकुश लगाने और घटनाओं के पर्दाफाश के लिए पुलिस तकनीकी सहारा ले रही है। तकनीकी प्रणाली की निर्भरता के आगे पुरानी पुलिसिंग पीछे छूट चुकी है, जिसका नतीजा ये है कि पुलिस आपराधिक घटनाओं का पर्दाफाश करने में विफल हो रही है। इसी वजह से नगर और बांसी कोतवाली क्षेत्र में हुई चोरी की कई घटनाओं से पुलिस पर्दा नहीं उठा सकी है। पुलिस से जुड़े सूत्रों के मुताबिक अपराधी भी पुलिस की कार्यशैली को समझ चुके हैं और वारदात के वक्त मोबाइल फोन का प्रयोग कम कर दिया है। ये खुलासा पुलिस के हत्थे चढ़े चोर से पूछताछ में सामने भी आ चुका है।

सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी का भी कहना है कि पुलिस तकनीकी के आगे पुरानी पुलिसिंग को भूल चुकी है। पुलिस की डायरी से मुखबिर शब्द कम हो गया है। अगर दोनों का प्रयोग करें तो अपराधियों को पकड़ने में बहुत सहूलियत मिलेगी।

सिद्धार्थनगर मुख्यालय में पिछले दो साल में 10 से अधिक चोरी की वारदातें हुई हैं। इसमें 40 लाख रुपये से अधिक का सामान और नकदी चोरी हो चुका है। चार माह में शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में 13 चोरियां हो चुकी हैं, जिनमें ज्यादातर के खुलासे नहीं हुए हैं।

सूत्रों की माने तो पुलिस की पुराने अपराधियों पर नजर है, जिसे उन्हें पकड़कर मामले की छानबीन करें और खुलासा हो, लेकिन पुलिस जब उनके करीब पहुंच रही है तो पता चल रहा है कि वह घटना के वक्त कहीं और थे। वहीं, चोरी वाले क्षेत्रों में जब मोबाइल लोकेशन पर काम किया जा रहा है तो किसी संदिग्ध के नंबर नहीं मिल रहे हैं। ऐसे में पुलिस का मानना है कि चोर वारदात के वक्त मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं। यहीं पर आकर पुलिस की जांच ठप पड़ जा रही है।

त्रिलोकपुर पुलिस के हत्थे चढ़े एक चोर से पूछताछ में सामने भी आया था कि वारदात के वक्त मोबाइल फोन नहीं ले जा रहे हैं। जिससे पकड़े जाने और ट्रेस होने का डर नहीं रहे।

### नगर व बांसी क्षेत्र में हुई चोरी का लंबे समय से खुलासा नहीं कर पा रही पुलिस

### सर्विलांस सेल जरूरत मगर कमजोर न हो मुखबिर तंत्र

**सिद्धार्थनगर।** जिले में डकैती के लिए मशहूर बावरिया गिरोह का पर्दाफाश कराने में अहम भूमिका निभाने वाले रिटायर एएसपी मंशाराम गौतम ने बताया कि मुखबिर की सटीक सूचना से अपराध के खुलासे में आसानी होती है। पहले के दौर में पुलिस उनके करीब खुद जाती है, जिन्हें मुखबिर तंत्र से जोड़ना आवश्यक होता था। अब पुलिस उनके करीब अधिक है, जो अपनी जरूरत से पुलिस के करीब रहना चाहते हैं। मुखबिर तंत्र मजबूत होना आवश्यक है, लेकिन सर्विलांस सेल भी उपयोगी है। मोबाइल लोकेशन और सीसीटीवी की मदद से जो अपराधी पकड़े जा रहे हैं, उसमें गलत खुलासे की आशंका कम होती है। आज के दौर में सही सूचना के लिए मुखबिर का होना आवश्यक है, ताकि सर्विलांस सेल के माध्यम से आसानी से अपराधी तक पहुंचा जा सकता है। पुरानी पुलिसिंग में बीट का आरक्षी अहम होता था। उसके अपने लोग होते थे, जो छोटी-बड़ी हर घटनाओं की जानकारी देते थे। इसके एवज में उनकी मदद भी पुलिस करती थी।आज मैनुवल पुलिसिंग न के बराबर है। दूसरा पहलू है कि पहले एक चोरी को पकड़ने के लिए अधिक लोगों से पूछताछ होता थी, लेकिन आज जब तस्दीक हो जा रही है तब पुलिस पकड़ रही है। पुलिस के पास सामाजिक स्रोत जितना मजबूत होगा, अपराध के खुलासे में उतनी ही आसानी होती है। संवाद

### घुसने पर तोड़ दे रहे कैमरा, उठा ले जा रहे डीवीआर

पुलिस सीसीटीवी कैमरे लगवाने पर जोर दे रही है, जिससे आपराधिक गतिविधियां सीसीटीवी कैमरे में कैद हो जाए। जिससे अपराध करने वाले को पकड़ा जा सके। लेकिन चोर पुलिस से दो कदम आगे चल रहे हैं। वह चेहरा ढक कर पहुंच रहे हैं। सबसे पहले सीसीटीवी कैमरे को तोड़ रहे हैं। वहीं रिकार्डिंग पुलिस के हाथ न लगे इसलिए उसका डीवीआर भी उठा ले जा रहे हैं। नगर के स्टेशन रोड और भीमापार में शिक्षिका के यहां हुई चोरी की वारदात में यह बात सामने आ चुकी है।

*चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश करने के लिए पुलिस टीम लगातार कार्य कर रही है। इस बीच चोरी की कई घटनाओं का पर्दाफाश कई थानों की पुलिस ने किया है। जिन मामलों का खुलासा नहीं हुआ है, उनका भी खुलासा किया जाएगा। साइबर सेल के साथ मुखबिर तंत्र का भी उपयोग किया किया जा रहा है।*

***-अभिषेक कुमार अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक***

# अधिवक्ताओं ने रजिस्ट्री दफ्तर पर जड़ा ताला

## हापुड़ की घटना के विरोध में अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** हापुड़ की घटना के विरोध में अधिवक्ताओं ने मंगलवार को उप निबंधक कार्यालय पर ताला जड़ दिया। इसके बाद उन्होंने शांति मार्च निकाला, जिसके साड़ी तिराहे पर पहुंचते ही जाम लग गया।

18 मिनट तक लगे जाम में फंसे राहगीरों को अधिवक्ताओं का शांति मार्च निकल जाने के बाद राहत मिल सकी। शांति मार्च में शामिल सिविल सिद्धार्थ बार एसोसिएशन, जिला बार एसोसिएशन, तहसील बार एसोसिएशन एवं टैक्स बार एसोसिएशन के अधिवक्ता बार कौंसिल के निर्देशानुसार कार्य से विरत रहे।

तहसील बार एसोसिएशन एवं जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने कार्य से विरत होकर उप निबंधन कार्यालय नौगढ़ के गेट एवं दरवाजे पर ताला जड़कर रजिस्ट्री संबंधी कार्य बंद करवा दिया।

जिला बार अध्यक्ष सत्यदेव सिंह, तहसील बार अध्यक्ष गणेश शंकर मणि त्रिपाठी एवं महामंत्री सुशील मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में अधिवक्ता प्रदर्शन कर नारेबाजी करते रहे।



शहर के साड़ी तिराहे पर प्रदर्शन करते अधिवक्ता। संवाद

### सिविल सिद्धार्थ बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने शांति मार्च निकाला, न्यायिक कार्य से विरत रहे

सिविल सिद्धार्थ बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने दोपहर में एकत्रित होकर पैदल शांति मार्च निकाला। मंगलवार को बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार जनपद के समस्त बार संघों के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। हापुड़ की घटना से क्षुब्ध अधिवक्ताओं ने दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई न करने तथा सरकार द्वारा अधिवक्ताओं की उपेक्षा करते हुए अधिवक्ताओं की मांगों पर ध्यान न देने से आक्रोशित होकर पूर्व योजनानुसार सिविल सिद्धार्थ बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं के हुजूम ने कचहरी परिसर से सांड़ी तिराहा होते हुए कचहरी के पश्चिमी गेट तक एवं वापस वहां से उसी मार्ग से होते हुए कचहरी परिसर तक बैनर पोस्टर लेकर शांतिपूर्ण मार्च किया। अध्यक्षता अध्यक्ष राधेश्याम मिश्र एवं संचालन महामंत्री सिद्धनाथ पाण्डेय ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। संवाद

### अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यों का किया बहिष्कार

**सिद्धार्थनगर।** हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज की घटना को लेकर अधिवक्ताओं का आक्रोश शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार 13वें दिन भी डुमरियागंज के अधिवक्ताओं ने सभी न्यायिक कार्यों का बहिष्कार कर अपना विरोध जताया। बार एसोसिएशन डुमरियागंज के अध्यक्ष इंद्रमणि पांडेय ने कहा कि पुलिस प्रशासन ने हापुड़ में लाठी चार्ज की घटना को अंजाम दिया है। शांतिपूर्ण तरीके से धरने पर बैठे अधिवक्ता भाइयों पर लाठी चार्ज की घटना निंदनीय है। हम हापुड़ के डीएम व पुलिस अधीक्षक के स्थानांतरण की तत्काल मांग करते हैं। अगर हमारी मांग नहीं पूरी हुई तो आगे प्रदर्शन और व्यापक रूप ले लेगा। उन्होंने कहा कि घटना में शामिल पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराकर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। घायल अधिवक्ताओं को पांच-पांच लाख रुपये की सहायता दी जाए। संवाद

# तस्करी : यहां से नेपाल जा रहा है चावल, बनकर आ रही है शराब

## बॉर्डर पर चीन की तकनीक से मोटे चावल को बना रहे पतला, कन से बन रही शराब

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** भारतीय चावल नेपाल में खाने में कम शराब में ज्यादा खप रहा है। जुलाई में चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा तो नेपाल में चावल की मांग और कीमत दोनों बढ़ गई है। जिससे चावल से शराब बनाने का धंधा जोरों पर चल रहा है। चीनी तकनीकी की मशीन ने चावल से शराब बनाने वालों का काम आसान कर दिया है, क्योंकि इसमें मोटे चावल को पतला बनाने का काम हो रहा है। बचे हुए कन से शराब बना रहे हैं। इधर से चावल की तस्करी हो रही है और उधर से शराब बनकर आ रही है।

भारत-नेपाल बॉर्डर पर तस्करी का धंधा बदस्तूर जारी है। जिले से लगी हुई नेपाल की 68 किमी की सीमा खुली हुई है, जिससे गैर परंपरागत मार्ग से चावल की तस्करी हो रही है। तस्करों के कैरियर पकड़े भी जा रहे हैं, लेकिन तस्करी थमने का नाम नहीं ले रही है। क्योंकि इसमें शामिल लोगों की काली कमाई हो रही है।



अलीगढ़वा में वाहनों की चेकिंग करते एसएसबी के जवान। संवाद

### नेपाल में सस्ती है शराब तस्करी की शराब से बॉर्डर क्षेत्र में नशे के आदी हो रहें युवा

एक दुकानदार ने बताया कि बढ़नी बॉर्डर के पार कृष्णा नगर में चीनी तकनीक की दो राइस मिल चल रही है। जिसमें मोटे चावल को पतला करते हैं तो उसकी कीमत अच्छी मिल जाती है। जिससे कन से शराब बनती है। नेपाल में बिना लाइसेंस के शराब सस्ती है और किराने की दुकानों में भी बिकती है।

**निर्यात बंद हुआ तो 10 रुपये किलो बढ़ गई चावल की कीमत:** जुलाई में भारतीय चावल का निर्यात बंद हुआ तो नेपाल में चावल की कमी हो गई है। नेपाल में पहले मोटा चावल नेपाली करेंसी में 50 रुपये किलो था, जो अब 65 रुपये हो गया है। भारतीय मुद्रा के अनुसार 30 रुपये किलो बिकने वाला चावल 40 रुपये किलो हो गया है।

बॉर्डर पर बातचीत में पता चला कि इसी चावल को चाइनीज राइस मिल में डालकर पतला बना देते हैं तो भारतीय मुद्रा में 100 रुपये किलो और नेपाली मुद्रा में 150 से 160 रुपये किलो में बिक जा रहा है। पतला करने के साथ इसमें कृत्रिम सुगंध डालने का खेल भी होता है।

**बढ़नी बॉर्डर के पास 18 बोरी चावल पकड़ा :** एसएसबी ने बढ़नी बॉर्डर के पास 18 अगस्त को पांच बाइक पर लदी 18 बोरी चावल पकड़ा था, जबकि 26 अगस्त को एसएसबी ने दो बोरी चावल पकड़ा था। बॉर्डर क्षेत्र के लोग इस तस्करी से परेशान हैं, क्योंकि टोकने पर तस्कर नुकसान भी पहुंचा देते हैं। एक किराना दुकानदार ने बताया कि बॉर्डर से हर दिन 100 कुंतल से अधिक चावल की तस्करी हो रही है। 15 दिन पहले 200 शीशी नेपाली शराब पकड़ी गई थी।

### लाइन देकर पहुंचते हैं अड्डे पर

तस्करी के धंधे में लाइन देना कोर्ड वर्ड है। ढेबरुआ में पान के दुकानदार ने बताया कि पहले की तरह अब भी शराब की खेप आ रही है, लेकिन इसमें लाइन देने वालों को पुलिस नहीं पकड़ती है। ढेबरुआ के रामनगर, कठेला के झकहिया और बलरामपुर के पचपेड़ा सहित अन्य स्थानों पर नेपाली शराब के अड्डे हैं। नेपाल में बिकने वाली 25 रुपये की शराब की शीशी भारतीय मुद्रा में 15 रुपये होगा, जबकि यहीं शराब भारत में आती है तो 50 रुपये में बिक जाती है। नेपाली शराबी तगड़ी होती है, इस कारण बॉर्डर क्षेत्रों में इसकी मांग अधिक है।

*भारत-नेपाल बॉर्डर पर पुलिस एसएसबी के साथ नियमित सक्रिय है। तस्करी करने वालों को पकड़ा जा रहा है। चावल और शराब ही नहीं, बल्कि किसी भी सामान की तस्करी की सूचना मिलती है तो उन्हें पकड़कर कार्रवाई की जाती है।* **– अभिषेक कुमार अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक**

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-13-09-2023

# बकाया मांगने पर चाकू से प्राणघात हमला

बखिरा (एसएनबी)। सिंचाई का बकाया 700₹ मांगने पर चाकू से प्राणघात हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने रमवापुर सोसाइटी के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त अवैध चाकू को भी बरामद किया है। बरामद अवैध चाकू के संबंध में पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त में धारा 4/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी करते हुए आरोपी को न्यायालय-जेल रवाना किया। पीड़ित बालकेश पुत्र रामकेवल निवासी मलौली थाना बखिरा ने बताया कि रामकिशुन पुत्र रामकेवल निवासी मलौली थाना बखिरा सिंचाई का 700 ₹ बकाया था। दिनांक 28.08.2023 को रामकिशुन से सिंचाई का बकाया 700 ₹ मांगने पर जान से मारने के नियत से चाकू से हमला कर दिया था। जिसके संबंध में थाना बखिरा पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। मंगलवार को प्रभारी चौकी दुर्गजोत उ.नि. अनिल प्रकाश पाण्डेय ने कां. सत्यप्रकाश के साथ आरोपी रामकिशुन पुत्र रामकेवल निवासी मलौली थाना बखिरा को रमवापुर सोसाइटी के पास से घटना में प्रयुक्त एक अदद अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बरामद अवैध चाकू के संबंध में मुकदमा उपरोक्त में धारा 4/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी करते हुए आरोपी को न्यायालय-जेल रवाना किया।

# ससुरालियों पर लगाया गंभीर आरोप

धनघटा, हिन्दुस्तान संवाद। धनघटा क्षेत्र के अजांव निवासी एक महिला के मायके वालों ने उपचार के अभाव में बेटी और बच्चे को मरने पर विवश करने का आरोप लगाया है। ससुरालियों के ऊपर अपनी बेटी को प्रताड़ित करने का आरोप लगा थाने पर प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

थाने पर दिए गए प्रार्थना पत्र में अर्पिता के पिता राम प्रवेश पुत्र बाबूलाल निवासी ग्राम महुआ पार थाना सहजनवा गोरखपुर ने लिखा है कि उन्होंने अपनी बेटी अर्पिता की शादी 2022 में अजांव निवासी एक व्यक्ति के यहां की थी। शादी के बाद से ही ससुराली उनकी बेटी को मोटरसाइकिल ले आने के लिए प्रताड़ित करते रहे। अपनी इज्जत आबरू बचाने के नाते वह मामले को दबाए रही लेकिन 9 सितंबर को जब वह प्रसव पीड़ा से कराह रही थी उस समय ससुराली उसे एक साधारण स्थान पर बिना समुचित इलाज के छोड़ दिए। जिससे जच्चा बच्चा की मौत हो गई।



धनघटा थाने पर प्रार्थना पत्र देने पहुंचे मृतका अर्पिता के मायके के लोग। • हिन्दुस्तान

# छेड़खानी का विरोध करने पर मनबढ़ों ने पीटा

**धनघटा (एसएनबी)।** धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग किशोरी के साथ घर में घुस कर मनबढ युवक द्वारा सोमवार की देर रात छेड़खानी करने का विरोध करने पर आरोपी मनबढ़ युवक ने अपने छोटे भाई के साथ मिलकर पीड़िता के परिवार के उपर हमला कर दिया और परिवार के लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना को लेकर घायल व्यक्ति ने हमलावरों के विरूद्ध पुलिस को लिखित प्रार्थनापत्र देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि सोमवार की शाम करीब 8 बजे उसके गांव का निवासी मनबढ युवक सुनील पुत्र दूधनाथ उसके घर पहुंचा। उस वक्त वह दरवाजे पर आराम कर रहा था। सुनील ने वन विभाग में नौकरी कर रहे उसके बेटे सुग्रीव के बारे में पूछा कि वह घर कब आएंगे तो उसने इस बारे में जानकारी न होने की बात कही तो उसी बीच उक्त मनबढ सुनील उसके घर में घुस गया और घर के भीतर भोजन पका रही उसकी 15 वर्षीय नातिन के साथ छेड़खानी करना शुरू कर दिया। नातिन के शोर मचाने पर वह टार्च लेकर घर के भीतर पहुंचा तो मनबढ सुनील ने उसके हाथ से टार्च छीन लिया और टार्च से ही उसके मुंह पर वार कर दिया जिससे उसका दांत टूट गया और लहूलुहान हो गया। इस दौरान मनबढ सुनील ने उसे और उसकी नातिन को मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया और घर से फरार हो गया। इसी बीच उक्त मनबढ सुनील अपने छोटे भाई गंगाधर के साथ उसके दरवाजे पर पहुंच गया और बेटे सुग्रीव के उपर भी हमला कर उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया साथ ही तोड़-फोड़ करते हुए घर का तमाम कीमती सामान भी क्षतिग्रस्त कर दिया। परिवार की चीख-पुकार सुनकर तमाम लोग मौके पर पहुंचे तब जाकर परिवार के लोगों की जान बच सकी। पीड़ित ने तहरीर के आधार पर हमलावरों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग पुलिस से की है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि प्रार्थनापत्र की जांच की जा रही है। जल्द ही घटना में शामिल हमलावरों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# डिलीवरी ब्वॉय से लूट के मामले में तीन गिरफ्तार



**संतकबीरनगर/बखिरा (एसएनबी)**। थाना कोतवाली खलीलाबाद के मड़या से पार्सल वितरण करने के लिए निकले अमेजन कंपनी के डिलीवरी ब्वॉय से बंजरिया पठान के पास बाइक सवार तीन लूटरों ने लूट की घटना कारित की थी। पुलिस ने तीनों लूटरों को 24 घंटे के अन्दर घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल व लूट के सामानों के साथ गोनहा पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना का सफल अनावरण करते हुए आरोपियों को न्यायालय रवाना किया। पुलिस लाइन में पत्रकारों से वार्ता करते एएसपी संतोष कुमार सिंह ने ने बताया कि 11 सितम्बर को समय 8.30 बजे रात्रि में वादी विष्णु प्रसाद पुत्र जगल प्रसाद निवासी मिश्रौलिया थाना कोतवाली खलीलाबाद द्वारा सूचना दिया गया कि वह अमेजन ऑफिस मड़या से पार्सल वितरण करने के लिए निकले थे कि बंजरिया पठान के पास मोटरसाइकिल पर सवार तीन अज्ञात लोगों द्वारा गाली गलौज करने लगे तथा 2300 ₹ नकद, आधार कार्ड, 12 पार्सल जिसमें दो एण्ड्रायड मोबाईल था छीन लिया गया। इस सूचना पर थाने पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि दिनांक 12 सितम्बर को मुखबिर की सूचना पर गोनहा पुल के पास से तीन अभियुक्तगण राहुल निषाद पुत्र पप्पू, सुनील निषाद पुत्र राम प्रकाश तथा रिंकू निषाद पुत्र लालमोहन निवासीगण बंजरिया थाना बखिरा को लूट के दो अदद मोबाइल वीवो एवं एनफिनिक्स कम्पनी, एक आधार कार्ड, एक साड़ी, दो अदद जूता, दो अदद बनियान, एक अदद लीड, एक अदद किताब, चार साबुन, एक अदद ब्रश, छह प्लास्टिक के डिबिया में एप्पल सीडर बेनेगार डबलेट, दो अदद प्लास्टिक के डिब्बे में आयुर्वेद पाउडर दवा, एक घड़ी फास्ट्रेक कंपनी, एक प्लास्टिक के सीसी में गोली दवा,एक पैनासोनिक कंपनी की सींगल लाइन डिजिटल कार्डलेश टेलीफोन मय चार्जर तथा 2300₹ नगद के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामद लूट के ₹ के संबंध में मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढ़ोत्तरी की गई है। उक्त गिरफ्तारी-बरामदगी के आधार पर थाना बखिरा पर पंजीकृत मु.अ.सं. 304/2023 धारा 394/504/411 भादवि का सफल अनावरण हुआ है। अनावरण के लिए गठित टीम ने 24 घंटे के अन्दर लूटरों को गिरफ्तार कर लिया। लूटेरों को थाना बखिरा के व.उ.नि. प्रमोद कुमार यादव, उ.नि. रामदरश यादव, हे.कां. शशिभान मणि त्रिपाठी, कां. अखिलेश कुमार नायक, कां. रामभुषण पटेल, कां. आशु यादव ने गिरफ्तार किया है।

# वांछित को चाकू के साथ दबोचा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने जानलेवा हमले के मामले में वांछित को चाकू के साथ गिरफ्तार किया।

थानाध्यक्ष बखिरा श्याम मोहन के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने 12 सितंबर को आरोपित रामकिशुन पुत्र रामकेवल निवासी मलौली को रमवापुर सोसाइटी के पास से घटना में प्रयुक्त एक अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार 28 अगस्त को पीड़ित बालकेश पुत्र रामकेवल निवासी मलौली ने बताया कि आरोपित से सिंचाई का 700 रुपए बकाया मांगने पर जान से मारने के नियत से चाकू से हमला कर दिया था।

# डिलेवरी ब्वाय से बदमाशों ने की लूट, तीन गिरफ्तार

## बखिरा थाना क्षेत्र में बंजरिया पठान के पास हुई घटना

**कामयाबी**

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। संतकबीरनगर जिले के बखिरा थाना क्षेत्र स्थित बंजरिया पठान गांव के पास सोमवार की रात बदमाशों ने डिलिवरी ब्वॉय से नगदी व पार्सल लूट लिया। पुलिस ने ताबड़तोड़ छापेमारी कर 24 घंटे के अंदर गोनहा पुल के पास लूट के सामान के साथ तीन बदमाशों को दबोच लिया। एएसपी ने मंगलवार को वारदात का खुलासा किया।

एएसपी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार की रात करीब सवा दस बजे पीआरवी को लूट की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की। पीड़ित विष्णु प्रसाद पुत्र जग्गल प्रसाद निवासी मिश्रौलिया, थाना कोतवाली खलीलाबाद अमेजन कम्पनी में डिलिवरी ब्वॉय है। उसने सूचना दी कि कम्पनी के मड़या ऑफिस से वह पार्सल वितरण करने के लिए निकला था। करीब 8.30 बजे रात्रि में बंजरिया पठान गांव के पास मोटरसाइकिल पर सवार तीन अज्ञात लोगों ने गाली देते हुए उसे रोक लिया और मारपीट की। बदमाशों ने 12 पार्सल, 2300 रुपये नकद, आधार कार्ड लिए। पार्सल में दो एंड्रायड फोन भी थे। अभियोग पंजीकृत कर पुलिस टीम को आरोपितों की गिरफ्तारी एवं धरपकड़ के लिए लगा दिया गया।

एसपी सत्यजीत गुप्ता की अगुवाई में टीम ने मौका मुआयना किया। थानाध्यक्ष बखिरा श्याम मोहन की अगुवाई में गठित पुलिस टीम ने मंगलवार को गोनहा पुल के पास से घटना में शामिल राहुल निषाद पुत्र पप्पू, सुनील निषाद पुत्र रामप्रकाश एवं रिंकू निषाद पुत्र लालमोहन निवासीगण बंजरिया थाना बखिरा को लूट के दो मोबाइल, 23 सौ रुपये नकदी और वारदात में प्रयुक्त बाइक व अन्य सामान के साथ गिरफ्तार किया। बरामद लूट के रुपये के संबंध में मुकदमे में धारा बढ़ाई गई। आरोपितों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई पूर्ण करने के बाद उन्हें संबधित न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया।

- सूचना के बाद एसपी समेत अन्य अधिकारी पहुंचे
- पुलिस ने 24 घंटे के भीतर लूट का सामान किया बरामद
- पुलिसकर्मियों ने छापेमारी कर बदमाशों को दबोचा



### पुलिस पूछताछ में यह हुआ खुलासा

एएसपी ने खुलासा किया कि आरोपित अभियुक्तगण ने पूछताछ में बताया कि रात को घर से फावड़ा, डंडा के साथ मछली मारने के लिए मोटरसाइकिल से जा रहे थे। उसी समय गांव से बाहर कौड़िया की तरफ जाने वाली सड़क पर रुक गए। आपस में योजना बनाई कि जो भी व्यक्ति कौड़िया की तरफ से आएगा, उससे छिनैती/लूट करेंगे। इसी दौरान ही एक व्यक्ति बाइक से आता हुआ दिखाई दिया। नजदीक आने के बाद उन्होंने उसे रोका और मारपीट कर दो मोबाइल, आधार कार्ड और 2300 रुपये और पार्सल का सामान छीन लिया।

# ज्ञापन देने गए दो वकीलों की जेब से निकल गए रुपये

**संतकबीरनगर, निज संवाददाता।** जनपद में चल रही अधिवक्ताओं की हड़ताल के बीच ज्ञापन देने गए दो अधिवक्ताओं की जेब से रूपए निकल गए। इसके बाद अधिवक्ताओं ने मामले में एसपी को शिकायत पत्र दिया। जिसके बाद थाना कोतवाली पुलिस ने मामले में तहरीर के आधार पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच पड़तालल शुरू कर दिया।

कोतवाल इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि खलीलाबाद शहर के मटिहना (विधियानी) मोहल्ला निवासी अधिवक्ता त्रयंबक त्रिपाठी ने अपने शिकायती पत्र के माध्यम से बताया कि वह दीवानी कचहरी में विधि व्यवसाय करते हैं। विगत 30 अगस्त को 11:30 बजे दिन में हापुड़ मामले में अन्य अधिवक्ता साथियों के साथ डीएम को ज्ञापन देने गए थे। इसी दौरान किसी ने उनके जेब से 15 हजार रूपए निकाल लिया। एक और अधिवक्ता साथी शमशाद अहमद का भी 12 हजार रूपए उनकी जेब से निकाल लिया गया। कोतवाल ने बताया कि एसपी के निर्देश पर अधिवक्ता की तहरीर के आधार पर मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# घायल महिला को अस्पताल भेजवाया

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने विवाद की सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर मारपीट में घायल महिला को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजवाया।

बेलहरकला क्षेत्र के बेलहरखुर्द से कालर ने किसी बात को लेकर दो पक्षों में विवाद के वजह से मारपीट होने से एक महिला के घायल होने के सम्बन्ध में सूचना दिया। सूचना मिलते ही पुलिस कर्मियों ने घटनास्थल पर तत्काल पहुंचकर वहां चल रहे दोनों पक्षों के विवाद को शांत कराया। घायल महिला को निजी वाहन से अस्पताल भेजवाकर घटना के संबंध में थाना बेलहरकला पुलिस को अवगत कराया।

# 47 वाहनों से 52,500 रुपये समन शुल्क की वसूली

संतकबीर नगर : जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस ने यातायात पुलिस कर्मियों के सहयोग से मंगलवार को बैंक शाखा व अस्पताल परिसर तथा सार्वजनिक स्थानों पर वाहनों की जांच की। मांगने पर ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य जरूरी कागजात न दिखाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 47 वाहन चालकों से 52,500 रुपये समन शुल्क की वसूली की। (विज्ञप्ति)

# सामान पहुंचाने वाले कर्मी से लूट, तीन बदमाश गिरफ्तार

- वखिरा पुलिस ने गोनहा पुल के पास वदमाशों को दवोचा
- लूटकांड के वारे में एएसपी ने विस्तार से दी जानकारी

जासं, संतकवीर नगर : एक निजी कंपनी के कार्यालय से वितरण के लिए सामान लेकर जा रहे कर्मी से सोमवार की रात में नकदी व अन्य सामान लूटने वाले तीनों वदमाशों को पुलिस ने मंगलवार को गोनहा पुल के पास गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके पास से लूटा गया सामान वरामद कर लिया है। पूछताछ करने के बाद पुलिस ने इन्हें जेल भेज दिया। पुलिस लाइन के सभागार में एएसपी संतोष कुमार सिंह ने इसके बारे में पत्रकारों को विस्तार से जानकारी दी।



लूट के आरोपितों को प्रस्तुत करते एएसपी संतोष कुमार सिंह • जागरण

उन्होंने बताया कि मिश्रौलिया मोहल्ला निवासी विष्णु प्रसाद सोमवार की रात करीव साढ़े आठ वजे पुलिस को सूचना दी कि वह मड़या स्थित एक निजी कंपनी के कार्यालय से पार्सल देने के लिए वाइक से निकले थे। वखिरा थाना क्षेत्र के वंजरिया पठान के पास वाइक पर सवार तीन अज्ञात वदमाशों ने उन्हें रोक लिया। अपशब्द कहते और जान-माल की धमकी देते हुए 2,300 रुपये नकद, आधार कार्ड, पार्सल के दो एंड्रायड मोबाइल समेत 12 सामान लूट लिया। घटना के बाद पुलिस मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच में जुट गयी। बखिरा के थानाध्यक्ष श्याम मोहन के नेतृत्व में वरिष्ठ उप निरीक्षक प्रमोद कुमार यादव, उप निरीक्षक रामदरश यादव, मुख्य आरक्षी शशिभान मणि त्रिपाठी, आरक्षी अखिलेश कुमार नायक, रामभूषण पटेल व आशु यादव की टीम ने मंगलवार को सूचना मिलने पर गोनहा पुल के पास वखिरा थाना के वंजरिया निवासी राहुल निषाद, सुनील निषाद व रिंकू निषाद को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास लूट की दो एंड्रायड' मोबाइल, आधार कार्ड, साड़ी, एयरबोर्ड मय लीड, किताब, ब्रश, घड़ी, प्लास्टिक पैक में दवा की गोली, सिंगल लाइन डिजिटल कार्डलेस एक-एक, साबुन-चार, छह प्लास्टिक डिबिया में डवलेट, दो प्लास्टिक के डिब्बे में पाउडरयुक्त आयुर्वेद की दवा, 2,300 रुपये नकद व घटना में प्रयोग की गई बाइक को बरामद कर लिया।

**मछली मारने के लिए निकले थे तीनों बदमाश:** सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपितों ने पुलिस को बताया कि वे सोमवार की रात को घर से फावड़ा, डंडा के साथ मछली मारने के लिए बाइक से आ रहे थे। उसी समय गांव से बाहर कौड़िया की तरफ जाने वाली सड़क पर रुक गए। हम लोग आपस में योजना बनाए कि जो भी व्यक्ति कौड़िया की तरफ से आएगा, उसे लूटेंगे। इसी दौरान एक व्यक्ति बाइक लेकर आता हुआ दिखा। हम लोग उसकी बाइक रोक लिये। उससे नकदी व अन्य सामान लूटकर फरार हो गए थे।

# रास्ते में गिरे मिले रुपये पीड़ित को लौटाया

**रोसया बाजार।** पौली चौकी की पुलिस को पैदल मार्च के दौरान दूल्हापार बाजार में रास्ते में गिरा थैला मिला, जिसमें 20,000 रुपये, बैंक पासबुक, आधार कार्ड व पैन कार्ड रखा था। पासबुक और आधार कार्ड से उक्त का पता लगाया गया जो किस्मती पत्नी राममिलन निवासी खेवासिया थाना धनघटा को निकला। मुख्य आरक्षी सलमान अंसारी और मनोज यादव ने बताया कि पीड़ित को उसके रुपये और कागजात सौंप दिया गया। संवाद

# पोखरे में डूबे व्यक्ति का 40 घंटे बाद मिला शव



घटना के बाद घर पर रोते-बिलखते स्वजन ● जागरण

**जासं, नाथनगर, संतकबीर नगर :** महुली थाना के जिगिना गांव स्थित पोखरे में रविवार को डूबे एक व्यक्ति के शव को पुलिस ने 40 घंटे बाद बरामद कर लिया। घटना के बाद से ही परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।



रामहजूर ● फाइल फोटो

गांव के 40 वर्षीय रामहजूर पुत्र गोपाल रविवार को सुबह के समय घर के बगल में स्थित पोखरे में गोबर फेंकने गए थे। इसी दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया। जिससे वह पानी से भरे पोखरे में गिर गए। एसडीआरएफ, गोताखोर घटना के बाद से खोजबीन में जुटे हुए थे। ग्रामीणों ने पंप सेट लगाकर पोखरे से पानी निकालने में जुटे थे। सोमवार की देर रात पानी से पोखरा खाली होने पर जलकुंभी में फंसा हुआ उनका शव मिला। इससे घर में कोहराम मच गया। मोलनापुर पुलिस चौकी के प्रभारी अरुण कुमार पाण्डेय ने बताया कि पोखरे का पानी निकलने के बाद शव मिला।

# शांतिभंग की आशंका में चार लोग पकड़े गए

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर: जिले की पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में मंगलवार को चार लोगों को पकड़कर थाने पर लाई। उनसे पूछताछ की। इसमें बेलहरकला व धर्मसिंहवा पुलिस ने दो-दो लोगों को दबोचा है। ये लोग पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट करने पर उतारू थे। सूचना मिलने पर पुलिस इनके गांव में पहुंची। (विज्ञप्ति)

# डिलीवरी मैन को लूटने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

## सोमवार की देर शाम को बंजरिया के पास युवक को मारपीट कर बदमाशों ने दिया था वारदात को अंजाम

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। बखिरा क्षेत्र के बंजरिया के पास सोमवार देर शाम बाइक सवार बदमाशों ने पार्सल डिलेवरी मैन को मारपीट कर 2300 रुपये नकदी, आधार कार्ड और 12 पैकेट पार्सल लूट लिया था। मंगलवार को लूट की घटना में शामिल तीन बदमाशों को पुलिस ने गोनहा पुल के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने लूट के रुपये और सामान बरामद किया।

एएसपी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के मिश्रौलिया निवासी विष्णु प्रसाद पुत्र जग्गल प्रसाद ऑनलाइन पार्सल की डिलीवरी करने का काम करते हैं।

वह सोमवार को देर शाम बखिरा क्षेत्र के कोलकी चमरसन से पार्सल की डिलीवरी देकर दुधारा क्षेत्र में जा रहे थे। बंजरिया



बखिरा में हुई लूट की जांच करते एसपी और एसएसपी। संवाद

पठान के पास पहुंचे ही थे। उसी दौरान बाइक सवार तीन बदमाशों ने उन्हें रोककर मारापीटा और 2300 रुपये, आधार कार्ड, 12 पार्सल जिसमें दो एंड्रायड मोबाइल थी लूट लिया।

घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। बाद में एसपी सत्यजीत गुप्ता, एएसपी संतोष कुमार सिंह भी मौके पर पहुंच गए और पीड़ित से पूछताछ की। पुलिस ने तीन बदमाशों के खिलाफ लूट का केस दर्ज किया।

मंगलवार को सूचना के आधार पर एसओ श्याम मोहन ने अपनी टीम के साथ गोनहा पुल के पास से

**मारपीट कर 2300 रुपये नकदी और आधार कार्ड लूट ले गए थे बदमाश**

घटना में शामिल तीनों बदमाशों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पकड़े गए बदमाशों की पहचान बखिरा क्षेत्र के बंजरिया निवासी राहुल निषाद, सुनील निषाद, रिंकू निषाद के रूप में हुई। पकड़े गए बदमाशों के पास से दो अदद मोबाइल, आधार कार्ड, साड़ी, दो अदद जूता, दो अदद बनियान, किताब, चार अदद साबुन, ब्रश, छह अदद प्लास्टिक की डिबिया में एप्पल सीडर बेनेगार डबलेट, दो अदद प्लास्टिक के डिब्बे में आयुर्वेद पाउडर दवा, अदद घड़ी, प्लास्टिक के शीशी में दवा, पैनासोनिक कंपनी की सिंगल लाइन डिजिटल कार्डलेस टेलीफोन मय चार्जर तथा 2300 रुपये और लूट की घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई।

पूछताछ में पकड़े गए बदमाशों ने बताया कि सोमवार रात को घर से फावड़ा, डंडा के साथ मछली मारने के लिए बाइक से जा रहे थे। उसी समय गांव से बाहर कौड़िया की तरफ जाने वाली सड़क पर रुक गए और हम लोग आपस में साजिश रची जो भी व्यक्ति कौड़िया की तरफ से गुजरेगा, उसे लूटा जाएगा।

उसी दौरान बाइक सवार युवक गुजरा तो उसे रोक लिया गया, उसकी जेब से दो मोबाइल और उसका आधार कार्ड तथा 2300 रुपये और उसके बाइक के पीछे बंधे प्लास्टिक के बोरे में पार्सल माल को मारपीट करके लूट लिय।

बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने तीनों को न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए जेल भेज दिया।

# पुलिस ने लोगों के सहयोग से लगवाए 19 सीसी कैमरे

जासं, संतकबीर नगर: आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत मंगलवार को लोगों के सहयोग से पुलिस ने दो स्थानों पर 19 सीसी कैमरे लगवाए। इसमें कोतवाली खलीलाबाद ने एक स्थान पर तीन, दुधारा पुलिस ने एक स्थान पर 16 सीसी कैमरा लगवाया है। कैमरा लगवाने वाले लोगों को पुलिस ने सम्मानित किया।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने कहा कि इस अभियान के तहत आम जनमानस से घरों, कालोनियों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसी कैमरा लगाने की अपील की जा रही है। इसमें लोग अच्छा सहयोग कर रहे हैं। लोगों से कहा जा रहा है कि वे कम से कम एक कैमरे से सड़क पर भी नजर रखें। जिससे आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाया जा सके। असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करके कानून व्यवस्था बेहतर किया जा सके। (विज्ञप्ति)

# फरार चल रहे दो वारंटियों को भेजा जेल

संतकबीर नगर : मेंहदावल पुलिस ने फरार चल रहे दो वारंटियों को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया। इसमें मरवटिया गांव निवासी द्वारपाल व उनके भाई राम प्रसाद शामिल हैं। उप निरीक्षक प्रमोद कुमार नायक ने बताया कि कई बार नोटिस जारी होने पर भी ये दोनों कोर्ट में पेश नहीं हो रहे थे। सूचना मिलने पर वह सहयोगी आरक्षी आलोक पाल व सूर्यप्रताप यादव के साथ इनके गांव में दबिश दी। पुलिस कर्मियों को सफलता मिली। (विज्ञप्ति)

# ससुरालियों पर दहेज हत्या का केस दर्ज करने की मांग

जासं, धनघटा : कुछ दिन पूर्व जच्चा-बच्चा के मृत्यु के मामले में नया मोड़ आ गया है। मायके वालों ने मंगलवार को धनघटा थाने में तहरीर देकर ससुरालियों पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

10 सितंबर को अजांव गांव निवासी अर्पिता पत्नी अमित कुमार का प्रसव उप स्वास्थ्य केंद्र-मड़पौना में कराया गया था। जच्चा-बच्चा की मृत्यु हो गयी थी। स्वजन ने स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही बताई थी। गोरखपुर के सहजनवा थाना के महुआपार गांव निवासी रामप्रवेश ने मंगलवार को धनघटा थाने में तहरीर दी। वह बेटी अर्पिता की शादी 15 मई 2022 में अजांव गांव निवासी अमित कुमार से किए थे। ससुराल के लोग बाइक व नकदी की मांग कर रहे थे। बेटी को प्रताड़ित कर रहे थे। प्रसव पीड़ा होने पर बेटी का उपचार नहीं कराए। उन्होंने ससुरालियों पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। थानाध्यक्ष संतोष मिश्र ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

# आरोपित को भेजा जेल

बखिरा : बखिरा थाना के मलौली गांव निवासी रामकिशुन को पुलिस ने मंगलवार को रमवापुर गांव के पास चाकू के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष श्याम मोहन ने बताया कि 28 अगस्त को मलौली गांव निवासी बालकेश ने सूचना दी थी कि उनके गांव के इस आरोपित से वह सिंचाई का 700 रुपया बकाया मांगे थे। इस पर उन्होंने चाकू से उन पर वार कर दिया था। मुकदमा दर्ज करके आरोपित की तलाश की जा रही थी। (विज्ञप्ति)

# भाई को चाकू मारने वाला आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। बखिरा पुलिस ने हत्या के प्रयास मामले के आरोपी को मंगलवार को रमवापुर सोसायटी के पास से गिरफ्तार किया।

एसओ श्याम मोहन ने बताया कि बालकेश पुत्र रामकेवल निवासी मलौली थाना बखिरा ने सूचना दिया कि आरोपी भाई राम किशुन ने सिंचाई का 700 रुपये बकाया मांगने पर जान से मारने के नीयत से चाकू से हमला किया।

चाकू के हमले में वह घायल हो गया। इस मामले में राम किशुन पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही थी। सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। संवाद

# पुख्ता सबूत दाखिल... हैवानियत की शिकार बिटिया को अब मिलेगा इंसाफ

## चार नवंबर 2020 को दुष्कर्म के बाद बालिका की कर दी गई थी हत्या

अमर उजाला
पड़ताल

संवाद न्यूज एजेंसी

**बेलहर/ संतकबीरनगर।** चार नवंबर की तारीख थी वह। पिता के साथ खेत गई सात साल की मासूम के लिए काला दिन। क्षेत्र के एक गांव में एक दरिंदे ने उसे न सिर्फ अपनी हवस का शिकार बनाया बल्कि उसकी नृशंस हत्या कर शव को नाले के किनारे गाड़ दिया।

ढाई साल पहले हुई वारदात इतनी खौफनाक थी कि पुलिसके खुलासे से पूरा जिला सहम गया। पुलिस जांच में पता चला की दरिंदे लाल बहादुर ने हैवानियत की सारी हदें पार कर दी थीं।

डीएनए जांच रिपोर्ट समेत तमाम सबूत दरिंदे को सजा दिलाने के लिए कोर्ट में दाखिल किए जा चुके हैं। अब मामले में सुनवाई पूरी होने वाली है। माना जा रहा कि इसी माह में बिटिया को इंसाफ मिल जाएगा। कोर्ट जल्द अपना फैसला सुनाएगा। मामले के विवेचक प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी लाल बहादुर की निशानदेही पर ही शव बरामद किया था गया। इसके अलावा आला कत्ल पत्थर का टुकड़ा भी बरामद थी। नाले के किनारे गाड़ा गया बालिका के कपड़े भी मिले थे। इस प्रकरण में बालिका के अंग से लिए स्वॉब और आरोपी के खून के नमूने का अब डीएनए टेस्ट कराया गया था। जांच में वह भी मेल खा गया। विवेचक का कहना है कि इस केस में आरोपी के खिलाफ पुख्ता सबूत हैं।

**बेलहर कांड**

### डीएनए टेस्ट में भी हो चुकी है दरिंदगी की पुष्टि

### परिवार को उस घड़ी का इंतजार, जब आरोपी को मिलेगी सजा

वारदात का याद कर मासूम के पिता फफक पड़ते हैं। बताते हैं कि घटना से अन्य बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो गई। रोजगार के लिए बाहर नहीं गया। घर की माली हालत बिगड़ गई। पूरे परिवार को अब उस वक्त का इंतजार है, जब आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी। पहले भी आरोपी कुकर्म के प्रयास मामले में गया था जेल सात वर्षीय बालिका से दुष्कर्म और कुकर्म के बाद हत्या करने का आरोपी पहले भी कुकर्म के प्रयास मामले में जेल जा चुका है। आरोपी जमानत पर छूटा था और बालिका के साथ हैवानियत कर दी।


दुष्कर्म-कुकर्म के बाद बच्ची की हत्या, शव नाले में दफनाया


ड्रोन कैमरे से भी नहीं लगा लापता बच्ची का सुराग

नवंबर 2020 में अमर उजाला में प्रकाशित खबरें।

### ये है घटनाक्रम

चार नवंबर 2020 को सात वर्षीय बालिका अपने पिता और दोनों भाइयों के साथ धान के खेत में गई थी। पिता और भाई खेत में बालिका को छोड़ कर धान की मड़ाई के बाद बोझ रखने घर चले गए थे। पिता जब दोबारा खेत में पहुंचे तो बालिका लापता थी। घर वालों ने पहले खुद उसको तलाश की। जब पता नहीं चला तो देर शाम उन्होंने बेलहर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर बच्ची की तलाश शुरू कर दी। तत्कालीन एसपी ब्रजेश सिंह, पूर्व सीओ राम प्रकाश, पूर्व एसओ प्रदीप सिंह, पूर्व एसओ दुधारा श्रीप्रकाश यादव मौके पर पहुंच गए थे। पुलिस ने डॉग स्क्वायड और ड्रोन कैमरे का भी सहारा लिया, लेकिन कामयाबी नहीं मिल पाई। पुलिस ने संदेह के आधार पर क्षेत्र के अकलोहना राजेबोहा निवासी लाल बहादुर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने बताया कि वह बुद्धा नाले को पार करके खेत में पहुंचा तो बालिका अकेली मिली। उसने बालिका का मुंह दबाकर जंगल में उठा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म और कुकर्म किया। घटना को छिपाने के लिए उसने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी और अपनी शॉल में लपेट कर शव को नाले में दफन कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म और कुकर्म के बाद हत्या कर शव छिपाने की कोशिश और पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज किया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर में चोट पहुंचा कर हत्या की गई थी। इसके साथ ही दुष्कर्म की भी पुष्टि हुई थी।

### केस में हो रही बहस, इसी माह आ सकता है निर्णय

घटना के बाद से आरोपी जेल में निरुद्ध है। आरोपी के परिजनों ने जमानत के लिए प्रार्थनापत्र ही नहीं दिया। इस केस में गवाही हो चुकी है। केस बहस में चल रहा है। इसी माह निर्णय आ सकता है। इस केस में विवेचक ने बेहतर ढंग से विवेचना की है और पुख्ता सबूत कोर्ट में प्रस्तुत किया है, जिससे आरोपी को सजा जरूर मिलेगी। -अनिल कुमार सिंह, विशेष लोक अभियोजक

# ज्ञापन देने गए दो अधिवक्ताओं की जेब से 27,200 रुपये चोरी

संतकबीरनगर। दस दिन पूर्व हापुड़ की घटना के विरोध में अधिवक्ता साथियों के साथ डीएम को ज्ञापन देने गए दो अधिवक्ताओं की जेब से 27,200 रुपये चोरी हो गए। अधिवक्ताओं ने एसपी को प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग की। एसपी के निर्देश पर मंगलवार को कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया। अधिवक्ता त्रयम्बक त्रिपाठी ने बताया कि 30 अगस्त को वह हापुड़ मामले में डीएम को ज्ञापन देने गए थे। उसी दौरान उनकी जेब से 15,000 किसी ने निकाल लिए। इसके अलावा एक और अधिवक्ता साथी शमशाद अहमद की जेब से भी 12,200 रुपये निकाल लिए गए। संवाद

# अधिवक्ताओं ने दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की



हापुड़ की घटना के विरोध में कचहरी में प्रदर्शन करते अधिवक्ता। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** हापुड़ की घटना के विरोध में मंगलवार को अधिवक्ताओं ने दीवानी न्यायालय परिसर में बैठक की। अधिवक्ताओं ने मेंहदावल में ग्राम न्यायालय के विरोध में प्रदर्शन भी किया। इसके साथ ही बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश को नौ सूत्री मांग पत्र भी भेजा। इस दौरान अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे।

जनपद बार और सिविल बार के अध्यक्ष की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने जिला जज से मुलाकात की। कोई सार्थक पहल नहीं होने के कारण अधिवक्ता ग्राम न्यायालय के विरोध में प्रदर्शन किया। देर शाम चैंबर में बैठक कर अधिवक्ताओं ने हापुड़ की घटना, अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने, दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई, हापुड़ के डीएम एसपी का स्थानांतरण की मांग किया। इसके साथ ही पीड़ित अधिवक्ताओं को मुआवजा देने की मांग की।

## अधिवक्ताओं पर अत्याचार कर रही सरकार : प्रवीण

संतकबीरनगर। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रवीण चंद पांडेय ने कहा कि बुद्धिजीवी वर्ग अधिवक्ताओं पर सरकार के इशारे पर हापुड़ में लाठीचार्ज किया गया है। जो चिंता का विषय है। कांग्रेस का हर कार्यकर्ता अधिवक्ताओं के आंदोलन का समर्थन करता है। उन्होंने अधिवक्ताओं पर हुए अत्याचार को लेकर चिंता जताई। प्रेस को जारी बयान में उन्होंने कहा कि वकीलों पर हो रहे अत्याचार पर प्रदेश सरकार की चुप्पी चिंताजनक है। संवाद

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-13-09-2023

# रेप के दो मामलों में सात लोगों के विरुद्ध मुकदमा

**नवाबगंज, संवाददाता।** बीते 24 घंटो में अलग-अलग गांव में दुष्कर्म के दो मामले में महिला सहित सात लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। इनमें एक मुकदमा न्यायालय के आदेश पर तो दूसरा पुलिस अधीक्षक के आदेश पर दर्ज हुआ है। दोनों मामलों को लेकर तरह-तरह की चर्चा की जा रही है।

पहले मामले क्षेत्र के एक गांव की निवासी दलित महिला ने पुलिस कप्तान को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि मैनपुर के वसारे डिहवा निवासी विशाल जायसवाल उसकी पुत्री को शादी का झांसा देकर दो साल तक उसके साथ दुष्कर्म करता रहा।शादी का दबाव बनाने पर वह शादी करने से इंकार कर दिया। बताया जब वह अपनी पुत्री के साथ उसके घर पर जा कर शादी की बात की तो उसके पिता शिवचरन, मां सुनीता देवी, बहन शिवानी तथा भाई विकास ने उसे जाति सूचक गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया।

# फरार चल रहे वारंटी को किया गिरफ्तार

**वजीरगंज।** थाना क्षेत्र के गौतम पुत्र बम्मड निवासी ग्राम कटरा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसओ अभय सिंह ने बताया कि आरोपी मारपीट की धाराओं में फरार चल रहा था।मंगलवार को उप निरीक्षक अवनीश शुक्ला व सूरज उपाध्याय ने गिरफ्तार किया है।

# मंदिर की जमीन पर कब्जे की कोशिश में चार पर केस

- नगर क्षेत्र के बडगांव मोहल्ले का मामला
- नगर क्षेत्र के बडगांव मोहल्ले का मामला

गोण्डा, संवाददाता। नगर क्षेत्र के बडगांव मोहल्ले के रामजानकी मंदिर की जमीन पर कब्जा करने के उद्देश्य से परिसर में घुसकर तोड़फोड़, सर्वराकार की मां के साथ अभद्रता करने, धमकी देने के मामले में नगर कोतवाली पुलिस ने पूर्व प्रधान सहित चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

विशाल कौशल उर्फ मिथुन के अनुसार रामजानकी मंदिर के सर्वराकार उनके पिता थे। पिता की तबीयत खराब होने के कारण वह मंदिर के कार्यवाहक सर्वराकार है। उनका कहना है कि उनके बाबा ने 100 वर्ष पहले मंदिर का निर्माण किया था। आरोप है कि बीते 4 सितंबर को आरोपियों ने मंदिर की जमीन व उसपर बने मकान पर कब्जे की कोशिश की। इस दौरान पीड़ित के माता ने विरोध किया तो आरोपियो ने अभद्रता की और मंदिर परिसर को खाली करने को कहा। इसके बाद आरोपी जानमाल की धमकी देते हुए फरार हो गए।

# अवैध शराब के साथ पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

खरगूपुर। पुलिस नेअवैध कच्ची शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर स्थानीय थाना क्षेत्र के तेलई पुरवा मोड़ के पास एक युवक को दस लीटर अवैध कच्ची शराब के पुलिस टीम किया है।

# नशीली दवाओं के साथ युवक दबोचा

रुपईडीह । कौड़िया पुलिस ने एक युवक को 200 नशीली टेबलेट के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। उप निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने विरवा के मजरा चुटीपुर के निवासी इमरान उर्फ मान पुत्र अकरम  के पास से पकड़ा है।

# मारपीट का मुकदमा

गोंडा : शिवपुरी कालोनी सिविल लाइन की गीता जायसवाल की तहरीर पर गणेश व अवधेश सिंह पर मारपीट का मुकदमा किया गया है। पीड़िता का कहना है कि आरोपित ने पति व बेटे को भी पीटा है। (संसू)

# ड्यूटी दिलाने की लगाई गुहार

गोंडा। पीआरडी के एक दर्जन जवानों ने डीएम नेहा शर्मा से ड्यूटी लगाए जाने की गुहार लगाई है। पीआरडी जवानों ने अपने प्रार्थनापत्र में उच्च न्यायालय के अनुपालन कराने की भी मांग की है। पीआरडी जवानों का कहना है कि उनके खिलाफ कभी किसी प्रकार की शिकायत भी नहीं है किंतु इसके बाद भी विभागीय अफसर जानबूझकर ड्यूटी नहीं लगा रहे हैं। यही नहीं उनका यह भी आरोप है कि कई लोग ऐसे हैं, जिनकी ड्यूटी बराबर उनके मनमाफिक लगाई जाती है। मांग करने वालों में कामता प्रसाद ,जय नारायण मिश्रा ,रविंद्र कुमार वर्मा मौजूद थे।

# आरोपी पैथालॉजी संचालक गिरफ्तार

करनैलगंज। नगर के सीएचसी तिराहे के पास गोण्डा जरवल फोरलेन पर स्थापित एक पैथालोजी सेंटर पर जांच के बहाने महिला को लाकर नशीली दवा खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म करने एवं अश्लील वीडियो बनाने के आरोपी डायग्नोस्टिक सेंटर संचालक को पुलिस ने धर दबोचा है। बताया जाता है कि थाना कटरा बाजार क्षेत्र के निदूंरा गांव की महिला द्वारा सोमवार की शाम कोतवाली में तहरीर दी गई थी। जिसमें कहा गया था कि बीमार महिला को पैथोलॉजी सेंटर पर लाकर जांच करने के बहाने नशीली गोलियां खिलाई गई। उसके बाद उससे दुष्कर्म करके अश्लील वीडियो बना लिया गया। बाद में उस वीडियो को उसके पति को भेजने व वायरल करने की धमकी देकर रुपए की मांग की जा रही थी।

## मारपीट के मामलों में नौ पर केस

**मनकापुर (गोंडा)।** क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में हुई मारपीट के मामले में मनकापुर पुलिस ने नौ लोगों पर केस दर्ज किया है। झिलाही बाजार निवासी ओमप्रकाश कौशल ने तहरीर देकर बताया कि वह झिलाही बाजार में कपड़े की दुकान करता है। बीते 10 सितंबर की शाम बेहलनिया निवासी विनय मिश्र अपने दो बेटों के साथ दुकान पर आए तथा लेनदेन को लेकर मारपीट करने लगे। बचाने आई पत्नी बबिता व बच्चे रजत को भी पीटा। वहीं दूसरे पक्ष के विनय तिवारी ने दुकानदार के साथ उनकी पत्नी व बेटे के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि अन्य मामले में मछली गांव नानकर निवासी सिद्धार्थ मौर्य की तहरीर पर सतीश, रामशंकर व एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मारपीट व धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया गया है। (संवाद)

# पिता ने जमीन बेची तो बेटों ने किया जख्मी

खरगूपुर। बाप ने जमीन बेच दी तो लड़कों ने उनपर हमला कर घायल कर दिया। पिता ने अपने तीन पुत्रों के विरुद्ध हमला व जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई है। मामला स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महादेवा कला का है।यहां के निवासी राजकुमार ने थाने पर दर्ज कराए गए प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि उन्होंने अपना 14 बिस्वा जमीन बेच दिया था। उसी को लेकर उनके पुत्रगण संजय कुमार, शिवम् व संदीप द्वारा सुबह सात बजे लाठी डंडे से हमला कर घायल कर दिया गया। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि उक्त तीनों आरोपियों के विरुद्ध हमला व जान से मारने की धमकी देने में प्राथमिकी दर्ज कर घायल को स्थानीय सीएचसी भिजवाया गया है।

# अवैध होर्डिंग व बैनर हटाने के आदेश जारी

गोंडा। जिले में शहरों और कस्बों की खूबसूरती बिगाड़ रहे अवैध होर्डिंग, बोनर और पोस्टर हटाए जाएंगे। डीएम ने जिले के सभी नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी को विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही सुनिश्चित करने के आदेश दिए हैं। नगर मजिस्ट्रेट के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई होगी। डीएम नेहा शर्मा ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान यह देखा गया है कि नगर सीमान्तर्गत रोड साइड एवं प्रमुख बाजारों में बिजली पोल पर, चौराहों पर लगी महापुरुषों की प्रतिमाओं के अगल-बगल तथा शासकीय भवनों की बाउन्ड्रीवाल पर बड़ी संख्या में होर्डिंग्स लगाए जा रहे हैं। नगर पालिका परिषद द्वारा होर्डिंग्स लगाने को स्थान चिन्हित हैं और उन्हीं स्थानों पर पोस्टर/बैनर लगाने की अनुमति दी जानी चाहिए।

## मारपीट का मुकदमा

इटियाथोक : कस्बा के अजय राठौर ने कहा कि वह गत रविवार शाम करूवा पारा पेट्रोल पंप पर बाइक में तेल डलवाने गया था। वहां से लौटते समय रास्ते में सरयू नहर के पास विपक्षियों ने उसे रोक लिया। मोटरसाइकिल की चाबी निकाल कर अभद्रता की। शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए। आरोपित जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सरोज ने कहा कि रामानंद यादव व संजीव कुमार के खिलाफ मारपीट का मुकदमा किया गया है। (संसू)

## आरोपितों पर हो कार्रवाई

गोंडा : खरगुपुर के भैगहा के राजेंद्र ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोपितों पर मुकदमा कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। कहा कि गांव के कुछ लोगों ने उसकी ट्राली चोरी कर बेच दिया है। इसकी शिकायत करने पर विपक्षी तरह तरह के आरोप लगाकर उसे मारने की धमकी दे रहे हैं। (संसू)

# चोरी में दो लोगों को दो वर्ष की सजा

गोंडा। अपर सत्र न्यायाधीश डॉ. दीनानाथ ने चोरी करने के आरोप में दो अभियुक्तों को दो वर्ष की कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अभिनव चतुर्वेदी के अनुसार थाना करनैलगंज अंतर्गत ग्राम सकरौर निवासी जाफर अली पुत्र पीर अली तथा मोहल्ला गाड़ी बाजार के दुःख हरन मौर्य पुत्र विश्वनाथ के विरुद्ध मोटरसाइकिल चोरी करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की विवेचना करने के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया।

# कजरी तीज मेले को लेकर तैयारियां परखीं

**जायजा**

करनैलगंज, संवाददाता। मंगलवार को डीएम नेहा शर्मा व एसपी अंकित मित्तल ने आगामी कजरी तीज मेले की तैयारियों को लेकर सरयू कटरा घाट का निरीक्षण किया। घाट पर श्रद्धालुओं के समस्त सुरक्षा प्रबंधों को पुख्ता करने के निर्देश देते हुए सुरक्षा मापदंडो को भी जांचा। उधर, शहर के दुखहरण नाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए बैरीकेडिंग की जा रही है।

डीएम ने कटरा घाट, सरयू नदी के भीतर बैरिकेडिंग, बैरियर लगाने, रैम्प व सीढ़ियों के निर्माण, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था व साफ सफाई का जायजा लिया। कजरी तीज मेले की तैयारियों को लेकर सरयू घाट पर साफ सफाई,



मंगलवार को डीएम और एसपी ने सरयूघाट का किया निरीक्षण।

रैंप निर्माण, सीढ़ियों का निर्माण, बिजली के खंभों पर लाइट लगाने, शौचालय की साफ-सफाई, नदी के बैरिकेडिंग आदि का कार्य उपजिलाधिकारी विशाल कुमार की देखरेख में चल रहा है। डीएम के निर्देश पर वह स्वयं व्यवस्था की बागडोर संभाल रहे हैं। मंगलवार को करनैलगंज नगर पालिका परिषद एवं ग्रामीण क्षेत्र में तैनात सफाई कर्मचारियों द्वारा नदी एवं घाट के आसपास की साफ सफाई कराई गई। इसके अलावा नगर पालिका कर्मियों एवं बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा प्रकाश व्यवस्था के

- दुखहरण नाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए बैरीकेडिंग की जा रही
- सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई: एसपी

लिए लाइटें लगाई जा रही थीं। सरयू घाट पर श्रद्धालुओं के समस्त सुरक्षा प्रबंधों को पुख्ता करने के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। एसपी ने कहा कि चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है। इस मौके पर एसडीएम विशाल कुमार, चंद्रपाल शर्मा, ईओ प्रियंका मिश्रा, कोतवाल चितवन कुमार एवं ब्लॉक के अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिक्षक पर गबन का मुकदमा

संसू, कटरावाजार (गोंडा) : खंड शिक्षा अधिकारी सीमा पांडेय ने प्राथमिक विद्यालय नरायनपुर के शिक्षक विश्राम सिंह पर मध्याह्न भोजन व फल के लिए आई धनराशि में हेराफेरी करने का मुकदमा लिखवाया है। गांव की प्रधान शाबरुन्निना ने शिक्षक पर मध्यान्ह भोजन के परिवर्तन लागत की धनराशि के चेक में कूट रचना कर गोलमाल करने की शिकायत की थी। प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडेय ने बताया कि नरायनपुर प्राथमिक स्कूल के शिक्षक विश्राम सिंह के विरुद्ध खंड शिक्षा अधिकारी की तहरीर पर सरकारी धन के गबन का मुकदमा लिखा गया है।

# अवैध होर्डिंग, बैनर व पोस्टर हटवाने के आदेश




एलबीएस चौराहे के पास होर्डिंग उतारता कर्मी • जागरण

संसू, गोंडा : नगर निकायों में अवैध रूप से लगे होर्डिंग, बैनर व पोस्टर हटवाने के आदेश अधिशासी अधिकारी को दिए गए हैं। डीएम नेहा शर्मा ने संबंधित अधिकारियों से कार्रवाई करके अवगत कराने के लिए कहा है।

शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। डीएम ने कहा कि नगर मजिस्ट्रेट के पर्यवेक्षण में अवैध होर्डिंग, पोस्टर व बैनर हटवाए जाएंगे। नगर क्षेत्र की सीमा में रोड साइड एवं प्रमुख बाजारों में बिजली के खंभे व चौराहों पर लगी महापुरुषों की प्रतिमाओं के अगल-बगल, शासकीय भवनों की बाउंड्रीवाल पर काफी संख्या में होर्डिंग्स लगाए जा रहे हैं। नगर पालिका परिषद ने होर्डिंग लगाने के लिए स्थान चिन्हित कर रखे हैं और उन्हीं स्थानों पर पोस्टर/बैनर लगाने की अनुमति दी जानी चाहिए। बिजली पोल, शासकीय भवन, रोड साइड में लकड़ी आदि का अस्थायी फ्रेम लगाकर प्रचार-प्रसार की अनुमति नहीं दी जा सकती, इससे यातायात बाधित होने के साथ-साथ दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

# लादेन को तलाश रहीं पुलिस की पांच टीमें

## चेहल्लुम मेले में चाकू से गोदकर युवक की हत्या का मामला

गोंडा। फिरोजपुर में चेहल्लुम मेले में युवक की चाकू से गोदकर कर हत्या व एक अन्य को घायल करने का आरोपी लादेन अब तक पुलिस की गिरफ्त से दूर है। उसे दबोचने के लिए पांच टीमें लगाई गई हैं।

देहात कोतवाली के फिरोजपुर में सोमवार शाम चेहल्लुम का मेला लगा था। जहां खोरहंसा निवासी साकिब (22) की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। साकिब को बचाने दौड़े रिश्तेदार तस्लीम निवासी टेपरा गांव पर भी चाकू से हमला कर दिया गया था। घायल तस्लीम का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।



चाकू लेकर भागता आरोपी लादेन। संवाद

देर रात साकिब की बहन तबस्सुम की तहरीर पर पुलिस ने देहात कोतवाली क्षेत्र के दौलतपुर निवासी लादेन व फिरोजपुर निवासी रिजवान के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया।

कोतवाल महेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि लादेन की तलाश में पुलिस की पांच टीमें गठित की गई हैं। जो लगातार संभावित स्थानों पर दबिश दे रही हैं। मृतक के रिश्तेदार व ग्राम प्रधान परवेज ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार को खोरहंसा के कब्रिस्तान में साकिब को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया है। (संवाद)

## लुटेरों का पता लगाने में जुटी पुलिस

**बेलसर/गोंडा।** बेलसर नगर पंचायत के देवरदा डीहा में रविवार रात तीन घरों में लूट से ग्रामीणों में दहशत है। हालांकि तरबगंज पुलिस का दावा है कि सर्विलांस की मदद से आरोपियों का पता लगाने में जुटी है। वारदात ने इलाके में नाइट पुलिसिंग के दावों की पोल खोल दी है। थाना तरबगंज क्षेत्र के देवरदा डीहा वार्ड में अज्ञात बदमाशों जीवननाथ तिवारी, पत्नी सुशीला, बेटी अंशिका के साथ ही श्याम धवन मौर्य व आशुतोष पांडेय के घर भी लूटपाट कर लाखों की नकदी के साथ आभूषण व अन्य कीमती सामान की लूट की थी। इस मामले में चार अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। संवाद

# डीएम-एसपी ने किया घाट का निरीक्षण

**करनैलगंज (गोंडा)।** सरयू घाट पर कांवरियों की सुविधाओं का जायजा लेने के लिए मंगलवार शाम जिलाधिकारी नेहा शर्मा व पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जलभराव वाले स्थल पर बैरिकेडिंग करने, रैंप, सीढ़ी, प्रकाश व्यवस्था एवं सरयू घाट तक आने जाने के लिए रास्ते के साथ ही शौचालय व पेयजल से जुड़ी व्यवस्थाओं को परखा। डीएम ने सभी कार्य 15 सितंबर तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस दौरान मौके पर उप जिलाधिकारी विशाल कुमार, सीओ चंद्रप्रकाश सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। संवाद

# 25 साल पुराने केस का वारंटी गिरफ्तार

**वजीरगंज (गोंडा)।** पुलिस टीम ने वर्ष 1998 में हुए अपराध के एक आरोपी गौतम निवासी कटरा थाना वजीरगंज को मंगलवार को गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध न्यायालय ने वारंट जारी किया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। संवाद

# दुष्कर्म के आरोप में पैथोलॉजी सेंटर का संचालक गिरफ्तार

करनैलगंज (गोंडा)। इलाज के बहाने पैथोलॉजी सेंटर में ले जाकर महिला को नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने एवं अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

करनैलगंज इंस्पेक्टर चितवन कुमार ने बताया कि कटरा बाजार के एक गांव की महिला ने तहरीर देकर पैथोलॉजी सेंटर के संचालक नईम उर्फ सानू निवासी ग्राम निंदूरा, थाना कटरा बाजार व एक अन्य अज्ञात युवक पर आरोप लगाया था। आरोपी नईम उर्फ सानू को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है। संवाद

# भाजपा मंडल उपाध्यक्ष की पिटाई

**इटियाथोक (गोंडा)।** भारतीय जनता पार्टी के मंडल उपाध्यक्ष अजय राठौर निवासी इटियाथोक गांव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार रात सरयू नहर के पास गांव के ही रामानंद यादव व संजीव कुमार ने रास्ते में बाइक रोककर चाबी निकाल ली। अभद्रता करते हुए पीटा और जान से मारने की धमकी दी। बाद में फोन करके अभद्रता भी की। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सरोज ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। (संवाद)

# बुजुर्ग की मौत के मामले में मुकदमा दर्ज

**परसपुर (गोंडा)।** थाना क्षेत्र की एक महिला ने पति की मृत्यु के बाद दो व्यक्तियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या सहित कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम रायपुर शिवगढ़ निवासी ज्ञाना ने बताया कि शनिवार को उसकी गाय गांव के ही अरविंद सिंह उर्फ पप्पू की नांद में चारा खाने लगी। इसी बात को लेकर आरोपी शाम को उसके घर आए और अभद्रता करते हुए धमकी देने लगे। इससे घबराकर उसके पति अर्जुन सिंह (65) की मौके पर ही मृत्यु हो गई। थानाध्यक्ष शेषमणि पांडेय ने बताया कि शिव बहादुर व अरविंद सिंह उर्फ पप्पू सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# प्रतिबंधित दवा संग गिरफ्तार

**दुबहा बाजार (गोंडा)।** कौड़िया पुलिस ने मंगलवार को क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिरवा चूटीपुर निवासी इमरान उर्फ मान को प्रतिबंधित दवा के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष योगेश सिंह ने बताया कि आरोपी के पास से 200 टेबलेट अल्प्राजोलम की बरामद हुई हैं। नारकोटिक्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

# सिपाही पर वसूली का आरोप

**इटियाथोक (गोंडा)।** ग्राम पैदामीपुरवा लोहशीशा निवासी मोहम्मद हारुन ने एसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि इटियाथोक थाने के सिपाही संजय कुमार ने घर आकर उसकी पत्नी अलीमुन्निशा से मामला खत्म करने के लिए 20 हजार की मांग की। पत्नी ने पैसे देने से मना किया तो सिपाही ने घर में घुसकर अभद्रता की। वहीं, आरोपी सिपाही संजय कुमार का कहना है कि लोग ऐसे आरोप लगाते रहते हैं। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सरोज ने बताया कि आरोप निराधार हैं। (संवाद)

# दुष्कर्म के दो मामलों में महिला समेत सात नामजद

**नवाबगंज (गोंडा)।** पुलिस ने दुष्कर्म के दो मामलों में सात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।

क्षेत्र के एक गांव की निवासी दलित महिला ने एसपी को दिए पत्र में बताया कि मैनपुर वसारे डिहवा निवासी विशाल जायसवाल ने उसकी पुत्री को शादी का झांसा देकर दो साल तक दुष्कर्म किया। जब उसने पुत्री के साथ विशाल के घर जाकर शादी की बात की तो उसके पिता शिवचरन, मां सुनीता, बहन शिवानी तथा भाई विकास ने जातिसूचक गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। दूसरी तरफ न्यायालय के आदेश पर किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज हुआ है। पिता ने बताया कि बीते 30 जुलाई की शाम उसकी 17 वर्षीय पुत्री खेत में चरी काटने गई थी। जहां गांव के ही दो युवकों ने उसे दबोच लिया और दुष्कर्म किया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि दोनों घटनाओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-13-09-2023

# पिकप पर लदी लकड़ी कर्मियों ने पकड़ा, सात पर केस दर्ज

हर्रैया सतघरवा, बलरामपुर। बनकटवा रेंज की वन विभाग टीम ने एक पिकअप पर लोड 22 अदद खैर की लकड़ी बरामद की है। दबिश के समय वाहन छोड़कर लकड़ी तस्कर भाग निकले। वन विभाग टीम में ने सात अज्ञात के लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। वन विभाग मामले की छानबीन में जुटी है।

उप प्रभागीय वनाधिकारी एमबी सिंह ने बताया कि बनकटवा रेंज के चौधरीडीह के निकट जांच में लगे थे। साथ में उनकी टीम भी मौजूद थी। मंगलवार सुबह चार बजे एक पिकअप बहराइच की ओर जाती दिखी। वन कर्मियों ने उसे रोक कर चालक से पूछताछ शुरू की। चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकला। पिकअप पर सवार दो अन्य लोग भी भाग गए। वन कर्मियों ने पड़ताल शुरू की तो पाया कि पिकअप में 22 बोटा खैर की लकड़ी लोड है। लकड़ी भरी पिकअप को बनकटवा रेंज में लाकर पड़ताल शुरू की गई है। यह लकड़ी संभवतः बरहवा रेंज से काटी गई है। एसडीओ ने बताया कि सभी बिंदुओं पर जांच कराई जा रही है। सात लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। यह लोग पुराने लकड़ी तस्कर हैं। इनमें किसी को छोड़ा नहीं जाएगा।



वन कर्मियों के कब्जे में खैर की लकड़ी।

# बिना फिटनेस वाहनों के चालान होंगे

एआरटीओ अरविंद कुमार यादव ने बताया कि बिना फिटनेस के स्कूल वाहनों पर संचालन करना अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे वाहनों पर जुर्माने के साथ सीज करने की कार्रवाई की जाती है। किसी भी कार्य दिवस में स्कूली वाहनों के फिटनेस की जांच कराई जा सकती है।

# भवन निर्माण पर ग्रामीणों का विरोध

बलरामपुर, संवाददाता। ललिया में पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय भवन निर्माण के विरोध में मंगलवार को ललिया कस्बा के दर्जनों ग्रामीण ने प्रदर्शन किया। उन्होंने डीएम व एसपी से मिलकर शिकायती प्रार्थना पत्र देकर आबादी वाले भूमि पर पुलिस कार्यालय न बनाने की मांग की है।

एसपी केशव कुमार को दिए प्रार्थना पत्र में ग्रामीणों का कहना है कि थाना ललिया के निकट आबादी की भूमि खाली है। जिस पर यहां सार्वजनिक कार्य के अलावा जन्माष्टमी, दशहरा आदि धार्मिक आयोजन होते रहे हैं। वहीं ललिया गांव के लोगों का इस भूमि पर प्रमुख रास्ता है। यहां पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय बन जाने से होने वाले धार्मिक कार्यक्रम वाधित होंगे।



पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय भवन निर्माण के विरोध में प्रदर्शन करते ग्रामीण।

साथ ही ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। माता प्रसाद चौरसिया, पंकज कुमार, गिरजा दयाल जायसवाल, कृष्ण वर्मा, त्रियुगी नरायण द्विवेदी, कुवंर बहादुर खण्डेलवाल, धर्मराज, लक्ष्मी प्रसाद द्विवेदी, भूपेंद्र, बाबादीन, कृष्णदेव, महेश, विश्वनाथ, छोटकऊ प्रसाद, आदि लोगों लोगों ने कहा कि जनहित को ध्यान में रखते हुए यहां पुलिस क्षेत्राधिकारी भवन न बनाकर कहीं अन्यत्र बनवाया जाए। एसपी ने बताया कि ग्रामीणों का प्रार्थना पत्र मिला है। जांच करा उचित निर्णय लिया जायेगा।

# अराजक प्रवृत्ति के लोगों पर सख्त कार्रवाई करें : सीओ

## हिदायत

**बलरामपुर संवाददाता।** कजरी तीज गणेश चतुर्थी त्योहार को शांतिपूर्वक व उल्लास के साथ लोग मनाएं। पुलिस सहयोग के लिए तैयार है। गुंडा प्रवृति के लोग विवाद से दूर रहे। अन्यथा जेल की हवा खानी पड़ेगी। क्या बातें क्षेत्राधिकारी सदर बृजनंद राय ने कही।

मंगलवार को थाना कोतवाली नगर में फीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। क्षेत्राधिकारी बृजनंद राय ने कहा कि अगर कोई समस्या होती है तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। तुरंत समस्या का निस्तारण कराया जाएगा। आदर्श नगर पालिका परिषद की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए डीपी सिंह ने कहा कि साफ-सफाई व प्रकाश की समुचित व्यवस्था कराई जाएगी। विसर्जन जुलूस के दौरान राप्ती नदी पर साफ-सफाई प्रकाश की व्यवस्था कराई जाएगी। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत अवगत नपाप को सूचित करें।

श्री गणपति केंद्रीय समन्वय समिति संरक्षक अध्यक्ष अविनाश मिश्रा ने कहा कि प्रशासन त्योहार में समिति का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि विसर्जन जुलूस समय से निकलेगा। साथ ही सभी घाटों पर पहुंचकर प्रतिमा का विसर्जन करेगा। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर विमलेश कुमार सिंह, समन्वय समिति महामंत्री डा. तुलसीश दुबे, भाजपा नेता संजय शर्मा, सभासद मनोज साहू, सभासद प्रतिनिधि अक्षय शुक्ला, सभासद प्रतिनिधि मनीष तिवारी, भाजपा नेता कुन्नू कश्यप, सभासद संदीप मिश्रा, सिद्धार्थ साहू, सूरज चौहान, चंदन, अंबरीश शुक्ला, धर्मेंद्र सैनी, कृष्ण कुमार तिवारी आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने गोताखोर को सेफ्टी किट वितरित किये

बलरामपुर। नाव सुरक्षा एवं नाविक कल्याण नीति के तहत जिले के गोताखोर एवं नाविकों को कलेक्ट्रेट सभागार में सेफ्टी किट वितरित किया गया। डीएम अरविंद सिंह 31 नाविकों और दस गोताखोरों को सेफ्टी किट प्रदान किया। नाविकों के किट में लाइफ जैकेट, रस्सी, टार्च, फस्ट एड किट एवं बांस शामिल है। वहीं गोताखोरों को लाइफ जैकेट, लाइफ बॉय, रस्सी, टार्च एवं फस्ट एड किट दी गई है। इस अवसर पर एडीएम प्रदीप कुमार, डीपीआरओ नीलेश प्रताप सिंह, जिला आपदा विशेषज्ञ अरुण सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पशु क्रूरता अधिनियम में एक गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना गौरा चौराहा पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम मैं एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक तेज नारायन गुप्ता ने बताया कि गोविंद गौड़ पुत्र रामनरेश निवासी नारायनपुर पास क्रूरता अधिनियम में न्यायालय से बातचीत चल रहे थे। जिन्हें गिरफ्तार करके न्यायालय भेजा गया है।

# फारेस्ट एक्ट के मामले में अभियुक्त को पकड़ा

बलरामपुर। थाना पचपेड़वा पुलिस ने फॉरेस्ट एक्ट के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक वीरेंद्र तिवारी ने बताया कि भल्ले पुत्र नंगा निवासी हरिहरपुर फॉरेस्ट एक्ट के मामले में वांछित चल रहे थे। जिन्हें गिरफ्तार करके न्यायालय भेजा गया है।

# पुलिस ने पारिवारिक मामले का कराया निस्तारण

बलरामपुर। रिपोर्टिंग महिला पुलिस चौकी उतरौला में एक मामले का सुलह समझौता के आधार पर निस्तारण कराया गया है। चौकी प्रभारी अनुपम त्यागी ने बताया कि थाना कुट्टी उतरौला की बासनी एक महिला ने प्रार्थना पत्र दिया था कि उसके पति मारते-पीटते हैं। दोनों पक्षों को बुलाकर उनकी बात सुनने के बाद उन्हें समझाया बुझाया गया। समझाने पर दोनों पक्ष साथ रहने को राजी हो गए।

# सुरक्षा किट से आपदा प्रभावितों की आसानी से करेंगे मदद

**संवादसूत्र, बलरामपुर** : राप्ती नदी के बाढ़ प्रभावितों की मदद के लिए नाविकों व गोताखोरों को सुरक्षा किट देने की पहल की गई है। कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने मंगलवार को 31 नाविकों व 10 गोताखोरों को सुरक्षा किट बांटी है।



कलेक्ट्रेट परिसर में गोताखोरों को सेफ्टी किट देते डीएम अरविंद सिंह • सौ. सूचना विभाग

डीएम ने कहा कि नाव सुरक्षा एवं नाविक कल्याण नीति के तहत जनपद के गोताखोरों व नाविकों को सेफ्टी किट दी गई है। इससे उन्हें बाढ़ व अन्य आपदा के प्रभावितों को तत्काल मदद पहुंचाने में आसानी होगी। नाव दुर्घटनाओं व जनहानियों में कमी लाने के उद्देश्य से जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के माध्यम से चिन्हित नाविकों एवं गोताखोंरों को सुरक्षा किट वितरण किया गया है। नाविकों को किट में लाइफ जैकेट, पतवार, लाइफब्वाय, रस्सी, टार्च, फर्स्ट एड किट एवं बांस शामिल है। गोताखोरों को लाइफ जैकेट, लाइफब्वाय, रस्सी, टार्च एवं फर्स्ट एड किट दी गई है। नाविकों को सचेत करते हुए कहा कि नाव चलाते समय लाइफ जैकेट और लाइफब्वाय जैसे सुरक्षा के संसाधन अवश्य साथ में रखें। क्षतिग्रस्त नावों का प्रयोग न करें। सुरक्षा के दृष्टिगत निर्देशों का पालन अवश्य करें। नाव पर क्षमता से अधिक व्यक्तियों को न बैठाएं। आपात स्थिति में दूसरों की भी जान बचाने में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए स्वयं को सुरक्षित रखें। बलरामपुर वर्षा एवं बाढ़ के दृष्टिगत संवेदनशील है, इसलिए हमें पूरी मजबूती के साथ बाढ़ से निपटने की तैयारी रखनी है, इसमें सुरक्षा किट महत्वपूर्ण है। नाविक व गोताखोर अपने प्रयास से लोगों का जीवन बचाते हैं, वास्तव में आप योद्धा हैं। अपनी नाव दुरुस्त रखें। प्रत्येक सामग्री के साथ हर समय बाढ़ से निपटने के लिए तैयार रहें। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी नीलेश प्रताप सिंह, जिला आपदा विशेषज्ञ अरूण सिंह, आपदा सहायक प्रवीण कुमार पांडेय व आपदा लिपिक राजेश कुमार मौजूद रहे।

---

है। नगर से सटे छोटा धुसाह गांव में जीसस एंड मैरी स्कूल के निकट विकसित नई कालोनी में सड़क पर पानी भरा है। जलनिकासी के लिए रास्ता नहीं है। कच्ची मिट्टीयुक्त सड़क पर ई-रिक्शा व दोपहिया चालक फंसकर पानी में गिर जाते हैं। गैंसड़ी में प्राथमिक विद्यालय पिपरा दुर्गानगर तक जाने वाले मार्ग पर कीचड़ हो गया है। नौनिहाल इस पर फिसलकर चोटिल हो जाते हैं। सादुल्लाहनगर क्षेत्र के एकता चौक, धुसवा मार्ग, मनुवागढ़ व घासीपोखरा सहित अन्य सड़कों पर जलभराव होने से छात्र-छात्राओं व राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

---

# ई-रिक्शा पलटा, चार महिलाओं समेत आठ घायल

**संवादसूत्र, महदेइया बाजार** : उतरौला-मनकापुर मार्ग स्थित पकड़ी बाजार के पास पानी भरे गड्ढे में फंसने से सवारियों से भरा ई-रिक्शा पलट गया। दुर्घटना में अजरुन्निशा, नगमा, सायरा, रहीदा समेत आठ लोग घायल हो गए।

उतरौला निवासी सद्दाम की मृत्यु हो गई थी। उसका शव लाने के लिए परिवार के लोग ई-रिक्शा से अस्पताल जा रहे थे। रास्ते में गड्ढे में फंसकर ई-रिक्शा पलट जाने से सभी चोटिल हो गए। क्षेत्रवासियों ने बताया कि रोजाना इस मार्ग पर हादसे होते हैं। फिर भी जिम्मेदार इस सड़क की मरम्मत नहीं करा रहे। उतरौला कोतवाल संजय दुबे ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं है।

## सीसी कैमरा लगवाने वाले सम्मानित

बलरामपुर : आपरेशन त्रिनेत्र से अराजक तत्वों पर नजर रखने के लिए गांवों व शहरों में दुकानों, प्रतिष्ठानों, चौराहों, सड़कों व गलियों में सीसी कैमरा लगवाने का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान को सफल बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देश पर सादुल्लाहनगर थाना के रोहित अग्रवाल को दो व विजय कुमार को चार सीसी कैमरा लगवाने पर सम्मानित किया गया। (संसू)

## चलाया जागरुकता अभियान

बलरामपुर : साइबर अपराधियों से सावधान रहें। मिशन शक्ति अभियान के तहत बेटियों व महिलाओं को एंटी रोमियो दल, महिला बीट पुलिस अधिकारी व नारी सुरक्षा दल की संयुक्त टीम ने गांवों व सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता अभियान चलाया। समस्याओं का निस्तारण कराने के लिए हेल्पलाइन नंबरों पर फोन करने की सलाह दी गई। (संसू)

# पिकअप पर लदी 22 बोटा खैर की लकड़ी जब्त, सात पर मुकदमा



वनकटवा रेंज में पकड़ी गई खैर की लकड़ी • जागरण

**संवादसूत्र, हरैया सतघरवा** : सोहेलवा वन्यजीव प्रभाग के वनकटवा रेंज में पिकअप पर लदी 22 बोटा खैर की लकड़ी जब्त की है। सात आरोपितों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। वन क्षेत्राधिकारी शत्रुहन लाल ने बताया कि चौधरीडीह बीट में मंगलवार भोर में पिकअप पर लाद कर सात वन माफिया खैर की लकड़ी जंगल से निकाल रहे थे। वनदारोगा नुरुलहुदा व वनरक्षक राजू यादव ने मिलकर जंगल में पिकअप को रोक लिया। अवैध जंगल कटान में लिप्त सात लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर गिरफ्तार करने का प्रयास जारी है।

# खेतों में न जलाएं फसलों के अवशेष

बलरामपुर। जिले में फसल अवशेष प्रबंधन एवं फसल अवशेष खेतों में न जलाने देने की कवायद शुरू हुई है। जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने इसके लिए किसानों को जागरूक बनाने व फसल अवशेष खेतों में न जलाने के साथ ही प्रदूषण की रोकथाम के लिए जागरूक बनाने का निर्देश दिया है।

## कंबाइन हार्वेस्टर के प्रयोग में भूसा बनाने का यंत्र लगाने का निर्देश

डीएम ने कंबाइन हार्वेस्टर के प्रयोग में भूसा बनाने का यंत्र लगाने का निर्देश देते हुए यथा सम्भव सुपर एसएमएस का प्रयोग करने पर भी जोर दिया। कहा कि पराली प्रबंधन कटाई के समय ही सुनिश्चित हो। इसके साथ ही फसल अवशेष प्रबंधन के यंत्र जैसे-स्ट्रारीपर, स्ट्रारेक व बैलर, मल्चर, पैडी स्ट्राचापर, श्रबमास्टर, रोटरी स्लेशर, रिवर्सिबुल एमबी प्लाऊ का भी प्रयोग भी कंबाइन हार्वेस्टर के साथ किया जाए। ताकि खेत में फसल अवशेष बंडल बनाकर अन्य उपयोग में लाया जा सके।

बताया कि कंबाइन हार्वेस्टर के संचालक की जिम्मेदारी होगी कि कटाई के दौरान उपरोक्त समस्त व्यवस्था स्वयं सुनिश्चित कराते हुए कटाई का कार्य करेगें। साथ ही चेताया कि बिना फसल अवशेष प्रबंधन के यंत्रों का उपयोग किए बिना कंबाइन का प्रयोग होता मिलने पर आरोपी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई भी होगी। (संवाद)

# पारिवारिक विवाद का निस्तारण

**उतरौला।** महिला पुलिस चौकी ने एक पारिवारिक विवाद का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर कराया है। चौकी प्रभारी अनुपमा त्यागी ने बताया कि एक महिला ने प्रार्थनापत्र दिया था कि उनका पति शराब पीकर गाली-गलौज व मारपीट करता है। शिकायत पर दोनों पक्षों को चौकी पर बुलाया गया। समझाने पर दोनों पक्ष आपस में राजी खुशी रहने को तैयार हो गए। (संवाद)

# फॉरेस्ट एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**बलरामपुर।** पचपेड़वा थाने की पुलिस ने फॉरेस्ट एक्ट की धारा में वांछित रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। सीओ राघवेंद्र सिंह ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त की पहचान भल्ले निवासी हरिहरपुर थाना पचपेड़वा के रूप में हुई है। अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

# पशु क्रूरता अधिनियम के वांछित को दबोचा

**बलरामपुर।** स्थानीय थाने की पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम में वांछित रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। क्षेत्राधिकारी नगर बृजनंदन राय ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त की पहचान गोंविद गौड़ निवासी ग्राम नारायनपुर थाना तरकुलवा जनपद देवरिया के रूप में हुई है। अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

# कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**पेहर बाजार।** स्थानीय चौकी की पुलिस ने 20 लीटर कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। ग्राम मसीहाबाद पूरबडीह में चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक अभियुक्त को प्लास्टिक के पिपिया में 20 लीटर शराब के साथ पकड़ा। आरोपी की पहचान लड्डू लाल निवासी महिली सैडिया थाना रेहरा बाजार के रूप में हुई है। (संवाद)

# 22 बोटा खैर की लकड़ी बरामद

**बलरामपुर।** बनकटवा रेंज में मंगलवार भोर चौधरी डीह बीट में पिकअप पर लदी 22 बोटा खैर बरामद की गई। बरामद लकड़ी की कीमत दो लाख रुपये आंकी गई है। वन दरोगा नूरूल हुदा व बनरक्षक राजू यादव ने जंगल में पिकअप से लकड़ी जाते देखा तो रोक लिया। एसडीओ माताबक्स सिंह ने बताया कि पिकअप पर 22 बोटा खैर की लकड़ी लदी थी। लकड़ी सहित वाहन को बनकटवा रेंज में सीज कर अवैध पेड़ कटान में शामिल सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# महिलाओं को किया जागरूक

तुलसीपुर। महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं नीडर बनाने के लिए स्थानीय बाजार में मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसपी केशव कुमार ने बताया कि एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं को शासन की तरफ से जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी। इस दौरान उन्हें 1090, 112, 108 व 102 हेल्पलाइन नंबर के उपयोग के बारे में बताया गया। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-13-09-2023

हिन्दुस्तान

# पुलिसकर्मियों को 500 रुपये मोटरसाइकिल भत्ता

लखनऊ,विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक ने मंगलवार को पुलिस महकमे से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसलों पर मुहर लगाई। पुलिस कर्मियों के साइकिल भत्ते को मोटरसाइकिल भत्ते में तब्दील करते हुए इसे 300 रुपये प्रति माह से बढ़ाकर पांच सौ रुपये कर दिया गया है। इसी तरह गोरखपुर में विशेष सुरक्षा बल की वाहिनी, शामली में पीएसी की नई वाहिनी और संभल व औरैया में भी पुलिस के आवासीय व अनावासीय भवनों के निर्माण को मंजूरी दी गई है।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि यूपी पुलिस को अब साइकिल भत्ता 200 रुपये की जगह 500 रुपये मोटर साइकिल भत्ता दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश पुलिस के आरक्षी, मुख्य आरक्षी को दी जाने वाले साइकिल भत्ता को मोटर साइकिल भत्ते में परिवर्तित कर इसे 200 रुपये प्रतिमाह से बढ़ा कर 500 रुपये प्रतिमाह अनुमन्य करने के प्रस्ताव को कैबिनेट की मंजूरी दे दी है।

वर्ष 2018 में जारी शासनादेश के अनुसार सभी विभागों में साइकिल भत्ते के लिए पात्र कर्मियों को 200 रुपये का प्रावधान किया गया था। पुलिस विभाग के आरक्षी या मुख्य आरक्षियों के लिए कम समय में घटनास्थल पर साइकिल से पहुंचना व्यवहारिक नहीं रह गया है। साथ ही कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिए साइकिल के स्थान पर मोटर साइकिल के प्रयोग तथा साइकिल के स्थान पर मोटर साइकिल भत्ता अनुमन्य करने को प्रासंगिक मानते हुए कैबिनेट ने सहमति प्रदान की है। भत्ते में वृद्धि करने से सरकार पर 6.78 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वार्षिक व्ययभार आएगा।

## लखनऊ में बनेगी ऊदादेवी महिला बटालियन

लखनऊ में वीरांगना ऊदादेवी महिला पुलिस बटालियन की स्थापना के लिए आवासीय, अनावासीय भवनों के निर्माण कार्यों की स्वीकृति से जुड़े प्रस्ताव को कैबिनेट ने मंजूरी प्रदान कर दी है। महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर इस निर्णय को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसके लिए 391.56 करोड़ रुपये की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत किया जाना है। वहीं राजधानी में यूपी विशेष सुरक्षा बल मुख्यालय एवं पहली वाहिनी विशेष सुरक्षा बल की स्थापना के लिए आवासीय, अनावासीय भवनों के निर्माण से जुड़े प्रस्ताव पर भी कैबिनेट ने सहमति प्रदान कर दी है। इसके तहत 655.41 करोड़ रुपये स्वीकृति निर्गत किया जाना है।

## उन्नाव में अग्निशमन प्रशिक्षण महाविद्यालय

कैबिनेट ने उन्नाव में राज्य अग्निशमन प्रशिक्षण महाविद्यालय की स्थापना को मंजूरी के साथ वहां आवासीय, अनावासीय भवनों के निर्माण कार्यों के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दे दी है। राज्य अग्निशमन प्रशिक्षण महाविद्यालय की स्थापना 67 एकड़ जमीन पर होगी।

## गोरखपुर में विशेष सुरक्षा बल की द्वितीय वाहिनी

इसके अलावा गोरखपुर में यूपी विशेष सुरक्षा बल की 2वीं वाहिनी की स्थापना के लिए आवासीय, अनावासीय भवनों के निर्माण कार्यों की स्वीकृति के संबंध में प्रस्ताव को कैबिनेट ने मंजूरी प्रदान कर दी है। इसके तहत होने वाले निर्माण कार्यों पर 431.70 करोड़ रुपये लागत आने का अनुमान है।

## शामली में बनेगी नई पीएसी वाहिनी

कैबिनेट ने शामली में नई पीएसी वाहिनी के लिए आवासीय, अनावासीय भवनों के निर्माण को मंजूरी दी है। इस पर 378.08 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। वहीं संभल पुलिस लाइन में आवासीय, अनावासीय भवनों के निर्माण के प्रस्ताव को कैबिनेट ने हरी झंडी दे दी है।

हिन्दुस्तान

### दशकों से मामूली मजदूरी कर बहा रहे थे पसीना, पारिश्रमिक बढ़ाने की हो रही थी मांग

# अब जेल में निरुद्ध बंदियों को काम का मिलेगा दोगुना मेहनताना

**राहत**

बहराइच, संवाददाता। जिला कारागार में गुनाहों की सजा काट रहे बंदियों के लिए राहत भरी खबर है। दशकों से मामूली मेहनताने पर परिश्रम कर जेल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे बंदियों के मेहनताने को दोगुना कर दिया गया है। बढ़ती महंगाई के दृष्टिगत इनका पारिश्रमिक बढ़ाने की पैरवी की गई थी, जिसे मंजूर कर लिया गया है। नई व्यवस्था के तहत अब बंदियों को दोगुना पारिश्रमिक मिलेगा।

- खेती से लेकर खाना व सफाई तक हर रोज 250 बंदी कर रहे काम
- कुशल, अर्द्धकुशल और अकुशल बंदियों को मिली बड़ी राहत

जिला कारागार में 1439 बंदी विभिन्न मामलों में निरुद्ध हैं। इनमें 66 महिला बंदी भी शामिल है। यह बंदी सलाखों में रहकर भी मजदूरी करते हैं। हालांकि इनका मेहनताना मनरेगा मजदूरों की अपेक्षा बेहद कम है। बावजूद निर्धारित दर पर काम करने वाले बंदियों को मजदूरी दी जाती है। इसके लिए सरकार की ओर से जेल प्रशासन को अलग से बजट भी मुहैय्या कराया जाता है। निरुद्ध बंदियों को उनकी कार्यकुशलता व क्षमता के मुताबिक काम दिया जाता है। जेलर आनंद कुमार शुक्ल बताते हैं कि मजदूर की तीन श्रेणियां निर्धारित की गई हैं, जिनमें कुशल, अर्द्धकुशल और अकुशल शामिल हैं। सुबह साढ़े सात बजे से 11 बजे तक व दोपहर दो बजे से साढ़े पांच बजे तक बंदियों से काम लिया जाता है।

इस काम के लिए अभी तक कुशल को 40, अर्द्धकुशल को 30 और अकुशल को 25 रुपये प्रतिदिन दिया जाता था। नए नियम के अनुसार, कुशल को 81, अर्द्धकुशल को 61 और अकुशल को 51 रुपये मेहनताना दिया जाएगा। शासन के आदेश के मुताबिक नई मजदूरी दर लागू कर दिया गया है।



जिला कारागार के खेत में काम करते बंदी

**250 बंदियों को मिलता है पारिश्रमिक:** बहराइच। जिला कारागार में हर रोज औसतन 250 बंदियों की ओर से काम किया जा रहा है। इनमें 50 बंदी जेल की खेती की जिम्मेदारी निभाते हैं। 100 बंदी कारागार की स्वच्छता में लगे हुए हैं। 70 बंदियों से पाकशाला में बंदी के लिए भोजन बनाने में लगाया गया है। 30 बंदी जेल के अन्य कार्य करते हैं। माह के अंत में पूरे काम की गिनती होती है और फिर उनका मेहनताना एक साथ सीधे उनके खाते में पहुंचा दिया जाता है।

| | |
|---|---|
| 1439 | बंदी जिला कारागार में निरुद्ध |
| 250 | बंदी हर रोज कर रहे काम |
| 66 | महिला बंदी भी काट रहीं सजा |

## कई मजदूरी से चला रहे घर

बहराइच। जेलर बताते हैं कि जेल में निरुद्ध बंदी अपनी मेहनत के बूते घर भी चला रहे हैं। जिन बंदियों की ओर से घर रकम भेजी जाती है। उन्हें हर माह चेक दे दिया जाता है। मजदूरी न लेने वाले बंदियों का पैसा खातों में जमा रहता है, जब वह छूटते हैं तो उन्हें दिया जाता है। पाई-पाई का हिसाब रहता है।

> नई व्यवस्था में बंदियों का पारिश्रमिक बढ़ा है। लगभग दोगुना पारिश्रमिक हो गया है। इसका लाभ वह जेल से छूटने के बाद उठा सकते हैं। अपना खुद का कारोबार शुरू कर सकते हैं।
>
> राजेश कुमार यादव
> जेल अधीक्षक

हिन्दुस्तान

# आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री से मारपीट

**नवाबगंज।** ब्लॉक विकास परियोजना कार्यालय पर पहुंची आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री से सुपरवाइजर ने मारपीट किया। जोर से धक्का देने पर उसके सिर में चोटें आई हैं। पीड़ित ने नवाबगंज थाने में तहरीर दी है। डीएम व डीपीओ को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। हालांकि सुपरवाइजर ने घटना से ही इनकार किया है। उन्होंने साजिश के तहत आरोप लगाने की बात कही है। ब्लॉक के चौगोड़वा आंगनबाडी केंद्र पर तैनात तारादेवी ने दिए गए तहरीर में कहा कि वह जुलाई से बीमार चल रही थी।

हिन्दुस्तान

# पानी भरे गड्ढे में उतराती मिली लाश

जरवलरोड, संवाददाता। लखनऊ-बहराइच हाईवे पर मंगलवार दोपहर हिन्दुस्तान ढाबा के सामने घाघरा घाट रेलवे स्टेशन आउटर सिग्नल के पास लाइन के निकट पानी भरे गड्ढे में एक युवक का उतराता हुआ शव देखा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश की पहचान के प्रयास विफल होने पर फोटोग्राफी कराकर शव को पहचान के लिए मर्च्युरी में रखवाया है।

- कई दिन पुरानी लग रही लाश, नहीं हो सकी पहचान
- पुलिस ने फोटोग्राफी कराकर मर्च्युरी मे रखवाया शव

जरवलरोड थाने के बहराइच-लखनऊ हाईवे के हिन्दुस्तान ढाबा पर वाहनों की मंगलवार को आवाजाही चल रही थी। घाघराघाट आउटर सिग्नल के पास स्थित पानी गड्ढे से भीषण दुर्गंध उठती देखकर लोग उस ओर गए, तो उन्होंने गड्ढे में किसी युवक का शव उतराता देखा। शव के सड़ने से कई दिन पुराना लग रहा था। यह खबर जंगल की आग की तरह फैली। लोगों की भीड़ लग गई। किसी ने इसकी सूचना थाने पर दी।

जानकारी मिलते ही दरोगा राणा राज सिंह, श्रवण कुमार गौतम, महिला सिपाही शिवानी त्रिपाठी, रीना पासवान, चौकीदार अवधेश वर्मा ने पहुंचकर तालाब से शव निकलवा कर पहचान का प्रयास शुरू किया। पहचान न होने पर शव की फोटोग्राफी कराकर पहचान को मर्च्युरी में रखवाया गया है। एसएचओ दद्न सिंह ने बताया कि देखने से लगता है शव तीन दिन पुराना है। वह नीला पेंट, हरी टीशर्ट पहने हुए था।

# गड्ढे में उतराता मिला शव

जरवलरोड (जरवलरोड)। थाना क्षेत्र के लखनऊ - बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर राजधानी ढाबा के पास स्थित एक गड्ढे में मंगलवार की दोपहर एक युवक का शव उतराता मिला। शव मिलने की सूचना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रखवा दिया है। शव ही अभी पहचान नहीं हो सकी है। थाना प्रभारी दद्दन सिंह ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 40 वर्ष है। ग्रामीणों में हत्या कर शव फेंके जाने की चर्चा है। संवाद

हिन्दुस्त

# पति सहित चार पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

- बुलेट बाइक व नकदी न मिलने पर युवती को घर से भगाया था
- तीन वर्ष पूर्व हुई थी शादी, पिता ने दहेज में दिया था स्प्लेंडर बाइक

बहराइच, संवाददाता। दहेज में बुलेट बाइक व काम करने को नकदी न मिलने पर पति व ससुरालवालों ने युवती को मार्च के अंतिम सप्ताह में मारपीट कर घर से भगा दिया था। पीड़िता ने मायके में पनाह लेकर पति सहित चार लोगों पर केस दर्ज कराया है।

बलहा संवाद के अनुसार रुपईडीहा थाने के करीम गांव निवासी दूबर पुत्र कामता ने तीन वर्ष पूर्व अपनी बेटी सुमन की शादी नानपारा कोतवाली के भज्जापुरवा निवासी जीतेन्द्र पुत्र किशोर के साथ की थी। पीड़िता सुमन का आरोप है कि शादी में पिता ने स्प्लेंडर बाइक सहित अपनी हैसियत के अनुसार दहेज दिया था। इसके बावजूद शादी के बाद से ही बुलेट बाइक व काम करने को नकद धन की मांग को लेकर मारपीट करने लगे। मारपीट कर पत्नी को मायके भेज देना, कुछ दिनों बाद फिर ससुराल ले जाकर मारपीट कर उत्पीड़न करना, आम बात हो गई। बाइक दिए जाने के बावजूद अब बुलेट बाइक व काम करने को नकदी की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर 28 मार्च को पति व ससुरालवालों ने सुमन को मारपीट कर घर से निकालकर भगा दिया। पीड़िता ने मायके में पनाह ली है। ससुरालवालों का काफी इंतजार कर पीड़िता ने पति, सास, ससुर सहित चार लोगों को नामजद कर मारपीट कर उत्पीड़न व दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत केस दर्ज कराया है। कोतवाल हेमंत कुमार गौड़ ने बताया कि पीड़िता के पति जीतेन्द्र सहित चार को नामजद कर केस दर्ज कराया है। शीघ्र आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

हिन्दुस्तान

# नकदी न मिलने पर युवती की पिटाई

तलाक

■ फरवरी 2022 में हुआ था निकाह, दहेज को लेकर उत्पीड़न
■ मायके में पनाह लेकर पति सहित पांच पर दर्ज कराया केस

बहराइच, संवाददाता। एक युवती से पति व ससुरालवालों की ओर से दहेज में मायके से पांच लाख लाने की मांग की गई। शादी के बाद से ही मारपीट कर उत्पीड़न की शिकार युवती को मांग पूरी न होने पर पति व ससुरालवालों ने मारा-पीटा। पति ने तीन बार तलाक कहकर घर से भगा दिया। पीड़िता ने मायके में शरण लेकर पति सहित पांच को नामजद कर केस दर्ज कराया है।

दरगाह थाने के बख्शीपुरा निवासिनी आयशा बेगम पुत्री गुलाम रसूल की शादी 20 फरवरी 2022 को श्रावस्ती जिले के भिनगा कोतवाली के मंगल भट्ठा निवासी नान बाबू उर्फ इसरायल के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से शादी हुई थी। मायके वालों ने हैसियत के अनुसार दहेज में गृहस्थी का सामान दिया था। इसके बावजूद कम दहेज का शादी बाद से ही ताना शुरू हो गया। पति व ससुरालवालों की मारपीट व उत्पीड़न की आयशा बेगम शिकार होती रही। इसी दौरान आयशा से मायके से कारोबार करने को पांच लाख की नकदी की मांग की गई। आयशा ने परिवार की कमजोर आर्थिक हालात का वास्ता दिया। फिर भी उसका उत्पीड़न जारी रहा। उसका पति काफी दिनों से दरगाह थाने के गुल्लावीर मोहल्ले में घसियारी मस्जिद के पास रह रहा है। इसी वर्ष छह मई को पति व ससुरालवालों ने आयशा को धन की मांग पूरी न होने पर गाली-गलौज कर जमकर पीटा, और तीन तलाक कह घर से धक्के देकर निकाल दिया।

पीड़िता अपने मायके आ गई। मायके वालों ने इंतजार किया किन्तु कोई नहीं आया। हर बार की तरह मारपीट कर घर से भगाने पर बाद में मायके वाले समझा-बुझा कर ससुराल पहुंचा आते थे। पीड़िता ने हौंसला कर पति सहित पांच को नामजद कर दहेज उत्पीड़न, मारपीट, गाली गलौज, धमकी व मुस्लिम महिलाओं का विवाह में अधिकार अधिनियम के तहत केस दर्ज कराया है।

> पीड़िता की तहरीर पर केस दर्ज कर तहकीकात शुरू कर दी गई है। बहुत शीघ्र नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी। –**हरेन्द्र कुमार मिश्रा**, एसएचओ, दरगाह

## तीन तलाक मामले में आरोपियों की नहीं हुई गिरफ्तारी

बलहा। नानपारा कोतवाली के गुलालपुरवा निवासी शाकिर अली की बेटी आलिया का निकाह रिसिया थाने के कस्बा निवासी मुनव्वर के बेटे के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुआ था। शादी के बाद से ही आलिया को दहेज में बाइक व नकदी की मांग को लेकर मारपीट कर उत्पीड़न किया जा रहा था। 15 अगस्त को पति ने युवती को तीन तलाक दे दिया। ससुरालवालों ने युवती को मारपीट कर भगा दिया था। पीड़िता ने इस मामले में केस दर्ज कराया था। अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

हिन्दुस्त

# साइबर ठग ने खाते से गायब किए पचास हजार

बलहा, संवाददाता। नानपारा स्थित यूनियन बैंक के एक खाताधारक के खाते से जुलाई के तीसरे सप्ताह में कुछ अंतराल पर चार किश्तों में पचास हजार की रकम साइबर ठग ने निकाल ली। पीड़ित ने इस मामले में अब कोतवाली में केस दर्ज कराया है।

नानपारा कोतवाली के कस्बे स्थित जगदीश्वरी मंदिर के निकट निवासी राम नरेश का यूनियन बैंक में खाता है। उनके सेविंग बैंक खाते से 16 जुलाई को चार किश्तों में पचास हजार की रकम निकासी हो गई। उसे तब भनक लगी जब मोबाइल पर धन निकासी का मैसेज आया।

पीड़ित के मुताबिक न तो उसे कोई काल आई और न ही उसने किसी को ओटीपी बताई, फिर भी उसके साथ धोखाधड़ी हो गई। पीड़ित बैंक अफसरों की परिक्रमा करता रहा। अब तहरीर देने पर कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज किया है।

## कोर्ट से गैर हाजिर आरोपी गिरफ्तार

**बहराइच।** खैरीघाट थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि सोमवार को दरोबा महबूब आलम, सिपाही उदयसेन चौधरी ने बरदहा बाजार से इसी गांव निवासी छोटकऊ उर्फ छुटकन्ने को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शस्त्र अधिनियम में नामजद है। गिरफ्तार आरोपी को जेल भेजा गया है।

## अपहृत किशोरी बरामद, अपहरणकर्ता गिरफ्तार

**बहराइच।** सुजौली थानाध्यक्ष सौरभ सिंह ने बताया कि दरोगा ओम प्रकाश यादव, सुरेन्द्र प्रताप बौद्ध, महिला सिपाही रोशनी पासवान, कनक सरोज ने कतर्नियाघाट जंगल के पास कुछ समय पूर्व अपहृत की गई किशोरी को बरामद किया। नामजद आरोपी चहलवा के मंगलपुरवा निवासी विनोद सिंह को गिरफ्तार कर लिया। वह अपहरण, रेप व पाक्सो एक्ट में नामजद चल रहा था। गिरफ्तार आरोपी को जेल भेजा गया है। बरामद किशोरी को महिला सिपाही की अभिरक्षा में मेडिकोलीगल को भेजा गया है।

## दो शोहदों को पुलिस ने पकड़ा

**बहराइच।** दरगाह थाने की पुलिस ने रविवार देर शाम बाइक पर जा रहे दम्पति के साथ पीछा कर युवती के साथ छेड़छाड़ कर रहे बाइक सवार दो शोहदों को पुलिस ने पीआरडी कर्मी की मदद से धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपियों को पुलिस थाने ले गई है। इस मामले मे तहरीर का इंतजार हो रहा है।

## मारपीट व आगजनी के प्रयास में चार पर केस

**बलहा।** नानपारा कोतवाली के रजवापुर में पुरानी रंजिश को लेकर हमलावरों ने तीन सितम्बर को शोभाराम वर्मा पुत्र फौजदार के घर में घुसकर मारपीट की थी। आगजनी का प्रयास किया था। जिसमें शोभाराम चोटहिल हो गया था। इस मामले में पुलिस ने मनोज सहित चार को नामजद कर घर में घुसकर, मारपीट, धमकी, आगजनी का प्रयास मामले की एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने इस मामले में तहकीकात शुरू कर दी है।

## हत्या में वांछित दो आरोपी गिरफ्तार

**बहराइच।** हत्या में वांछित फरार चल रहे दो आरोपियों को देहात कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाल मनोज कुमार पांडेय,दरोगा अनिल कुमार यादव, मुख्य सिपाही आशुतोष यादव, सिपाही राजेश कुमार ने हेमरिया के मजरे एकडला में दबिश देकर मेराज खां उर्फ कालिया, समीम उर्फ छंगा खां को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल ने बताया कि दो आरोपियों को पुलिस पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। मंगलवार को गिरफ्तार आरोपियों को भी पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है।

## बीयर दुकान में चोरी मामले में गिरफ्तारी नहीं

**बहराइच।** पयागपुर थाने के भूपगंज बाजार निवासी संतोष कुमार सिंह की कोट बाजार में लाइसेंसी बीयर की दुकान है। 18 अगस्त की रात इस दुकान में ताला तोड़कर लाखों की सम्पत्ति चोरी हो गई थी। इसके पूर्व आठ अगस्त को भी चार युवकों ने दुकान के मुनीम श्याम तिवारी को जान से मारने की धमकी दी थी। उससे मुफ्त में वीयर मांगी गई थी। इस मामले में संतोष कुमार सिंह की तहरीर पर ताला तोडकर चोरी व धमकी मामले में रोचक विक्रम सहित चार को नामजद किया गया था। पुलिस ने एक भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की है।

# पति समेत तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज

जरवल : एसपी को प्रार्थना पत्र देकर मीना ने आरोप लगाया कि उसकी शादी जरवल कस्बा के मोहल्ला कटरा निवासी हलीम के साथ 15 वर्ष पूर्व हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद उसका पति सउदी अरब चला गया। वहां से आने पर दूसरी शादी कर ली। इसके बाद उसे प्रताड़ित करने लगा। उसने गुजारा भत्ता व दहेज उत्पीड़न का वाद दाखिल किया। वाद में सुलह करने के लिए उसे व उसके बच्चों को अपने घर ले आया। यहां कुछ दिन रहने के बाद मार्च में कपड़े व जेवरात छीनकर मारपीट कर घर से भगा दिया। तभी से वह अपने मायके में है। थानाध्यक्ष दद्दन सिंह ने बताया कि पति हलीम, खैरुल और शाहिम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। (संसू)

# हेरोइन तस्कर गिरफ्तार

बहराइच : सीमा से सटे नेपाल राष्ट्र के बांके जिले के जमुनहा पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से 50 ग्राम हेरोइन भी बरामद किया गया है। जमुनहा थाना इंचार्ज मीन बहादुर बिस्ट ने बताया कि सीमा पर चेकिंग के दौरान भारत से नेपाल आ रहे ससंदिग्ध युवक की तलाशी ली गई। इस दौरान उसके पास से जूते में छिपाकर रखी गई हेरोइन बरामद किया गया। आरोपित की पहचान संजय नेपाली निवासी उप महानगर पालिका दांग घोराही वार्ड नंबर 11 के रूप में की गई। पकड़े गए आरोपित को जिला पुलिस कार्यालय नेपालगंज भेज दिया गया है। (जासं)

# दो हत्या आरोपी गिरफ्तार

बहराइच। कोतवाली देहात क्षेत्र में हत्या में वंछित फरार अभियुक्त को मंगलवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाल मनोज पांडे ने बताया कि ग्राम पंचायत एकडला के मजरा हेमरिया निवासी मेराज खान और शमीम पर हत्या का मुकदमा दर्ज था। सोमवार को दोनों को लखनऊ रोड से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। -संवाद

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-09-2023

# पुलिस लाइन में परेड का आयोजन हुआ

श्रावस्ती। रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में मंगलवार को साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव ने परेड की सलामी ली और निरीक्षण किया। परेड के दौरान मिली खामियों को दूर करने का निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने भोजनालय पहुंच कर भोजन की गुणवत्ता चेक किया।

# पुलिस ने देखी बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था

श्रावस्ती। मंगलवार को पुलिस की ओर से बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसके तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस की ओर से थाने में पहुंच कर सुरक्षा का जायजा लिया गया। साथ ही बैंक में लगे सुरक्षा उपकरणों को चेक किया गया। इस दौरान पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की जांच की। साथ ही बैंक में मौजूद लोगों को साइबर अपराध व सुरक्षा के लिए जागरूक किया। लोगों को बताया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति को अपने एकाउंट की जानकारी साझा न करें।

# सैनिक सम्मेलन में अपराधियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

श्रावस्ती, संवाददाता। पुलिस कार्यालय सभागार में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक की ओर से सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न थानों व प्रकोष्ठ से आए पुलिसकर्मियों से उनकी समस्या सुनी। साथ ही अपराध पर नियंत्रण लगाने के लिए अपराधियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने सबसे पहले अपराध समीक्षा की। जिसमें उन्होंने अवैध कच्ची शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन, बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण लगाने, चोरी व लूट की घटनाओं की रोकथाम के लिए रात्रि गश्त व क्षेत्र भ्रमण करने, गुण्डा, गैंगस्टर व पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिया कि साम्प्रदायिक भावना भड़काने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाय। छोटी से छोटी घटनाओं का संज्ञान लें और सोशल मीडिया पर निगरानी रखें। उन्होंने लंबित विवेचनाओं, विशेषकर अनावरित अभियोगों के निस्तारण, वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध अभियान चलाकर गिरफ्तारी करने व शातिर अपराधियों के विरुद्ध गुण्डा, गैंगेस्टर की कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि नेशनल ऑटोमेटेड फिंगरप्रिंट आइडेंटिफिकेशन सिस्टम के माध्यम से अपने थाना क्षेत्र के गिरफ्तार अपराधियों का फिंगर प्रिंट कराएं जिससे उनका डिजिटल डेटाबेस तैयार हो सकेगा।

# डेढ़ लाख की चरस के साथ दबोचा

श्रावस्ती। मादक वस्तुओं के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से डेढ़ लाख रुपये की चरस बरामद किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाली भिनगा के प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमण कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रेहली विशुनपुर मोड़ के पास से एक व्यक्ति के कब्जे से 500 ग्राम चरस बरामद किया। बरामद चरस को जब्त कर आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान रकीब मोहम्मद पुत्र शोभा गूजर निवासी ग्राम रिहारा कोतवाली भिनगा के रूप में हुई।

# चरस बरामद

श्रावस्ती : भिनगा कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान रेहली विशुनपुर मोड़ से रेहारा निवासी रकीब मुहम्मद को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास से 500 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपित के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। (वि.)

# चोरी और लूट की घटनाओं पर लगाएं अंकुश : एसपी

**संसू, श्रावस्ती** : पुलिस कार्यालय सभागार में मंगलवार को सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी हुई। अध्यक्षता एसपी प्राची सिंह ने की। उन्होंने कहा कि अवैध कच्ची शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन व बिक्री पर रोक लगाएं। चोरी व लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए रात्रि गश्त व भ्रमण तेज करें।

एसपी ने कहा कि जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। बैंक व लेनदेन वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतें। सांप्रदायिक भावना भड़काने वाले असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करें। इंटरनेट मीडिया पर निगरानी रखें। डिजिटल वालेंटियर ग्रुप को अपडेट करें। लंबित विवेचनाओं, विशेषकर अनावरित अभियोगों के निस्तारण, वांछित अभियुक्तों, इनामिया, जिलाबदर, एनबीडब्ल्यू के विरुद्ध अभियान चलाकर गिरफ्तारी करें। सड़क दुर्घटनाओं की मैपिंग कर विवरण आइआरएडी (एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटा बेस) साफ्टवेयर के माध्यम से शत-प्रतिशत फीडिंग कराएं।



सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी में मौजूद एसपी प्राची सिंह (दाएं) ● जागरण

बीट प्रभारी गांव में चौपाल लगाकर लोगों को पुलिस का सहयोग करने के लिए प्रेरित करें। नेशनल आटोमेटेड फिंगरप्रिंट आइडेंटिफिकेशन सिस्टम के माध्यम से सभी गिरफ्तार व दोष सिद्ध अपराधियों का फिंगर प्रिंट कराकर डिजिटल डेटाबेस तैयार कराएं। सीओ भिनगा अतुल कुमार चौबे, संतोष कुमार, जमुनहा सतीश कुमार शर्मा मौजूद रहे।

# घर ढहाने व पिटाई करने वालों पर मुकदमा दर्ज

**संसू, जमुनहा(श्रावस्ती)** : हरत्तनगर गिरंट क्षेत्र के भेसरी नहर के पास बने अनुसूचित जाति के परिवार के घर को बुलडोजर से ढहाने व परिवार की पिटाई करने वालों पर पुलिस ने सख्त रुख अख्तियार किया है। मामले के चार आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई है।

हरत्तनगर गिरंट क्षेत्र के भेसरी नहर के पास विनोद कुमार का घर बना था। सोमवार को बारिश के दौरान यहीं के निवासी मुहम्मद खां अपने साथियों के साथ बुलडोजर लेकर पहुंचे और विनोद कुमार व उनके परिवार को लाठी-डंडों से पिटाई कर घर से बाहर निकाल दिया। इसके बाद घर को बुलडोजर से ढहा दिया। पिटाई में सालिक राम, मुन्नालाल, बिंदू देवी व मालती देवी घायल हुईं थी। बिंदू देवी ने हरदत्तनगर गिरंट थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। थानाध्यक्ष इंद्रसेन सिंह ने बताया कि भेसरी नहर न महमूद खां, आसिफ, अड़राई निवासी इदरीस, हरदत्तनगर गिरंट के बादलपुरवा निवासी वकील के विरुद्ध मारपीट, गाली-गलौज, जानमाल की धमकी, घर उजाड़ने व एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# श्मशान पहुंचने के बाद लौटी आई चुन्नू की सांस!

संसू, भिनगा (श्रावस्ती) : नगर के नई बाजार निवासी चुन्नू लंबे समय से बीमार थे। मंगलवार की दोपहर में अचानक शरीर स्थिर हो गया। परिवार के लोगों ने मान लिया कि उनकी मौत हो गई है।

अंतिम संस्कार के लिए राजघाट लबेदपुर लेकर पहुंचे। अंतिम संस्कार की तैयारियां चल रहीं थी। इसी दौरान कुछ लोगों ने शरीर में कुछ हरकत देखी। सांस चलती देख परिवार के लोग उन्हें लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। यहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डा. एचपी शाही ने बताया कि शरीर की स्थिति देखकर कहीं से ऐसा नहीं लग रहा था कि जीवन है। आक्सीजन भी लगाया गया, लेकिन कोई प्रभाव नहीं हुआ। परिवार के लोग जीवित होने का दावा कर रहे थे। मेडिकल कालेज बहराइच में दिखाने का सुझाव दिया गया है। परिवार के लोग उसे लेकर मेडिकल कालेज रवाना हो गए।



वाहन में बिठाकर चुन्नू को मेडिकल कालेज बहराइच ले जाते परिवारजन • जागरण

पूर्वोत्तर रेलवे

# साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक

**श्रावस्ती।** बैंक सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस ने मंगलवार विशेष अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने अपने अपने थाना व चौकी क्षेत्रों में पड़ने वाले बैंकों की जांच की। इस दौरान पुलिस ने बैंक व उसके आसपास जांच की। सीसीटीवी, सायरन, संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की जांच की गई। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने बैंक में मौजूद लोगों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया। (संवाद)

# एएसपी ने रैतिक परेड का किया निरीक्षण

**श्रावस्ती।** रिजर्व पुलिस लाइन भिनगा में मंगलवार को एएसपी प्रवीण कुमार यादव ने मंगलवार को रैतिक परेड की सलामी ली। इसके बाद उन्होंने पीआरवी वाहनों सहित पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने क्वार्टर गार्द, परिवहन शाखा डीसीआर, बैरक व शौचालय आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आरक्षी बैरक व पुलिस लाईन के आसपास सफाई रखने के लिए आरआई को निर्देशित किया। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक विनोद कुमार सिंह मौजूद रहे। (संवाद)

# कवच अभियान के तहत बैठक

**श्रावस्ती।** सिरसिया पुलिस ने कवच अभियान के तहत टिटिहिरिया गांव में बैठक किया। जहां थानाध्यक्ष विशुनदेव पांडे ने ग्राम प्रधान, ग्राम प्रहरी सहित ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों से गांव में रहने व आने जाने वाले संदिग्धों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान गांव की गलियों, मंदिरों आदि का भ्रमण करने के साथ ही नेपाल जाने वाले पगडंडी के बारे में भी जानकारी ली। (संवाद)

# डीएम व एएसपी ने सुनीं समस्याएं

**श्रावस्ती।** जनता दर्शन कार्यक्रम के तहत मंगलवार को कलेक्ट्रेट में डीएम कृतिका शर्मा ने फरियादियों की समस्याएं व शिकायते सुनीं। इस दौरान उन्हें छह शिकायतें मिलीं। इनमें एक भिनगा कोतवाली पुलिस, एक विद्युत, एक राजस्व, एक नगर पालिका व दो समाज कल्याण विभाग से संबंधित थीं। डीएम ने उसके निस्तारण के लिए संबंधितों को निर्देशित किया है। वहीं पुलिस कार्यालय में एएसपी प्रवीण कुमार यादव ने जनता दर्शन में आएं 32 फरियादियों की समस्याएं व शिकायतें सुनीं। इसमें दस भूमि विवाद, नौ पारिवारिक विवाद सहित 13 अन्य विवाद से संबंधित थे। प्राप्त शिकायतों का शीघ्र निस्तारण के लिए एएसपी ने संबंधित थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया। (संवाद)

# महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

श्रावस्ती। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत शक्ति मोबाइल टीम ने दिकौली मोड़, बुढ़वा बाबा, चंद्रावां व दंदौली सहित



अन्य स्थानों पर चौपाल लगाई। महिलाओं को कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, वृद्धा पेंशन योजना, दिव्यांग पेंशन योजना, मातृत्व वंदना योजना आदि के बारे में जागरूक किया। बालिकाओं व ग्रामीण महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान के बारे में बता कर सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए बने कानून एवं नियमों के बारे में जागरूक किया। (संवाद)

# शांतिभंग में चार गिरफ्तार

श्रावस्ती। पुलिस ने सोमवार रात अलग-अलग थाना क्षेत्र से शांतिभंग के आरोप में चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें संबंधित एसडीएम न्यायालय में पेश किया। (संवाद)

# दुकान में घुसकर की तोड़फोड़, केस

**जमुनहा (श्रावस्ती)।** मल्हीपुर थाना क्षेत्र के वीरगंज बाजार निवासी मोहम्मद करीम की दुकान में रंजिश को लेकर मंगलवार विपक्षी घुस आए। उन्होंने दुकान में तोड़फोड़ की। विरोध पर उसे मारापीटा भी गया। मामले में मोहम्मद करीम ने वीरगंज बाजार निवासी शब्बीर, जुबेर, निब्बड़ दर्जी व कय्युम पर जान से मारने की धमकी देने व तोड़फोड़ का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने केस दर्ज किया है। -संवाद

# चरस के साथ दबोचा

**श्रावस्ती।** भिना के प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने मंगलवार को रेहली विशुनपुर मोड़ के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर 500 ग्राम चरस बरामद की। गिरफ्तार युवक की पहचान कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चकवा के मजरा रेहरा निवासी रकीब मोहम्मद के तौर पर हुई। उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। -संवाद

# अपराध नियंत्रण के लिए सख्ती बरतने का निर्देश

**श्रावस्ती।** पुलिस कार्यालय सभागार में मंगलवार को सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी का आयोजन हुआ। एसपी ने वर्तमान व पूर्व सैनिकों की समस्याएं सुनकर उन्हें दूर कराने का निर्देश संबंधितों को दिया। अपराध गोष्ठी में आए प्रभारियों को कानून-व्यवस्था दुरुस्त रखने व सख्ती से अपराध नियंत्रण करने का निर्देश दिया।

अपराध समीक्षा के दौरान एसपी प्राची सिंह ने सभी थाना, चौकी व यातायात प्रभारी को वाहनों की नियमित जांच करने व कच्ची शराब बनाने व बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने चोरी व लूट की घटनाओं को रोकने के लिए क्षेत्रभ्रमण व रात्रि गश्त बढ़ाने, शिकायतों का समय से निस्तारण करने, अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने का निर्देश दिया। इस दौरान आए वर्तमान व पूर्व सैनिकों की समस्याएं सुन उसका निस्तारण करने के लिए संबंधित प्रभारियों को निर्देशित किया। इस मौके पर सीओ सिटी अतुल कुमार चौबे, इकौना संतोष कुमार, जमुनहा सतीश कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे। -संवाद